कलिकालसर्वज्ञ-श्रीहेमचन्द्राचार्यविरचितः

# अभिधानचिन्तामणिः

सटिप्पण 'मणिप्रभा' हिन्दीव्याख्याविमर्शोपेतः

|| श्रीः ||

विद्याभवन संस्कृत ग्रन्थमाला

१०९

कलिकालसर्वज्ञ-श्रीहेमचन्द्राचार्यविरचितः

# अभिधानचिन्तामणिः

## सटिप्पण 'मणिप्रभा' हिन्दीव्याख्याविमर्शोपेतः

व्याख्याकारः—

साहित्य-व्याकरणाचार्य-साहित्यरत्न-रिसर्चस्कॉलर-मिश्रोपाह्व-

**पं० श्रीहरगोविन्दशास्त्री**

'आरा'स्थ-राजकीय-संस्कृतोच्चविद्यालय-साहित्याध्यापकः

प्रस्तावनालेखकः—

**डॉ० नेमिचन्द्रशास्त्री**

एम० ए० ( हि० प्रा० सं० ), पी-एच० डी०

( अध्यक्ष, संस्कृत एवं प्राकृत विभाग, एच० डी० जैन कालेज, आरा )

चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी-१

प्रकाशक

**चौखम्बा विद्याभवन**

( भारतीय संस्कृति एवं साहित्य के प्रकाशक तथा वितरक )

चौक ( बनारस स्टेट बैंक भवन के पीछे )

पो० बा० नं० १०६९, वाराणसी २२१००१

दूरभाष : ३२०४०४



द्वितीय संस्करण १९९६

मूल्य २००-००

अन्य प्राप्तिस्थान

**चौखम्बा सुरभारती प्रकाशन**

के० ३७/११७, गोपालमन्दिर लेन

पो० बा० नं० ११२९, वाराणसी २२१००१

दूरभाष : ३३३४३१

*

**चौखम्बा संस्कृत प्रतिष्ठान**

३८ यू. ए., बंगलो रोड, जवाहरनगर

पो० बा० नं० २११३

दिल्ली ११०००७

दूरभाष : २३६३९१

मुद्रक

फूल प्रिन्टर्स

वाराणसी

THE
VIDYABHAWAN SANSKRIT SERIES
109

# ABHIDHĀNA CHINTĀMAṆI

OF

## S'RI HEMACHANDRĀCHĀRYA

*Edited with an Introduction*

By

**Dr. NEMICHANDRA S'ĀSTRĪ**
M. A., Ph. D.

AND

*The Maṇiprabhā Hindī Commentary and Notes*

BY

**S'RĪ HARAGOVINDA S'ĀSTRĪ**
( Sāhityāchārya, Vyākaraṇāchārya, Sāhityaratna and Sāhityādhyāpaka,
Government Sanskrit High School, Arrah. )

**CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN**
VARANASI

© CHOWKHAMBA VIDYABHAWAN
*(Oriental Publishers & Distributors)*
CHOWK ( Behind The Benares State Bank Building )
Post Box No. 1069
VARANASI 221001

Edition 1996

*Also can be had of*
CHAUKHAMBA SURBHARATI PRAKASHAN
K. 37/117, Gopal Mandir Lane
Post Box No. 1129
VARANASI 221001
*Telephone : 333431*

*

CHAUKHAMBA SANSKRIT PRATISHTHAN
38 U. A., Bungalow Road, Jawaharnagar
Post Box No. 2113
DELHI 110007
*Telephone : 236391*

# विषय-प्रवेश

# प्रस्तावना

किसी भी भाषा की समृद्धि की सूचना उसके शब्दसमूह से मिलती है। भाषा ही क्या, किसी देश या राष्ट्र का सांस्कृतिक विकास भी उसकी शब्द-राशि से ही आँका जा सकता है। जिस प्रकार किसी देश की आर्थिक सम्पत्ति या अर्थकोश उसकी भौतिकता का मापक होता है, उसी प्रकार किसी राष्ट्र का शब्दकोष उसकी बौद्धिक एवं मानसिक प्रगति का परिचायक होता है।

अर्थशास्त्र का सिद्धान्त है कि जो पूंजी कहीं छिपी रहती है या जो अर्थार्जन का हेतु नहीं है, इस प्रकार की पूंजी मृत है, अनुपयोगी है; किन्तु जिसे विधिपूर्वक व्यवसाय में लगाया जाता है, जो अर्थार्जन का कारण है, ऐसी पूंजी को ही सार्थक और जीवन्त कहा जाता है। इसी प्रकार भाषा के संसार में जो शब्दराशि इधर-उधर बिखरी पड़ी रहती है, वह भी मृत है और है वह प्रयोगाभाव में भूगर्भ में छिपी हुई अर्थ-सम्पत्ति के समान निरुपयोगी। अतः इधर-उधर बिखरी हुई शब्द-सम्पत्ति को व्यवस्थित रूप देकर उसके सामर्थ्य का उपयोग कराना आवश्यक होता है। कोशकार वैज्ञानिक प्रणाली से समाज में यत्र-तत्र व्याप्त शब्दराशि को संकलित या व्यवस्थित कर कोश-निर्माण का कार्य करता है और निरुपयोगी एवं मृतशब्दावली को उपयोगी एवं जीवन्त बना देता है। यही कारण है कि प्राचीन समय से ही कोश साहित्य का प्रणयन होता आ रहा है।

संस्कृत भाषा महती शब्द-सम्पत्ति से युक्त है, उसका शब्दकोश कभी न क्षय होनेवाली निधि के समान अक्षय अनन्त है। इसका भाण्डार सहस्राब्दियों से समृद्ध होता आ रहा है। अतएव शब्द के वाच्यार्थ, भावार्थ एवं तात्पर्यार्थ की प्रक्रिया के अभाव में शब्द का अर्थबोध संभव नहीं। शब्द तो भावों को ढोने का एक वाहन है। जब तक संकेत ग्रहण न हो, तब तक उसकी कोई उपयोगिता ही नहीं। एक ही शब्द संकेत-भेद से भिन्न-भिन्न अर्थों का वाचक होता है। भर्तृहरि का मत है कि प्रत्येक व्यक्ति अपनी-अपनी नियत वासना के

अनुसार ही अर्थ का स्वरूप निर्धारित करता है। वस्तुतः कोई एक निश्चित अर्थ शब्द का है ही नहीं। यथा—

प्रतिनियतवासनावशेनैव प्रतिनियताकारोऽर्थः, तत्त्वतस्तु कश्चिदपि नियतो नाभिधीयते—वाक्य० २, १३६

अतएव स्पष्ट है कि वक्ता अपनी बुद्धि के अनुरूप अर्थ में शब्द का प्रयोग करता है, किन्तु भिन्न-भिन्न श्रोता अपनी-अपनी बुद्धि के अनुसार शब्द का पृथक्-पृथक् अर्थ ग्रहण करते हैं। ऐसी अवस्था में अर्थबोध के लिए संकेत-ग्रहण अत्यावश्यक है। संकेत-ग्रहण के अभाव में अर्थबोध की कोई भी व्यवस्था संभव नहीं है। आचार्यों ने संकेत-ग्रहण के उपायों का वर्णन करते हुए कहा है—

शक्तिग्रहं व्याकरणोपमानकोशाप्तवाक्याद् व्यवहारतश्च।
वाक्यस्य शेषाद् विवृतेर्वदन्ति सान्निध्यतः सिद्धपदस्य वृद्धाः॥

अर्थात्—व्याकरण, उपमान, कोश, आप्तवाक्य, व्यवहार, वाक्यशेष, विवरण और प्रसिद्ध शब्द के सान्निध्य से संकेत-ग्रहण होता है। इनमें व्याकरण यौगिक शब्दों का व्युत्पत्ति द्वारा संकेत-ग्रहण कराने की क्षमता रखता है, पर रूढ़ और योगरूढ़ शब्दों का संकेत-ग्रहण व्याकरण द्वारा संभव नहीं। अतः कोश ही एक ऐसा उपाय है, जो सिद्ध, असिद्ध, यौगिक, रूढ़ या योगरूढ़ आदि सभी प्रकार के शब्दों का संकेत-ग्रहण करा सकता है।

कोशज्ञान शब्दों के संकेत को समझने के लिए अत्यावश्यक है। साहित्य में शब्द और शब्दों के उचित प्रयोगों की जानकारी के अभाव में रसास्वादन का होना संभव नहीं है। अतएव शब्दों के अभिधेय बोध के लिए कोश व्याकरण से भी अधिक उपयोगी है। कोश द्वारा अवगत वास्तविक वाच्यार्थ से ही लक्ष्य एवं व्यंग्यार्थ का अवबोध होता है।

## शब्दकोषों की परम्परा

संस्कृत भाषा में कोशग्रन्थ लिखने की परम्परा बहुत प्राचीन है। वैदिक युग में ही कोशविषय पर ग्रन्थ लिखे जाने लगे थे। वेद-मन्त्रों के द्रष्टा ऋषि-महर्षि कोशकार भी थे। प्राचीन कोश ग्रन्थों के उद्धरणों को देखने से अवगत होता है कि प्राचीन कोश परवर्ती कोशों की अपेक्षा सर्वथा भिन्न थे। पुरातन समय में व्याकरण और कोश का विषय लगभग एक ही श्रेणी का था, दोनों ही शब्दशास्त्र के अंग थे।

विलुप्त कोशग्रन्थों में भागुरिकृत कोश का नाम सर्वप्रथम आता है। अमरकोश की टीका सर्वस्व[1] में भागुरिकृत प्राचीन कोश के उद्धरण उपलब्ध होते हैं। सायणाचार्य की धातुवृत्ति[2] में भागुरि के कोश का पूरा श्लोक उद्धृत है। पुरुषोत्तमदेव की 'भाषावृत्ति'[3], सृष्टिधर की भाषावृत्ति टीका तथा प्रभावृत्ति[4] से अवगत होता है कि भागुरि के उस कोशग्रन्थ का नाम 'त्रिकाण्ड' था। इनका एक 'भागुरि व्याकरण' नामक व्याकरण ग्रन्थ भी था। ये पाणिनि के पूर्ववर्ती हैं।

भानुजिदीक्षित[5] ने अपनी अमरकोश की टीका में आचार्य आपिशल का एक वचन उद्धृत किया है, जिसके अवलोकन से यह विश्वास होता है कि उन्होंने भी कोई कोशग्रन्थ अवश्य लिखा था। उणादि सूत्र के वृत्तिकार उज्ज्वलदत्त द्वारा उद्धृत एक वचन से उक्त तथ्य की पुष्टि भी होती है। आपिशल वैयाकरण भी थे तथा इनका स्थितिकाल पाणिनि से पूर्व है।

केशव ने 'नानार्थार्णव संक्षेप' में शाकटायन के कोश विषयक वचन उद्धृत किये हैं, जिनसे इनके कोशकार होने की संभावना है। व्याडिकृत किसी विलुप्त कोश के उद्धरण भी अभिधान चिन्तामणि आदि कोशग्रन्थों की विभिन्न टीकाओं में मिलते हैं। श्री कीथ ने अपने संस्कृत साहित्य के इतिहास में लिखा है कि कात्यायन एक नाममाला के कर्त्ता, वाचस्पति शब्दार्णव के रचयिता और विक्रमादित्य संसारावर्त के लेखक थे।

उपलब्ध संस्कृत कोश ग्रन्थों में सबसे प्राचीन और ख्यातिप्राप्त अमरसिंह का अमरकोश है। यह अमरसिंह बौद्ध धर्मावलम्बी थे। कुछ विद्वान् इन्हें जैन भी मानते हैं। इनकी गणना विक्रमादित्य के नवरत्नों में की गयी है। अतः इनका समय चौथी शताब्दी है। मैक्समूलर ने इनका समय ईस्वी छठी शती से पहले ही स्वीकार किया है। इनका कथन है कि अमरकोश का चीनी-भाषा में एक अनुवाद छठी शताब्दी के पहले ही हो चुका था। डॉ० हार्नले ने इसका रचनाकाल ६२५–९४० ई० के बीच माना है। कहा जाता है कि ये महायान सम्प्रदाय से सुपरिचित थे; अतः इनका समय सातवीं शती के उपरान्त होना चाहिए।

---

१ सर्वानन्दविरचित टीका सर्वस्व भाग १ पृ० १९३

२ धातुवृत्ति भू धातु पृ० ३०

३ भाषावृत्ति ४।४।१४३

४ गुरुपद हालदारः–व्याकरणदर्शनेर इतिहास पृ० ४९९

५ अमरटीका १।१।६६ पृ० ६८

अमरकोश का दूसरा नाम 'नामलिङ्गानुशासन' भी है। यह कोश बड़ी वैज्ञानिक विधि से संकलित किया गया है। इसमें समानार्थक शब्दों का संग्रह है और विषय की दृष्टि से इसका विन्यास तीन काण्डों में किया गया है। तृतीयकाण्ड में परिशिष्ट रूप में विशेष्यनिघ्न, संकीर्ण, नानार्थक शब्दों, अव्ययों एवं लिङ्गों को दिया गया है। इसकी अनेक टीकाओं में ग्यारहवीं शताब्दी में लिखी गयी क्षीरस्वामो की टीका बहुत प्रसिद्ध है। इसके परिशिष्ट के रूप में संकलित पुरुषोत्तमदेव का त्रिकाण्डशेष है, जिसमें उन्होंने विरल शब्दों का संकलन किया है। इन्होंने हारावली नाम का एक स्वतन्त्र कोशग्रन्थ भी लिखा है, इसमें ऐसे नवीन शब्दों पर प्रकाश डाला गया है, जिनका उल्लेख पूर्ववर्ती ग्रन्थों में नहीं हुआ है। इस कोश में समानार्थक और नानार्थक दोनों ही प्रकार के शब्द संगृहीत हैं। इस कोश के अधिकांश शब्द बौद्धग्रन्थों से लिये गये हैं।

कवि और वैयाकरण के रूप में ख्यातिप्राप्त हलायुध ने 'अभिधानरत्नमाला' नामक कोशग्रन्थ ई० सन् ९५० के लगभग लिखा है। इस कोश में ८८७ श्लोक हैं। पर्यायवाचो समानार्थक शब्दों का संग्रह इसमें भी है। ग्यारहवीं शताब्दी में विशिष्टाद्वैतवादी दाक्षिणात्य आचार्य यादव प्रकाश ने वैज्ञानिक ढंग का 'वैजयन्ती' कोश लिखा है। इसमें शब्दों को अक्षर, लिङ्ग तथा प्रारम्भिक वर्णों के क्रम से रखा गया है।

नवमी शती के महाकवि धनञ्जय के तीन कोश ग्रन्थ उपलब्ध हैं—नाममाला, अनेकार्थ नाममाला और अनेकार्थ निघण्टु। नाममाला के अन्तिम पद्य से इनकी विद्वत्ता के सम्बन्ध में सुन्दर प्रकाश पड़ता है :—

ब्रह्माणं समुपेत्य वेदनिनदव्याजात्तुषाराचल-
स्थानस्थावरमीश्वरं सुरनदीव्याजात्तथा केशवम्।
अप्यम्भोनिधिशायिनं जलनिधिर्ध्वानोपदेशादहो
फूत्कुर्वन्ति धनंजयस्य च भिया शब्दाः समुत्पीडिताः॥

धनञ्जय के भय से पीडित होकर शब्द ब्रह्माजी के पास जाकर वेदों के निनाद के छल से, हिमालय पर्वत के स्थान में रहनेवाले महादेव को प्राप्त होकर उनके प्रति स्वर्गगङ्गा की ध्वनि के मिष से एवं समुद्र में शयन करने वाले विष्णु के प्रति समुद्र की गर्जना के छल से जाकर पुकारते हैं, यह नितान्त आश्चर्य की बात है। इसमें सन्देह नहीं कि महाकवि धनञ्जय का शब्दों के ऊपर पूरा अधिकार है।

नाममाला छात्रोपयोगी सरल और सुन्दर शैली में लिखा गया कोश है। इसमें व्यावहारिक समानार्थक शब्द संगृहीत किये गये हैं। कोशकार ने २०० श्लोकों में ही संस्कृत भाषा की आवश्यक शब्दावली का चयन कर गागर में सागर भर देने को कहावत चरितार्थ की है। शब्द से शब्दान्तर बनाने की प्रक्रिया इस कोशग्रन्थ की निराली है। अमरकोश, वैजयन्ती प्रभृति किसी भी कोशकार ने इस पद्धति को नहीं अपनाया है। यथा—पृथ्वी के नामों के आगे धर शब्द या धर के पर्यायवाची शब्द जोड़ देने से पर्वत के नाम; पति शब्द या पति के समानार्थक स्वामिन् आदि शब्द जोड़ देने से राजा के नाम एवं रुह शब्द जोड़ देने से वृक्ष के नाम हो जाते हैं। इस पद्धति से सबसे बड़ा लाभ यह है कि एक प्रकार के पर्यायवाची शब्दों की जानकारी से दूसरे प्रकार के पर्यायवाची शब्दों की जानकारी सहज में हो जाती है। इस कोश में कुल १७०० शब्दों के अर्थ दिये गये हैं। इस पर १५ वीं शती के अमरकीर्त्ति का भाष्य भी उपलब्ध है।

अनेकार्थ नाममाला में ४६ पद्य हैं। इसमें एक शब्द के अनेक अर्थों का प्रतिपादन किया गया है। अघ, अज, अंजन, अथ, अद्रि, अनन्त, अन्त, अर्थ, इति, कदली, कम्बु, चेतन, कीलाल, कोटि, क्षीर प्रभृति सौ शब्दों के नाना अर्थों का संकलन किया गया है।

अनेकार्थ निघण्टु में २६८ शब्दों के विभिन्न अर्थ संग्रहीत हैं। इसमें एक-एक शब्द के तीन-तीन, चार-चार अर्थ बताये गये हैं।

कोश साहित्य की समृद्धि की दृष्टि से बारहवीं शताब्दी महत्त्वपूर्ण है। इस शती में केशवस्वामी ने 'नानार्थार्णवसंक्षेप' एवं 'शब्दकल्पद्रुम' की रचना की है। नानार्थार्णव कोश में एक शब्द के अनेक अर्थ दिये गये हैं और शब्द-कल्पद्रुम में शब्दों की व्युत्पत्तियाँ भी निहित हैं। महेश्वर ने विश्वप्रकाश नामक कोशग्रन्थ की रचना की है। इनका समय ई० ११११ के लगभग माना गया है। अभयपाल ने 'नानार्थरत्नमाला' नामक एक नानार्थक कोश लिखा है। इस शताब्दी में आचार्य हेमचन्द्र ने अभिधान चिन्तामणि, अनेकार्थसंग्रह, निघण्टुशेष एवं देशी नाममाला कोशों की रचना की है। इस शताब्दी में मैरवकवि ने अनेकार्थ कोश का भी निर्माण किया है। इस ग्रन्थ पर उनकी स्वयं की टीका भी है, जिसमें अमर, शाश्वत, हलायुध और धन्वन्तरि का उपयोग किया गया है।

चौदहवीं शताब्दी में मेदिनिकर ने अनेकार्थ शब्दकोश की रचना की है। इस शब्दकोश का प्रमाण अनेक संस्कृत टीकाकारों ने 'इति मेदिनी' के रूप में उपस्थित किया है। हरिहर के मन्त्री इरुगपद दण्डाधिनाथ ने नानार्थरत्नमाला कोश लिखा है। इसी शताब्दी में श्रीधरसेन ने विश्वलोचन कोश की रचना की है। इस कोश का दूसरा नाम मुक्तावली कोश भी है। कोश की प्रशस्ति के अनुसार इनके गुरु का नाम मुनिसेन था। इस कोश में २४५३ श्लोक हैं। स्वर वर्ण और ककार आदि के वर्णक्रम से शब्दों का संकलन किया गया है। संस्कृत में अनेक नानार्थक कोशों के रहने पर भी इतना बड़ा और इतने अधिक अर्थों को बतलाने वाला दूसरा कोष नहीं है।

सत्रहवीं शती में केशव दैवज्ञ ने कल्पद्रुम और अप्पय दीक्षित ने 'नामसंग्रहमाला' नामक कोश ग्रन्थ लिखे हैं। ज्योतिष के फलित तथा गणित दोनों विषयों के शब्दों को लेकर वेदांगराय ने 'पारसी प्रकाश' नाम का कोश लिखा है।

इनके अतिरिक्त महिप का 'अनेकार्थतिलक', श्रीमल्लभट्ट का 'आख्यातचन्द्रिका', महादेव वेदान्ती का 'अनादिकोश', सौरभी का 'एकार्थ नाममाला—द्व्यक्षरनाममाला कोश', राघव कवि का 'कोशावतंस', भोज का 'नाममाला कोश', शाहजी का 'शब्दरत्नसमुच्चय', कर्णपूर का 'संस्कृत-पारसीकप्रकाश' एवं शिवदत्त का 'विश्वकोश' अच्छे कोशग्रन्थ हैं।

## अभिधानचिन्तामणि के रचयिता आचार्य हेमचन्द्र

यह पहले ही लिखा गया है कि संस्कृत कोश-साहित्य के रचयिता हेमचन्द्र बारहवीं शताब्दी के लब्धप्रतिष्ठ विद्वान् हैं। वे असाधारण प्रतिभासम्पन्न व्यक्ति थे। इनका विशाल व्यक्तित्व वट वृक्ष के समान प्रसरणशील था। इन्होंने अपने पाण्डित्य की प्रखरकिरणों से साहित्य, संस्कृति और इतिहास के विभिन्न क्षेत्रों को आलोकित किया है। बारहवीं शती में गुजरात की सांस्कृतिक, राजनीतिक, सामाजिक आदि सभी परम्पराओं को इन्होंने एक नवीन दृष्टिकोण प्रदान किया है। गुजरात की प्रत्येक गतिविधि की भव्यता में उनका विशाल हृदय स्पन्दित है। ए० बी० लट्ठे ने लिखा है—"हेमचन्द्राचार्य ने अमुक जाति या समुदाय के लिए अपना जीवन व्यतीत नहीं किया; उनकी कई कृतियाँ तो भारतीय साहित्य में महत्त्व का स्थान रखती हैं। वे केवल पुरातन पद्धति के अनुयायी नहीं थे। उनके जीवन के साथ तत्कालीन गुजरात का इतिहास गुंथा हुआ है। यद्यपि हेमचन्द्र विश्वजनीन और सार्व-

देशिक उपलब्धि हैं, तो भी उनका निवास सबसे अधिक गुजरात में हुआ। इसलिए उनके व्यक्तित्व का भी सर्वाधिक लाभ गुजरात को ही प्राप्त हुआ है। उन्होंने अपने ओजस्वी और सर्वाङ्गपूर्ण व्यक्तित्व से गुजरात को सँवारा-सजाया है और युग-युग तक जीवित रहने की जीवन्त शक्ति भरी है। सारे सोलङ्की वंश को अपनी लेखनी का अमृत पिला-पिलाकर अमर बनाया है। गुर्जर इतिहास में इन्हें अद्वितीय स्थान प्राप्त है[1]।"

## आचार्य का जन्म एवं बाल्यकाल

आचार्य हेमचन्द्र का जन्म विक्रम संवत् ११४५ कार्त्तिकी पूर्णिमा को गुजरात के अन्तर्गत धन्धुका नामक गाँव में हुआ था। यह गाँव वर्तमान में भाधर नदी के दाहिने तट पर अहमदाबाद से उत्तर-पश्चिम में ६२ मील की दूरी पर स्थित है। इनके पिता शैवधर्मानुयायी मोढ़कुल के वणिक् थे। इनका नाम चाचदेव या चाचिगदेव था। चाचिगदेव की पत्नी का नाम पाहिनी (पाहिणी) था। एक रात को पाहिनी ने सुन्दर स्वप्न देखा। उस समय वहाँ चन्द्रगच्छ के आचार्य देवचन्द्र सूरि पधारे हुए थे। पाहिनी देवी ने अपने स्वप्न का फल उनसे पूछा। आचार्य देवचन्द्र सूरि ने उत्तर दिया—'तुम्हें एक अलौकिक प्रतिभाशाली पुत्ररत्न की प्राप्ति होगी। यह पुत्र ज्ञान, दर्शन और चारित्र से युक्त होगा तथा साहित्य एवं समाज के कल्याण में संलग्न रहेगा।' स्वप्न के इस फल को सुनकर माता बहुत प्रसन्न हुई।

समय पाकर पुत्र का जन्म हुआ। इनकी कुलदेवी चामुण्डा और कुलयक्ष 'गोनस' था, अतः माता-पिता ने देवता के प्रीत्यर्थ उक्त दोनों देवताओं के आद्य अक्षर लेकर बालक का नाम चाङ्गदेव रखा। लाड़-प्यार से चाङ्गदेव का पालन-पोषण होने लगा। शिशु चाङ्गदेव बहुत होनहार था। पालने में ही उसकी भवितव्यता के शुभ लक्षण प्रकट होने लगे थे।

एक बार आचार्य देवचन्द्र अणहिलपत्तन से प्रस्थान कर भव्य जनों के प्रबोध-हेतु धन्धुका गाँव में पधारे। उनकी पीयूषमयी वाणी का पान करने के लिए श्रोताओं और दर्शनार्थियों की अपार भीड़ एकत्र थी। पाहिनी भी चांगदेव को लेकर गुरुवंदना के लिए गयी। सहज रूप और शुभ लक्षणों से युक्त चांगदेव को देखकर आचार्य देवचन्द्र उस पर मुग्ध हो गये और पाहिनी से उन्होंने कहा—"बहिन! इस चिन्तामणि को तुम मुझे अर्पित करो। इसके द्वारा समाज और साहित्य का बड़ा कल्याण होगा। यह यशस्वी आचार्य पद

---

१ आचार्य भिक्षुस्मृति ग्रन्थ, द्वितीय खण्ड पृ० ७३

को प्राप्त करेगा।" आचार्य की उक्त वाणी को सुनकर पाहिनी देवी व्याकुल हो गयी। माता की ममता ने उसके हृदय को मथ डाला, अतः वह गद्‌गद कंठ से बोली—'प्रभो! यह तो मेरा प्राणाधार है। इस कलेजे के टुकड़े के बिना मेरा जीवित रहना संभव नहीं। दूसरी बात यह भी है कि पुत्र के ऊपर माता-पिता दोनों का अधिकार होता है, अतएव इसके पिता की आज्ञा भी अपेक्षित है। इस समय इसके पिता ग्रामान्तर को गये हैं। उनकी अनुमति के बिना मैं अकेली इस पुत्र को देने में असमर्थ हूँ।' कहा जाता है कि पाहिनी जैन कुल की थी और चाचदेव शैव। अतः पाहिनी को यह आशा भी थी कि उसका पति जैनाचार्य को पुत्र देना शायद ही पसन्द करेगा।

आचार्य देवचन्द्र ने चांगदेव की प्रतिभा की भूरि-भूरि प्रशंसा की तथा उसके द्वारा सम्पन्न होनेवाले कार्यों का भव्य रूप उपस्थित किया, जिससे उपस्थित सभी समाज प्रसन्न हुआ। अनेक व्यक्तियों ने साहित्य और शासन की प्रभावना के हेतु उस पुत्र को आचार्य देवचन्द्र सूरि को समर्पित कर देने का अनुरोध किया। पाहिनी ने उस अनुरोध को स्वीकार किया और उसने साहसपूर्वक उस शिशु को आचार्य को सौंप दिया। आचार्य इस भविष्णु बालक को प्राप्त कर अत्यन्त प्रसन्न हुए और उन्होंने बालक से पूछा—'वत्स! तू हमारा शिष्य बनेगा?' चांगदेव ने निर्भयतापूर्वक उत्तर दिया—'जी हाँ, अवश्य बनूँगा।' इस उत्तर से आचार्य बहुत प्रसन्न हुए। उनके मन में यह आशंका लगी हुई थी कि चाचिग यात्रा से वापस लौटने पर कहीं इसे छीन न ले। अतः वे उसे अपने साथ लेकर कर्णावती पहुँचे और वहाँ उदयन मन्त्री के यहाँ उसे रख दिया। उदयन उस समय जैनधर्म का सबसे बड़ा प्रभावशाली व्यक्ति था। अतः उसके संरक्षण में चांगदेव को रखकर आचार्य देवचन्द्र चिन्तामुक्त हुए।

चाचिग जब ग्रामान्तर से लौटा तो पुत्रसम्बन्धी समाचार को सुनकर बहुत दुःखी हुआ और पुत्र को वापस लाने के लिए तत्काल ही कर्णावती को चल दिया। पुत्र के अपहार से वह बहुत दुःखी था, अतः देवचन्द्राचार्य की पूरी भक्ति भी न कर सका। ज्ञानराशि आचार्य तत्काल उसके मन की बात समझ गये, अतः उसका मोह दूर करने के लिए अमृतमयी वाणी में उपदेश दिया। इसी बीच आचार्य ने उदयन मन्त्री को भी अपने पास बुला लिया। मन्त्रिवर ने बड़ी चतुराई के साथ चाचिग से वार्तालाप किया और धर्म के बड़े भाई होने के नाते श्रद्धापूर्वक उसे अपने घर ले गया और बड़े सत्कार से भोजन कराया। तदनन्तर उसकी गोद में चांगदेव को बैठाकर पञ्चाङ्ग सहित

तीन दुशाले और तीन लाख रुपये भेंट किये। इस सम्मान को पाकर चाचिग द्रवीभूत हो गया और स्नेह-विह्वल हो बोला—'आप तो तीन लाख रुपये देते हुए उदारता के छल से कृपणता प्रकट कर रहे हैं। मेरा यह पुत्र अमूल्य है, परन्तु साथ ही मैं देखता हूँ कि आपका सम्मान उसकी अपेक्षा कहीं अधिक मूल्यवान् है। अतः इस बालक के मूल्य में अपना सम्मान ही बनाये रखिये। आपके द्रव्य का तो मैं शिव-निर्माल्य के समान स्पर्श भी नहीं कर सकता हूँ।'

चाचिग के उक्त कथन को सुनकर उदयन मन्त्री बोला—'आपके पुत्र का अभ्युदय मुझे सौंपने से नहीं होगा। आप इसे गुरुदेव को समर्पण करें, तो यह गुरुपद प्राप्त कर बालेन्दु के समान त्रिभुवन-पूज्य होगा। आप पुत्र-हितैषी हैं, पर सोचिये कि साहित्य और संस्कृति के अभ्युत्थान के लिए इस प्रकार के प्रतिभाशाली व्यक्तियों की कितनी आवश्यकता है? मन्त्री के इस कथन को सुनकर चाचिग ने कहा—'आपका वचन प्रमाण है, मैंने अपना पुत्र गुरुजी को सौंपा। अब उनकी जैसी इच्छा हो, इसका निर्माण करें। शिशु की शिक्षा का प्रबन्ध स्तम्भतीर्थ ( खम्भात ) में सिद्धराज के मन्त्री उदयन के घर पर ही किया गया।

### दीक्षा-ग्रहण एवं शिक्षा

हेमचन्द्र की प्रव्रज्या के सम्बन्ध में मत-भिन्नता है। प्रभावकचरित में पाँच वर्ष की अवस्था में उनका दीक्षित होना लिखा है। जिनमण्डनकृत 'कुमारपालप्रबन्ध' में विक्रम संवत् ११६४ में दीक्षित होने का उल्लेख प्राप्त होता है। प्रबन्धचिन्तामणि, पुरातनप्रबन्धसंग्रह, प्रबन्धकोश एवं कुमारपालप्रतिबोध आदि ग्रन्थों से आठ वर्ष की अवस्था में दीक्षित होना सिद्ध होता है। हमारा अनुमान है कि चांगदेव—हेमचन्द्र की दीक्षा आठ वर्ष की अवस्था में ही सम्पन्न हुई होगी। प्रव्रज्या ग्रहण करने के उपरान्त चांगदेव का नाम सोमचन्द्र रखा गया। सोमचन्द्र की प्रतिभा अत्यन्त प्रखर, सूक्ष्म और प्रसरणशील थी। थोड़े ही समय में इन्होंने तर्क, व्याकरण, काव्य, अलङ्कार, छन्द, आगम आदि ग्रन्थों का बहुत गहरा अध्ययन किया[१]। इनके पाण्डित्य का लोहा सभी विद्वान् स्वीकार करते थे।

---

१ सोमचन्द्रस्ततश्चन्द्रोज्ज्वलप्रज्ञाबलादसौ।
तर्कलक्षणसाहित्यविद्याः पर्यच्छिनद् द्रुतम्॥ —प्रभावकचरितम्—हेमचन्द्र सूरि प्रबन्ध श्लो० ३७

प्रभावकचरित से यह भी ज्ञात होता है कि सोमचन्द्र ने अपने गुरु देवचन्द्र के साथ देश-देशान्तरों में परिभ्रमण कर शास्त्रीय एवं व्यावहारिक ज्ञान की वृद्धि की थी। हमें इनका नागपुर में धनद नामक सेठ के यहाँ तथा देवेन्द्र सूरि और मलयगिरि के साथ गौड देश के खिल्लर ग्राम में निवास करने का उल्लेख मिलता है। यह भी बताया जाता है कि हेमचन्द्र ने ब्राह्मी देवी—जो विद्या की अधिष्ठात्री मानी गयी है—की साधना के निमित्त कश्मीर की एक यात्रा आरम्भ की। वे इस साधना द्वारा अपने समस्त प्रतिद्वन्द्वियों को पराजित करना चाहते थे। मार्ग में जब ताम्रलिप्ति होते हुए रैवन्तगिरि पहुँचे तो नेमिनाथ स्वामी की इस पुण्य भूमि में इन्होंने योगविद्या की साधना आरम्भ की। इस साधना के अवसर पर ही सरस्वती उनके सम्मुख उपस्थित हुई और कहने लगी—'वत्स! तुम्हारी समस्त मनःकामनाएँ पूर्ण होंगी। समस्त प्रतिवादियों को पराजित करने की क्षमता तुम्हें प्राप्त होगी।' इस वाणी को सुनकर हेमचन्द्र बहुत प्रसन्न हुए और उन्होंने अपनी आगे की यात्रा स्थगित कर दी और वापस लौट आये[1]।

## सूरिपद-प्राप्ति

सोमचन्द्र की अद्भुत प्रतिभा एवं पाण्डित्य का प्रभाव सभी पर था। अतः वि० सं० ११६६ में २१ वर्ष की अवस्था में ही उन्हें सूरिपद से विभूषित कर दिया गया। अब हेमचन्द्र सोमचन्द्र नहीं रहे, बल्कि आचार्य हेमचन्द्र बन गये।

## आचार्य हेम और सिद्धराज जयसिंह

आचार्य हेमचन्द्र ने बिना किसी भेदभाव के जनजागरण और जीवनोत्थान के कार्यों में अपने को समर्पित कर दिया था। प्रत्येक अवसर पर वे नयी सूझ-बूझ से काम लेते थे और सदा के लिए अपनी तलस्पर्शी मेधा का एक चमत्कारिक प्रभाव छोड़ देते थे। संभवतः चेतना की इस विलक्षणता ने ही महापराक्रमी गुर्जरेश्वर जयसिंह सिद्धराज को आकृष्ट किया था। आचार्य हेमचन्द्र का सिद्धराज के साथ प्रथम परिचय कब हुआ, इसका प्रामाणिक रूप से तो कोई भी विवरण प्राप्त नहीं होता है, पर अनुमान ऐसा है कि मालव-विजय के अनन्तर विक्रम संवत् ११९१–११९२ में आशीर्वाद देने के लिए आचार्य हेम सिद्धराज की राजसभा में पधारे थे। सिद्धराज मालव के

---

१ विशेष के लिए देखें—Life of Hemchandra, IIch.
तथा काव्यानुशासन की अंग्रेजी प्रस्तावना P. P. CCLXVI-CCLXIX.

अनुकरण पर गुजरात में हर प्रकार की उन्नति करने का इच्छुक था। उस समय मालव में राजा भोज का सरस्वतीप्रेम प्रसिद्ध था। भोजराज संस्कृत का स्वयं प्रकाण्ड पण्डित था। विद्वानों को राजाश्रय देकर शैक्षणिक और सांस्कृतिक विकास के लिए अहर्निश प्रयास करता रहता था। इस कार्य में उसे हेमचन्द्र से अपूर्व सहयोग मिला। हैमी प्रतिभा का स्पर्श पा गुजरात की सांस्कृतिक एवं साहित्यिक चेतना उत्तरोत्तर विकसित होने लगी।

सिद्धराज के आदेश से हेमचन्द्र ने सिद्धहैम नाम का एक नया व्याकरण ग्रन्थ लिखा, यह ग्रन्थ गुजरात का व्याकरण कहलाता है। इस ग्रन्थ को तैयार करने के लिए कश्मीर से व्याकरण के आठ ग्रन्थ मंगवाये गये थे[1]।

आचार्य हेमचन्द्र और सिद्धराज समवयस्क थे। सिद्धराज का जन्म हेमचन्द्र से दो वर्ष पूर्व हुआ था। दोनों में घनिष्ठ मित्रता थी। सिद्धराज राष्ट्रीय नेता, शासक, संरक्षक के रूप में सम्माननीय थे तो हेमचन्द्र धार्मिक, चारित्रिक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से प्राणदायी थे।

## आचार्य हेमचन्द्र और कुमारपाल

हेमचन्द्र का कुमारपाल के साथ गुरु-शिष्य का सम्बन्ध था। उन्होंने सात वर्ष पहले ही कुमारपाल को राज्य प्राप्त होने की भविष्यवाणी की थी। एक बार जब राजकीय पुरुष उसे पकड़ने आये तो हेमचन्द्र ने उसे ताड़पत्रों में छिपा दिया था और उसके प्राणों की रक्षा की थी। कहा जाता है कि सिद्धराज को कोई पुत्र नहीं था; इससे उनके पश्चात् गद्दी का झगड़ा खड़ा हुआ और अन्त में कुमारपाल नामक व्यक्ति वि० सं० ११९४ में मार्गशीर्ष कृष्ण १४ को राज्याभिषिक्त हुआ। सिद्धराज जयसिंह कुमारपाल को मारने के प्रयत्न में था, पर वह किसी प्रकार बच गया[2]। राजा बनने के समय कुमारपाल की अवस्था ५० वर्ष की थी। अतः उसने अपने अनुभव और पुरुषार्थ द्वारा

---

१ देखें—पुरातत्त्व (पुस्तक चतुर्थ)—गुजरात नुं प्रधान व्याकरण पृ० ६१। गौरीशंकर ओझा ने अपने राजपूताने के इतिहास भाग १ पृ० १९६ पर लिखा है कि 'जयसिंह ने यशोवर्मा को वि० सं० ११९२-११९५ के मध्य हराया था। उज्जयिनी के शिलालेख से ज्ञात होता है कि मालवा वि० सं० ११९५ ज्येष्ठ वदी १४ को सिद्धराज जयसिंह के अधीन था।' इस उल्लेख के आधार पर 'सिद्धहैम' व्याकरण की रचना सं० ११९० के लगभग हुई होगी।—**बुद्धि प्रकाश, मार्च १९३५ के अंक में प्रकाशित**

२—नागरीप्रचारिणी पत्रिका भाग ६ पृ० ४४३-४६८
(कुमारपाल को कुल में हीन समझने के कारण ही सिद्धराज उसे मारना चाहता था।)

राज्य की सुदृढ़ व्यवस्था की। यद्यपि यह सिद्धराज के समान विद्वान् और विद्यारसिक नहीं था, तो भी राज्यव्यवस्था के पश्चात् धर्म और विद्या से प्रेम करने लगा था।

हेमचन्द्र के प्रति कुमारपाल राजा होने के पहले से ही श्रद्धावनत था, पर अब राजा होने पर उसका सम्बन्ध उनके साथ घनीभूत होने लगा। डा० बुल्हर ने कुमारपाल और हेमचन्द्र के सम्बन्ध का विवेचन करते हुए लिखा है कि हेमचन्द्र कुमारपाल से तब मिले, जब राज्य की समृद्धि और विस्तार हो गया था[1]। डा० बुल्हर की इस मान्यता की आलोचना काव्यानुशासन की भूमिका में डा० रसिकलाल पारिख ने की है और उन्होंने उक्त कथन को विवादास्पद सिद्ध किया है। जिनमण्डन ने कुमारपालप्रबन्ध में दोनों के मिलने की घटना पर प्रकाश डालते हुए लिखा है कि एक बार कुमारपाल जयसिंह से मिलने गया था। मुनि हेमचन्द्र को उसने सिंहासन पर बैठे देखा। वह अत्यधिक आकृष्ट हुआ और उनके भाषण-कक्ष में जाकर भाषण सुनने लगा। उसने पूछा—'मनुष्य का सबसे बड़ा गुण क्या है?' हेमचन्द्र ने कहा—'दूसरों की स्त्रियों में माँ-बहन की भावना रखना सबसे बड़ा गुण है।' यदि यह घटना ऐतिहासिक है तो अवश्य ही वि० सं० ११६९ के आसपास घटी होगी; क्योंकि उस समय कुमारपाल को अपने प्राणों का भय नहीं था[2]।

आचार्य हेमचन्द्र ने कुमारपाल के चारित्रिक पक्ष को बहुत परिष्कृत किया था। ऐश्वर्य के विलासमय और उत्तेजक वातावरण में रहते हुए भी उसे राजर्षि एवं परमार्हत बना दिया था। मांस, मदिरा आदि सप्त व्यसनों से उसे मुक्ति दिलायी थी। कुमारपाल ने अपने अधीन १८ राज्यों में 'अमारि'—अहिंसा की घोषणा की थी। इसमें सन्देह नहीं कि कुमारपाल की राजकीय सफलता, सामाजिक नवसुधार की योजना, साहित्य एवं कला के संरक्षण-संवर्धन के संकल्प के पीछे आचार्य हेमचन्द्र का व्यक्तित्व, उनकी प्रेरणा एवं उनका वरद हस्त था।

---

१ See Note 53 in Dr. Bulher's Life of Hemchandra P.P. 83–84

२ कुमारपाल प्रबन्ध पृ० १८–२२

see the Life of Hemchandra, Hemchandra's own account of Kumarpal's conversion pp. 32–40

देखें--कुमारपाल प्रतिबोध पृ० ३ श्लो० ३००–४००

## कलात्मक निर्माण के प्रेरक

आचार्य हेमचन्द्र की प्रेरणा से पश्चिम तथा पश्चिमोत्तर भारत में अनेक मन्दिरों एवं विहारों का निर्माण हुआ। संसारप्रसिद्ध ऐतिहासिक सोमनाथ के मन्दिर का पुनर्निर्माण आचार्य हेमचन्द्र की प्रेरणा से हुआ था। प्रबन्धचिन्तामणि के रचयिता मेरुतुंग ने इस घटना का उल्लेख किया है। पञ्चकुल के मन्दिर के सम्पन्न हो जाने पर आचार्य हेमचन्द्र और कुमारपाल दोनों ही देवदर्शन करने गये थे। आचार्य हेमचन्द्र के प्रभाव एवं प्रेरणा से गुजरात तथा राजस्थान में बने मन्दिर एवं विहार कला के उत्कृष्ट नमूने हैं।

## शिष्यवर्ग

आचार्य हेमचन्द्र जैसे प्रतिभाशाली व्यक्तित्व-सम्पन्न और उत्तमोत्तम गुणों के धारक थे, वैसा ही उनका शिष्य-समूह भी था। रामचन्द्र सूरि, बालचन्द्र सूरि, गुणचन्द्र सूरि, महेन्द्र सूरि, वर्धमान गणी, देवचन्द्र, उदयचन्द्र, एवं यशश्चन्द्र उनके प्रख्यात शिष्य थे। इन्होंने हेमचन्द्र की कृतियों पर टीकाएँ तथा वृत्तियाँ लिखी हैं, साथ ही इनके स्वतन्त्र ग्रन्थ भी उपलब्ध हैं। रामचन्द्र सूरि इन सभी शिष्यों में अग्रणी थे। उनमें कवि की प्रखर प्रतिभा एवं साधुत्व का अलौकिक तेज था। कुमारविहारशतक के रचयिता ये ही हैं। इन्हें 'प्रबन्धशत-कर्ता' कहा जाता है। रामचन्द्र और गुणचन्द्र सूरि ने मिलकर 'नाट्यदर्पण' की रचना की है। महेन्द्र सूरि ने अभिधानचिन्तामणि, अनेकार्थनाममाला, देशीनाममाला और निघण्टु पर टीकाएँ लिखी हैं। देवचन्द्र सूरि ने 'चन्द्रलेखा-विजयप्रकरण' और बालचन्द्र गणि ने 'स्नातस्या' नामक काव्य की रचना की है।

## साहित्य-

हेमचन्द्र की साहित्य-साधना बहुत विशाल एवं व्यापक है। जीवन को संस्कृत, संवर्द्धित और संचालित करनेवाले जितने पहलू होते हैं, उन सभी को उन्होंने अपनी लेखनी का विषय बनाया है। व्याकरण, छन्द, अलङ्कार, कोश एवं काव्य विषयक इनकी रचनाएँ बेजोड़ हैं। इनके ग्रन्थ रोचक, मर्मस्पर्शी एवं सजीव हैं। पश्चिम के विद्वान् इनके साहित्य पर इतने मुग्ध हैं कि इन्होंने इन्हें ज्ञान का महासागर कहा है। इनकी प्रत्येक रचना में नया दृष्टिकोण और नयी शैली वर्तमान है। श्री सोमप्रभ सूरि ने इनकी सर्वाङ्गीण प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए लिखा है—

क्लृप्तं व्याकरणं नवं विरचितं छन्दो नवं द्व्याश्रया-
लंकारौ प्रथितौ नवौ, प्रकटितं श्रीयोगशास्त्रं नवम् ।
तर्कः संजनितो नवो, जिनवरादीनां चरित्रं नवं
बद्धं येन न केन केन विधिना मोहः कृतः दूरतः ॥

इससे स्पष्ट है कि हेम ने व्याकरण, छन्द, द्व्याश्रय काव्य, अलङ्कार, योग-शास्त्र, स्तवन काव्य, चरित काव्य प्रभृति विषय के ग्रन्थों की रचना की है ।

## व्याकरण

व्याकरण के क्षेत्र में सिद्धहेमशब्दानुशासन, सिद्धहेमलिङ्गानुशासन एवं धातुपारायण ग्रन्थ उपलब्ध हैं । इनके व्याकरण ग्रन्थ की प्रशंसा करते हुए प्रबन्धचिन्तामणि में लिखा है—

भ्रातः संवृणु पाणिनिप्रलपितं कातन्त्रकन्था वृथा,
मा कार्षीः कटु शाकटायनवचः क्षुद्रेण चान्द्रेण किम् ।
किं कण्ठाभरणादिभिर्बठरयत्यात्मानमन्यैरपि,
श्रूयन्ते यदि तावदर्थमधुरा श्रीसिद्धहेमोक्तयः ॥

## हैम व्याकरण

( १ ) मूलपाठ, ( २ ) धातुपाठ, ( ३ ) गणपाठ, ( ४ ) उणादिप्रत्यय एवं ( ५ ) लिङ्गानुशासन इन पाँचों अंगों से परिपूर्ण है । सिद्धहेमशब्दानु-शासन राजा सिद्धराज जयसिंह की प्रेरणा से लिखा गया है । इस ग्रन्थ में आठ अध्याय और ३५६६ सूत्र हैं । आठवाँ अध्याय प्राकृत व्याकरण है, इसमें १११९ सूत्र हैं ।

आचार्य हेम ने इस व्याकरण ग्रन्थ पर छः हजार श्लोक प्रमाण लघुवृत्ति और अठारह हजार श्लोक प्रमाण बृहद्वृत्ति लिखी है । बृहद्वृत्ति सात अध्यायों पर ही प्राप्त होती है, आठवें अध्याय पर नहीं है ।

## द्व्याश्रय काव्य

द्व्याश्रय नाम से ही स्पष्ट है कि उसमें दो तथ्यों को सन्निबद्ध किया गया है । इसमें चालुक्यवंश के चरित के साथ व्याकरण के सूत्रों के उदाहरण प्रस्तुत किये गये हैं । इसमें सन्देह नहीं कि हेमचन्द्र ने एक सर्वगुण-सम्पन्न महा-काव्य में सूत्रों का सन्दर्भ लेकर अपनी विशिष्ट प्रतिभा का परिचय दिया है । इस महाकाव्य में २० सर्ग और २८८८ श्लोक हैं । सृष्टिवर्णन, ऋतुवर्णन, रसवर्णन आदि सभी महाकाव्य के गुण वर्तमान हैं ।

प्राकृत द्वयाश्रय काव्य में कुमारपाल के चरित के साथ प्राकृत व्याकरण के सूत्रों के उदाहरण प्रस्तुत किये गये हैं। इस काव्य में कुमारपाल की धर्म-निष्ठा, नीति, परोपकारी आचरण, सांस्कृतिक चेतना, उदारता, नागर जनों के साथ सम्बन्ध, जैनधर्म में दीक्षित होना एवं दिनचर्या आदि सभी विषयों का विस्तारपूर्वक रोचक वर्णन है। इसमें आठ सर्ग और ७४७ गाथाएँ हैं।

## त्रिषष्टिशलाका-पुरुष-चरित

इस ग्रन्थ में २४ तीर्थंकर, १२ चक्रवर्ती, ९ बलदेव, ९ वासुदेव और ९ प्रतिवासुदेव, इस प्रकार त्रेसठ पुरुषों का चरित अंकित है। यह ग्रन्थ बत्तीस हजार श्लोक प्रमाण है। इसका रचनाकाल वि० सं० १२२६–१२२९ के बीच का है। इसमें ईश्वर, परलोक, आत्मा, कर्म, धर्म, सृष्टि आदि विषयों पर विशद विवेचन किया गया है। दार्शनिक मान्यताओं का भी विशद विवेचन विद्यमान है। इतिहास, कथा एवं पौराणिक तथ्यों का यथेष्ट समावेश किया गया है।

## काव्यानुशासन

आचार्य हेम ने मम्मट, आनन्दवर्द्धन, अभिनवगुप्त, रुद्रट, दण्डी, धनञ्जय आदि के काव्यशास्त्रीय ग्रन्थों का अध्ययन कर इस ग्रन्थ की रचना की है। इस ग्रन्थ पर हेमचन्द्र ने अलङ्कार चूडामणि नाम से एक लघुवृत्ति और विवेक नाम की एक विस्तृत टीका लिखी है। इसमें मम्मट की अपेक्षा काव्य के प्रयोजन, हेतु, अर्थालङ्कार, गुण, दोष, ध्वनि आदि सिद्धान्तों पर गहन अध्ययन प्रस्तुत किया गया है।

## छन्दोनुशासन

इसमें संस्कृत, प्राकृत एवं अपभ्रंश साहित्य के छन्दों का विवेचन किया है। मूल ग्रन्थ सूत्रों में है। आचार्य हेम ने इसकी वृत्ति भी लिखी है। इन्होंने छन्दों के उदाहरण अपनी मौलिक रचनाओं से उपस्थित किये हैं।

## न्याय

इनके द्वारा रचित प्रमाण-मीमांसा नामक ग्रन्थ प्रमाण-प्रमेय की साङ्गोपाङ्ग जानकारी प्रदान करने में पूर्ण क्षम है। अनेकान्तवाद, प्रमाण, पारमार्थिक प्रत्यक्ष की तात्त्विकता, इन्द्रियज्ञान का व्यापारक्रम, परोक्ष के प्रकार, अनुमानावयवों की प्रायोगिक व्यवस्था, निग्रहस्थान, जय-पराजय-व्यवस्था, सर्वज्ञत्व का समर्थन आदि मूल मुद्दों पर विचार किया गया है।

## योगशास्त्र

कुमारपाल के अनुरोध से आचार्य हेम ने योगशास्त्र की रचना की है। इसमें बारह प्रकाश और १०१२ श्लोक हैं। गृहस्थ जीवन में आत्मसाधना करने की प्रक्रिया का निरूपण किया गया है। इसमें योग की परिभाषा, व्यायाम, रेचक, कुम्भक और पूरक आदि प्राणायामों तथा आसनों का निरूपण किया है। इसके अध्ययन एवं अभ्यास से आध्यात्मिक प्रगति की प्रेरणा मिलती है। व्यक्ति की अन्तर्मुखी प्रवृत्तियों के उद्घाटन का पूर्ण प्रयास किया गया है। इस ग्रन्थ की शैली पतञ्जलि के योगशास्त्र के अनुसार ही है; पर विषय और वर्णनक्रम दोनों में मौलिकता और भिन्नता है।

## स्तोत्र

द्वात्रिंशिकाओं के रचयिता के रूप में आचार्य हेम प्रसिद्ध हैं। वीतराग और महावीर स्तोत्र भी इनके सुन्दर माने जाते हैं। भक्ति की दृष्टि से इन स्तोत्रों का जितना महत्त्व है, उससे कहीं अधिक काव्य की दृष्टि से।

## कोशग्रन्थ

आचार्य हेम के चार कोशग्रन्थ उपलब्ध हैं—अभिधानचिन्तामणि, अनेकार्थसंग्रह, निघण्टु और देशीनाममाला।

अनेकार्थसंग्रह में सात काण्ड और १९४० श्लोक हैं। इसमें एक ही शब्द के अनेक अर्थ दिये गये हैं।

निघण्टु में छः काण्ड और ३९६ श्लोक हैं। इसमें सभी वनस्पतियों के नाम दिये गये हैं। इसके वृक्ष, गुल्म, लता, शाक, तृण और धान्य ये छः काण्ड हैं। वैद्यक शास्त्र के लिए इस कोश की अत्यधिक उपयोगिता है।

देशीनाममाला में ३९७८ देशी शब्दों का संकलन किया गया है। इस कोश के आधार पर आधुनिक भाषाओं के शब्दों की साङ्गोपाङ्ग आत्मकहानी लिखी जा सकती है। इस कोश में उदाहरण के रूप में आयी हुई गाथाएँ साहित्यिक दृष्टि से अमूल्य हैं। सांस्कृतिक विकास की दृष्टि से भी इस कोश का बहुत बड़ा मूल्य है। इसमें संकलित शब्दों से बारहवीं शती की अनेक सांस्कृतिक परम्पराओं को अवगत किया जा सकता है।

## अभिधानचिन्तामणि

संस्कृत के पर्यायवाची शब्दों की जानकारी के लिए इस कोश का महत्त्व अमरकोश की अपेक्षा भी अधिक है। इसमें समानार्थक शब्दों का संग्रह किया

गया है। इस पद्यमय कोश में कुल छः काण्ड हैं। प्रथम देवाधिदेव नाम के काण्ड में ८६ पद्य हैं, द्वितीय देवकाण्ड में २५० पद्य, तृतीय मर्त्यकांड में ५९८ पद्य, चतुर्थ भूमिकाण्ड में ४२३ पद्य, पञ्चम नारककाण्ड में ७ पद्य एवं षष्ठ सामान्य काण्ड में १७८ पद्य हैं। इस प्रकार इस कोश में कुल १५४२ पद्य हैं। हेमचन्द्र ने आरम्भ में ही रूढ, यौगिक और मिश्र शब्दों के पर्यायवाची शब्द लिखने की प्रतिज्ञा इस तरह की है—

व्युत्पत्तिरहिताः शब्दा रूढा आखण्डलादयः।
योगोऽन्वयः स तु गुणक्रियासम्बन्धसम्भवः॥
गुणतो नीलकण्ठाद्याः क्रियातः स्रष्टृसन्निभाः।
स्वस्वामित्वादिसम्बन्धस्तत्राहुर्नाम तद्वताम्॥ (अ० चि० १।२-३)

व्युत्पत्ति से रहित—प्रकृति तथा प्रत्यय के विभाग करने से भी अन्वर्थ-हीन शब्दों को रूढ कहते हैं; जैसे आखण्डल आदि। यद्यपि कुछ आचार्य रूढ शब्दों की भी व्युत्पत्ति मानते हैं, पर उस व्युत्पत्ति का प्रयोजन केवल वर्णानुपूर्वी का विज्ञान कराना ही है, अन्वर्थ प्रतीति नहीं। अतः अभिधानचिन्तामणि में संग्रहीत शब्दों में प्रथम प्रकार के शब्द रूढ हैं।

हेम के द्वारा संग्रहीत दूसरे प्रकार के शब्द यौगिक हैं। शब्दों के परस्पर अर्थानुगम को अन्वय या योग कहते हैं और यह योग गुण, क्रिया तथा अन्य सम्बन्धों से उत्पन्न होता है। गुण के सम्बन्ध के कारण नीलकण्ठ, शितिकण्ठ, कालकण्ठ आदि शब्द ग्रहण किये गये हैं। क्रिया के सम्बन्ध से उत्पन्न होनेवाले शब्द स्रष्टा, धाता प्रभृति हैं। अन्य सम्बन्धों में प्रधान रूप से स्वस्वामित्व, जन्य-जनक, धार्य-धारक, भोज्य-भोजक, पति-कलत्र, सख्य, वाह्य-वाहक, ज्ञातेय, आश्रय-आश्रयी एवं वध्य-वधक भाव सम्बन्ध ग्रहण किया गया है। स्ववाचक शब्दों में स्वामिवाचक शब्द या प्रत्यय जोड़ देने से स्व-स्वामिवाचक शब्द बन जाते हैं। स्वामिवाचक प्रत्ययों में मतुप्, इन्, अण्, अक् आदि प्रत्यय एवं शब्दों में पाल, भुज्, धन और नेतृ शब्द परिगणित हैं। यथा—भू + मतुप् = भूमान्, धन + इन् = धनी, शिव + अण् = शैवः, दण्ड + इक् = दाण्डिकः। इसी प्रकार भू + पालः = भूपालः, भू + पतिः = भूपतिः आदि। हेम ने उक्त प्रकार के सभी सम्बन्धों से निष्पन्न शब्दों को कोश में स्थान दिया है।

हेम ने मूल श्लोकों में जिन शब्दों का संग्रह किया है, उनके अतिरिक्त 'शेषाश्च'—कहकर कुछ अन्य शब्दों को—जो मूल श्लोकों में नहीं आ सके हैं—स्थान दिया है। इसके पश्चात् स्वोपज्ञ वृत्ति में भी छूटे हुए शब्दों को समेटने का

प्रयास किया है। इस प्रकार इस कोश में उस समय तक प्रचलित और साहित्य में व्यवहृत शब्दों को स्थान दिया गया है। यही कारण है कि यह कोश संस्कृत साहित्य में सर्वश्रेष्ठ है।

## विशेषताएँ

अभिधानचिन्तामणि कोश अनेक दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण है। जिज्ञासुओं के लिए इसमें पर्यायवाची शब्दों का संकलनमात्र ही नहीं है, अपितु इसमें भाषा-सम्बन्धी बहुत ही महत्त्वपूर्ण सामग्री संकलित है। समाज और संस्कृति के विकास के साथ भाषा के अङ्ग और उपांगों में भी विकास होता है और भावाभिव्यञ्जना के लिए नये-नये शब्दों की आवश्यकता पड़ती है। कोश साहित्य का सबसे बड़ा कार्य यही होता है कि वह नवीन और प्राचीन सभी प्रकार के शब्दसमूह का रक्षण और पोषण प्रस्तुत करता है। हेम ने इस कोश में अधिक से अधिक शब्दों को स्थान तो दिया ही है; पर साथ ही नवीन और प्राचीन शब्दों का समन्वय भी उपस्थित किया है। अतः गुप्तकाल में भुक्ति ( प्रान्त ), विषय ( जिला ), युक्त ( जिले का सर्वोच्च अधिकारी ), विषयपति ( जिलाधीश ), शौल्किक ( चुङ्गी विभाग का अध्यक्ष ), गौल्मिक ( जंगल विभाग का अध्यक्ष ), बलाधिकृत ( सेनाध्यक्ष ), महाबलाधिकृत ( फील्ड मार्शल ) एवं अक्षपटलाधिपति ( रेकार्डकीपर ) आदि नये शब्द ग्रहण किये गये हैं। अभिधानचिन्तामणि कोश की निम्नलिखित विशेषताएँ दर्शनीय हैं—

इतिहास की दृष्टि से इस कोश का बड़ा महत्त्व है। आचार्य हेम ने इस ग्रन्थ की 'स्वोपज्ञवृत्ति' नामक टीका में अपने पूर्ववर्ती जिन ५६ ग्रन्थकारों तथा ३१ ग्रन्थों का उल्लेख किया है, उनके नाम स्वोपज्ञवृत्ति ( भावनगर से प्रकाशित संस्करण ) की पृष्ठ एवं पंक्तियों की संख्याओं के साथ यहाँ लिखा जाता है। उनमें ५६ ग्रन्थकारों के नाम तथा कोष्ठ में क्रमशः पृष्ठों तथा पंक्तियों की संख्याएँ हैं। यथा—अमर ( ५५–१७ तथा २१; ५६–२५,··· )। अमरादि ( २७६–२१, २९९–१४ )। अलङ्कारकृत् ( ११२–१३ )। आगमविद् ( ७०–१४ )। उत्पल ( ७४–१४ )। कात्य ( ५६–१०, ६१–८,··· )। कामन्दकि ( ५५०।४ )। कालिदास ( ४१३–२, ४४०–१६ )। कौटल्य ( ७०–४, २९६–२,··· )। कौशिक ( १६६–१३, १७०–२८ )। क्षीरस्वामी ( ३५०–९, ४६१–१७ )। गौड ( ३६–२९, ५३–३,··· )। चाणक्य ( ३९४–५ )। चान्द्र ( ५२८–२५ )। दन्तिल ( १२१–२२, ५६३–३ )।

दुर्ग ( ५७-२८, १७४-२७,… )। द्रमिल ( १५१-७, २०९-२७ )। धनपाल ( १-५, ७६-२१,… )। धन्वन्तरि ( १६६-२८, २५९-७ )। नन्दी ( ५२-२३ )। नारद ( ३५७-१८ )। नैरुक्त ( १६४-१८, १८६-६,… )। पदार्थविद् (२०८-२३)। पालकाप्य ( ४९५-२७ )। पौराणिक (३७३-६)। प्राच्य ( २८-२६, ५७-२८,… )। बुद्धिसागर ( २४५-२५ )। बौद्ध ( १०१-१७ )। भट्टतोत ( २४-१७ )। भट्टि (५९३-२३)। भरत ( ११७-९, १२४-२३,… )। भागुरि ( ६६-१४, ६८-२७,… )। भाष्यकार ( ६६-२३, ३४८-१३, ३८९-२६ )। भोज ( १५७-१७, १८८-२६,…)। मनु ( ६३-११, १९५-१३,… )। माघ ( ९२-१७ )। मुनि ( १७१-८, २५४-२०,…)। याज्ञवल्क्य (३३६-२, ४८३-२०)। याज्ञिक (१०३-९)। लौकिक ( ३७८-२३, ४३३-३ )। लिङ्गानुशासनकृत् ( ५३६-२४ )। वाग्भट ( १६७-१ )। वाचस्पति ( १-६, २९-४,… )। वासुकि (१-५)। विश्वदत्त ( ४९-८ )। वैजयन्तीकार ( १३१-२३, १३३-१९,… )। वैद्य ( १६६-२८, २५३-२३,… )। व्याडि ( १-५, ३४-२२ और २५,… )। शाब्दिक ( ४३-७, १०२-७,… )। शाश्वत ( ६४-७, १०२-७,… )। श्रीहर्ष ( ११८-७ ), श्रुतिज्ञ ( ३३२-२७ )। सभ्य (१३४-१, २५८-१२)। स्मार्त ( २०९-१०, ३४७-२, ३५८-१० )। हलायुध (१४४-१५ और १६) तथा हृद्य ( ४५३।२७ )।

अब पृष्ठ-पंक्ति-संख्याओं के साथ ३१ ग्रन्थों के नाम दिये जाते हैं—अमरकोश (८-५)। अमरटीका (४५-१३, ५५-१,…)। अमरमाला (४४०-३२)। अमरशेष ( १५३-२०, ४५६-१५ )। अर्थशास्त्र ( २९७-२५, ३१६-२७ )। आगम ( २१८-१६ )। चान्द्र ( १५८-२६ )। जैनसमय ( ८०- ६ )। टीका ( ५७४-२४ )। तर्क ( ५५०-५ )। त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित ( १३-९, ८०-७ )। द्व्याश्रयमहाकाव्य ( ६१०-१८ और २५ )। धनुर्वेद ( ३०९-१७, ३१०-८, ३११-७ )। धातुपारायण ( १-११, ६०९-५ )। नाट्यशास्त्र ( ११७-६, १२२-१३, २४३-१७ )। निघण्टु ( ४८४-३० )। पुराण ( ५६-२१, ७०-१५,… )। प्रमाणमीमांसा ( ५५५-२१ )। भारत ( ३३८-१३, ३९०-२७ )। महाभारत ( ८१-२३ )। माला ( ६८-२७, २१८-२५,… )। योगशास्त्र (४४५-७)। लिङ्गानुशासन (८-४, १९३-१३, ६०९-११ )। वामनपुराण ( ४६-२९, ८२-८,… )। विष्णुपुराण (६९-१९, ९३-१)। वेद (३५-२२)। वैजयन्ती (५७-३, १०९-१८,…)।

शाकटायन ( २-१ )। श्रुति ( २८-२५, ३०-१८,··· )। संहिता ( ९३-४, ९६-६ ) तथा स्मृति ( ३५-२७, ३६-७,··· )।

भागुरि तथा व्याडि के सम्बन्ध में इस कोश से बड़ी जानकारी प्राप्त हो जाती है। जहां शब्दों के अर्थ में मतभेद उपस्थित होता है, वहाँ आचार्य हेम अन्य ग्रन्थ तथा ग्रन्थकारों के वचन उद्धृत कर उस मतभेद का स्पष्टीकरण करते हैं। उदाहरण के लिए गूंगे के नामों को उपस्थित किया जा सकता है। इन्होंने मूक तथा अवाक्—ये दो नाम गूंगे के लिखे हैं। 'शेषश्च' में मूक के लिए 'जड तथा कड' पर्याय भी बतलाये हैं। इसी प्रसङ्ग में मतभिन्नता बतलाते हुए "कलमूकस्त्ववाक्श्रुतिः। इति हलायुधः। अनेडोऽपि अवर्करोऽपि मूकः अनेडमूकः, 'अन्धो ह्यनेडमूकः स्यात्' इति हलायुधः 'अनेडमूकस्तु जडः। इति वैजयन्ती, 'शठो ह्यनेडमूकः स्यात्' इति भागुरिः[1]।" अर्थात् हलायुध के मत में अन्धे को 'अनेडमूक' कहा है, वैजयन्तीकार ने जड को 'अनेडमूक' कहा है और भागुरि ने शठ को अनेडमूक बतलाया है। इस प्रकार 'अनेडमूक' शब्द अनेकार्थक है। हेम ने गूंगे-बहरे के लिए 'अनेडमूक' शब्द को व्यवहृत किया है। इनके मत में 'एडमूक, अनेडमूक और अवाक्श्रुति'—ये तीन पर्याय गूंगे-बहरे के लिए आये हैं।

इस प्रकार इतिहास और तुलना की दृष्टि से इस कोश का बहुत अधिक मूल्य है। भाषा की जानकारी विभिन्न दृष्टियों से प्राप्त कराने में आये हुए विभिन्न ग्रन्थ और ग्रन्थकारों के वचन पूर्णतः क्षम हैं।

इस कोश की दूसरी विशेषता यह है कि आचार्य हेम ने भी धनंजय के समान शब्दयोग से अनेक पर्यायवाची शब्दों के बनाने का विधान किया है, किन्तु इस विधान में ( कविरूढ्या ज्ञेयोदाहरणावली ) के अनुसार उन्हीं शब्दों को ग्रहण किया है, जो कवि-सम्प्रदाय द्वारा प्रचलित और प्रयुक्त हैं। जैसे पतिवाचक शब्दों से कान्ता, प्रियतमा, वधू, प्रणयिनी एवं निभा शब्दों को या इनके समान अन्य शब्दों को जोड़ देने से पत्नी के नाम और कलत्र-वाचक शब्दों में वर, रमण, प्रणयी एवं प्रिय शब्दों को या इनके समान अन्य शब्दों को जोड़ देने से पतिवाचक शब्द बन जाते हैं। गौरी के पर्यायवाची बनाने के लिए शिव शब्द में उक्त शब्द जोड़ने पर शिवकान्ता, शिवप्रियतमा, शिववधू एवं शिवप्रणयिनी आदि शब्द बनते हैं। निभा का समानार्थक परिग्रह भी है, किन्तु जिस प्रकार शिवकान्ता शब्द ग्रहण किया जाता है, उस

---

१. अभि० चिन्ता० काण्ड ३ श्लोक १२ की स्वोपज्ञवृत्ति।

प्रकार शिवपरिग्रह नहीं। यतः कवि-सम्प्रदाय में यह शब्द ग्रहण नहीं किया गया है।

कलत्रवाची गौरी शब्द में वर, रमण, प्रभृति शब्द जोड़ने से गौरीवर, गौरीरमण, गौरीश आदि शिववाचक शब्द बनते हैं। जिस प्रकार गौरीवर शब्द शिव का वाचक है, उसी प्रकार गंगावर शब्द नहीं। यद्यपि कान्तावाची गङ्गा शब्द में वर शब्द जोड़कर पतिवाचक शब्द बन जाते हैं, तो भी कवि-सम्प्रदाय में इस शब्द की प्रसिद्धि नहीं होने से यह शिव के अर्थ में ग्राह्य नहीं है। हेमचन्द्र ने अपनी स्वोपज्ञवृत्ति में इन समस्त विशेषताओं को बतलाया है। अतः स्पष्ट है कि "कविरूढ्या ज्ञेयोदाहरणावली" सिद्धान्त वाक्य बहुत ही महत्त्वपूर्ण है। इससे कई सुन्दर निष्कर्ष निकलते हैं। आचार्य हेम की नयी सूझ-बूझ का भी पता चल जाता है। अतएव शिव के पर्याय कपाली के समानार्थक कपालपाल, कपालधन, कपालभुक्, कपालनेता एवं कपालपति जैसे अप्रयुक्त और अमान्य शब्दों के ग्रहण से भी रक्षा हो जाती है। व्याकरण द्वारा उक्त शब्दों की सिद्धि सर्वथा संभव है, पर कवियों की मान्यता के विपरीत होने से उक्त शब्दों को कपाली के स्थान पर ग्रहण नहीं किया जा सकता है।

भाषाविज्ञान की दृष्टि से यह कोश बड़ा मूल्यवान् है। आचार्य हेम ने इसमें जिन शब्दों का संकलन किया है, उनपर प्राकृत, अपभ्रंश एवं अन्य देशी भाषाओं के शब्दों का पूर्णतः प्रभाव लक्षित होता है। अनेक शब्द तो आधुनिक भारतीय भाषाओं में दिखलायी पड़ते हैं। कुछ ऐसे शब्द भी हैं, जो भाषाविज्ञान के समीकरण, विषमीकरण आदि सिद्धान्तों से प्रभावित हैं। उदाहरण के लिए यहाँ कुछ शब्दों को उद्धृत किया जाता है—

( १ ) पोलिका ( ३।६२ )—गुजराती में पोणी, व्रजभाषा में पोनी, भोज-पुरी में पिउनी तथा हिन्दी में भी पिउनी।

( २ ) मोदको लड्डुकश्च ( शेष ३।६४ )—हिन्दी में लड्डू, गुजराती में लाडु, राजस्थानी में लाडू।

( ३ ) चोटी ( ३।३३९ )—हिन्दी में चोटी, गुजराती में चोणी, राज-स्थानी में चोड़ी या चुणिका।

( ४ ) समौ कन्दुकगेन्दुकौ ( ३।३५३ )—हिन्दी में गेन्द, व्रजभाषा में गेंद या गिंद।

( ५ ) हेरिको गूढपुरुषः ( ३।३९७ )—व्रजभाषा में हेर या हेरना—देखना, गुजराती में हेर।

( ६ ) तरवारि ( ३।४४६ )—ब्रजभाषा में तरवार, राजस्थानी में तलवार तथा गुजराती में तरवार।

( ७ ) जंगलो निर्जलः ( ४।१९ )—ब्रजभाषा में जङ्गल, हिन्दी में जङ्गल।

( ८ ) सुरुङ्गा तु सन्धिला स्याद् गूढमार्गो भुवोऽन्तरे ( ४।५१ )—ब्रजभाषा, हिन्दी तथा गुजराती तीनों भाषाओं में सुरंग।

( ९ ) निश्रेणी त्वधिरोहणी ( ४।७९ )—ब्रजभाषा में नसेनी, गुजराती में नीसरणी।

( १० ) चालनी तितउ ( ४।८४ )—ब्रजभाषा, राजस्थानी और गुजराती में चालनी, हिन्दी में चलनी या छलनी।

( ११ ) पेटा स्यान्मञ्जूषा ( ४।८१ )—राजस्थानी में पेटी, गुजराती में पेटी, पेटो तथा ब्रजभाषा में पिटारी, पेटी।

इस कोश की चौथी विशेषता यह है कि इसमें अनेक ऐसे शब्द आये हैं, जो अन्य कोशों में नहीं मिलते। अमरकोश में सुन्दर के पर्यायवाची—सुन्दरम्, रुचिरम्, चारु, सुषमम्, साधु, शोभनम्, कान्तम्, मनोरमम्, रुच्यम्, मनोज्ञम्, मंजु, और मंजुलम् ये बारह शब्द आये हैं। हेम ने इसी सुन्दरम् के पर्यायवाची चारुः, हारिः, रुचिरम्, मनोहरम्, वल्गुः, कान्तम्, अभिरामम्, बन्धुरम्, वामम्, रुच्यम्, शुषमम्, शोभनम्, मंजुलम्, मंजुः, मनोरमम्, साधुः, रम्यम्, मनोरमम्, पेशलम्, हृद्यम्, काम्यम्, कमनीयम्, सौम्यम्, मधुरम् और प्रियम् ये २६ शब्द बतलाये हैं। इतना ही नहीं, हेम ने अपनी वृत्ति में 'लडह' देशी शब्द को भी सौन्दर्यवाची ग्रहण किया है। इस प्रकार आचार्य हेम ने एक ही शब्द के अनेक पर्यायवाची शब्दों को ग्रहण कर अपने इस कोश को खूब समृद्ध बनाया है। सैकड़ों ऐसे नवीन शब्द आये हैं, जिनका अन्यत्र पाया जाना संभव नहीं। यहाँ उदाहरण के रूप में कुछ शब्दों को उपस्थित किया जाता है—

जिसके वर्ण या पद लुप्त हों—जिसका पूरा-पूरा उच्चारण नहीं किया गया हो, उस वचन का नाम ग्रस्तम् और थूकसहित वचन का नाम अम्बूकृतम् आया है। शुभवाणी का नाम कल्या; हर्ष-क्रीड़ा से युक्त वचन के नाम चर्चरी, चर्मरी एवं निन्दापूर्वक उपालम्भयुक्त वचन का नाम परिभाषण आया है। जले हुए भात के लिए भिस्सटा और दग्धिका नाम आये हैं[1]। गेहूँ के आटे के लिए समिता ( ३।६६ ) और जौ के आटे के लिए चिक्कस (३।६६) नाम आये हैं। नाक की विभिन्न बनावट वाले व्यक्तियों के विभिन्न नामों का उल्लेख भी

१. ३ कांड अ० चि० ६० श्लो०

शब्द-संकलन की दृष्टि से महत्त्वपूर्ण है। चिपटी नाकवाले के नतनासिक, अवनाट, अवटीट और अवभ्रट; नुकीली नाकवाले के लिए खरणस; छोटी नाकवाले के लिए नःक्षुद्र, खुर के समान बड़ी नाकवाले के लिए खुरणस एवं ऊंची नाकवाले के लिए उन्नस शब्द संकलित किये गये हैं[1]।

पति-पुत्र से हीन स्त्री के लिए निर्वीरा ( ३।१९४ ); जिस स्त्री के दाढ़ी या मूंछ के बाल हों, उसको नरमालिनी ( ३।१९५ ); बड़ी शाली के लिए कुली ( ३।२१८ ), और छोटी शाली के लिए हाली, यन्त्रणी और केलिकुंचिका ( ३।२१९ ) नाम आये हैं। छोटी शाली के नामों को देखने से अवगत होता है कि उस समय में छोटी शाली के साथ हंसी-मजाक करने की प्रथा थी। साथ ही पत्नी की मृत्यु के पश्चात् छोटी शाली से विवाह भी किया जाता था। इसी कारण इसे केलिकुञ्चिका कहा गया है।

दाहिनी और बायीं आँखों के लिए पृथक्-पृथक् शब्द इसी कोश में आये हैं। दाहिनी आँख का नाम भानवीय और बायीं आँख का नाम सौम्य (३।२४०) कहा गया है। इसी प्रकार जीभ की मैल को कुलुकम् और दाँत की मैल को पिप्पिका ( ३।२९६ ) कहा गया है। मृगचर्म के पंखे का नाम धवित्रम् और कपड़े के पंखे का नाम त्रालावर्तम् ( ३।३५१–५२ ) आया है। नाव के बीचवाले डण्डों का नाम पोलिन्दा; ऊपर वाले भाग का नाम मङ्ग एवं नाव के भीतर जमे हुए पानी को बाहर फेंकनेवाले चमड़े के पात्र का नाम सेकपात्र या सेचन ( ३।५४२ ) बताया है। ये शब्द अपने भीतर सांस्कृतिक इतिहास भी समेटे हुए हैं। छप्पर छाने के लिए लगायी गयी लकड़ी का नाम गोपानसी ( ४।७५ ); जिसमें बांधकर मथानी घुमायी जाती है, उस खम्भे का नाम विष्कम्भ ( ४।८९ ); सिक्का आदि रूप में परिणत सोना-चाँदी, ताँबा आदि सब धातुओं का नाम रूप्यम्; मिश्रित सोना-चाँदी का नाम घनगोलक ( ४।११२–११३ ); कूँआ के ऊपर रस्सी बाँधने के लिए काष्ठ आदि की बनी हुई चरखी का नाम तन्त्रिका ( ४।१५७ ); घर के पास वाले बगीचे का नाम निष्कुट; गाँव या नगर के बाहर वाले बगीचे का नाम पौरक ( ४।१७८ ); क्रीड़ा के लिए बनाये गये बगीचे का नाम आक्रीड या उद्यान ( ४।१७८ ); राजाओं के अन्तःपुर के योग्य घिरे हुए बगीचे का नाम प्रमदवन ( ४।१७९ ); धनिकों के बगीचे का नाम पुष्पवाटी या वृक्षवाटी ( ४।१७९ ) एवं छोटे बगीचे का नाम क्षुद्राराम या प्रसीदिका ( ४।१७९ ) आया है। इसी प्रकार

---

१. अ० चि० ३ कांड ११५ श्लो०

मशाले, अंग-प्रत्यंग के नाम, मालाएँ, सेना के विभिन्न भाग, वृक्ष, लता, पशु, पक्षी एवं धान्य आदि के अनेक नवीन नाम आये हैं।

सांस्कृतिक दृष्टि से इस कोश का अत्यधिक मूल्य है। इसमें व्याकरण की विशिष्ट परिभाषा बतलाते हुए लिखा है—

प्रकृतिप्रत्ययोपाधिनिपातादिविभागशः।
यदान्वाख्यानकरणं शास्त्रं व्याकरणं विदुः॥

—२।१६४ की स्वोपज्ञवृत्ति

अर्थात्—प्रकृति-प्रत्यय के विभाग द्वारा पदों का अन्वाख्यान करना व्याकरण है। व्याकरण द्वारा शब्दों की व्युत्पत्ति स्पष्ट की जाती है। व्याकरण के सूत्र संज्ञा, परिभाषा, विधि, निषेध, नियम, अतिदेश एवं अधिकार इन सात भागों में विभक्त हैं। प्रत्येक सूत्र के पदच्छेद, विभक्ति, समास, अर्थ, उदाहरण और सिद्धि ये छः अङ्ग होते हैं।

इसी प्रकार वार्तिक ( २।१७० ), टीका, पञ्जिका ( २।१७० ), निबन्ध, संग्रह, परिशिष्ट ( २।१७१ ), कारिका, कलिन्दिका, निघण्टु ( २।१७२ ), इतिहास, प्रहेलिका, किंवदन्ती, वार्ता ( २।१७३ ), आदि की व्याख्याएँ और परिभाषाएँ प्रस्तुत की गयी हैं। इन परिभाषाओं से साहित्य के अनेक सिद्धान्तों पर प्रकाश पड़ता है।

प्राचीन भारत में प्रसाधन के कितने प्रकार प्रचलित थे, यह इस कोश से भलीभाँति जाना जा सकता है। शरीर को संस्कृत करने को परिकर्म ( ३।२९९ ), उबटन लगाने को उत्सादन ( ३।२९९ ), कस्तूरी-कुंकुम का लेप लगाने को अङ्गराग, चन्दन, अगर, कस्तूरी और कुंकुम के मिश्रण को चतुःसमम्; कर्पूर, अगर, कंकोल, कस्तूरी और चन्दनद्रव को मिश्रित कर बनाये गये लेप-विशेष को यक्षकर्दम एवं शरीर-संस्कारार्थ लगाये जानेवाले लेप का नाम वर्ति या गात्रानुलेपनी कहा गया है। मस्तक पर धारण की जानेवाली फूल की माला का नाम माल्यम्; बालों के बीच में स्थापित फूल की माला का नाम गर्भका; चोटी में लटकनेवाली फूलों की माला का नाम प्रभ्रष्टकम्, सामने लटकती हुई पुष्पमाला का नाम ललामकम्, छाती पर तिर्छी लटकती हुई पुष्पमाला का नाम वैकक्षम्, कण्ठ से छाती पर सीधे लटकती हुई फूलों की माला का नाम प्रालम्बम्, शिर पर लपेटी हुई माला का नाम आपीड, कान पर लटकती हुई माला का नाम अवतंस एवं स्त्रियों के जूड़े में लगी हुई

माला का नाम वालपाश्या आया है[१]। इसी प्रकार कान, कण्ठ, गर्दन, हाथ, पैर, कमर आदि विभिन्न अङ्गों में धारण किये जानेवाले आभूषणों के अनेक नाम आये हैं। इन नामों से अवगत होता है कि आभूषण धारण करने की प्रथा प्राचीन समय में कितनी अधिक थी। मोती की सौ, एक हजार आठ, एक सौ आठ, पाँच सौ चौअन, चौअन, बत्तीस, सोलह, आठ, चार, दो, पाँच एवं चौसठ आदि विभिन्न प्रकार की लड़ियों की माला के विभिन्न नाम आये हैं। वस्त्रों में विभिन्न अङ्गों पर धारण किये जानेवाले रेशमी, सूती एवं ऊनी कपड़ों के अनेक नाम आये हैं[२]। संस्कृति और सभ्यता की दृष्टि से यह प्रकरण बहुत ही महत्त्वपूर्ण है।

विभिन्न वस्तुओं के व्यापारियों के नाम तथा व्यापार योग्य अनेक वस्तुओं के नाम भी इस कोश में संग्रहीत हैं। प्राचीन समय में मद्य—शराब बनाने की अनेक विधियाँ प्रचलित थीं। इस कोश में शहद मिलाकर तैयार किये गये मद्य को मध्वासव, गुड़ से बने मद्य को मैरेय, चावल उबाल कर तैयार किये गये मद्य को नग्नहू कहा गया है[३]।

गायों के नामों में बकेना गाय का नाम वष्कयणी, थोड़े दिन की ब्यायी गाय का नाम धेनु, अनेक बार ब्यायी गाय का नाम परेष्टु, एक बार ब्यायी गाय का नाम गृष्टि, गर्भग्रहणार्थ वृषभ के साथ संभोग की इच्छा करनेवाली गाय का नाम काल्या, सरलता से दूध देनेवाली गाय का नाम सुव्रता, बड़ी कठिनाई से दूही जानेवाली गाय का नाम करटा, बहुत दूध देनेवाली गाय का नाम वञ्जुला, एक द्रोण—आधा मन दूध देनेवाली गाय का नाम द्रोणदुग्धा, मोटे स्तनों वाली गाय का नाम पीनोघ्नी, बन्धक रखी हुई गाय का नाम धेनुष्या, उत्तम गाय का नाम नैचिकी, बचपन में गर्भधारण की हुई गाय का नाम पलिक्नी, प्रत्येक वर्ष में ब्यानेवाली गाय का नाम समांसमीना, सीधी गाय का नाम सुकरा, एवं स्नेह से वत्स को चाहनेवाली गाय का नाम वत्सला आया है। गायों के इन नामों को देखने से स्पष्ट अवगत होता है कि उस समय गोसम्पत्ति बहुत महत्त्वपूर्ण मानी जाती थी[४]।

विभिन्न प्रकार के घोड़े के नामों से भी ज्ञात होता है कि प्राचीन भारत में कितने प्रकार के घोड़े काम में लाये जाते थे। सुशिक्षित घोड़े को साधुवाही,

---

१ देखें—कांड ३ श्लोक ३१४-३२१

२ देखें—काण्ड ३ श्लो० ३२२-३४०

३ देखें—का० ३ श्लो० ५६४-५६९

४ देखें—का० ४ श्लो० ३३३-३३७

दुष्ट शिक्षित घोड़े को शूकल, कोड़ा मारने योग्य घोड़े को कश्य, छाती तथा मुख पर बालों की भौंरीवाले घोड़े को श्रीवृक्षकी; हृदय, पीठ, मुख तथा दोनों पार्श्व भागों में श्वेत चिह्नवाले घोड़े को पञ्चभद्र, श्वेत घोड़े को कर्क, पिंगल वर्ण घोड़े को खोङ्गाह, दूध के समान रंगवाले घोड़े को सेराह, पीले घोड़े को हरिय, काले घोड़े को खुङ्गाह, लाल घोड़े को क्रियाह, नीले घोड़े को नीलक, गधे के रङ्गवाले घोड़े को सुरूहक, पाटल वर्ण के घोड़े को वोरुखान, कुछ पीले वर्णवाले तथा काले घुटनेवाले को कुलाह, पीले तथा लाल वर्णवाले को उकनाह, कोकनद के समान वर्णवाले को शोण, सब्ज वर्ण के घोड़े को हरिक, कांच के समान श्वेत वर्ण के घोड़े को पङ्गुल, चितकबरे घोड़े को हलाह और अश्वमेध के घोड़े को ययु कहा गया है[1]।

इतना ही नहीं घोड़े की विभिन्न चालों के विभिन्न नाम आये हैं। स्पष्ट है कि घोड़ों को अनेक प्रकार की चालें सिखलायी जाती थीं।

अभिधानचिन्तामणि की स्वोपज्ञवृत्ति में अनेक प्राचीन आचार्यों के प्रमाण वचन तो उद्धृत हैं ही, पर साथ ही अनेक शब्दोंकी ऐसी व्युत्पत्तियाँ भी उपस्थित की गयी हैं, जिनसे उन शब्दों की आत्मकथा लिखी जा सकती है। शब्दों में अर्थ परिवर्तन किस प्रकार होता रहा है तथा अर्थविकास की दिशा कौन सी रही है, यह भी वृत्ति से स्पष्ट है। वृत्ति में व्याकरण के सूत्र उद्धृत कर शब्दों का साधुत्व भी बतलाया गया है। यथा—

भाष्यते भाषा ( स्फेटो गुरोर्व्यञ्जनात् इत्यः, ५।३।१०६ )। —२।११५

वण्यते वाणी ( 'कमिवमि–' उणा० ६१८ ) इति णिः। ङ्यां वाणी। —२।११५

श्रूयते श्रुतिः ( श्रवादिभ्यः ५।३।९२ ) इति क्तिः। —२।१६२

सुष्ठु आ समन्तात् अधीयते स्वाध्यायः ( इङोऽपदाने तु टिद्वा ५।३।१९ ) इति घञ्। —२।१६३

अवति विघ्नाद् ओम् अव्ययम् ( अवेर्मः—उणा० ९३३ ) इति मः, ओमेव ओङ्कारः—( वर्णव्ययात् स्वरूपेकारः ७।२।१५६ ) इति कारः —२।१६४

प्रस्तूयते प्रस्तावः—( प्रात् स्नुद्रुस्तोः ५।३।६७ ) इति घञ् —२।१६८

न श्रियं लाति—अश्लीलम्—न श्रीरस्यास्तीति वा, सिध्मादित्वात् ले ऋफिडादित्वात् रस्य लः। —२।१८०

---

१ देखें—का० ४ श्लो० ३०१-३०९

सम्मुखं लपनं संलापः, सम्मुखं कथनं संकथा ( भीषिभूषि—५।३।१०९ ) इत्यङ्। —२।१८९

मन्यते अनया मतिः अर्थनिश्चयः, बुध्यते अनया बुद्धिः, ध्यायति दधाति वा धीः ( 'दिद्युत्–' ५।२।८३ ) इति क्विबन्तो निपात्यते। धृष्णोत्यनया धिषणा ( धृषिवहेरिश्चोपान्त्यस्य; उणा० १८९ ) इत्यणः। —२।२२२

तत्त्वानुगामिनी मतिः, पण्यते स्तूयते पण्डा ( पञ्चमाड्डः, उणा० १६८ ) इति डः। —२।२२४

नियतं द्रान्तीन्द्रियाणि अस्यां निद्रा, प्रमीलन्तीन्द्रियाण्यस्यां प्रमीला —२।२२७

पण्डते जानाति इति पण्डितः, पण्डा बुद्धिः संजाता अस्येति वा तारकादित्वादितः पण्डितः। —३।५

छ्यति छिनत्ति मूर्खदुष्टचित्तानि इति छेकः ( निष्कतुरुष्क–उणा० २६ ) इति कान्तो निपात्यते। विशेषेण मूर्खचित्तं दहति इति विदग्धः —३।७

वाति गच्छति नरं वामा ( 'अकर्तरि–' उणा० ३३८ ) इति मः, यद्वा वामा विपरीतलक्षणया; शृङ्गारिखेदनाद्वा। —३।१६८

विगतो धवो भर्ता अस्याः विधवा —३।१९४

दधते बलिष्ठतां दधि······, ('पदिपठि–' उणा० ६०७) इति इः।—३।७०

उपर्युक्त उदाहरणों से स्पष्ट है कि शब्दों की व्युत्पत्तियाँ कितनी सार्थक प्रस्तुत की गयी हैं। अतः स्वोपज्ञवृत्ति भाषा के अध्ययन के लिए बहुत आवश्यक है। शब्दों की निरुक्ति के साथ उनकी साधनिका भी अपना विशेष महत्त्व रखती है।

## प्रस्तुत हिन्दी संस्करण—

यह हिन्दी संस्करण भावनगर संस्करण के आधार पर प्रस्तुत किया गया है। इसमें मूल श्लोकों के अनुवाद के साथ स्वोपज्ञवृत्ति में आये हुए शब्दों का भी हिन्दी अनुवाद दिया गया है। अनुवादक और सम्पादक श्रीमान् पं० हरगोविन्द शास्त्री, व्याकरण-साहित्याचार्य हैं। आपने शब्दों की प्रातिपदिक अवस्था का भी निर्देश किया है। आवश्यकतानुसार विशेष शब्दों का लिङ्गादि निर्णय, विमर्श द्वारा गूढ़ स्थलों का स्पष्टीकरण, स्थल-स्थल पर टिप्पणी देकर विषय की सम्पुष्टि एवं शेषस्थ तथा स्वोपज्ञवृत्ति पर आधृत शब्दों के अतिरिक्त यौगिक और अन्यान्य शब्दों का अनुवाद में समावेश कर दिया है। सभी प्रकार के शब्दों की अकारादि क्रमानुसार अनुक्रमणिका एवं विषय-सूची आदि

के रहने से ग्रन्थ और अधिक उपयोगी बन गया है। इस प्रकार राष्ट्रभाषा हिन्दी के भाण्डार की इस कोश द्वारा प्रचुर समृद्धि हुई है।

श्री पं० हरगोविन्दजी शास्त्री अनुभवी एवं सुयोग्य विद्वान् हैं। अब तक आपने अमरकोष, नैषधचरित, शिशुपालवध, मनुस्मृति एवं रघुवंश आदि ग्रन्थों का हिन्दी अनुवाद किया है। आपकी प्रतिभा का स्पर्श पा यह अनुपम ग्रन्थ सर्व-साधारण के लिए सुपाठ्य बना है। मैं उनके इस अथोर परिश्रम के लिए उन्हें साधुवाद देता हूँ और आशा करता हूँ कि आपके द्वारा माँ भारती का भाण्डार अहर्निश वृद्धिङ्गत होता रहेगा।

इस ग्रन्थ के प्रकाशक लब्धप्रतिष्ठ श्री जयकृष्णदास हरिदास गुप्त, अध्यक्ष—चौखम्बा संस्कृत सीरीज तथा चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी हैं। अब तक इस संस्था द्वारा लगभग एक सहस्र संस्कृत-ग्रन्थों का प्रकाशन हो चुका है। इस उपयोगी कृति के प्रकाशन के लिए मैं उन्हें भी साधुवाद देता हूँ। साथ ही मेरा इतना विनम्र अनुरोध है कि अगले संस्करण में स्वोपज्ञवृत्ति को अविकल रूप से स्थान देना चाहिए। इस वृत्ति का अनेक दृष्टियों से महत्त्वपूर्ण स्थान है। विद्वानों और जिज्ञासुओं के लिए वृत्ति में ऐसी प्रचुर सामग्री है, जिसका उपयोग शोध के विभिन्न क्षेत्रों में किया जा सकता है।

इस संस्करण को शिक्षण संस्थाओं, पुस्तकालयों, छात्रों एवं अध्यापकों के बीच पर्याप्त आदर प्राप्त होगा।

विजयादशमी }
२०२० वि० सं० }

—नेमिचन्द्र शास्त्री

# आमुख

"एकः शब्दः सम्यग्ज्ञातः सुप्रयुक्तः स्वर्गे लोके च कामधुग्भवति।" इस वचनके अनुसार सम्यक् प्रकारसे ज्ञात एवं प्रयुक्त शब्द उभयलोकमें मनोवाञ्छित फल देनेवाला होता है, क्योंकि विश्वके हस्तामलकवत् प्रत्यक्षद्रष्टा हमारे आचार्योंने 'शब्द'को साक्षात् ब्रह्म कहा है और प्राणियोंने शब्द अथवा अनाहत नादरूपमें ही ब्रह्मका साक्षात्कार किया है, अतएव शब्दके सम्यग्ज्ञान और अनुभवकी महत्ता सुतरां सिद्ध हो जाती है। शब्दप्रयोगके विना अपने मनोगत अभिप्रायको दूसरे व्यक्तिसे कोई भी मनुष्य व्यक्त नहीं कर सकता और वैसे व्यक्त, व्युत्पन्न एवं सार्थक शब्दके प्रयोगकी क्षमता एकमात्र मानवमें ही है, पशु-पक्षी आदि अन्य प्राणियों में नहीं। यद्यपि आचार्यों ने—

"शक्तिग्रहं व्याकरणोपमानकोषाप्तवाक्याद्व्यवहारतश्च।
वाक्यस्य शेषाद्विवृतेर्वदन्ति सान्निध्यतः सिद्धपदस्य वृद्धाः॥"

इस वचनके द्वारा व्याकरण, उपमान, कोष, आप्तवाक्य, व्यवहार आदिको व्युत्पन्न शब्दका शक्तिग्राहक बतलाया है; तो भी उनमें व्याकरण एवं कोष ही मुख्य हैं। इनमें भी व्याकरणके प्रकृति-प्रत्यय-विश्लेषण-द्वारा प्रायः यौगिक शब्दोंका ही शक्तिग्राहक होनेसे सर्वविध (रूढ, यौगिक तथा योगरूढ) शब्दोंका पूर्णतया अबाध ज्ञान कोश-द्वारा ही हो सकता है। भगवान्-पतञ्जलिने कहा है—

"एवं हि श्रूयते—बृहस्पतिरिन्द्राय दिव्यं वर्षसहस्रं प्रतिपदोक्तानां शब्दानां शब्दपारायणं प्रोवाच, नान्तं जगाम। बृहस्पतिश्च प्रवक्ता, इन्द्रश्चाध्येता, दिव्यं वर्षसहस्रमध्ययनकाल; न चान्तं जगाम, किं पुनरद्यत्वे। यः सर्वथा चिरं जीवति, वर्षशतं जीवति।" (महाभाष्य, पस्पशाह्निक)

इस तथ्य की पुष्टि अनुभूतिस्वरूपाचार्य के निम्नोक्त पद्य से भी होती है—

"इन्द्रादयोऽपि यस्यान्तं न ययुः शब्दवारिधेः।
प्रक्रियान्तस्य कृत्स्नस्य क्षमो वक्तुं नरः कथम्॥"

अमरगुरु बृहस्पति-जैसे गुरु तथा अमरराज इन्द्र-जैसे शिष्य, दिव्य सहस्र वर्ष ( ३६०००० मानव वर्ष ) आयु होनेपर भी जिस शब्द-सागरके पारगामी न हो सके, उस शब्द-सागरका पारङ्गत होना अधिक-से-अधिक १०० वर्ष परिमित आयुवाले वर्तमानकालिक मानवके लिए किस प्रकार सम्भव है ? हाँ, पूर्वकालमें योगबल-द्वारा सम्यग्ज्ञान-सम्पन्न, साक्षात् मन्त्रद्रष्टा महामहिम महर्षिगण उक्त शब्द-सागरके पारगामी अवश्य होते थे, किन्तु परिवर्तनशील संसारमें काल-चक्रके चलते उक्त योगबलके साथ ही साक्षात्-मन्त्रद्रष्टृत्व शक्तिका भी ह्रास होने लगा। फलतः वैसे साक्षात् मन्त्रद्रष्टा महर्षियोंका सर्वथा अभाव होने-से भगवान् कश्यप मुनिने वैदिक मन्त्रार्थज्ञानके लिए सर्वप्रथम 'निघण्टु' नामक कोषकी रचना की। परन्तु कालचक्रके अबाध गतिसे उसी प्रकार चलते रहनेसे योगबलका और भी अधिक ह्रास हुआ और उक्त 'निघण्टु'-के भी समझनेवालोंका अभाव देखकर 'यास्क' मुनिने 'निरुक्त' नामक कोषकी रचना की। जिस प्रकार अग्नि-निर्गत ज्वालाको अग्नि ही माना जाता है, उसी प्रकार वेदनिर्गत उक्त कोषद्वयको भी वेद ही माना गया है।

## लौकिक कोषोंकी परम्परा

ज्ञान-ह्रासक कालचक्रके अबाध रूपसे चलते रहनेसे लौकिक शब्दों-के भी ज्ञाताओंका ह्रास हो जानेपर आचार्योंने लौकिक कोषोंका निर्माण किया। इनमें सर्वप्रथम किस लौकिक कोषका किस आचार्यने निर्माण किया, इसका वास्तविक ज्ञान आजतक अन्धकारमें ही पड़ा है, क्योंकि १२ वीं शताब्दीमें रचित 'शब्दकल्पद्रुम' नामक कोषमें २६ कोषकारोंके नाम उपलब्ध होते हैं। प्रायः सौ वर्षोंसे दुर्लभ एवं सार्वजनीन संस्कृत ग्रन्थोंके मुद्रण-प्रकाशन-द्वारा अमरवाणी-साहित्यकी सेवामें सतत संलग्न रहनेसे भारतमें ही नहीं, अपितु विदेशोंतकमें ख्यातिप्राप्त 'चौखम्बा संस्कृत सीरीज, वाराणसी' ने चिरकालसे दुष्प्राप्य उक्त शब्दकल्पद्रुम तथा वाचस्पत्यम् नामक महान् ग्रन्थरत्नोंका प्रकाशन, गतवर्ष ही किया है। 'शब्दकल्पद्रुम'में मिलनेवाले कात्यायन, साहसाङ्क, उत्पलिनी आदि कोषग्रन्थ यद्यपि वर्तमानकालमें सर्वथा अनुपलभ्य हैं, तथापि उनके परम्परोपलब्ध वचन परवर्ती टीकाकारोंके आजतक उपजीव्य हो रहे हैं। विशेष जिज्ञासुओंको इस ग्रन्थकी विस्तृत प्रस्तावनासे कोषग्रन्थोंकी परम्पराका ज्ञान करना चाहिए।

# अमरकोष तथा अभिधानचिन्तामणि

वर्तमान कालमें उपलब्ध होनेवाले संस्कृत कोषग्रन्थोंमें अमरकोषके ही सर्वाधिक जनप्रिय होनेसे उसीके साथ तुलनात्मक विवेचनकर प्रस्तुत ग्रन्थकी महत्ता बतलायी जाती है। इस अभिधानचिन्तामणिकी कुल श्लोकसंख्या १५४२ है, जो प्रायः अमरकोषकी श्लोकसंख्याके बराबर ही है; फिर भी अमरकोषमें कहे गये नाम और उनके पर्यायोंकी अपेक्षा प्रकृत ग्रन्थमें उन्हीं नामोंके पर्याय अत्यधिक संख्या—कहीं-कहीं तो दुगुनीतक—में दिये गये हैं। दिग्दर्शनार्थ कुछ उदाहरण यहाँ दिये जाते हैं। यथा—

| क्रमाङ्क | नाम | अ० को० की पर्यायसंख्या | अ० चि० की पर्यायसंख्या |
|---|---|---|---|
| १ | सूर्य | ३७ | ७२ |
| २ | किरण | ११ | ३६ |
| ३ | चन्द्र | २० | ३२ |
| ४ | शिव | ४८ | ७७ |
| ५ | गौरी | १७ | ३२ |
| ६ | ब्रह्मा | २० | ४० |
| ७ | विष्णु | ३९ | ७५ |
| ८ | अग्नि | ३४ | ५१ |

उपरिलिखित नामोंके पर्यायोंमें यदि अभिधानचिन्तामणिकी स्वोपज्ञ वृत्तिमें कथित पर्यायसंख्या जोड़ दी जाय तो उक्त संख्या कहीं-कहीं अमरकोषसे तिगुनी-चौगुनीतक पहुँच जायेगी।

इसी प्रकार अमरकोषमें अवर्णित चक्रवर्तियों, अर्धचक्रवर्तियों, उत्सर्पिणी तथा अवसर्पिणी कालके तीर्थङ्करों एवं उनके माता, पिता, वर्ण, चिह्न और वंश आदिका भी साङ्गोपाङ्ग वर्णन प्रस्तुत ग्रन्थमें किया गया है।

इसके अतिरिक्त जब कि अमरकोषमें अत्यल्प-संख्यक नदियों, पर्वतों, नगर-शाखानगरों, भोज्य पदार्थोंके पर्यायोंका वर्णन किया गया है; वहाँ अभिधानचिन्तामणिमें लगभग एक दर्जन नदियों; उदयाचल, अस्ताचल, हिमालय, विन्ध्य आदि डेढ़ दर्जन पर्वतों; गया, काशी आदि सप्तपुरियोंके साथ कान्यकुब्ज, मिथिला, निषधा, विदर्भ आदि लगभग डेढ़ दर्जन देशों, वाल्मीकि, व्यास, याज्ञवल्क्य आदि ग्रन्थकार महर्षियों, अश्विन्यादि सत्ताइस नक्षत्रों और साङ्गोपाङ्ग गृहावयवोंके साथ बर्तनों; सेव, घेवर, लड्डू आदि

विविध भोज्य पदार्थों तथा हाट-बाजार आदि-आदि अनेक नामोंके पर्याय दिये हैं।

प्रस्तुत ग्रन्थकी महत्त्वपूर्ण विशिष्टता यह है कि ग्रन्थकारोक्त शैलीके अनुसार कविरूढिप्रसिद्ध शतशः यौगिक पर्यायोंकी रचना करके पर्याप्त संख्यामें पर्याय बनाये जा सकते हैं; किन्तु अमरकोषमें उक्त या अन्य किसी भी शैलीसे पर्याय-निर्माणकी चर्चातक नहीं की गयी है।

उपरिनिर्दिष्ट विवेचनसे यह स्पष्ट हो जाता है कि अमरकोषादि ग्रन्थोंकी अपेक्षा प्रस्तुत 'अभिधानचिन्तामणि' ही श्रेष्ठतम संस्कृत कोष है। अतएव यह कथन ध्रुव सत्य है कि आचार्य हेमचन्द्र सूरिने इस ग्रन्थकी रचना कर संस्कृत-साहित्यके शब्द-भाण्डारकी प्रचुर परिमाणमें वृद्धिकी है।

काशीनरेश हि. हा. स्वर्गीय श्रीप्रभुनारायणसिंहके राजपण्डित मेरे सम्बन्धी स्व० प० द्वारकाधीश मिश्रजीके भ्रातृज स्व० प० रूपनारायण मिश्र ( बच्चा पण्डित ) जीसे कुछ अन्य पुस्तकोंके साथ हस्तलिखित अभिधानचिन्तामणिकी एक प्रति तथा मैथिल विद्याकर मिश्र[१] प्रणीत हेमचन्द्र सूची[२] प्राप्त हुई।

उसे आद्यन्त अध्ययन करनेके बाद मैंने अमरकोषकी संक्षिप्त माहेश्वरी व्याख्याके ढङ्गपर एक व्याख्या लिखी, किन्तु उक्त व्याख्यासे पूर्णतः सन्तोष नहीं होनेसे मैं उक्त ग्रन्थकी विस्तृत संस्कृत व्याख्याकी खोजमें लगा, 'चौखम्बा संस्कृत सीरीज' ( वाराणसी ) के व्यवस्थापक श्रीमान् बाबू कृष्णदासजी गुप्तसे पता चलनेपर भावनगरमें मुद्रित स्वोपज्ञवृत्ति सहित प्रति मँगवाई और उसी वृत्तिके आधारपर इस 'मणिप्रभा' नामकी टीकाको राष्ट्रभाषामें पुनः तैयार किया। साथ ही इस ग्रन्थकी स्वोपज्ञ-वृत्तिमें लगभग डेढ़ सहस्रसे अधिक पर्यायोंके निर्देशक 'शेष'स्थ श्लोकोंको भी यथास्थान सन्निविष्ट कर दिया, उक्त वृत्तिमें आये हुए मूलग्रन्थोक्त पर्यायोंके अतिरिक्त यौगिक पर्यायोंके साथ ही अन्याचार्यसम्मत अन्यान्य बहुत-से पर्याय शब्दोंका भी समावेश कर दिया एवं क्लिष्ट विषयोंको विमर्श और टिप्पणीके द्वारा अधिक सुस्पष्ट एवं सुबोध्य बना दिया।

---

१ "समाप्तेयं हेमचन्द्र-सूची मैथिलश्रीविद्याकरमिश्रप्रणीता।" हेमचन्द्र-सूचीके अन्तमें ऐसी 'पुष्पिका' लिखी हुई है।

२ उक्त सूचीमें "जिनस्य २५ अर्हदादि २४ श्लो०, वृत्ताहंतामेकैकं २४ ऋषभेति २६ श्लो०" इत्यादि रूपमें किस अभिधान ( नाम ) के किस शब्दसे आरम्भ कर कितने पर्याय हैं, यह काण्ड तथा श्लोकसंख्याके साथ लिखा गया है।

कोई भी पर्याय पाठकोंको सुविधाके साथ शीघ्र मिल जाय, इसके लिए ग्रन्थान्तमें त्रिविध ( मूलग्रन्थस्थ, शेषस्थ तथा मणिप्रभा-विमर्श-टिप्पणीस्थ ) शब्दोंकी अकारादि क्रमसे सूची भी दे दी गयी है। मूलग्रन्थमें विस्तारके साथ कहे गये आशयोंके संक्षेपमें एक जगह ही ज्ञात होनेके लिए आवश्यकतानुसार यथास्थान चक्र भी दिये गये हैं। इस प्रकार प्रकृत ग्रन्थको सब प्रकारसे सुबोध्य एवं सरल बनानेके लिए भरपूर प्रयत्न किया गया है।

## आभारप्रदर्शन

इस ग्रन्थकी विस्तृत एवं खोजपूर्ण प्रस्तावना लिखनेकी जो महती कृपा मेरे चिरमित्र, अनेक ग्रन्थोंके लेखक डॉ० नेमिचन्द्रजी शास्त्री ( ज्यौ० आचार्य, एम० ए० ( संस्कृत, प्राकृत और हिन्दी ), पी० एच० डी०, अध्यक्ष संस्कृत प्राकृत विभाग हरदास जैन कॉलेज आरा ) ने की है; तदर्थ उन्हें मैं कोटिशः धन्यवादपूर्वक शुभाशीः प्रदान करता हूँ कि वे सपरिवार सानन्द, सुखी, एवं चिरजीवी होकर उत्तरोत्तर उन्नति करते हुए इसी प्रकार संस्कृत साहित्यकी सेवामें संलग्न रहें। साथ ही जिन विद्वानों एवं मित्रोंने इस ग्रन्थकी रचनामें जो साहाय्य किया है, उन सबका भी आभार मानता हुआ उन्हें भूरिशः धन्यवाद देता हूँ।

पूर्ण निष्ठाके साथ संस्कृत साहित्यके सेवार्थ दुर्लभ तथा दुर्बोध्य ग्रन्थोंको ख्यातिप्राप्त विद्वानोंके सहयोगसे सुलभ एवं सुबोध्य बनाकर प्रकाशन करनेवाले 'चौखम्बा संस्कृत सीरीज, तथा चौखम्बा विद्याभवन, वाराणसी' के व्यवस्थापक महोदयने वर्तमानमें शताधिक ग्रन्थोंका मुद्रण कार्य चलते रहनेसे अत्यधिक व्यस्त रहनेपर भी चिरकालसे दुर्लभ इस ग्रन्थके प्रकाशनद्वारा इसे सर्वसुलभ बनाकर संस्कृत साहित्यकी सेवामें जो एक कड़ी और जोड़ दी है; तदर्थ उनका बहुत-बहुत आभार मानता हुआ उन्हें शुभाशीःप्रदानपूर्वक भूरिशः धन्यवाद देता हूँ।

अन्तमें माननीय विद्वानों, अध्यापकों तथा स्नेहास्पद छात्रोंसे मेरा विनम्र निवेदन है कि मेरे द्वारा अनूदित अमरकोष, नैषधचरित, शिशुपाल-वध, रघुवंश तथा मनुस्मृति आदि ग्रन्थोंको अद्यावधि अपनाकर संस्कृत-साहित्य-सेवार्थ मुझे जिस प्रकार उन्होंने उत्साहित किया है; उसी प्रकार इसे भी अपनाकर आगे भी उत्साहित करनेकी असीम अनुकम्पा करते रहेंगे।

*मुझे दूरस्थ रहने, शीशेके टाइपोंके सूक्ष्मतम होने तथा लेखन-संशोधनादिमें मानव-सुलभ दोष रह जाना असम्भव नहीं होनेसे नव-मुद्रित इस ग्रन्थमें त्रुटिका सर्वथा अभाव कहनेका साहस तो नहीं ही किया जा सकता, अतएव इस ग्रन्थमें यदि कहीं कोई त्रुटि दृष्टिगोचर हो तो उसके लिए कृपालु पाठकोंसे करबद्ध प्रार्थनाके साथ क्षमायाचना करता हुआ आशा करता हूँ कि वे—*

गच्छतः स्खलनं क्वापि भवत्येव प्रमादतः ।
हसन्ति दुर्जनास्तत्र समादधति सज्जनाः ॥

*इस सूक्तिको ध्यानमें रखकर मुझे अवश्यमेव क्षमा-प्रदान करनेकी सहज अनुकम्पा करेंगे । इति शम् ।*

*विजयादशमी,*
*वि० सं० २०२०*

*विबुध-सेवक :—*
**हरगोविन्द मिश्र, शास्त्री**

## साङ्केतिक चिह्न तथा शब्द के विवरण

( क ) मूल के सङ्केत—

मूल श्लोकों के पहले या मध्य में आये हुए अङ्क नीचे लिखी गयी 'मणिप्रभा' व्याख्या के प्रतीक हैं। एवं श्लोकान्त में आये हुए अङ्क श्लोकों के क्रमसूचक हैं।

( ख ) टीका तथा टिप्पणी के संकेत—

( ) इस कोष्ठक के अन्तर्गत –, = ये दो चिह्न मूल शब्दों के प्रातिपदिकावस्था के रूप को सूचित करते हैं। प्रथमोदाहरण—"लक्ष्म ( -क्ष्मन् )" इससे ज्ञात होता है कि प्रातिपदिकावस्था में 'लक्ष्मन्' शब्द तथा प्रथमा विभक्ति के एकवचन में 'लक्ष्म'—ये रूप होते हैं।

द्वितीयोदाहरण—"द्यौः ( = द्यो ), द्यौः ( = दिव् )" यहां यह ज्ञात होता है कि प्रथम शब्द के प्रातिपदिकावस्था का स्वरूप 'द्यो' तथा द्वितीय शब्द के प्रातिपदिकावस्था का स्वरूप 'दिव्' होता है और उक्त दोनों शब्दों के प्रथमा विभक्ति के एकवचन का स्वरूप 'द्यौः' होता है।

( ) इस कोष्ठान्तर्गत शब्द के पूर्व में दिया गया + चिह्न मूल ग्रन्थ के बाहरी शब्द को सूचित करता है। यथा—व्रीडा ( + व्रीडः ), शाष्कुलः ( + शौष्कलः ),······से सूचित होता है कि मूल ग्रन्थ में 'व्रीडा' और 'शाष्कुल' शब्द हैं; किन्तु अन्यत्र 'व्रीड' तथा 'शौष्कल' शब्द भी उपलब्ध होते हैं।

( ) इस कोष्ठ के अन्तर्गत दिये गये "यौ०, ए०व०, द्विव०, ब०व०, नि०, पु०, स्त्री०, न० या नपु०, त्रि०, अव्य०, शे० और उदा०"—ये सङ्केत क्रमशः यौगिक, एकवचन, द्विवचन, बहुवचन, नित्य, पुंल्लिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग, नपुंसकलिङ्ग, त्रिलिङ्ग, अव्यय, शेष अर्थात् बाकी, और उदाहरण" इन अर्थों को सूचित करते हैं।

पृ०—पृष्ठ

पं०—पंक्ति

स्वो०—स्वोपज्ञवृत्ति

अभि० चिन्ता०—अभिधानचिन्तामणि

······—इत्यादि

देखने का प्रकार—

१—जिस शब्द के साथ जो सङ्केत है, उसी शब्द के साथ उस सङ्केत का सम्बन्ध है। २—संख्यासहित शब्द का पहलेवाले उतने ही शब्दों के साथ सम्बन्ध है। ३—कहीं-कहीं एक ही शब्द में एकाधिक संकेत भी हैं, उनका सम्बन्ध उसी क्रम से है। क्रमशः उदा०—१. "तारका ( त्रि ) और तारा ( स्त्री पु )" यहां 'तारका' शब्द को त्रिलिङ्ग तथा 'तारा' शब्द को स्त्रीलिङ्ग तथा पुंल्लिङ्ग जानना चाहिए। २. तथा ३.'''कल्यम्, प्रत्युषः, उषः (२-षस्), काल्यम् ( + प्रातः,-तर्, प्रगे, प्राह्णे, पूर्वेद्युः-द्युस्। ४ अव्य० )। यहांपर '-२-षस्' का सम्बन्ध उसके पूर्ववर्ती 'प्रत्युषः, उषः' इन दो शब्दों के साथ होने से इनके प्रातिपदिकावस्था का रूप क्रमशः 'प्रत्युषस्' और 'उषस्' होता है। इसी प्रकार मूलस्थ 'काल्यम्' अर्थात् 'काल्य' शब्द के अतिरिक्त अन्य स्थानों में 'प्रातः' आदि शब्द भी 'प्रभात' अर्थ के वाचक हैं, इनमें 'प्रातः' शब्द के प्रातिपदिकावस्था का रूप 'प्रातर्' है तथा 'प्रातर्' से ४ शब्द ( प्रातर्, प्रगे, प्राह्णे, पूर्वेद्युस् ) अव्यय हैं, ऐसा जानना चाहिए।

( ) इस कोष्ठक के अन्तर्गत किसी चिह्न से रहित शब्द या शब्द-समूह पूर्ववर्ती शब्द के आशय को स्पष्ट करते हैं, यथा—"सहोक्त ( साथ में कहे गये ), तीनों सन्ध्याकाल (प्रातः सन्ध्या, मध्याह्न सन्ध्या तथा सायं सन्ध्या)" ·······। यहां 'सहोक्त' शब्द का आशय 'साथ में कहे गये' और तीनों सन्ध्याकाल का आशय 'प्रातः सन्ध्या'···" है।

"शेषश्च ······" इससे 'स्वोपज्ञवृत्ति' में आये हुए शेष शब्दों के बोधक मूल श्लोकों को लिखा गया है।

# शब्द-सूची के संकेत

( क ) शब्द-सूची के प्रत्येक पृष्ठ के वाम तथा दक्षिण पार्श्व में क्रमशः उस पृष्ठ के आदि तथा अन्तवाले शब्द [ ] इस कोष्ठ के अन्तर्गत लिखित हैं, इससे शब्द खोजनेवालों को शब्दोपलब्धि में विशेष सुविधा होगी।

( ख ) प्रत्येक शब्द-सूची में कहीं भी प्रथम या द्वितीय अक्षर तक ही अकारादिक्रम न रखकर प्रत्येक शब्द में आदि से अन्त तक अकारादि क्रम रखने का पूर्णतया ध्यान रखा गया है।

( ग ) मूलस्थ शब्द-सूची—पहले मूल में कथित शब्दों के प्रातिपदिकावस्था के रूप तथा बाद में काण्डों तथा श्लोकों की संख्याएँ दी गयी हैं। यथा—'अ' शब्द ६ ष्ठ काण्ड के १७५ वें श्लोक में उपलब्ध होगा। इसी प्रकार सर्वत्र समझना चाहिए।

( घ ) शेषस्थ शब्द-सूची—पहले 'शेष' में आनेवाले शब्दों के प्रातिपदिकावस्था का रूप तथा बाद में पृष्ठ एवं पंक्ति ( मूलस्थ श्लोकों की पंक्तियों को छोड़कर 'मणिप्रभा' व्याख्या से पंक्ति-गणना करनी चाहिए ) की संख्या दी गयी है। विशेष—जिस शब्द के अंत में 'परि० १' के बाद में संख्या है, वह शब्द 'परिशिष्ट १ में लिखित क्रमसंख्या में उपलब्ध होगा, ऐसा समझना चाहिए। यथा—'अक्षज' शब्द ६२ वें पृष्ठ के 'मणिप्रभा' व्याख्या की २१ वीं पंक्ति में मिलेगा। तथा 'अर्शोघ्न' शब्द परिशिष्ट १ के क्रमाङ्क ९ में उपलब्ध होगा। यही क्रम सर्वत्र है।

( ङ ) 'मणिप्रभा' व्याख्या, विमर्श तथा टिप्पणी के शब्दों की सूची—इसमें भी शब्दों के प्रातिपदिकावस्था के रूप के बाद पृष्ठ तथा पंक्तियों की संख्या ( पूर्ववत् मूलश्लोकों की पंक्तियों की संख्या छोड़कर यहाँ भी 'मणिप्रभा' व्याख्या से ही पंक्ति-गणना करनी चाहिए ) दी गयी है। यथा—'अंशुपति' शब्द ८ वें पृष्ठ की 'मणिप्रभा' व्याख्या के ९वीं पंक्ति में मिलेगा। इसी प्रकार आगे भी जानना चाहिए।

# चक्र-सूची

॥ श्रीः ॥

# अभिधानचिन्तामणिः

## 'मणिप्रभा'व्याख्योपेतः

### अथ देवाधिदेवकाण्डः ॥ १ ॥

१ प्रणिपत्यार्हतः सिद्धसाङ्गशब्दानुशासनः ।
रूढयौगिकमिश्राणां नाम्नां मालां तनोम्यहम् ॥ १ ॥
२ व्युत्पत्तिरहिताः शब्दा रूढा आखण्डलादयः ।
३ योगोऽन्वयः स तु गुणक्रियासम्बन्धसम्भवः ॥ २ ॥

---

शेषक्षीरसमुद्रकौस्तुभमणीन् विष्णुर्मरालं विधिः
कैलासाद्रिशशाङ्कजह्नुतनयानन्द्यादिकान् शङ्करः ॥
यच्छुक्लत्वगुणस्य गौरववशीभूता इवाशिश्रियु-
स्तां विश्वव्यवहारकारणमयीं श्रीशारदां संश्रये ॥ १ ॥
आचार्यहेमचन्द्रकृताभिधानचिन्तामणेरमलाम् ।
विबुधो हरगोविन्दस्तनुते 'मणिप्रभां' व्याख्याम् ॥ २ ॥

१. अङ्गों ( लिङ्ग-धातुपारायणादि ) सहित व्याकरण शास्त्रका ज्ञाता मैं ( हेमचन्द्राचार्य ) 'अर्हत्' देवोंको प्रणामकर रूढ, यौगिक तथा मिश्र अर्थात् योगरूढ शब्दोंकी माला—"अभिधानचिन्तामणि"नामक ग्रन्थ बनाता हूँ ॥

२. ( पहले क्रमप्राप्त रूढ शब्दोंकी व्याख्या करते हैं-) व्युत्पत्तिसे रहित अर्थात् प्रकृति तथा प्रत्ययके विभाग करनेसे भी अन्वर्थहीन, शब्दोंको 'रूढ' कहते हैं; यथा—आखण्डलः, आदिसे—मण्डपः,..........का संग्रह है ॥

**विमर्श**:—"नाम च धातुजम्" इस शाकटायनोक्त वचनके अनुसार यद्यपि 'रूढ' शब्दोंकी भी व्युत्पत्ति होती है, तथापि उस व्युत्पत्तिका प्रयोजन केवल वर्णानुपूर्वीका विज्ञान ही है, अन्वर्थ-प्रतीतिमें कारण नहीं है, अत एव 'रूढ' शब्द व्युत्पत्तिहीन ही हैं ॥

३. ( अब यहाँसे १।१८ तक 'यौगिक' शब्दोंकी व्याख्या करते हैं—) शब्दोंके परस्पर अर्थानुगमको अन्वय या 'योग' कहते हैं, वह योग 'गुण, क्रिया तथा सम्बन्ध'से उत्पन्न होता है ।

१ गुणतो नीलकण्ठाद्याः क्रियातः स्रष्टृसन्निभाः ।
२ स्वस्वामित्वादिसम्बन्धस्तत्राहुर्नाम तद्वताम् ॥ ३ ॥
स्वात्पालधनभुग्नेतृपतिमत्वर्थकादयः ।
३ भूपालो भूधनो भूभुग् भूनेता भूपतिस्तथा ॥ ४ ॥
भूमाँश्चेति ४ कविरूढया ज्ञेयोदाहरणावली ।

---

विमर्श :—'गुण'से नीला, पीला इत्यादिको; २ 'क्रिया'से 'करोति' इत्यादि को और ३ 'सम्बन्ध'से आगे तृतीय श्लोकमें कहे जानेवाले 'स्वस्वामित्वादि'को समझना चाहिए ॥

१. ( अब गुण-क्रिया तथा सम्बन्धसे उत्पन्न योगसे सिद्ध 'यौगिक' शब्दोंका उदाहरण कहते हैं—) १ 'गुणसे'—नीलकण्ठः, इत्यादि ( 'आदि' शब्दसे 'शितिकण्ठः, कालकण्ठः,………' का संग्रह है ), २ 'क्रिया'से स्रष्टा, इत्यादि ( 'आदि'से 'धाता,………'का संग्रह है ) ।

विमर्श :—सङ्ख्या भी 'गुण' ही मानी गयी है, अतः 'त्रिलोचनः चतुर्मुखः, पञ्चबाणः, षण्मुखः, अष्टश्रवाः, दशग्रीवः,………' शब्दोंको भी यौगिक ही समझना चाहिए ॥

२. ( अब ३ सम्बन्धसे उत्पन्न यौगिक शब्दोंको कहते हैं—) स्वत्व तथा स्वामित्व आदिके सम्बन्धमें 'स्व' ( आत्मीय )से परे रहनेपर पाल, धन, भुक्, नेतृ, पति शब्द तथा मत्वर्थक आदि 'स्वामि'के वाचक होते हैं। ( 'स्वामित्व' आदिमें 'आदि' शब्दसे पञ्चमादि श्लोकोंमें वक्ष्यमाण जन्य-जनक, धार्य-धारक, भोज्य-भोजक, पति-कलत्र, सखि, वाह्य-वाहक, ज्ञातेय, आश्रय-आश्रयी, वध्य-वधक,—भाव सम्बन्धोंको जानना चाहिए। इनके उदाहरण भी यथास्थान वहीं षष्ठ श्लोकसे जानना चाहिए ।

३. ( अब 'स्व' शब्दसे परे क्रमशः 'पाल' आदिका उदाहरण कहते हैं—) भूपालः, भूधनः, भूभुक् (–भुज्), भूनेता (–नेतृ), भूपतिः, भूमान् (–मत्), ये 'स्व' शब्दसे परे 'पाल' आदि शब्द अपने स्वामीके वाचक हैं, अतः 'भूपालः, भूधनः,………' शब्दोंका "भूका स्वामी" अर्थात् राजा अर्थ होता है ।

विमर्श—मत्वर्थक आदि में—'आदि' शब्दसे मतुप्, इन्, अण्, इक् इत्यादि प्रत्यय तथा 'पः' इत्यादिका ग्रहण है। क्रमशः उदा०—भूमान् (–मत्); धनी, मानीः( २–निन्); तापसः, साहसः; दण्डिकः, व्रीहिकः;………; भूपः; धनदः,…………" ॥

४. 'कविरूढि'से ( कवियोंने जिन शब्दोंका प्रयोग शास्त्रोंमें किया हो ), उन्हीं शब्दोंका प्रयोग करना चाहिए। उनके अप्रयुक्त शब्दोंका नहीं, अत एव—कपाली शब्द में 'स्व-स्वामिभावसम्बन्ध' रहनेपर भी कविप्रयुक्त

१ जन्यात्कृत्कर्तृसृट्स्रष्टृविधातृकरसूसमाः ॥ ५ ॥
२ जनकाद्योनिजरुहजन्मभूसूत्यणादयः ।
३ धार्याद् ध्वजास्त्रपाण्यङ्कमौलिभूषणभृन्निभाः ॥ ६ ॥

---

मतुबर्थक 'इन्'प्रत्ययान्त 'कपाली' (–लिन्) शब्दका ही प्रयोग करना चाहिए, कवियोंमे अप्रयुक्त 'कपालपालः, कपालधनः, कपालाभुक्, कपालनेता, कपालपतिः' इत्यादि शब्दोंका प्रयोग नहीं करना चाहिए ॥

१. जन्य अर्थात् कार्यसे परे 'कृत्, कर्तृ, सृट् स्रष्टृ, विधातृ, कर, सू' इत्यादि शब्द जनक अर्थात् कारणके पर्यायवाचक होते हैं। ( क्रमशः उदा०—विश्वकृत्, विश्वकर्ता (-कर्तृ), विश्वसृट् (–सृज्), विश्वस्रष्टा (–स्रष्ट्), विश्वविधाता (–धातृ), विश्वकरः, विश्वसूः,……'शब्द विश्वके कर्ता 'ब्रह्मा'के पर्याय हैं। 'आदि' अर्थवाले 'सम' शब्दसे—'विश्वकारकः, विश्वजनकः,………'शब्द भी 'ब्रह्मा'के पर्याय हैं। यहाँ भी 'कविरूढि'से ही प्रयोग होनेके कारण 'चित्रकृत्'का प्रयोग तो होता है, परन्तु 'चित्रसूः' का प्रयोग नहीं होता ) ॥

२. जनक अर्थात् 'कारणवाचक' शब्दोंसे परे 'योनिः, जः, रुहः, जन्मन्, भूः तथा सूतिः' शब्द और 'अण्' आदि ( 'आदि' शब्दसे "ण्य, फ,………" का संग्रह होता है ) प्रत्यय रहनेपर वे शब्द 'कार्यों'के पर्यायवाचक होते हैं। ( क्रमशः उदा०—'आत्मयोनिः, आत्मजः, आत्मरुहः, आत्मजन्मा (–न्मन्), आत्मभूः, आत्मसूतिः' शब्द 'ब्रह्मा'के पर्याय हैं। 'अण्' आदि प्रत्ययके परे रहनेसे बननेवाले पर्यायोंका उदा०—भार्गवः, औपगवः, ………; दैत्यः, बार्हस्पत्यः, आदित्यः………; वात्सायनः, गार्ग्यायणः,……) । यहाँ भी 'कविरूढि'के अनुसार ही प्रयोग होनेके कारण 'ब्रह्मा'के पर्यायमें 'आत्मयोनि' शब्दका तो प्रयोग होता है, किन्तु 'आत्मजनकः, आत्मकारकः, ………' शब्दोंका प्रयोग नहीं होता ) ॥

३. 'धार्य' अर्थात् 'धारण करने योग्य'के वाचक 'वृष' आदि शब्दसे परे "ध्वज, अस्त्र, पाणि, अङ्क, मौलि, भूषण, भृत्,के 'निभ' ( सदृश ) शब्द और शाली, शेखर शब्द, मत्वर्थक प्रत्यय, तथा माली, भर्तृ और धर" शब्द 'धारक' अर्थात् ( 'वृष' आदि धार्यको धारण करनेवाले शिव ( आदि ) के पर्यायवाचक होते हैं। ( क्रमशः उदा०—वृषध्वजः, शूलास्त्रः, पिनाकपाणिः, वृषाङ्कः, चन्द्रमौलिः, शशिभूषणः, शूलभृत्" इत्यादि; तथा "पिनाकभर्ता (–भर्तृ) शशिशेखरः, शूली (–लिन्), पिनाकशाली (–लिन्), पिनाकभर्ता (–र्तृ) पिनाकधरः" शब्द 'वृष' ( बैल ) आदिको धारण करनेवाले 'शिवजी'के पर्याय होते हैं। यहां भी 'कविरूढि'के अनुसार ही प्रयोग होनेके

शालिशेखरमत्वर्थमालिभर्तृधरा अपि ।
१ भोज्याद्भुगन्धो व्रतलिट्पायिपाशाशनादयः ॥ ७ ॥
२ पत्युः कान्ताप्रियतमावधूप्रणयिनीनिभाः ।

कारण 'शिवजी'के पर्यायोंमें 'वृषध्वजः'के समान 'शूलध्वजः'का, 'शूलास्त्रः'के समान 'चन्द्राङ्कः'का, 'पिनाकपाणिः'के समान 'अहिपाणिः'का, 'वृषाङ्कः'के समान 'चन्द्राङ्कः'का, 'चन्द्रमौलिः'के समान 'गङ्गामौलिः'का, 'शशिभूषणः'के समान 'शूलभूषणः'का, 'शूलशाली'के समान 'चन्द्रशाली'का, 'चन्द्रशेखरः'के समान 'गङ्गाशेखरः'का, 'शूली'के समान 'शूलवान्'का, 'पिनाकमाली'के समान 'सर्पमाली'का, 'पिनाकभर्ता'के समान 'चन्द्रभर्ता' का और 'गङ्गाधरः'के समान 'चन्द्रधरः'का प्रयोग नहीं होता है।

**विमर्शः**—'समान' अर्थमें प्रयुक्त 'निभ' शब्दसे उनके तुल्य 'केतन, आयुध, लक्ष्म, शिरस्, आभरण,......'शब्द यदि 'धार्य'वाचक शब्दके बादमें रहें तो वे 'धारक'के पर्यायवाचक हो जाते हैं। क्रमशः उदा०—वृषकेतनः, शूलायुधः, वृषलक्ष्मा (–क्ष्मन्), चन्द्रशिराः (–रस्), चन्द्राभरणः......) ॥

१. भोज्य अर्थात् खाने योग्य वस्तुके वाचक शब्दके बादमें 'भुज्', अन्धः, व्रत, लिट्, पायी, प, आश, अशन' आदि शब्द रहें तो वे उन भोज्य वस्तुओंके भोक्ताओं (भोजन करनेवालों)के पर्याय होते हैं। (क्रमशः उदा०—अमृतभुजः (–भुज्), अमृतान्धसः (–न्धस्), अमृतव्रताः, अमृतलिहः (–लिट्), अमृतपायिनः (–यिन्), अमृतपाः, अमृताशाः, अमृताशनाः, आदि शब्द देवोंके भोज्य (खाने योग्य वस्तु) अमृतके बादमें 'भुज्,.........' आदि शब्द होनेसे देवोंके पर्यायवाचक होते हैं, क्योंकि 'अमृत' देवोंकी भोज्य वस्तु है, ऐसी रूढि है।

**विमर्श**—'आदि' शब्दसे उन (भुज्....) के समानार्थक भोजन आदि शब्दोंका ग्रहण है, अतः 'अमृतभोजनाः,.....' शब्द भी देवोंके पर्यायवाचक होते हैं। यहाँ भी कवि-रूढिसे प्रसिद्ध शब्दोंका ही ग्रहण होनेसे जिस प्रकार 'अमृतभुजः, अमृताशनाः' आदि शब्द देवोंके पर्यायवाचक होते हैं; उसी प्रकार 'अमृतवल्भाः' आदि शब्द 'देवों'के पर्यायवाचक नहीं होते ॥

२. 'पति'वाचक शब्दके बादमें 'कान्ता, प्रियतमा, वधू, प्रणयिनी' के निभ अर्थात् सदृश (कान्तादिके सदृश—रमणी, वल्लभा, प्रिया आदि) शब्द रहें तो वे शब्द उसकी भार्याके पर्यायवाचक होते हैं। (क्रमशः उदा०—शिवकान्ता, शिवप्रियतमा, शिववधूः, शिवप्रणयिनी (तथा सदृशार्थक 'निभ' शब्दसे ग्राह्यके उदा०—'शिवरमणी, शिववल्लभा, शिवप्रिया,.... ;

१ कलत्राद्वररमणप्रणयीशप्रियादयः ॥ ८ ॥
२ सख्युः सखिसमा ३ वाह्याद्गामियानासनादयः ।

---

शब्द 'शिव'के बादमें उनकी रमणी आदि शब्दके होनेसे शिवजीकी भार्या पार्वतीके पर्यायवाचक होते हैं; क्योंकि 'पार्वती' शिवजीकी भार्या है, यह रूढि है ।

विमर्श—यहाँ भी कवि-रूढिसे प्रसिद्ध शब्दोंका ही ग्रहण होनेसे जिस प्रकार 'शिवकान्ता, शिववल्लभा' आदि शब्द पार्वतीके पर्यायवाचक हैं, उसी प्रकार 'शिवपरिग्रहः' आदि शब्द भी पार्वतीके पर्यायवाचक नहीं है ॥

१. कलत्र अर्थात् स्त्रीवाचक शब्दके बादमें 'वर, रमण, प्रणयी, ईश, प्रिय' आदि शब्द रहें तो वे उनके पतिके पर्यायवाचक होते हैं । ( क्रमशः उदा०—गौरीवरः, गौरीरमणः, गौरीप्रणयी ( -यिन् ), गौरीशः,""शब्द गौरीके पति शिवजीके पर्यायवाचक हैं; क्योंकि शिवजी पार्वतीके पति हैं, ऐसी रूढि है ।

विमर्श—'आदि' शब्दसे तत्समानार्थक—( 'वर, रमण' आदि शब्दोंके समान अर्थवाले 'पति, भर्ता, वल्लभ' आदि शब्दोंका ग्रहण होनेसे 'गौरीपतिः, गौरीभर्ता ( -र्तृ ), गौरीवल्लभः' आदि शब्द भी गौरीके पति शिवजीके पर्याय हैं। यहाँ भी कवि-रूढिसे प्रसिद्ध शब्दोंका ही ग्रहण होनेसे जिस प्रकार 'गौरीवरः' आदि शब्द शिवजीके पर्यायवाचक होते हैं, उसी प्रकार 'गङ्गावरः' आदि शब्द शिवजीके पर्यायवाचक नहीं होते ॥

२. सखि अर्थात् मित्रके वाचक शब्दके बादमें 'सखि' और उसके ( सखि शब्दके ) समान 'सुहृद्' आदि शब्द रहें तो वे उसके मित्रके पर्यायवाचक होते हैं । ( क्रमशः उदा०—श्रीकण्ठसखः, मधुसखः, वायुसखः, अग्निसखः, आदि शब्द क्रमशः 'कुबेर, कामदेव, अग्नि, और वायु'के पर्यायवाचक हैं; क्योंकि 'श्रीकण्ठ ( शिवजी), मधु (वसन्त), वायु और अग्नि' के क्रमशः 'कुबेर, कामदेव, अग्नि और वायु' मित्र हैं, ऐसी रूढि है ।

विमर्श—समानार्थक 'सम' शब्दसे 'सखि'के समान अर्थवाले 'सुहृद्' आदि शब्दका ग्रहण होनेसे 'कामसुहृद्, काममित्रम्' आदि शब्द भी कामके मित्र 'वसन्त'के पर्याय हो जाते हैं । यहाँ भी कविरूढिसे प्रसिद्ध शब्दोंका ही ग्रहण होनेके कारण जिस प्रकार 'श्रीकण्ठसखः' शब्द शिवजीके मित्र 'कुबेर'का पर्यायवाचक है, उसी प्रकार 'धनदसखः' शब्द धनद ( कुबेर )के मित्र शिवजीका पर्यायवाचक नहीं होता ॥

३. 'वाह्य' अर्थात् वाहन ( सवारी )-वाचक शब्दके बाद 'गामी,

१ जातेः स्वसृदुहित्रात्मजाग्रजावरजादयः ॥ ६ ॥
२ आश्रयात् सद्मपर्यायशयवासिसदादयः ।

---

यान, आसन' आदि शब्द रहें तो वे उन वाह्य (वाहन)वालेके पर्याय-वाचक होते हैं। (क्रमशः उदा०—वृषगामी (-मिन्), वृषयानः, वृषासनः' आदि शब्द 'वृष' अर्थात् बैल वाहनवाले शिवजीके पर्याय हैं। क्योंकि वृषभ (बैल) शिवजीका वाहन है, ऐसी रूढि है।

**विमर्श**—'आदि' शब्दसे 'वाहन, रथ' आदि शब्दका ग्रहण होनेसे 'गरुडवाहनः, पत्ररथः……'आदि शब्द विष्णुके पर्यायवाचक हैं। यहां भी कवि-रूढिसे प्रसिद्ध शब्दोंका ही ग्रहण होनेसे जिस प्रकार 'कुबेर'के वाहनभूत 'नर' शब्दके बादमें 'वाहन' शब्द रहनेपर 'नरवाहनः' शब्दका अर्थ कुबेर होता है, उसी प्रकार 'नर' शब्दके बादमें 'वाहन'के पर्यायभूत 'गामिन्, यान' शब्द जोड़कर बने हुए 'नरगामी, नरयानः' शब्द भी कुबेरके पर्यायवाचक नहीं होते हैं ॥

१. 'जाति' अर्थात् स्वजन (भाई, बहन, पुत्री, पुत्र आदि)के वाचक शब्दके बादमें 'स्वसा, दुहिता, आत्मज, अग्रज, अवरज' आदि शब्द रहें तो वे स्वजन-वालोंके पर्यायवाचक होते हैं। (क्रमशः उदा०—यमस्वसा (-सृ), हिमवद्-दुहिता (-तृ), 'चन्द्रात्मजः, गदाग्रजः, इन्द्रावरजः' आदि शब्दोंमें प्रथम तीन शब्द क्रमशः 'यमुना, पार्वती, बुध' के तथा अन्तिम दो शब्द कृष्णजी (विष्णु भगवान्) के पर्यायवाचक हैं; क्योंकि यमुना यमराजकी स्वसा (बहन), पार्वती हिमवान् (हिमालय पर्वत)की दुहिता (पुत्री), बुध चन्द्रमाके आत्मज (पुत्र), कृष्णजी (विष्णु भगवान्) 'गद'के अग्रज (बड़े भाई) तथा 'इन्द्र'के अवरज (छोटे भाई) हैं, ऐसी रूढि है।

**विमर्श**—'आदि' शब्दसे 'सोदर, अनुज' आदि शब्दका ग्रहण होता है; अत एव 'कालिन्दीसोदरः' शब्दका अर्थ 'यमराज' और 'रामानुजः' शब्दका अर्थ 'लक्ष्मण' होता है, एवं अन्यत्र भी समझना चाहिए। यहाँ भी कवि-रूढिके अनुसार प्रसिद्ध शब्दोंका ही ग्रहण होनेके कारण जिस प्रकार 'यमुना'-को 'यम' (यमराज) की बहन होनेसे 'यमस्वसा (-सृ)' शब्द 'यमुना' का पर्याय होता है, उसी प्रकार शनिकी बहन होनेपर भी 'शनिस्वसा' शब्द यमुनाका पर्याय नहीं होता ॥

२. आश्रय अर्थात् निवासस्थान-वाचक शब्दोंके बादमें 'सद्मन्' (गृह)-के पर्यायवाचक (सदन, ओक, वसति, आश्रय,…………) शब्द तथा 'शय, वासी, सत् (-द्),…………'शब्द रहें तो वे उन (आश्रयवालों)के पर्यायवाचक

१ वध्याद्भिद्द्वेषिजिद्घातिध्रुगरिध्वंसिशासनाः ॥ १० ॥
अप्यन्तकारिदमनदर्पच्छिन्मथनादयः ।
२ विवक्षितो हि सम्बन्ध एकतोऽपि पदात्ततः ॥ ११ ॥

होते हैं । ( क्रमशः उदा०—'द्युसद्मानः ( द्युसदनाः, दिवौकसः[1], द्युवसतयः, दिवाश्रयाः[2], ............ ), द्युशयाः, द्युवासिनः (–सिन्), द्युसदः (–द्)' आदि शब्द देवोंके पर्यायवाचक हैं, क्योंकि देवोंका आश्रय ( निवासस्थान ) दिव् और दिव अर्थात् स्वर्ग है, ऐसी रूढि है ।

विमर्श—यहाँ भी कवियोंकी रूढिसे प्रसिद्ध शब्दोंका ही ग्रहण होनेसे जिस प्रकार देवोंका पर्यायवाचक 'द्युसद्मानः (–द्मन्)' शब्द है, उसी प्रकार मनुष्योंके आश्रय ( वासस्थान ) 'भूमि' शब्दके बादमें 'सद्मन्' आदि शब्द रखनेसे बना हुआ 'भूमिसद्मा' आदि शब्द मनुष्योंके पर्याय नहीं होते ॥

१. "वध्य'वाचक शब्दके बादमें "भिद्, द्वेषी, जित्, घाती, ध्रुक्, अरि, ध्वंसी, शासन, अन्तकारी, दमन, दर्पच्छिद्, मथन" आदि ( 'आदि' शब्दसे—"दारी, निहन्ता, केतु, हा, सूदन, अन्तक, जयी,........" शब्दोंका संग्रह है ) शब्द रहें तो वे 'वधक' अर्थात् मारनेवालेके पर्याय हो जाते हैं । क्रमशः उदा०—पुरभित् (–भिद्), पुरद्वेषी (– षिन्), पुरजित्, पुरघाती (–तिन्), पुरध्रुक् (–द्रुह्), पुरारिः, पुरध्वंसी (–सिन्), पुरशासनः, पुरान्तकारी (–रिन्), पुरदमनः, पुरदर्पच्छित् (–द्), पुरमथनः, आदि ( आदि शब्दसे संगृहीतके क्रमशः उदा०—पुरहारी (–रिन्), पुरनिहन्ता (–न्तृ), पुरकेतुः, पुरहा (–हन्), पुरसूदनः, पुरान्तकः, पुरजयी (–यिन्), .......) 'पुर'के मारनेवाले 'शिवजी'के पर्यायवाचक हैं ।

विमर्श—'वध्य' शब्दसे वधके योग्यका भी संग्रह है, अर्थात् जिसका वध नहीं हुआ हो, किन्तु वह वध्यके योग्य है या उसको पराजितकर दयादिके कारण छोड़ दिया गया है, उसके बादमें भी उक्त 'भिद्,....' शब्दोंके रहनेपर वे शब्द वधक अर्थात् विजेताके पर्यायवाचक हो जाते हैं । यथा–"कालियभिद्, कालियदमनः, कालियारिः, कालियशासनः,......" शब्द 'कालिय'-को पराजित करनेवाले विष्णुके पर्याय होते हैं । यहां भी 'कविरूढि'के अनुसार ही प्रयोग होनेसे 'कालियदमन' शब्दके समान विष्णुके पर्यायमें कालियघाती (–तिन्) शब्दका प्रयोग नहीं किया जाता है ॥

२. सम्बन्ध विवक्षाके अधीन हुआ करता है, अत एव एक भी 'वृष'

---

१–२ अत्र शब्दद्वयेऽदन्तो 'दिव' शब्दो बोध्यः, अन्येषु तु 'दिव्' शब्दो दन्त्यौष्ठान्त इति ।

प्राक्प्रदर्शितसम्बन्धिशब्दा योज्या यथोचितम् ।
१ दृश्यते खलु वाह्यत्वे वृषस्य वृषवाहनः ॥ १२ ॥
स्वत्वे पुनर्वृषपतिर्धार्यत्वे वृषलाञ्छनः ।
अंशोर्धार्यत्वेंऽशुमाली स्वत्वेंऽशुपतिरंशुमान् ॥ १३ ॥
वध्यत्वेऽहेरहिरिपुर्भोज्यत्वे चाहिभुक्शिखी ।
२ चिह्नैर्व्यक्तैर्भवेद्व्यक्तेर्जातिशब्दोऽपि वाचकः ॥ १४ ॥
तथा ह्यगस्तिपूता दिग्दक्षिणाशा निगद्यते ।
३ अयुग्विषमशब्दौ त्रिपञ्चसप्तादिवाचकौ ॥ १५ ॥

---

आदि सम्बधि-पदसे सम्बन्धान्तर ( दूसरे संबंध )के निमित्तक शब्दोंका भी यथोचित प्रयोग होता है ॥

१. ( पूर्वोक्त सिद्धान्तोंको ही उदाहरणोंके द्वारा स्पष्ट करते हैं— ) 'वाह्य-वाहक-संबंध'की विवक्षामें जिस प्रकार 'वृषवाहनः' शब्द 'शिवजी'का पर्याय होता है, उसी प्रकार—'स्वस्वामिभावसम्बन्ध'की विवक्षामें 'वृषपतिः' शब्द, 'धार्य-धारकभावसम्बन्ध'की धिवक्षामें 'वृषलाञ्छनः' शब्द भी शिवजी-के पर्याय हो जाते हैं, और 'धार्य-धारक भावसम्बन्ध'की विवक्षामें जिस प्रकार 'अंशुमाली' (–लिन् ) शब्द 'सूर्य'का पर्याय होता है, उसी प्रकार 'स्व-स्वामि-भावसम्बन्ध'की विवक्षामें 'अंशुपतिः, अंशुमान् (–मत् )' शब्द भी 'सूर्य'के पर्याय हो जाते हैं। एवं 'वध्यवधकभावसम्बन्ध'की विवक्षामें जिस प्रकार 'अहिरिपु' शब्द 'मोर'का पर्याय होता है, उसी प्रकार 'भोज्य-भोजकभाव-सम्बन्ध'की विवक्षामें 'अहिभुक्' (–भुज् ) शब्द भी 'मोर'का पर्याय हो जाता है। ( इसी प्रकार अन्यत्र भी और उदाहरणोंको समझना चाहिए ) ॥

२. सन्देहहीन चिह्नों ( विशेषणों )के द्वारा, जातिवाचक भी शब्द व्यक्ति-का वाचक हो जाता है। यथा—अगस्त्य मुनिके द्वारा पवित्र की गयी दिशा अगस्त्यपूता दिक् अर्थात् दक्षिण दिशा कहलाती है। ( यहाँपर अगस्त्य मुनिने अपने नित्य निवाससे दक्षिण दिशाको पवित्र किया है, यह चिह्न सन्देहहीन है, अत एव उनसे ( अगस्त्य मुनिसे ) चिह्नित 'दिक्' यह जाति शब्द दक्षिण दिशारूप विशिष्ट दिशा ( व्यक्ति )के अर्थमें प्रयुक्त होता है। इसी प्रकार उत्तर दिशाको 'सप्तर्षियों'से पवित्र होनेके कारण 'सप्तर्षिपूता दिक्' उत्तर दिशारूप व्यक्ति ( विशिष्ट दिशा )के अर्थमें प्रयुक्त होता है। 'चन्द्रमा'-का 'अत्रि' ऋषिके नेत्रसे उत्पन्न होनेके कारण 'अत्रिनेत्रोत्पन्नं ज्योतिः'से 'चन्द्रमा'का बोध होता है ॥

३. 'तीन, पाँच, सात, आदि ( 'आदि' शब्दसे—'नव, एका-दश,···'का संग्रह है ) असमान ( विषम, फूट ) संख्याके वाचक 'अयुक्'

त्रिनेत्रपञ्चेषुसप्तपलाशादिषु योजयेत् ।
१ गुणशब्दो विरोध्यर्थं नञादिरितरोत्तरः ॥ १६ ॥
अभिधत्ते, यथा कृष्णः स्याद‍सितः सितेतरः ।
२ वार्ध्यादिषु पदे पूर्वे वडवाग्न्यादिषूत्तरे ॥ १७ ॥
द्वयेऽपि भूभृदाद्येषु पर्यायपरिवर्तनम् ।

---

( -ज् ) और 'विषम' शब्दोंको 'त्रिनेत्रः, पञ्चेषुः, सप्तपलाशः' आदि पदोंमें जोड़ना चाहिए। अत एव—त्रिनेत्रः, अयुङ्नेत्रः, विषमनेत्रः' शब्द 'शिवजी'के; पञ्चेषुः, अयुगिषुः, विषमेषुः शब्द पांच बाणवाले 'कामदेव'-के और 'सप्तपलाशः, अयुक्पलाशः, विषमपलाशः' शब्द सात पत्तोंवाले "सप्तपर्ण' (सतवंना, छितौना ) के पर्याय होते हैं। 'सप्तादि' तथा 'पलाशादि' दोनों स्थलोंमें 'आदि' शब्द होनेसे—'नवशक्तिः, अयुक्शक्तिः, विषमशक्तिः' शब्द नव शक्तियोंवाले "शिवजी'के और त्र्यक्षः, अयुगक्षः, विषमाक्षः,....शब्द तीन नेत्रोंवाले 'शिवजी'के; पञ्चबाणः, अयुग्बाणः, विषमबाणः शब्द पांच बाणोंवाले 'कामदेव'के तथा सप्तच्छदः, अयुक्छदः, विषमच्छदः, सप्तपर्णः शब्द सात पत्तोंवाले 'सप्तपर्ण' के पर्याय बनते हैं। इसी प्रकार अन्यान्य पर्यायोंका भी प्रयोग करना चाहिए ) ॥

१. नञादि' अर्थात् 'नञ् पूर्वक' तथा 'इतरोत्तर' ( 'इतर' शब्द जिसके बादमें रहे वह ) शब्द स्वविरोधीके अर्थको कहता है। क्रमशः उदा०—'असितः, सितेतरः' शब्द 'सित' अर्थात् 'श्वेत'के विरोधी 'काले' अर्थमें प्रयुक्त हैं। इसी प्रकार—'अकृशः, कृशेतरः' शब्द 'कृश' अर्थात् 'दुर्बल'के विरोधी 'स्थूल' अर्थात् 'मोटा' अर्थमें प्रयुक्त होते हैं ॥

२. 'वार्धिः' आदि शब्दोंमें 'पूर्वपद' ( 'वार्' अर्थात् जल )में, 'वडवाग्नि' आदि शब्दोंमें 'उत्तरपद' (अग्नि' )में तथा 'भूभृत्' आदि शब्दोंमें 'उभयपद' ( पूर्व 'भू' तथा उत्तर 'भृत्'—दोनों ही ) में पर्यायका परिवर्तन होता है। ( क्रमशः उदा०—"वार्धिः, जलधिः, नीरधि, तोयधिः, पयोधिः,........" में 'वार्' अर्थात् 'जल'वाचक पूर्व पदोंका परिवर्तन करनेसे उक्त शब्द 'समुद्र'के पर्याय बन जाते हैं। ( 'आदि' शब्दसे —जलदः, तोयदः, नीरदः, पयोदः......, जलधरः, तोयधरः, नीरधरः, पयोधरः,........' शब्द 'जल'वाचक पूर्वपदके परिवर्तित होनेसे 'मेघ'के पर्याय बनते हैं )। 'वडवाग्निः, वडवानलः, वडवा-वह्निः,........' इत्यादिमें 'अग्नि'वाचक उत्तरपदका परिवर्तन करनेसे उक्त शब्द 'वडवाग्नि'के पर्याय बनते हैं। ( 'आदि' शब्दसे 'सरोजम्, सरोरुहम्,........' में 'उत्तरपद'का परिवर्तन करनेसे उक्त शब्द 'कमल'के पर्याय बनते हैं )। एवम्—"भूभृत्, उर्वीभृत्, महीभृत्,.............." में पूर्वपदका परिवर्तन

१ एवं परावृत्तिसहा योगात्स्युरिति यौगिकाः ॥ १८ ॥
२ मिश्राः पुनः परावृत्त्यसहा गीर्वाणसन्निभाः ।
प्रवक्ष्यन्तेऽत्र २७ लिङ्गं तु ज्ञेयं लिङ्गानुशासनात् ॥ १९ ॥
३ देवाधिदेवाः प्रथमे काण्डे, देवा द्वितीयके ।

---

करनेसे और "भूभृत्, भूधरः,........" में उत्तर पदका परिवर्तन करनेसे उक्त शब्द 'पर्वत'के पर्याय बन जाते हैं । ( 'आद्य' शब्दसे—"सुरराजः, देवराजः, अमरराजः,..........."इत्यादिमें पूर्वपदके परिवर्तनसे और "सुरपतिः, सुरेशः, सुरराजः, सुरेन्द्रः,..........."में उत्तरपदके परिवर्तनसे उक्त शब्द 'इन्द्र'के पर्याय बन जाते हैं ॥

१. ( 'यौगिक' शब्दोंका उपसंहार करते हुए कहते हैं—) इस प्रकार अर्थात् कहींपर पूर्वपदके, कहींपर उत्तर पदके और कहींपर उभय पदों ( दोनों पदों ) के परिवर्तनको सहनेवाले "वार्धिः, वडवाग्निः, भूभृत्, भूधरः,......." शब्द 'यौगिक' ( प्रकृति-प्रत्ययके योगसे बने हुए ) कहे जाते हैं ॥

२. ( १।२ से आरम्भकर यहाँतक 'यौगिक' शब्दोंका निर्देश करनेके उपरान्त अब क्रमप्राप्त तृतीय 'मिश्र' अर्थात् 'योगरूढ' शब्दोंका निर्देश करते हैं—) 'गर्वाणः' आदि शब्द ( पूर्व पदमें या उत्तर पदमें ) पर्याय-परिवर्तनका सहन नहीं करनेसे अर्थात् पूर्व या उत्तर पदमें परिवर्तन करनेपर अभीष्टार्थका बोधक नहीं होनेसे 'मिश्र'अर्थात् 'योगरूढ' शब्द यहाँ (इस अभिधानचिन्तामणि'नामक ग्रन्थमें ) कहे जायेंगे । ( 'गीर्वाणसन्निभाः' पद में 'आदि' अर्थवाले 'सन्निभ' शब्दके प्रयोगसे—'दशरथः, कृतान्तः,.........." इत्यादि 'मिश्र' शब्दोंका संग्रह होता है ) ॥

३. इस ग्रन्थमें कहे जानेवाले पर्यायोंके लिङ्गों ( पुँलिङ्ग, स्त्रीलिङ्ग और नपुंसकलिङ्ग ) का ज्ञान 'लिङ्गानुशासन'से करना चाहिए । ( अत एव 'अमरकोष' इत्यादि ग्रंथोंके समान इस 'अभिधानचिन्तामणि' ग्रंथमें लिङ्गोंका निर्णय नहीं किया गया है ( कुछ सन्दिग्ध और अनेक लिङ्गवाले पर्यायोंका निर्णय स्वोपज्ञ वृत्तिमें किया गया है । यथा—"गणरात्रः पुंक्लीबलिङ्गः (२।५७), तमिस्रम् स्त्रीक्लीबलिङ्गः ( २।५९ ), तिथिः पुंस्त्रीलिङ्गः ( २।६१ ),..........")

४. जीवोंकी ५ गतियाँ हैं—१ मुक्तगति, २ देवगति, ३ मनुष्यगति, ४ तिर्यग्गति और ५ नारकगति । अतः इन भेदोंसे जीव भी ५ प्रकारके होते हैं—१ मुक्त, २ देव, ३ मनुष्य, ४ तिर्यञ्च और ५ नारक । पहले, कहे जानेवाले "रूढ, यौगिक तथा मिश्र" शब्दोंके विभागोंको कहकर अब प्रथमादि ६ काण्डोंमें वक्ष्यमाण 'मुक्त' आदि जीवोंके क्रमको कहते हैं—) १ म काण्डमें—गणधर आदि अङ्गोंके सहित देवाधिदेव ( वर्तमान, भूत तथा भविष्यत् अर्हन्तों

नरास्तृतीये, तिर्यञ्चस्तुर्य एकेन्द्रियादयः ॥ २० ॥
एकेन्द्रियाः पृथिव्यम्बुतेजोवायुमहीरुहः ।
कृमिपीलकलूताद्याः स्युर्द्वित्रिचतुरिन्द्रियाः ॥ २१ ॥
पञ्चेन्द्रियाश्चेभकेकिमत्स्याद्याः स्थलखाम्बुगाः ।
पञ्चेन्द्रिया एव देवा नरा नैरयिका अपि ॥ २२ ॥
नारकाः पञ्चमे साङ्गाः षष्ठे साधारणाः स्फुटम् ।
प्रस्तोष्यन्तेऽव्ययाश्चात्र १ त्वन्ताथादी न पूर्वगौ ॥ २३ ॥
२ अर्हन् जिनः पारगतस्त्रिकालवित्

---

तथा उनके वाचक शब्दों) को, २ य काण्डमें—अङ्गों ( भेदोपभेदों ) के सहित देवोंको, ३ य काण्डमें—अङ्गोंके सहित मनुष्योंको, ४र्थ काण्डमें—अङ्गोंके सहित तिर्यञ्चोंको, इनमें एक इन्द्रियवालों पृथ्वीकायिक ( शुद्ध पृथ्वी, शर्करा ( कङ्कड़ ), बालू ( रेत ),..........), जलकायिक ( हिम अर्थात् बर्फ आदि), तेजःकायिक ( अङ्गार आदि ), वायुकायिक ( उत्कलिका आदि ) तथा वनस्पतिकायिक ( शेवाल आदि ) जीवोंको; दो ( स्पर्शन (चमड़ा) तथा रसना), इन्द्रियोंवाले कृमि आदि जीवोंको; तीन ( स्पर्शन, रसना तथा नाक ) इन्द्रियों वाले पिपीलिका ( चींटी ) आदि जीवोंको, चार ( स्पर्शन, रसना, नाक तथा नेत्र ) इन्द्रियोंवाले लूता ( मकड़ी ) आदि जीवोंको और पाँच ( स्पर्शन, रसना, नाक, नेत्र तथा कान ) इन्द्रियोंवाले स्थलचर अर्थात् सूखी भूमिमें चलनेवाले हाथी, मनुष्य, गौ आदि; खेचर अर्थात् आकाशमें चलनेवाले मोर, कबूतर, गीध, चील आदि और जलचर अर्थात् पानीमें चलनेवाले मछली, मगर, घड़ि-याल, सूँस आदि जीवोंको तथा उक्त पांच इन्द्रियोंवाले ही देवों, मनुष्यों तथा नारकीय ( नरकवासी ) जीवोंको; एवं ५म काण्डमें—अङ्गोंके सहित नारकीय जीवोंको और ६ष्ठ काण्डमें—साधारण तथा अव्यय शब्दोंको कहूँगा ॥

१. 'त्वन्त' ( जिसके अन्तमें 'तु' शब्द है वह ) शब्द तथा 'अथादि' ( जिसके पूर्वमें 'अथ' शब्द है वह ) शब्द अपनेसे पहलेवाले शब्दके साथ सम्बद्ध नहीं होता है । (क्रमशः उदा०—१ म 'त्वन्त' जैसे—'स्यादनन्त-जिदनन्तः सुविधस्तु पुष्पदन्तः' ( १।२६ ) यहाँपर 'सुविध' शब्दके बादमें 'तु' शब्दका प्रयोग होनेसे 'सुविध' शब्द आगेवाले 'पुष्पदन्त' शब्दका ही पर्याय होता है, पूर्ववाले 'अनन्त' शब्दका नहीं । २ य 'अथादि' जैसे—'मुक्तिर्मोक्षो-ऽपवर्गोऽथ मुमुक्षुः श्रमणो यतिः' ( १।७५ ) यहाँपर 'मुमुक्षु' शब्दके आदिमें 'अथ' शब्दका प्रयोग होनेसे 'मुमुक्षु' शब्द आगेवाले 'श्रमण' शब्दका ही पर्याय होता है, पूर्ववाले 'अपवर्ग' शब्दका नहीं ) ॥

२. 'जिनेन्द्र भगवान्'के २५ नाम हैं—अर्हन् (-त् ), जिनः, पारगतः,

क्षीणाष्टकर्मा परमेष्ठ्यधीश्वरः ।
शम्भुः स्वयम्भूर्भगवान् जगत्प्रभु-
स्तीर्थङ्करस्तीर्थकरो जिनेश्वरः ॥ २४ ॥
स्याद्वाद्यभयदसार्वाः सर्वज्ञः सर्वदर्शिकेवलिनौ ।
देवाधिदेवबोधिदपुरुषोत्तमवीतरागाप्ताः ॥ २५ ॥
१ एतस्यामवसर्पिण्यामृषभोऽजितशम्भवौ ।
अभिनन्दनः सुमतिस्ततः पद्मप्रभाभिधः ॥ २६ ॥
सुपार्श्वश्चन्द्रप्रभश्च सुविधिश्चाथ शीतलः ।
श्रेयांसो वासुपूज्यश्च विमलोऽनन्ततीर्थकृत् ॥ २७ ॥
धर्मः शान्तिः कुन्थुररो मल्लिश्च मुनिसुव्रतः ।
नमिर्नेमिः पार्श्वो वीरश्चतुर्विंशतिरर्हताम् ॥ २८ ॥
२ ऋषभो वृषभः ३श्रेयान् श्रेयांसः ४स्यादनन्तजिदनन्तः ।
५ सुविधिस्तु पुष्पदन्तो ६ मुनिसुव्रतसुव्रतौ तुल्यौ ॥ २९ ॥
७ अरिष्टनेमिस्तु नेमि८र्वीरश्चरमतीर्थकृत् ।
महावीरो वर्धमानो देवार्यो ज्ञातनन्दनः ॥ ३० ॥

---

त्रिकालवित् (-द्), क्षीणाष्टकर्मा (-र्मन्), परमेष्ठी (-ष्ठिन्), अधीश्वरः, शम्भुः, स्वयम्भूः, भगवान् (-वत्), जगत्प्रभुः, तीर्थङ्करः, तीर्थकरः, जिनेश्वरः, स्याद्वादी (-दिन् । + अनेकान्तवादी, -दिन्), अभयदः, सार्वः, सर्वज्ञः, सर्वदर्शी (-र्शिन्), केवली (-लिन्), देवाधिदेवः, बोधिदः, (+ बोधदः), पुरुषोत्तमः, वीतरागः, आप्तः ॥

१. वर्तमान अवसर्पिणी (दश सागर कोड़ाकोड़ी परिमित समय-विशेष) में २४ तीर्थङ्कर हुए हैं, उनका क्रमशः वक्ष्यमाण १–१ नाम है—ऋषभः, अजितः, शम्भवः (+ सम्भवः), अभिनन्दनः, सुमतिः, पद्मप्रभः, सुपार्श्वः, चन्द्रप्रभः, सुविधिः, शीतलः, श्रेयांसः, (+ श्रेयांशः), वासुपूज्यः, विमलः, अनन्तः, धर्मः, शान्तिः, कुन्थुः, अरः, मल्लिः, मुनिसुव्रतः, नमिः (+ निमिः), नेमिः (+ नेमी -मिन्), पार्श्वः (+ पार्श्वनाथः), वीरः ॥

२. 'ऋषभदेव'के २ नाम हैं—ऋषभः, वृषभः ॥

३. 'श्रेयांसनाथ'के २ नाम हैं—श्रेयान् (-यस्), श्रेयांसः ॥

४. 'अनन्तजित्'के २ नाम हैं—अनन्तजित्, अनन्तः ॥

५. 'पुष्पदन्त'के २ नाम हैं—सुविधिः, पुष्पदन्तः ॥

६. 'मुनिसुव्रत'के २ नाम हैं—मुनिसुव्रतः, सुव्रतः ॥

७. 'नेमिनाथ'के २ नाम हैं—अरिष्टनेमिः, नेमिः (+ नेमी, -मिन्) ॥

८. 'महावीर स्वामी'के ६ नाम हैं—वीरः, चरमतीर्थकृत्, महावीरः, वर्द्धमानः, देवार्यः, ज्ञातनन्दनः ॥

१ गणा नवास्यर्षिसङ्घा २ एकादश गणाधिपाः ।
इन्द्रभूतिरग्निभूतिर्वायुभूतिश्च गोतमाः ॥ ३१ ॥
व्यक्तः सुधर्मा मण्डितमौर्यपुत्रावकम्पितः ।
अचलभ्राता मेतार्यः प्रभासश्च पृथक्कुलाः ॥ ३२ ॥
३ केवली चरमो जम्बूस्वाम्य४थ प्रभवप्रभुः ।
शय्यम्भवो यशोभद्रः सम्भूतविजयस्ततः ॥ ३३ ॥
भद्रबाहुः ५स्थूलभद्रः श्रुतकेवलिनो हि षट् ।

---

१. इस महावीर स्वामीके नव ऋषियोंके समूह 'गण' हैं ।

**विमर्शः**—यद्यपि महावीरके ११ गणधर थे, तथापि केवल नव ही गणधरोंके विभिन्न 'वाचन' हुए । 'अकम्पित' तथा 'अचलभ्राता'के और 'मेतार्य' तथा 'प्रभास'के चूंके परस्पर समान ही 'वाचन' हुए थे, अत एव यहाँ महावीर स्वामीके नव ही गणोंका कहना असङ्गत नहीं होता । यही बात 'त्रिषष्टिशलाकापुरुषचरित'के—

"श्रीवीरनाथस्य गणधरेष्वेकादशस्वपि ।
द्वयोर्द्वयोर्वाचनयोः साम्यादासन् गणा नव ॥"

कथनसे भी पुष्ट होती है ॥

२. गणाधिप ( गणधर, गणेश्वर ) ११ हैं, उनका क्रमशः पृथक्-पृथक् १-१ नाम है—१ इन्द्रभूतिः, २ अग्निभूतिः, ३ वायुभूतिः, ४ व्यक्तः, ५ सुधर्मा (-र्मन्), ६ मण्डितः, ७ मौर्यपुत्रः, ८ अकम्पितः, ९ अचलभ्राता (-तृ), १० मेतार्यः और ११ प्रभासः । इनके कुल पृथक्-पृथक् हैं ।

**विमर्शः**—प्रथम तीन ( इन्द्रभूति, अग्निभूति और वायुभूति ) तथा अष्टम 'अकम्पित' गणधर 'गोतम' (+गौतम ) वंशमें उत्पन्न हैं, ४र्थ 'व्यक्त' गणधर 'भारद्वाज' गोत्रोत्पन्न है, ५म 'सुधर्मा' (-र्मन् । +सुधर्म-र्म ) गणधर "अग्निवैश्य' गोत्रमें उत्पन्न है, ६ष्ठ 'मण्डित' तथा ७म 'मौर्यपुत्र' गणधर क्रमशः 'वसिष्ठ' तथा 'कश्यप' गोत्रमें उत्पन्न हुए हैं, ९म 'अचलभ्राता' गणधर 'हारित' गोत्रोत्पन्न हैं और १०म 'मेतार्य' तथा ११श 'प्रभास' गणधर 'कौण्डन्य' गोत्रोत्पन्न हैं ॥

३. इस अवसर्पिणी कालमें अन्यकी उत्पत्ति असम्भव है, अतः 'जम्बूस्वामी' (-मिन्) अन्तिम 'केवली' (-लिन्) हैं ॥

४. 'श्रुतकेवलियों'का क्रमशः १-१ नाम है, १ प्रभवप्रभुः, (+प्रभवः) २ शय्यम्भवः, ३ यशोभद्रः, ४ सम्भूतविजयः, ५ भद्रबाहुः और ६ स्थूलभद्रः ।

१ महागिरिसुहस्त्याद्या वज्रान्ता दशपूर्विणः ॥ ३४ ॥
२ इक्ष्वाकुकुलसम्भूताः स्याद् द्वाविंशतिरर्हताम् ।
मुनिसुव्रतनेमी तु हरिवंशसमुद्भवौ ॥ ३५ ॥
३ नाभिश्च जितशत्रुश्च जितारिरथ संवरः ।
मेघो धरः प्रतिष्ठश्च महासेननरेश्वरः ॥ ३६ ॥
सुग्रीवश्च दृढरथो विष्णुश्च वसुपूज्यराट् ।
कृतवर्मा सिंहसेनो भानुश्च विश्वसेनराट् ॥ ३७ ॥
सूरः सुदर्शनः कुम्भः सुमित्रो विजयस्तथा ।
समुद्रविजयश्चाश्वसेनः सिद्धार्थ एव च ॥ ३८ ॥
मरुदेवा विजया सेना सिद्धार्था च मङ्गला ।
ततः सुसीमा पृथ्वी लक्ष्मणा रामा ततः परम् ॥ ३९ ॥
नन्दा विष्णुर्जया श्यामा सुयशाः सुव्रताऽचिरा ।
श्रीर्देवी प्रभावती च पद्मा वप्रा शिवा तथा ॥ ४० ॥
वामा त्रिशला क्रमतः पितरो मातारोऽर्हताम् ।
४ स्याद्गोमुखो महायक्षस्त्रिमुखो यक्षनायकः ॥ ४१ ॥

---

ये ६ 'श्रुतकेवली' (-लिन्) कहे जाते हैं ॥

१. महागिरिः, सुहस्ती (-स्तिन्) आदिसे 'वज्रः' अर्थात् 'वज्रस्वामी' तक दशपूर्वी (-र्विन्) अर्थात् 'दशपूर्वधर' हैं। (इनके बाद 'दशपूर्वधरों'का होना असम्भव है) ॥

२. पूर्व (१।२६-२८)में कहे गये २४ तीर्थङ्करोंमें-से ('मुनिसुव्रत तथा नेमि' को छोड़कर) २२ तीर्थङ्कर 'इक्ष्वाकु' वंशमें और 'मुनिसुव्रत तथा नेमि'— ये दो तीर्थङ्कर 'हरिवंश'में उत्पन्न हैं ॥

३. पूर्वोक्त (१।२६-२८) 'ऋषभ' आदि २४ तीर्थङ्करोंके पिताओंका क्रमशः १-१ नाम है—नाभिः, जितशत्रुः, जितारिः, संवरः, मेघः, धरः, प्रतिष्ठः, महासेनः, सुग्रीवः, दृढरथः, विष्णुः, वसुपूज्यः, कृतवर्मा (-र्मन्), सिंहसेनः, भानुः, विश्वसेनः, सूरः, सुदर्शनः, कुम्भः, सुमित्रः, विजयः, समुद्रविजयः, अश्वसेनः, सिद्धार्थः ॥ तथा क्रमशः उक्त २४ तीर्थङ्करोंकी माताओंका १-१ नाम है—मरुदेवा (+मरुदेवी), विजया, सेना, सिद्धार्था, मङ्गला, सुसीमा, पृथ्वी, लक्ष्मणा, रामा, नन्दा, विष्णुः (+विश्ना), जया, श्यामा, सुयशाः (-शस्), सुव्रता, अचिरा, श्रीः, देवी, प्रभावती, पद्मा, वप्रा (विप्रा), शिवा, वामा, त्रिशला ॥

४. पूर्वोक्त (१।२६-२८) 'ऋषभ' आदि २४ तीर्थङ्करोंके उपासक यक्षोंका क्रमशः १-१ नाम है—गोमुखः, महायक्षः त्रिमुखः, यक्षनायकः, तुम्बुरुः,

तुम्बुरुः कुसुमश्चापि मातङ्गो विजयोऽजितः ।
ब्रह्मा यक्षेट् कुमारः षण्मुखपातालकिन्नराः ॥ ४२ ॥
गरुडो गन्धर्वो यक्षेट् कुबेरो वरुणोऽपि च ।
भृकुटिर्गोमेधः पार्श्वो मातङ्गोऽर्हदुपासकाः ॥ ४३ ॥
१ चक्रेश्वर्यजितबला दुरितारिश्च कालिका ।
महाकाली श्यामा शान्ता भृकुटिश्च सुतारका ॥ ४४ ॥
अशोका मानवी चण्डा विदिता चाङ्कुशा तथा ।
कन्दर्पा निर्वाणी बला धारिणी धरणप्रिया ॥ ४५ ॥
नरदत्ताऽथ गान्धार्यम्बिका पद्मावती तथा ।
सिद्धायिका चेति जैन्यः क्रमाच्छासनदेवताः ॥ ४६ ॥
२ वृषो गजोऽश्वः प्लवगः क्रौञ्चोऽब्जं स्वस्तिकः शशी ।
मकरः श्रीवत्सः खड्गी महिषः शूकरस्तथा ॥ ४७ ॥
श्येनो वज्रं मृगश्छागो नन्द्यावर्तो घटोऽपि च ।
कूर्मो नीलोत्पलं शङ्खः फणी सिंहोऽर्हतां ध्वजाः ॥ ४८ ॥
३ रक्तौ च पद्मप्रभवासुपूज्यौ
शुक्लौ तु चन्द्रप्रभपुष्पदन्तौ ।

---

कुसुमः, मातङ्गः, विजयः, अजितः, ब्रह्मा (–ह्मन्), यक्षेट् (–क्षेश्), कुमारः, षण्मुखः, पातालः, किन्नरः, गरुडः, गन्धर्वः, यक्षेट् (–क्षेश्), कुबेरः, वरुणः, भृकुटिः, गोमेधः, पार्श्वः, मातङ्गः ॥

१. पूर्वोक्त ( १ । २६ – २८ ) 'ऋषभ' आदि २४ तीर्थङ्करोंकी शासन-देवताओं ( जिन–शासनकी अधिष्ठात्री देवियों ) का क्रमशः १–१ नाम है—चक्रेश्वरी (+अप्रतिचक्रा ), अजितबला (+अजिता ), दुरितारिः, कालिका, महाकाली, श्यामा (+अच्युतदेवी ), शान्ता, भृकुटिः, सुतारका (+सुतारा), अशोका, मानवी, चण्डा, विदिता, अङ्कुशा (+अङ्कुशी ) कन्दर्पा, निर्वाणी, बला, धारिणी, धरणप्रिया (+वैरोट्या ), नरदत्ता, गान्धारी, अम्बिका (+कुष्माण्डी ), पद्मावती, सिद्धार्थिका ॥

२. पूर्वोक्त ( १ । २६ – २८ ) 'ऋषभ' आदि २४ तीर्थङ्करोंके दक्षिणाङ्गमें स्थित चिह्नोंका क्रमशः १–१ नाम है—वृषः, गजः, अश्वः, प्लवगः, क्रौञ्चः, अब्जम्, स्वस्तिकः, शशी (–शिन्), मकरः, श्रीवत्सः खड्गी (–ड्गिन्), महिषः, शूकरः, श्येनः, वज्रम्, मृगः, छागः, नन्द्यावर्तः, घटः, कूर्मः, नीलोत्पलम्, शङ्खः, फणी (–णिन्), सिंहः ॥

३. पद्मप्रभ तथा वासुपूज्य तीर्थङ्करोंका वर्ण 'लाल', चन्द्रप्रभ तथा पुष्पदन्त ( सुविधि ) तीर्थङ्करोंका वर्ण 'शुक्ल', नेमि तथा मुनिसुव्रत तीर्थङ्करोंका

कृष्णौ पुनर्नेमिमुनी, विनीलौ
श्रीमल्लिपार्श्वौ, कनकत्विषोऽन्ये ॥ ४९ ॥

१ उत्सर्पिण्यामतीतायां चतुर्विंशतिरर्हताम् ।
केवलज्ञानी निर्वाणी सागरोऽथ महायशाः ॥ ५० ॥
विमलः सर्वानुभूतिः श्रीधरो दत्ततीर्थकृत् ।
दामोदरः सुतेजाश्च स्वाम्यथो मुनिसुव्रतः ॥ ५१ ॥
सुमतिः शिवगतिश्चैवास्तागोऽथ निमीश्वरः ।
अनिलो यशोधराख्यः कृतार्थोऽथ जिनेश्वरः ॥ ५२ ॥
शुद्धमतिः शिवकरः स्यन्दनश्चाथ सम्प्रतिः ।
२ भाविन्यां तु पद्मनाभः शूरदेवः सुपार्श्वकः ॥ ५३ ॥
स्वयम्प्रभश्च सर्वानुभूतिर्देवश्रुतोदयौ ।
पेढालः पोट्टिलश्चापि शतकीर्तिश्च सुव्रतः ॥ ५४ ॥
अममो निष्कषायश्च निष्पुलाकोऽथ निर्ममः ।
चित्रगुप्तः समाधिश्च संवरश्च यशोधरः ॥ ५५ ॥
विजयो मल्लदेवौ चानन्तवीर्यश्च भद्रकृत् ।
३ एवं सर्वावसर्पिण्युत्सर्पिणीषु जिनोत्तमाः ॥ ५६ ॥

---

वर्ण कृष्ण ( काला ), मल्लिनाथ तथा पार्श्वनाथ तीर्थङ्करोंका वर्ण 'विनील' और शेष १६ तीर्थङ्करोंका वर्ण 'सुवर्णकी कान्तिके समान पीला' होता है ॥

**विमर्श**—परिशिष्टमें चक्रसंख्या १ देखें ।

१. गत उत्सर्पिणी काल ( दशसागर परिमित कोड़ाकोड़ी वर्षोंका समय-विशेष ) में २४ तीर्थङ्कर हुए हैं, उनका क्रमशः १–१ नाम है—केवलज्ञानी (–निन् ), निर्वाणी (-णिन् ), सागरः, महायशाः (–शस् ), विमलः, सर्वानुभूतिः, श्रीधरः, दत्तः, दामोदरः, सुतेजाः (–जस् ), स्वामी (–मिन् ), मुनिसुव्रतः, सुमतिः, शिवगतिः, अस्तागः, निमिः (+निमीश्वरः ), अनिलः, यशोधरः, कृतार्थः, जिनेश्वरः, शुद्धमतिः, शिवकरः, स्यन्दनः, सम्प्रतिः ॥

२. भावी ( आगे-आगे आनेवाले ) उत्सर्पिणीकालमें भी २४ तीर्थङ्कर होनेवाले हैं, उनका क्रमशः १–१ नाम है—पद्मनाभः, शूरदेवः, सुपार्श्वः (+सुपार्श्वकः ), स्वयंप्रभः, सर्वानुभूतिः, देवश्रुतः, उदयः, पेढालः, पोट्टिलः, शतकीर्तिः, सुव्रतः, अममः, निष्कषायः, निष्पुलाकः, निर्ममः, चित्रगुप्तः, समाधिः, संवरः, यशोधरः, विजयः, मल्लः, देवः, अनन्तवीर्यः, भद्रकृत् (+भद्रः ) ॥

३. ( उपसंहार करते हैं—) इस प्रकार सब ( वर्तमान, भूत तथा भावी ) अवसर्पिणी तथा उत्सर्पिणी कालमें २४–२४ तीर्थङ्कर होते हैं ॥

चक्रसङ्ख्या १. वर्तमानावसर्पिणीभवतीर्थङ्कराणां नामवंशादेर्बोधकचक्रम् ( १।२६—४९ ) १६ पृष्ठे

| क्रमांक | तीर्थङ्करनामानि | वंशनामानि | पितृनामानि | मातृनामानि | उपासकनामानि | शासनदेवतानाम | चिह्ननामानि | वर्णनामानि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | ऋषभः | इक्ष्वाकुः | नाभिः | मरुदेवा(-वी) | गोमुखः | चक्रेश्वरी | वृषः (वृषभः) | सुवर्णवर्णः |
| २ | अजितः | ,, | जितशत्रुः | विजया | महायक्षः | अजितबला | गजः | ,, |
| ३ | शम्भवः | ,, | जितारिः | सेना | त्रिमुखः | दुरितारिः | अश्वः | ,, |
| ४ | अभिनन्दनः | ,, | शंवरः | सिद्धार्था | यक्षनायकः | कालिका | प्लवगः | ,, |
| ५ | सुमतिः | ,, | मेघः | मङ्गला | तुम्बुरुः | महाकाली | क्रौञ्चः | ,, |
| ६ | पद्मप्रभः | ,, | धरः | सुसीमा | कुसुमः | श्यामा | अब्जम् | रक्तवर्णः |
| ७ | सुपार्श्वः | ,, | प्रतिष्ठः | पृथ्वी | मातङ्गः | शान्ता | स्वस्तिकः | सुवर्णवर्णः |
| ८ | चन्द्रप्रभः | ,, | महासेनः | लक्ष्मणा | विजयः | भृकुटिः | शशी | शुक्लवर्णः |
| ९ | सुविधिः | ,, | सुग्रीवः | रामा | अजितः | सुतारका | मकरः | ,, |
| १० | शीतलः | ,, | दृढरथः | नन्दा | ब्रह्मा | अशोका | श्रीवत्सः | सुवर्णवर्णः |
| ११ | श्रेयांसः | ,, | विष्णुः | विष्णुः | यक्षेट् (यक्षेशः) | मानवी | खड्गी | ,, |
| १२ | वासुपूज्यः | ,, | वसुपूज्यः | जया | कुमारः | चण्डा | महिषः | रक्तवर्णः |
| १३ | विमलः | ,, | कृतवर्मा | श्यामा | षण्मुखः | विदिता | शूकरः | सुवर्णवर्णः |
| १४ | अनन्त (जित्) | ,, | सिंहसेनः | सुयशाः | पातालः | अंकुशा | श्येनः | ,, |
| १५ | धर्मः | ,, | भानुः | सुव्रता | किन्नरः | कन्दर्पा | वज्रम् | ,, |
| १६ | शान्तिः | ,, | विश्वसेनः | अचिरा | गरुडः | निर्वाणा | मृगः | ,, |
| १७ | कुन्थुः | ,, | सूरः | श्रीः | गन्धर्वः | बला | छागः | ,, |
| १८ | अरः | ,, | सुदर्शनः | देवी | यक्षेट् (यक्षेशः) | धारिणी | नन्द्यावर्तः | ,, |
| १९ | मल्लिः | ,, | कुम्भः | प्रभावती | कुबेरः | धरणप्रिया | घटः | विनीलः |
| २० | मुनिसुव्रतः | हरिवंशः | सुमित्रः | पद्मा | वरुणः | नरदत्ता | कूर्मः | कृष्णवर्णः |
| २१ | नमिः | इक्ष्वाकुः | विजयः | वप्रा | भृकुटिः | गान्धारी | नीलोत्पलम् | ,, |
| २२ | नेमिः | हरिवंशः | समुद्रविजयः | शिवा | गोमेधः | अंबिका | शङ्खः | सुवर्णवर्णः |
| २३ | पार्श्वः | इक्ष्वाकुः | अश्वसेनः | वामा | पार्श्वः | पद्मावती | फणी (सर्पः) | विनीलः |
| २४ | (महा) वीरः | ,, | सिद्धार्थः | त्रिशला | मातङ्गः | सिद्धायिका | सिंहः | सुवर्णवर्णः |

१ तेषां च देहोऽद्भुतरूपगन्धो निरामयः स्वेदमलोज्झितश्च ।
श्वासोऽब्जगन्धो रुधिरामिषन्तु गोक्षीरधाराधवलं ह्यविस्रम् ॥ ५७ ॥
आहारनीहारविधिस्त्वदृश्यश्चत्वार एतेऽतिशयाः सहोत्थाः ।
२ क्षेत्रे स्थितिर्योजनमात्रकेऽपि नृदेवतिर्यग्जनकोटिकोटेः ॥ ५८ ॥
वाणी नृतिर्यक्सुरलोकभाषासंवादिनी योजनगामिनी च ।
भामण्डलं चारु च मौलिपृष्ठे विडम्बिताहर्पतिमण्डलश्रीः ॥ ५९ ॥
साग्रे च गव्यूतिशतद्वये रुजावैरेतयो मार्यतिवृष्ट्यवृष्टयः ।
दुर्भिक्षमन्यस्वकचक्रतो भयं स्यान्नैत एकादश कर्मघातजाः ॥ ६० ॥

---

१. उन तीनों कालोंमें होनेवाले २४-२४ तीर्थङ्करोंके जन्मके साथ ही होनेवाले ४ अतिशय होते हैं; उनमें-से प्रथम अतिशय यह है कि—उन तीर्थङ्करोंके शरीरका रूप तथा गन्ध अद्भुत होता है, उनके शरीरमें रोग, पसीना, तथा मैल नहीं होती। द्वितीय अतिशय यह है कि—उन तीर्थङ्करोंका श्वास कमलके समान सुरभि होता है। तृतीय अतिशय यह है कि—उन तीर्थङ्करोंका रक्त गौके दूधकी धारके समान श्वेत होता है तथा मांस अपक्व मांसके समान गंधवाला नहीं होता है। और चतुर्थ अतिशय यह है कि—उन तीर्थङ्करोंका भोजन और मलमूत्रत्याग सामान्य चर्मचक्षुसे नहीं देखा जा सकता, (किन्तु अवधिलोचनवाले पुरुषसे ही देखा जा सकता है)॥

२. पूर्वोक्त (१।२६-२८) तीर्थङ्करोंके ज्ञानावरणीय कर्मके क्षय होनेसे उत्पन्न ११ अतिशय होते हैं। १म अतिशय—केवल एक योजनमात्र स्थान (समवसरण-भूमि) में कोटि-कोटि मनुष्यों, देवों तथा तीर्यञ्चोंकी स्थिति हो जाती है। २य अतिशय—उनकी वाणी (अर्द्धमागधी भाषा) मनुष्यों तिर्यञ्चों तथा देवोंकी भाषामें परिवर्तित हो जाती है अर्थात् तीर्थङ्कर अर्द्धमागधीरूप एक ही भाषामें उपदेश देते हैं, किन्तु वह मनुष्य तिर्यञ्च तथा देवलोगोंकी भाषामें बदल जाती है, अत एव एक ही भाषाको वे तीनों अपनी-अपनी भाषामें ग्रहण करते हैं तथा वह तीर्थङ्करोक्त वाणी एक योजनतक सुनायी पड़ती है। ३ य अतिशय—तीर्थङ्करोंके शिरके पिछले भागमें सूर्यमण्डलकी शोभाके समान तेजःपूर्ण और सुन्दर भामण्डल (प्रभासमूह) होता है। क्रमशः ४-११ श अतिशय—साग्र दो सौ गव्यूति अर्थात् एक सौ पच्चीस योजनतक ज्वर आदि रोग, परस्पर विरोध, ईतियां (धान्यादिको नष्ट करनेवाले चूहा तथा पशु-पक्षी आदिके उपद्रवविशेष, मारी (किसी उपद्रवसे सामूहिक मृत्यु), अत्यधिक वृष्टि, वृष्टिका सर्वथा अभाव (सूखा), दुर्भिक्ष और अपने या दूसरे राष्ट्रसे भय नहीं होते हैं॥

१ खे धर्मचक्रं चमराः सपादपीठं मृगेन्द्रासनमुज्ज्वलञ्च ।
छत्रत्रयं रत्नमयध्वजोऽङ्घ्रिन्यासे च चामीकरपङ्कजानि ॥ ६१ ॥
वप्रत्रयं चारु चतुर्मुखाङ्गता चैत्यद्रुमोऽधोवदनाश्च कण्टकाः ।
द्रुमानतिर्दुन्दुभिनाद उच्चकैर्वातोऽनुकूलः शकुनाः प्रदक्षिणाः ॥६२॥
गन्धाम्बुवर्षं बहुवर्णपुष्पवृष्टिः कचश्मश्रुनखाप्रवृद्धिः ।
चतुर्विधाऽमर्त्यनिकायकोटिर्जघन्यभावादपि पार्श्वदेशे ॥ ६३ ॥
ऋतूनामिन्द्रियार्थानामनुकूलत्वमित्यमी ।
एकोनविंशतिर्दैव्याश्चतुस्त्रिंशच्च मीलिताः ॥ ६४ ॥
२ संस्कारवत्त्वमौदात्यमुपचारपरीतता ।
मेघगम्भीरघोषत्वं प्रतिनादविधायिता ॥ ६५ ॥

---

१. उन तीर्थङ्करोंके देवकृत १९ अतिशय होते हैं—क्रमशः १–५ म अतिशय—आकाशमें धर्म-प्रकाशक चक्र होता है, आकाशमें चामर ( चँवर ) होते हैं, आकाशमें पादपीठ (पैर रखनेके लिए आसन) के सहित स्फटिकमय उज्ज्वल सिंहासन होता है, आकाशमें तीन छत्र होते हैं, और आकाशमें ही रत्नमय ध्वज ( झण्डा ) होता है। ६ष्ठ अतिशय—पैर रखनेके लिए सुवर्णरचित कमल होते हैं। ७म अतिशय—समवसरणमें रत्न, सुवर्ण तथा चाँदीके बने सुन्दर तीन वप्र (चहारदीवारियाँ) होते हैं। ८ म अतिशय—चार मुखोंवाले गात्र होते हैं। ९ म अतिशय—चैत्यनामक 'अशोक' वृक्ष होता है। १० म अतिशय—काँटोंका मुख नीचेकी ओर होता है। ११ श अतिशय—पेड़ ( फल-फूलकी अधिकतासे ) अत्यन्त झुके हुए रहते हैं। १२ श अतिशय—दुन्दुभिका शब्द लोकमें फैलनेवाला उच्च स्वरसे युक्त होता है। १३ श अतिशय—सुखप्रद अनुकूल वायु बहती है। १४ श अतिशय—पक्षिगण प्रदक्षिण क्रमसे (दहने भाग होकर ) उड़ते हैं। १५ श अतिशय—सुगन्धित जलकी वृष्टि होती है। १६ श अतिशय—घुटनेतक ऊँची पांच रंगवाले फूलोंकी वृष्टि होती है। १७ श अतिशय—बाल, रोएँ, दाढ़ी, मूँछ और नख नहीं बढ़ते हैं। १८ श अतिशय—समीपमें कमसे कम एक कोटि भवनपति आदि चतुर्विध ( १ भवनपति या भवनवासी, २ व्यन्तर, ३ ज्योतिष्क और ४ वैमानिक ) देवोंका निवास रहता है। १९ तम अतिशय—रूप रस गन्ध स्पर्श और शब्दसे वसन्त आदि ऋतु सर्वदा अनुकूल रहते हैं। इस प्रकार देवकृत ये १९ अतिशय, सहज ४ अतिशय और ज्ञानावरणीय कर्मक्षयजन्य ११ अतिशय ( १९+४+११=३४ ) कुल मिलाकर ३४ अतिशय उन तीर्थङ्करोंके होते हैं ॥

२. उन तीर्थङ्करोंकी वाणीके वक्ष्यमाण ३५ अतिशय होते हैं—१ संस्कारसे युक्त, २ उच्च स्वरयुक्त, ३ अग्राम्य, ४ मेघके तुल्य गम्भीर ध्वनिवाला, ५ प्रति-

दक्षिणत्वमुपनीतरागत्वं च महार्थता ।
अव्याहतत्वं शिष्टत्वं संशयानामसम्भवः ॥ ६६ ॥
निराकृतान्योत्तरत्वं हृदयङ्गमताऽपि च ।
मिथः साकाङ्क्षता प्रस्तावौचित्यं तत्त्वनिष्ठता ॥ ६७ ॥
अप्रकीर्णप्रसृतत्वमस्वश्लाघाऽन्यनिन्दता ।
आभिजात्यमतिस्निग्धमधुरत्वं प्रशस्यता ॥ ६८ ॥
अमर्मवेधितौदार्यं धर्मार्थप्रतिबद्धता ।
कारकाद्यविपर्यासो विभ्रमादिवियुक्तता ॥ ६९ ॥
चित्रकृत्त्वमद्भुतत्वं तथाऽनतिविलम्बिता ।
अनेकजातिवैचित्र्यमारोपितविशेषता ॥ ७० ॥
सत्त्वप्रधानता वर्णपदवाक्यविविक्तता ।
अव्युच्छित्तिरखेदित्वं पञ्चत्रिंशच्च वाग्गुणाः ॥ ७१ ॥
१ अन्तराया दानलाभवीर्यभोगोपभोगगाः ।

---

ध्वनिसे युक्त, ६ सरल, ७ मालव कैशिकी आदि ग्रामरागसे युक्त, ८ अधिक अर्थवाला, ९ पूर्वापर वाक्योंके विरोधाभाववाला, १० शिष्ट ( अभिमत सिद्धान्तका सूचक तथा वक्ताकी शिष्टताका सूचक), ११ सन्देहहीन, १२ दूसरोंके उत्तरोंका स्वयं निराकरण करनेवाला, १३ हृदयग्राह्य, १४ पदों तथा वाक्योंकी परस्परापेक्षाओंसे युक्त, १५ प्रस्तावनाके अनुकूल, १६ विवक्षित वस्तुस्वरूपके अनुकूल, १७ असम्बद्ध अधिकार तथा अतिविस्तारसे हीन, १८ आत्मप्रशंसा तथा परनिन्दासे हीन, १९ वक्ता या वक्तव्यकी भूमिकाके अनुकूल, २० घृत गुड़के तुल्य अत्यन्त स्निग्ध तथा मधुर, २१ प्रशंसित, २२ दूसरेका मर्मवेध नहीं करनेवाला, २३ उदार ( वक्तव्य अर्थमें पूर्ण ), २४ धर्मार्थयुक्त, २५ कारक-काल-वचन-लिङ्ग आदिके विपर्ययरूप दोषसे रहित, २६ वक्ताके भ्रान्ति आदि मानसिक दोषोंसे हीन, २७ उत्तरोत्तर कौतूहल-( उत्कण्ठा- )वर्द्धक, २८ अद्भुत, २९ अधिक-विलम्बित्व दोषसे हीन, ३० वर्णनीय वस्तुके स्वरूपवर्णनके संश्रयसे विचित्र, ३१ अन्य वचनोंसे विशिष्ट, ३२ सत्त्वप्रधान ( साहसयुक्त ), ३३ वर्ण, पद तथा वाक्योंके पृथक्त्वसे युक्त , ३४ विवक्षितार्थकी सम्यक् सिद्धि होनेतक निरन्तर वचनोंकी प्रमेयतायुक्त और ३५ आयासका अनुत्पादक -ऐसे तीर्थङ्करोंके वचन होते हैं, अत एव इन गुणोंसे युक्त होना तीर्थङ्करोंके वचनोंके अतिशय ( गुण ) हैं। इनमें प्रथम सात शब्दकी अपेक्षासे और शेष २८ अर्थकी अपेक्षासे उन तीर्थङ्करोंके वचनोंके अतिशय ( गुण ) होते हैं, ऐसा जानना चाहिये ॥

१. उन 'ऋषभ' आदि तीर्थङ्करोंमें ये १८ दोष नहीं होते हैं—१ दानगत अन्तराय, २ लाभगत अन्तराय, ३ वीर्यगत अन्तराय, ४ माला आदिका

हासो रत्यरती भीतिर्जुगुप्सा शोक एव च ॥ ७२ ॥
कामो मिथ्यात्वमज्ञानं निद्रा चाविरतिस्तथा ।
रागो द्वेषश्च नो दोषास्तेषामष्टादशाप्यमी ॥ ७३ ॥
१ महानन्दोऽमृतं सिद्धिः कैवल्यमपुनर्भवः ।
शिवं निःश्रेयसं श्रेयो निर्वाणं ब्रह्म निर्वृतिः ॥ ७४ ॥
महोदयः सर्वदुःखक्षयो निर्याणमक्षरम् ।
मुक्तिर्मोक्षोऽपवर्गो२ऽथ मुमुक्षुः श्रमणो यतिः ॥ ७५ ॥
वाचंयमो यती साधुरनगार ऋषिर्मुनिः ।
निर्ग्रन्थो भिक्षु३रस्य स्वं तपोयोगशमादयः ॥ ७६ ॥
४ मोक्षोपायो योगो ज्ञानश्रद्धानचरणात्मकः ।
५ अभाषणं पुनर्मौनं ६ गुरुर्धर्मोपदेशकः ॥ ७७ ॥
७ अनुयोगकृदाचार्यः —

---

भोगगत अन्तराय, ५ स्त्री आदिका उपभोगगत अन्तराय, ६ हास, ७ किसी पदार्थमें प्रीति, ८ किसी पदार्थमें द्वेष, ९ भय, १० घृणा, ११ शोक, १२ काम ( सुरत ), १३ मिथ्यात्व ( दर्शनमोह ), १४ अज्ञान, १५ निद्रा, १६ अविरति, १७ राग ( सुखज्ञाताके सुख-स्मृतिपूर्वक सुख या उसके साधनरूप इष्ट विषयमें लोभ ), और १८ द्वेष ( दुःखज्ञाताके दुःख-स्मृतिपूर्वक दुःख या उसके साधनरूप अनभिमत विषयमें क्रोध ) ॥

१. 'मोक्ष'के १८ नाम हैं—महानन्दः, अमृतम्, सिद्धिः, कैवल्यम्, अपुनर्भवः, शिवम्, निःश्रेयसम्, श्रेयः (–यस्), निर्वाणम्, ब्रह्म (–ह्मन्, पु न), निर्वृतिः, महोदयः, सर्वदुःखक्षयः, निर्याणम्, अक्षरम्, मुक्तिः, मोक्षः, अपवर्गः ॥

शेषश्चात्र—निर्वाणे स्यात् शीतीभावः । शान्तिर्नैश्चिन्त्यमन्तिकः ।

२. 'मुमुक्षु' ( मुक्ति चाहनेवाला, मुनि ) के ११ नाम हैं—मुमुक्षुः, श्रमणः (+श्रवणः), यतिः, वाचंयमः, यती (–तिन्), साधुः, अनगारः, ऋषिः, मुनिः ( पु स्त्री ), निर्ग्रन्थः, भिक्षुः ॥

३. इस 'मुमुक्षु'का धन 'तप, योग, शम, आदि ( "आदि' शब्दसे 'क्षमा,……" का संग्रह है) हैं, अत एव मुनिके यौगिक नाम—तपोधनः, योगी (–गिन्), शमभृत्, क्षान्तिमान् (–मत्),……होते हैं ॥

४. यथास्थिति तत्त्वका ज्ञान, श्रद्धान ( सम्यक् तत्त्वमें रुचि ), और चरित्र—ये तीनों मोक्षके उपाय हैं ॥

५. 'मौन, चुप रहना' के २ नाम हैं—अभाषणम्, मौनम् ( पु न ) ॥

६. 'धर्मके उपदेशक'का १ नाम है—गुरुः (+धर्मोपदेशकः) ॥

७. 'अनुयोग ( व्याख्या ) करनेवाले'का १ नाम है—आचार्यः ॥

—१ उपाध्यायस्तु पाठकः ।

२ अनूचानः प्रवचने साङ्गेऽधीती गणिश्च सः ॥ ७८ ॥

३ शिष्यो विनेयोऽन्तेवासी ४ शैक्षः प्राथमकल्पिकः ।

५ सतीर्थ्यास्त्वेकगुरवो ६ विवेकः पृथगात्मता ॥ ७९ ॥

७ एकब्रह्मव्रताचारा मिथः स्युर्ब्रह्मचारिणः ।

८ स्यात्पारम्पर्यमाम्नायः सम्प्रदायो गुरुक्रमः ॥ ८० ॥

९ व्रतादनं परिव्रज्या तपस्या नियमस्थितिः ।

१० अहिंसासूनृतास्तेयब्रह्माकिञ्चनताः यमाः ॥ ८१ ॥

११ नियमाः शौचसन्तोषौ स्वाध्यायतपसी अपि ।

देवताप्रणिधानञ्च १२ करणं पुनरासनम् ॥ ८२ ॥

१३ प्राणायामः प्राणयमः श्वासप्रश्वासरोधनम् ।

---

१. 'उपाध्याय' ( पढ़ानेवाले ) के २ नाम हैं—उपाध्यायः, पाठकः ॥

२. 'आचारादि अङ्गयुक्त प्रवचन ( आगम ) को पढ़े हुए'के २ नाम हैं—अनूचानः, गणिः ॥

३. 'शिष्य, छात्र'के ३ नाम हैं—शिष्यः, विनेयः, अन्तेवासी (-सिन् ) ॥

४. 'प्रथम कल्पको पढ़नेवाले'के २ नाम हैं—शैक्षः, प्राथमकल्पिकः ॥

५. 'एक गुरुके पास पढ़नेवालों'के २ नाम हैं—सतीर्थ्याः, एकगुरवः ॥

६. 'विवेक'के २ नाम हैं—विवेकः, पृथगात्मता ॥

७. एक समान शास्त्र पढ़नेवाले, व्रत करनेवाले और आचार रखनेवाले परस्परमें ( एक दूसरेके प्रति ) 'सब्रह्मचारी' (-रिन् ) कहे जाते हैं ॥

८. 'सम्प्रदाय'के ४ नाम हैं—पारम्पर्यम्, आम्नायः, सम्प्रदायः, गुरुक्रमः ॥

९. 'व्रत ग्रहण करने'के ४ नाम हैं—व्रतादानम्, परिव्रज्या (+प्रव्रज्या), तपस्या, नियमस्थितिः ॥

१०. अहिंसा, सूनृतम् ( प्रिय तथा सत्य वचन ), अस्तेयः ( विना दिये किसीकी कोई वस्तु नहीं लेना ), ब्रह्मचर्यम् ( अष्टविध मैथुनका त्याग ), अकिञ्चनता ( परिग्रहका त्याग )—इन पाँचोंको 'यमाः' ( अर्थात् 'यम' ) कहते हैं ॥

११. शौचम् ( शारीरिक तथा मानसिक शुद्धि ), सन्तोषः, स्वाध्यायः ( अध्ययन, या प्रणवमंत्रका जप ), तपः (-स् । चान्द्रायणादि व्रतोंका पालन), देवताप्रणिधानम् ( देवोंका ध्यान )—इन पाँचोंको 'नियमाः' ( अर्थात् 'नियम' ) कहते हैं ॥

१२. 'आसन' ( सिद्धासन, पद्मासन आदि ) के २ नाम हैं—करणम्, आसनम् ॥

१३. 'प्राणायाम' श्वास लेने अर्थात् नाकसे बाहरी वायुको भीतर

१ प्रत्याहारस्त्विन्द्रियाणां विषयेभ्यः समाहृतिः ॥ ८३ ॥
२ धारणा तु क्वचिद्ध्येये चित्तस्य स्थिरबन्धनम् ।
३ ध्यानं तु विषये तस्मिन्नेकप्रत्ययसन्ततिः ॥ ८४ ॥
४ समाधिस्तु तदेवार्थमात्राभासनरूपकम् ।
५ एवं योगो यमाद्यङ्गैरष्टभिः सम्मतोऽष्टधा ॥ ८५ ॥
६ श्वःश्रेयसं शुभशिवे कल्याणं श्वोवसीयसं श्रेयः ।
क्षेमं भावुकभविककुशलमङ्गलभद्रमद्रशस्तानि ॥ ८६ ॥

इत्याचार्य्यहेमचन्द्रविरचितायाम् "अभिधानचिन्तामणिनाममालायां"
प्रथमो 'देवाधिदेवकाण्डः' समाप्तः ॥ १ ॥

---

खींचने और प्रश्वास ( उसे रोकनेके बाद पुनः उस कोष्ठस्थ वायुको बाहर छोड़ने ) के २ नाम हैं—प्राणायामः, प्राणयमः ॥

१. नेत्रादि इन्द्रियोंको रूप आदि विषयोंसे हटाने'का १ नाम है—प्रत्याहारः ॥

२. 'ध्यान करने योग्य देव आदिमें चित्तको स्थिर करने'का १ नाम है—धारणा ॥

३. 'ध्यान करने योग्य देवादिमें ध्येयके आलम्बनके समान प्रवाह होने'का १ नाम है—ध्यानम् ॥

४. 'अर्थमात्रके आभासरूप ध्यान'का १ नाम है—समाधिः ॥

५. यम आदि आठ अङ्गों ( १ यम, २ नियम, ३ आसन, ४ प्राणायाम, ५ प्रत्याहार, ६ धारणा, ७ ध्यान और ८ समाधि ) से 'योग' ८ प्रकारका होता है ॥

६. 'शुभ, कल्याण'के १४ नाम हैं—श्वःश्रेयसम्, शुभम्, शिवम्, कल्याणम्, श्वोवसीयसम्, श्रेयः (-यस्), क्षेमम् ( पु न ), भावुकम्, भविकम्, कुशलम्, मङ्गलम्, भद्रम् (+भन्द्रम्), मद्रम्, शस्तम् (+प्रशस्तम्) ॥

शेषश्चात्र—भद्रे भव्यं काम्यं सुकृतसूनृते ।

इस प्रकार साहित्य-व्याकरणाचार्यादिपदभूषित मिश्रोपाह्व
श्री'हरगोविन्द शास्त्रि'विरचित 'मणिप्रभा' व्याख्यामें
प्रथम 'देवाधिदेवकाण्ड' समाप्त हुआ ॥१॥

# अथ देवकाण्डः ॥ २ ॥

१ स्वर्गस्त्रिविष्टपं द्यौदिवौ भुविस्तविषताविषौ नाकः ।
गौस्त्रिदिवमूर्ध्वलोकः सुरालयः स्तत्सदस्त्वमराः ॥ १ ॥
देवाः सुपर्वसुरनिर्जरदेवतर्भु-
बर्हिर्मुखानिमिषदैवतनाकिलेखाः ।
वृन्दारकाः सुमनसस्त्रिदशा अमर्त्याः
स्वाहास्वधाक्रतुसुधाभुज आदितेयाः ॥ २ ॥
गीर्वाणा मरुतोऽस्वप्ना विबुधा दानवारयः ।

---

१. 'स्वर्ग' के १२ नाम हैं—स्वर्गः, त्रिविष्टपम् ( न ), द्यौः (=द्यो ), द्यौः (=दिव् ), भुविः ( २ स्त्री ), तविषः, ताविषः, नाकः ( पु न ), गौः (=गो, पु स्त्री ), त्रिदिवम् ( पु न ), ऊर्ध्वलोकः, सुरालयः ( शे० पु ) ॥

शेषश्चात्र—फलोदयो मेरुपृष्ठं वासवावाससैरिकौ ।
दिदिविर्दीदिविद्युश्च दिवञ्च स्वर्गवाचकाः ॥

२. 'देवों' के २७ नाम हैं—स्वर्गसदः (–द् । यौ०–द्युसद्मानः,–द्मन्,……), अमराः, देवाः, सुपर्वाणः ( -र्वन् ), सुराः, निर्जराः, देवताः ( स्त्री ), ऋभवः (–भुः ), बर्हिर्मुखाः, अनिमिषाः, दैवतानि ( पु न ), नाकिनः (–किन् । यौ०–स्वर्गिणः,-गिन्, त्रिदिवाधीशाः,………), लेखाः, वृन्दारकाः, सुमनसः (–नस् ), त्रिदशाः, अमर्त्याः, स्वाहाभुजः, स्वधाभुजः, क्रतुभुजः, सुधाभुजः ( ४ -भुज् । यौ०—स्वाहाशनाः, स्वधाशनाः, यज्ञाशनाः, अमृतान्धसः –न्धस् ,………), आदितेयाः ( यौ०–आदित्याः, अदितिजाः,………), गीर्वाणाः, मरुतः (–रुत् ), अस्वप्नाः, विबुधाः, दानवारयः (–रि । यौ०—दनुजद्विषः, –द्विष् ,……… । शे० पु ) ॥

शेषाश्चात्र—निलिम्पाः कामरूपाश्च साध्याः शोभाश्चिरायुषः ।
पूजिता मर्त्यमहिता सुवाला वायुभाः सुराः ॥
तथा—द्वादशार्काः वसवोऽष्टौ विश्वेदेवास्त्रयोदश ।
षट्त्रिंशत्तुषिताश्चैव षष्टिराभास्वरा अपि ॥
षट्त्रिंशदधिके माहाराजिकाश्च शते उभे ।
रुद्रा एकादशैकोनपञ्चाशद्वायवोऽपरे ॥
चतुर्दश तु वैकुण्ठाः सुशर्माणः पुनर्दश ।
साध्याश्च द्वादशेत्याद्या विज्ञेया 'गणदेवताः' ॥

१ तेषां यानं विमानोऽन्धः पीयूषममृतं सुधा ॥ ३ ॥
३ असुरा नागास्तडितः सुपर्णका वह्नयोऽनिलाः स्तनिताः ।
उदधिद्वीपदिशो दश भवनाधीशाः कुमारान्ताः ॥ ४ ॥
४ स्युः पिशाचा भूता यक्षा राक्षसाः किन्नरा अपि ।
किम्पुरुषा महोरगा गन्धर्वा व्यन्तरा अमी ॥ ५ ॥
५ ज्योतिष्काः पञ्च चन्द्रार्कग्रहनक्षत्रतारकाः ।
६ वैमानिकाः पुनः कल्पभवा द्वादश ते त्वमी ॥ ६ ॥
सौधर्मेशानसनत्कुमारमाहेन्द्रब्रह्मलान्तकजाः ।

---

१. 'उन देवोंके यान' ( विमान, सवारी ) का १ नाम है—विमानः ( पु न । + व्योमयानम् । उन देवोंका यान विमान है, ऐसा सम्बन्ध होनेसे यौ० द्वारा—"विमानयानाः, वैमानिकाः, विमानिकाः,……" नाम भी 'देवों'के होते हैं ) ॥

२. 'अमृत' ( देवोंके भोज्य पदार्थ ) के ३ नाम हैं—पीयूषम् (+पेयूषम्), अमृतम् ( २ न ), सुधा ( स्त्री । +समुद्रनवनीतम् । यौ०—देवान्धः-न्धस्, देवान्नम्, देवभोज्यम्, देवाहारः,……) ॥

३. ( जैन-सिद्धान्तके अनुसार "१ भवनपति ( या भवनवासी ), २ व्यन्तर, ३ ज्योतिष्क और ४ वैमानिक" भेदसे देवोंके ४ भेद होते हैं; उनमेंसे क्रमप्राप्त 'भवनपति' देवोंके नामको पहले कहते हैं—) ये 'भवनपति' (या—'भवनवासी') देव १० होते हैं—असुरकुमाराः, नागकुमाराः, तडित्कुमाराः, सुपर्णकुमाराः, वह्निकुमाराः, अनिलकुमाराः, स्तनितकुमाराः, उदधिकुमाराः, द्वीपकुमाराः, दिक्कुमाराः ॥

विमर्श—ये देव कुमारके समान देखनेमें सुन्दर, मृदु, मधुर एवं ललित गतिवाले, शृङ्गार सुन्दर रूप एवं विकारवाले और कुमारके समान ही उद्धत वेष भाषा भूषण शास्त्र आवरण यान तथा वाहनवाले, तीव्र रागवाले एवं क्रीडापरायण होते हैं, अत एव ये 'कुमार' कहे जाते हैं ॥

४. ( अब क्रमप्राप्त द्वितीय 'व्यन्तर' देवोंको कहते हैं—) ये 'व्यन्तर' देव ८ होते हैं—पिशाचाः, भूताः, यक्षाः, राक्षसाः, किन्नराः, किम्पुरुषाः, महोरगाः, गन्धर्वाः ॥

५. ( अब क्रमप्राप्त तृतीय 'ज्योतिष्क' देवोंको कहते हैं—) ये 'ज्योतिष्क' देव ५ होते हैं—चन्द्रः, अर्कः, ग्रहाः, नक्षत्राणि, तारकाः ॥

६. ( अब सबसे अन्तमें क्रमप्राप्त चतुर्थ 'वैमानिक' देवोंको कहते हैं—) इन 'वैमानिक' देवोंके २ भेद हैं—१ कल्पभव और २ कल्पातीत । उनमें-से प्रथम 'कल्पभव' वैमानिक देव १२ होते हैं—सौधर्मजाः, ऐशानजाः, सनत्कु-

शुक्रसहस्रारानतप्राणतजा आरणाच्युतजाः ॥ ७ ॥
कल्पातीता नव ग्रैवेयकाः पञ्च त्वनुत्तराः ।
१ निकायभेदादेवं स्युर्देवाः किल चतुर्विधाः ॥ ८ ॥

२ आदित्यः सवितार्यमा खरसहस्रोष्णांशुरंशू रवि-
मार्तण्डस्तरणिर्गभस्तिररुणो भानुर्नभोऽहर्मणिः ।
सूर्योऽर्कः किरणो भगो ग्रहपुषः पूषा पतङ्गः खगो

---

मारजाः, माहेन्द्रजाः, ब्रह्मजाः, लान्तकजाः, महाशुक्रजाः, सहस्रारजाः, आनतजाः, प्राणतजाः, आरणजाः, अच्युतजाः । द्वितीय 'कल्पातीत' वैमानिक देव १४ होते हैं, उनमें-से ६ 'लोकपुरुष'के ग्रैवेयक अर्थात् कण्ठभूषण हैं तथा ५ अनुत्तर हैं ॥

**विमर्श**—कल्पातीत ग्रैवेयक देव ३ हैं, तथा प्रत्येकके ३-३ भेद होनेसे वे समष्टिरूपमें ६ हो जाते हैं, और 'विजयः, वैजयन्तः, जयन्तः, अपराजितः, सर्वार्थसिद्धः (+सर्वार्थसिद्धिः)—ये ५ 'अनुत्तर कल्पातीत' वैमानिक देव हैं, इस प्रकार ( ३ × ३ = ६ + ५ = १४ ) 'कल्पातीत' वैमानिक देवके १४ भेद हो जाते हैं ॥

१. इस प्रकार निवास-स्थानके भेदसे देवोंके ४ भेद होते हैं ।

**विमर्श**—इनमें-से प्रथम 'भवनपति' देव एक लाख अस्सी हजार योजन परिमित रत्नप्रभामें एक-एक हजार योजन छोड़कर जन्म-ग्रहण करते हैं। द्वितीय 'व्यन्तर' देव उस ( रत्नप्रभा ) के ऊपर छोड़े गये एक हजार योजनके ऊपर तथा नीचे ( दोनों ओर ) एक-एक सौ योजन छोड़कर बीचवाले आठ सौ योजनमें जन्म-ग्रहण करते हैं। तृतीय 'ज्योतिष्क' देव समतल भू-भाग से सात सौ नब्बे योजन ऊपर चढ़कर एक सौ दस योजन पिण्डवाले तथा लोकान्तसे कुछ कम आकाशदेशमें जन्म-ग्रहण करते हैं और चतुर्थ 'वैमानिक' देव डेढ़ रज्जु चढ़कर सर्वार्थसिद्धि विमानके अन्त सौधर्मादि कल्पोंमें जन्म-ग्रहण करते हैं। अपने-अपने नियत स्थानोंमें उत्पन्न भवनपत्यादि देव 'लवण-समुद्र, मन्दर पर्वत, वर्षधर पर्वत एवं जङ्गलों'में निवास तो करते हैं, किन्तु पूर्वोक्त नियत स्थानोंके अतिरिक्त स्थानोंमें इनकी उत्पत्ति नहीं होती, अत एव यहाँ मूल ( १।८ )में निवासार्थ या सहार्थमें 'निकाय' शब्दका प्रयोग किया गया है ॥

२. 'सूर्य'के ७२ नाम हैं—आदित्यः, सविता (-तृ), अर्यमा (-मन्), खरांशुः, सहस्रांशुः, उष्णांशुः ( यौ०—खररश्मिः, सहस्ररश्मिः, शीतेतररश्मिः,........), अंशुः, रविः, मार्तण्डः, तरणिः ( पु स्त्री ), गभस्तिः, अरुणः, भानुः, नभोमणिः, अहर्मणिः ( यौ०—व्योमरत्नम्, दिनरत्नम्, द्युमणिः, दिनमणिः,........), सूर्यः, अर्कः, किरणः, भगः, ग्रहपुषः, पूषा (-षन्),

मार्तण्डो यमुनाकृतान्तजनकः प्रद्योतनस्तापनः ॥ ९ ॥
ब्रध्नो हंसश्चित्रभानुर्विवस्वान् सूरस्त्वष्टा द्वादशात्मा च हेलिः ।
मित्रो ध्वान्तारातिरब्जांशुहस्तश्चक्राब्जाहर्बान्धवः सप्तसप्तिः ॥ १० ॥
दिवादिनाहर्दिवसप्रभाविभाभासः करः स्यान्मिहिरो विरोचनः ।
ग्रहाब्जिनीगोद्युपतिर्विकर्तनो हरिः शुचीनौ गगनाद्ध्वजाध्वगौ ॥ ११ ॥
हरिदश्वो जगत्कर्मसाक्षी भास्वान् विभावसुः ।
त्रयीतनुर्जगच्चक्षुस्तपनोऽरुणसारथिः ॥ १२ ॥

---

पतङ्गः, खगः, मार्तण्डः, यमुनाजनकः, कृतान्तजनकः ( यौ०—कालिन्दीसूः, यमसूः,……), प्रद्योतनः, तापनः, ब्रध्नः, हंसः, चित्रभानुः, विवस्वान् (-स्वत् ), सूरः ( + शूरः ), त्वष्टा (-ष्टृ ), द्वादशात्मा (-त्मन् ), हेलिः, मित्रः, ध्वान्ताराति: ( यौ०—तिमिरारिः,……), अब्जहस्तः, अंशुहस्तः ( यौ०—पद्मपाणिः, गभस्तिपाणिः,……), चक्रबान्धवः, अब्जबान्धवः, अहर्बान्धवः ( यौ०—चक्रवाकबन्धुः, पद्मबन्धुः, दिनबन्धुः,……), सप्तसप्तिः ( यौ०—सप्ताश्वः, विषमाश्वः,……) दिवाकरः, दिनकरः, अहस्करः, दिवसकरः, प्रभाकरः, विभाकरः, भास्करः ( यौ०—वासरकृत्, दिनप्रणीः, दिनकृत्,……), मिहिरः ( + मिहरः, महिरः ), विरोचनः, ग्रहपतिः, अब्जिनीपतिः, गोपतिः, द्युपतिः ( यौ०—ग्रहेशः, पद्मिनीशः, त्विषामीशः, दिनेशः,……), विकर्तनः, हरिः, शुचिः, इनः, गगनध्वजः, गगनाध्वगः (यौ०—नभःकेतनः, नभःपान्थः,……), हरिदश्वः, जगत्साक्षी, कर्मसाक्षी ( २ -क्षिन् ), भास्वान् (-स्वत्, यौ०—अंशुमान्-मत्, अंशुमाली -लिन्;……), विभावसुः, त्रयीतनुः, जगच्चक्षुः (-क्षुस् ); तपनः, अरुणसारथिः ॥

**विमर्श**:—ऋतुभेदसे प्रत्येक मासमें सूर्य-किरणें घटती-बढ़ती हैं, अत एव 'पूषति वर्द्धते' इस विग्रहसे सूर्यका नाम 'पूषा' होता है। 'व्याडि'के मतमें सूर्य-रश्मियोंकी संख्यामें वक्ष्यमाण विभिन्नता होती है। यथा—चैत्रमें १२००, वैशाखमें १३००, ज्येष्ठमें १४००, आषाढमें १५०० श्रावण तथा भाद्रपदमें १४००-१४००, आश्विनमें १६००, कार्तिकमें ११००, अगहनमें १०५०, पौषमें १०००, माघमें ११०० और फाल्गुनमें १०५० सूर्यकी किरणें होती हैं * ॥

---

* यथाऽऽह व्याडिः —
"ऋतुभेदात्पुनस्तस्यातिरिच्यन्तेऽपि रश्मयः ।
शतानि द्वादश मधौ त्रयोदशैव माधवे ॥
चतुर्दश पुनर्ज्येष्ठे नभोनभस्ययोस्तथा ।
पञ्चदशैव त्वाषाढे षोडशैव तथाऽऽश्विने ॥
कार्तिके त्वेकादश शतान्येवं तपस्यपि ।
मार्गे तु दश सार्द्धानि शतान्येवं च फाल्गुने ॥
पौष एव परं मासि सहस्रं किरणा रवेः ॥" इति ॥

१ रोचिरुस्ररुचिशोचिरंशुगो ज्योतिरर्चिरुपधृत्यभीशवः ।
प्रग्रहः शुचिमरीचिदीप्तयो धाम केतुघृणिरश्मिपृश्नयः ॥ १३ ॥
पाददीधितिकरद्युतिद्युतो रुग्विरोककिरणत्विषित्विषः ।
भाः प्रभावसुगभस्तिभानवो भा मयूखमहसी छविर्विभा ॥ १४ ॥
२ प्रकाशस्तेज उद्योत आलोको वर्च आतपः ।
३ मरीचिका मृगतृष्णा ४ मण्डलं तूपसूर्यकम् ॥ १५ ॥
परिधिः परिवेषश्च ५ सूरसूतस्तु काश्यपिः ।
अनूरुर्विनतासूनुररुणो गरुडाग्रजः ॥ १६ ॥

---

शेषश्चात्र—सूर्ये वाजीलोकबन्धुर्भानेमिर्भानुकेसरः ।
सहस्राङ्को दिवापुष्टः कालभृद्रात्रिनाशनः ॥
पपीः सदागतिः पीतुः सांवत्सररथः कपिः ।
इशानः पुष्करो ब्रह्मा बहुरूपश्च कर्णसूः ॥
वेदोदयः खतिलकः प्रत्यूषाण्डं सुरावृतः ।
लोकप्रकाशनः पीथो जगद्दीपोऽम्बुतस्करः ॥

१. 'किरण'के ३६ नाम हैं—रोचिः (-चिस्), उस्रः, रुचिः ( स्त्री ), शोचिः (-चिस्, न ), अंशुः ( पु ), गौः (-गो, पु स्त्री ), ज्योतिः (-तिस्, न), अर्चिः (-र्चिस्, स्त्री न ), उपधृतिः, अभीशुः ( + अभीषुः । २ पु ), प्रग्रहः, शुचिः, मरीचिः ( स्त्री पु ), दीप्तिः ( स्त्री ), धाम (-मन्), केतुः, घृणिः (+घृष्णिः, धृष्णिः ), रश्मिः, पृश्निः ( पु स्त्री । + पृष्णिः, वृष्णिः ), पादः, दीधितिः ( स्त्री ), करः, द्युतिः ( स्त्री ), द्युत्, रुक् (-च्), विरोकः, किरणः, त्विषिः ( स्त्री ), त्विट् (-ष्), भाः (-स्, पु स्त्री ), प्रभा, वसुः, गभस्तिः, भानुः ( ३ पु ), भा ( भा, स्त्री ), मयूखः, महः (-स्, न ), छविः( स्त्री ), विभा ॥

२. 'धूप, घाम'के ६ नाम हैं—प्रकाशः, तेजः (-जस्), उद्योतः, आलोकः, वर्चः (-र्चस्), आतपः ( + द्योतः ) ॥

३. 'मृगतृष्णा'के २ नाम हैं—मरीचिका, मृगतृष्णा ॥

४. 'मण्डल' ( सूर्यकी चारों ओर दिखलायी पड़नेवाले गोलाकार तेजः-समूह ) के ४ नाम हैं—मण्डलम् ( त्र ), उपसूर्यकम् ( न ), परिधिः ( पु ), परिवेषः ( + परिवेषः ) ॥

५. 'सूर्यके सारथि, अरुण'के ६ नाम हैं—सूरसूतः ( यौ०—रवि-सारथिः,....... ), काश्यपिः, अनूरुः, विनतासूनुः ( यौ०—वैनतेयः,....... ), गरुडाग्रजः ॥

१ रेवन्तस्त्वर्करेतोजः प्लवगो हयवाहनः ।
२ अष्टादश माठराद्याः सवितुः पारिपार्श्विकाः ॥ १७ ॥
३ चन्द्रमाः कुमुदबान्धवो दशश्वेतवाज्यमृतसूस्तिथिप्रणीः ।
कौमुदीकुमुदिनीभदक्षजारोहिणीद्विजनिशौषधीपतिः ॥ १८ ॥
जैवातृकोऽब्जश्च कलाशशैणच्छायाभृदिन्दुर्विधुरत्रिदृग्जः ।
राजा निशो रत्नकरौ च चन्द्रः सोमोऽमृतश्वेतहिमद्युतिग्लौः ॥१९॥

---

शेषश्चात्र—अरुणो विपुलस्कन्धो महासारथिराश्मनः ।

१. 'रेवन्त' ( वर्तमान १४ मनुओंमें-से पञ्चम मनु ) के ४ नाम हैं—रेवन्तः (+ रैवतः ), अर्करेतोजः, प्लवगः, हयवाहनः ॥

२. 'सूर्यके पारिपार्श्विक' ( पार्श्ववर्ती ) 'माठरः' इत्यादि १८ हैं ॥

विमर्श—सूर्यके १८ पार्श्ववर्तियोंके ये नाम हैं—"माठरः, पिङ्गलः, दण्डः, राजश्रोथौ, खरद्वारिकौ, कल्माषपक्षिणौ (-क्षिन्), जातृकारः, कुतापकौ, पिङ्गगजौ, दण्डिपुरुषौ, किशोरकौ" । ( इन्द्रादि देव ही दूसरे-दूसरे नामोंसे सूर्यके पार्श्ववर्ती बनकर रहते हैं ) ॥

३. 'चन्द्र'के ३२ नाम हैं—चन्द्रमाः (-मस्), कुमुदबान्धवः ( यौ०—कैरवबन्धुः, कुमुदसुहृत् -हृद्, ......), दशवाजी (+दशाश्वः ), श्वेतवाजी (+श्वेताश्वः । २-जिन् ), अमृतसूः ( यौ०—सुधासूः, ......), तिथिप्रणीः, कौमुदीपतिः, कुमुदिनीपतिः, भपतिः, दक्षजापतिः, रोहिणीपतिः, द्विजपतिः, निशापतिः, औषधीपतिः ( यौ०—ज्योत्स्नेशः, कुमुद्वतीशः, नक्षत्रेशः, दाक्षायणीशः, रोहिणीशः, द्विजेशः, निशेशः, औषधीशः, .......), जैवातृकः, अब्जः, (+समुद्रनवनीतम् ), कलाभृत्, शशभृत्, एणभृत्, छायाभृत् ( यौ०—कलानिधिः, शशधरः, मृगलाञ्छनः, छायाङ्कः, शशाङ्कः, मृगाङ्कः, कलाधरः, .......), इन्दुः, विधुः, अत्रिदृग्जः ( यौ०—अत्रिनेत्रप्रसूतः, .......), राजा (-जन् ), निशारत्नम्, निशाकरः ( यौ०—निशामणिः, रजनीकरः, ......), चन्द्रः, सोमः, अमृतद्युतिः, श्वेतद्युतिः, हिमद्युतिः (यौ०—सुधांशुः, सितांशुः, शीतांशुः, ......), ग्लौः ॥

विमर्शः—चन्द्रमाके दश घोड़े होनेसे उसे 'दशवाजी' कहते हैं, उन दश घोड़ोंके ये नाम हैं—यजुः (-जुष् ), चन्द्रमनाः (-नस् ), वृषः, सप्तधातुः, हयः, वाजी (-जिन् ), हंसः, व्योममृगः, नरः और अर्वा ( -र्वन् ) । इनमेंसे कहीं-कहीं 'चन्द्रमनाः'के स्थानमें 'त्रिघनाः' तथा 'सप्तधातुः'के स्थानमें 'सहरुण्यः' नाम भी आते हैं ॥

१ षोडशोंऽशः कला २ चिह्नं लक्षणं लक्ष्म लाञ्छनम् ।
अङ्कः कलङ्कोऽभिज्ञानं ३ चन्द्रिका चन्द्रगोलिका ॥ २० ॥
चन्द्रातपः कौमुदी च ज्योत्स्ना ४ बिम्बं तु मण्डलम् ।
५ नक्षत्रं तारका ताराज्योतिषी भमुडु ग्रहः ॥ २१ ॥
धिष्ण्यमृक्ष६मथाश्विन्यश्वकिनी दस्रदेवता ।
अश्वयुग्बालिनी चाथ ७ भरणी यमदेवता ॥ २२ ॥
८ कृत्तिकाबहुलाश्चाग्निदेवा ९ ब्राह्मी तु रोहिणी ।
१० मृगशीर्षं मृगशिरो मार्गश्चान्द्रमसं मृगः ॥ २३ ॥
११ इल्वलास्तु मृगशिरःशिरःस्थाः पञ्च तारकाः ।

---

शेषश्चात्र—चन्द्रस्तु मास्तपोराजौ शुभांशुः श्वेतवाहनः ।
जर्णः सुप्रो राजराजो यजतः कृत्तिकाभवः ॥
यक्षराडौषधीगर्भस्तपसः शयतो बुधः ।
स्यन्दः खसिन्धुः सिन्धूत्थः श्रविष्ठारमणस्तथा ॥
आकाशचमसः पीतुः क्लेदुः पर्वरिचिक्लिदौ ।
परिज्वा युवनो नेमिश्चन्दिरः स्नेहुरेकभूः ॥

१. 'चन्द्र'के सोलहवें भागका 'कला' यह १ नाम है ॥

२. 'चन्द्रकलङ्क, या चिह्नमात्र'के ७ नाम हैं—चिह्नम्, लक्षणम्, लक्ष्म (–क्ष्मन्), लाञ्छनम्, अङ्कः, कलङ्कः, अभिज्ञानम् ॥

३. 'चाँदनी'के ५ नाम हैं—चन्द्रिका, चन्द्रगोलिका, चन्द्रातपः, कौमुदी, ज्योत्स्ना (+चन्द्रिमा) ॥

४. 'मण्डल'के २ नाम हैं—बिम्बम् (पु न), मण्डलम् ॥

५. 'नक्षत्र, तारा'के ६ नाम हैं—नक्षत्रम्, तारका (त्रि), तारा (स्त्री पु), ज्योतिः (–तिस), भम्, उडु (स्त्री न), ग्रहः, धिष्ण्यम्, ऋक्षम् ॥

६. 'अश्विनी नक्षत्र'के ५ नाम हैं—अश्विनी, अश्वकिनी, दस्रदेवता, अश्वयुक् (–युज् स्त्री), बालिनी ॥

७. 'भरणी नक्षत्र'के २ नाम हैं—भरणी, यमदेवता ॥

८. 'कृत्तिका नक्षत्र'के ३ नाम हैं—कृत्तिकाः, बहुलाः (२ स्त्री० नि० ब० ब०), अग्निदेवाः ॥

९. 'रोहिणी नक्षत्र'के २ नाम हैं—ब्राह्मी, रोहिणी ॥

१०. 'मृगशिरा नक्षत्र'के ५ नाम हैं—मृगशीर्षम्, मृगशिरः (–रस्, पु न), मार्गः, चान्द्रमसम्, मृगः ॥

११. मृगशिरा नक्षत्र'के ऊपर भागमें स्थित ५ ताराओंका 'इल्वलाः' (स्त्री । + इन्वकाः) यह १ नाम है ॥

१ आर्द्रा तु कालिनी रौद्री २ पुनर्वसू तु यामकौ ॥ २४ ॥
आदित्यौ च ३ पुष्यस्तिष्यः सिद्धयश्च गुरुदैवतः ।
४ सार्प्यश्लेषा ५ मघाः पित्र्याः ६ फल्गुनी योनिदेवता ॥ २५ ॥
७ सा तूत्तरार्यमदेवा ८ हस्तः सवितृदेवतः ।
९ त्वाष्ट्री चित्रा१०ऽऽनिली स्वाति११र्विशाखेन्द्राग्निदेवता ॥ २६ ॥
राधा१२ऽनुराधा तु मैत्री १३ ज्येष्ठैन्द्री १४ मूल आश्रपः ।
१५ पूर्वाषाढापी १६ सोत्तरा स्याद्वैश्वी १७ श्रवणः पुनः ॥ २७ ॥
हरिदेवः१८श्रविष्ठा तु धनिष्ठा वसुदेवता ।
१९ वारुणी तु शतभिष२०गजाहिर्बुध्नदेवताः ॥ २८ ॥

---

१. 'आर्द्रा नक्षत्र'के ३ नाम हैं—आर्द्रा, कालिनी, रौद्री ॥

२. 'पुनर्वसु नक्षत्र'के ३ नाम हैं—पुनर्वसू ( पु ), यामकौ, आदित्यौ ( ३ नि० द्वि व० ) ॥

३. 'पुष्य नक्षत्र'के ४ नाम हैं—पुष्यः, तिष्यः, सिद्धयः, गुरुदैवतः ॥

४. 'अश्लेषा नक्षत्र'के २ नाम हैं—सार्पी, अश्लेषा ( पु स्त्री ) ॥

५. 'मघा नक्षत्र'के २ नाम हैं—मघाः, पित्र्याः ॥

६. 'पूर्वफल्गुनी नक्षत्र'के २ नाम हैं—पूर्वफल्गुनी ( द्विव० ब० व० । +ए० व० ) योनिदेवता ॥

७. 'उत्तरफल्गुनी नक्षत्र'के २ नाम हैं—उत्तरफल्गुनी ( नि० द्विव० ब०व० ), अर्यमदेवा ॥

८. 'हस्त नक्षत्र'के २ नाम हैं—हस्तः ( पु स्त्री ), सवितृदेवतः ॥

९. 'चित्रा नक्षत्र'के २ नाम हैं—त्वाष्ट्री, चित्रा ॥

१०. 'स्वाति नक्षत्र'के २ नाम हैं—आनिली, स्वातिः ( पु स्त्री ) ॥

११. 'विशाखा नक्षत्र'के ३ नाम हैं—विशाखा, इन्द्राग्निदेवता, राधा ॥

१२. 'अनुराधा नक्षत्र'के २ नाम हैं—अनुराधा (+अनूराधा ), मैत्री ॥

१३. 'ज्येष्ठा नक्षत्र'के २ नाम हैं – ज्येष्ठा, ऐन्द्री ॥

१४. 'मूल नक्षत्र'के २ नाम हैं—मूलः ( पु न ), आश्रपः ॥

१५. 'पूर्वाषाढा नक्षत्र'के २ नाम हैं—पूर्वाषाढा, आपी ॥

१६. 'उत्तराषाढा नक्षत्र'के २ नाम हैं—उत्तराषाढा, वैश्वी ॥

१७. 'श्रवण नक्षत्र'के २ नाम हैं—श्रवणः ( पु स्त्री ), हरिदेवः ॥

१८. 'धनिष्ठा नक्षत्र'के ३ नाम हैं—श्रविष्ठा, धनिष्ठा, वसुदेवता ॥

१९. 'शषभिषा नक्षत्र'के २ नाम हैं—वारुणी, शतभिषक् (–ज्, स्त्री ) ॥

२०. 'पूर्वभाद्रपदा नक्षत्र'के २ नाम हैं—अजदेवताः, पूर्वभाद्रपदाः ( २ स्त्री ) । 'उत्तरभाद्रपदा नक्षत्र'के २ नाम हैं—अहिर्बुध्नदेवताः

पूर्वोत्तरा भाद्रपदा द्वटयः प्रोष्ठपदाश्च ताः ।
१ रेवती तु पौष्णं २ दाक्षायण्यः सर्वाः शशिप्रियाः ॥ २६ ॥

(+अहिर्बुध्नदेवताः), उत्तरभाद्रपदाः ( २ स्त्री ) । उक्त दोनों नक्षत्रोंका १-१ नाम और भी है—प्रोष्ठपदाः ( स्त्री ब० व० ) ॥

१. 'रेवती नक्षत्र'के २ नाम हैं—रेवती ( स्त्री ), पौष्णम् ( न ) ॥

**विमृर्श**:—इन 'अश्विनी' आदि २७ नक्षत्रोंके लिङ्ग तथा वचन अन्य शास्त्रानुसार इस प्रकार हैं—अश्विनीसे रोहिणीतक ४ नक्षत्र स्त्रीलिङ्ग तथा बहुवचन, 'मृगशिर' स्त्रीलिङ्ग नपुंसक तथा एकवचन, 'आर्द्रा' स्त्रीलिङ्ग तथा एकवचन, 'पुनर्वसु, पुष्य' पुंल्लिङ्ग तथा एकवचन, 'अश्लेषा, मघा' स्त्रीलिङ्ग तथा बहुवचन, 'पूर्वफल्गुनी, उत्तरफल्गुनी' स्त्रीलिङ्ग तथा द्विवचन, 'हस्त' पुंल्लिङ्ग स्त्रीलिङ्ग तथा एकवचन, 'चित्रा' स्त्रीलिङ्ग तथा एकवचन, 'स्वाति' स्त्रीलिङ्ग पुंल्लिङ्ग तथा एकवचन, 'विशाखा, अनुराधा' स्त्रीलिङ्ग तथा बहुवचन, 'ज्येष्ठा' स्त्रीलिङ्ग तथा एकवचन, 'मूल' पुंल्लिङ्ग नपुंसक तथा एकवचन, 'पूर्वाषाढा, उत्तराषाढा' स्त्रीलिङ्ग तथा बहुवचन, 'श्रवण' पुंल्लिङ्ग स्त्रीलिङ्ग तथा एकवचन, 'धनिष्ठा, शतभिषज्' स्त्रीलिङ्ग तथा बहुवचन, 'पूर्वभाद्रपदा तथा उत्तरभाद्रपदा' स्त्रीलिङ्ग तथा द्विवचन, और 'रेवती' स्त्रीलिङ्ग तथा एकवचन है । 'मुकुट'ने जो—"अश्विनी, भरणी, रोहिणी आदि ३, पुष्य, आश्लेषा, हस्त आदि ३, अनुराधा आदि ८ और रेवती—ये १६ नक्षत्र एकवचन; पुनर्वसु, पूर्वफल्गुनी, उत्तरफल्गुनी, विशाखा, पूर्वभाद्रपदा, उत्तरभाद्रपदा—ये ६ नक्षत्र द्विवचन और कृत्तिका तथा मघा—ये २ नक्षत्र बहुवचन हैं" ऐसा कहा है, वह आर्षोक्तिविरुद्ध होनेसे चिन्त्य है ॥

२. 'अश्विनी'से 'रेवती' तक समष्टि २७ रूपमें नक्षत्रोंके २ नाम हैं—दाक्षायण्यः, शशिप्रियाः ( २ स्त्री । यहाँ बहुवचन नक्षत्रोंकी बहुलतासे है, उक्त दोनों शब्द नि० बहुवचन नहीं हैं ) ।

**विमर्श**—यद्यपि "अष्टाविंशतिराख्यातास्तारका मुनिसत्तमैः" इस वचनके अनुसार २८ नक्षत्रगणनाकी पूर्तिके लिए 'अभिजित्' नक्षत्रका भी सन्निवेश करना उचित था, तथापि—

"अभिजिद्भोगमेतद्वै वैश्वदेवान्त्यपादमखिलं , तत् ।
आद्याश्चतस्रो नाड्यो हरिभस्यैतस्य रोहिणीविद्धम् ॥"

इस वचनके अनुसार 'अश्विनी' आदि नक्षत्रोंके समान 'अभिजित्' नक्षत्रका स्वतन्त्र मान नहीं होनेके कारण मुख्य २७ नक्षत्रोंका कथन त्रुटिपूर्ण नहीं समझना चाहिए ॥

१ राशीनामुदयो लग्नं २ मेषप्रभृतयस्तु ते ।
३ आरो वक्रो लोहिताङ्गो मङ्गलोऽङ्गारकः कुजः ॥ ३० ॥
आषाढाभूर्नवार्चिश्च ४ बुधः सौम्यः प्रहर्षुलः ।
ज्ञः पञ्चार्चिः श्रविष्ठाभूः श्यामाङ्गो रोहिणीसुतः ॥ ३१ ॥
५ बृहस्पतिः सुराचार्यो जीवश्चित्रशिखण्डिजः ।
वाचस्पतिर्द्वादशार्चिर्धिषणः फल्गुनीभवः ॥ ३२ ॥
गीर्बृहत्योः पतिरुतथ्यानुजाङ्गिरसौ गुरुः ।
६ शुक्रो मघाभवः काव्य उशना भार्गवः कविः ॥ ३३ ॥
षोडशार्चिर्दैत्यगुरुर्धिष्ण्यः ७ शनैश्चरः शनिः ।
छायासुतोऽसितः सौरिः सप्तार्ची रेवतीभवः ॥ ३४ ॥

---

१. 'राशियोंके उदय'का १ नाम है—लग्नम् ( पु न ) ॥

२. 'वे राशियाँ' मेष इत्यादि १२ हैं।

विमर्श—'मेषः, वृषः, मिथुनम्, कर्कः, सिंहः, कन्या, तुला, वृश्चिकः, धनुः (–स्), मकरः, कुम्भः, मीनः'—ये १२ 'राशियाँ' हैं, इन्हींको 'लग्न' कहते हैं ॥

३. 'मङ्गल ग्रह'के ८ नाम हैं—आरः, वक्रः, लोहिताङ्गः, मङ्गलः, अङ्गारकः, कुजः ( यौ०—भौमः, माहेयः, धरणीसुतः, महीसुतः,……… ), आषाढाभूः, नवार्चिः (–र्चिस्) ॥

४. 'बुध ग्रह'के ८ नाम हैं—बुधः, सौम्यः ( यौ०—चन्द्रात्मजः, चान्द्रमसायनिः,………… ), प्रहर्षुलः, ज्ञः, पञ्चार्चिः (–र्चिस्), श्रविष्ठाभूः, श्यामाङ्गः, रोहिणीसुतः ( यौ०—रौहिणेयः,……… ) ॥

५. 'बृहस्पति ग्रह'के १३ नाम हैं—बृहस्पतिः, सुराचार्यः ( यौ०—देवगुरुः,…… ), जीवः, चित्रशिखण्डिजः ( यौ०—सप्तर्षिजः,…… ), वाचस्पतिः (+वाक्पतिः, वागीशः, ), द्वादशार्चिः (–र्चिस्), धिषणः, फल्गुनीभवः (+फाल्गुनीभवः ), गीःपतिः, बृहतीपतिः, उतथ्यानुजः, आङ्गिरसः, गुरुः ॥

शेषश्चात्र—गीष्पतिस्तु महामतिः ।
प्रख्याः प्रचक्षा वाग्वाग्मी गौरो दीदिविगीरथौ ॥

६. 'शुक्र ग्रह, शुक्राचार्य'के ६ नाम हैं—शुक्रः, मघाभवः, काव्यः, उशनाः (–नस्), भार्गवः, कविः, षोडशार्चिः (–र्चिस्), दैत्यगुरुः ( यौ०—असुराचार्यः,…… ), धिष्ण्यः ॥

शेषश्चात्र—शुक्रे भृगुः ।

७. 'शनि ग्रह'के १० नाम हैं—शनैश्चरः, शनिः, छायासुतः, असितः,

मन्दः क्रोडो नीलवासाः १ स्वर्भाणुस्तु विधुन्तुदः ।
तमो राहुः सैंहिकेयो भरणीभूः २ थाहिकः ॥ ३५ ॥
अश्लेषाभूः शिखी केतु ३ र्ध्रुव उत्तानपादजः ।
४ अगस्त्योऽगस्तिः पीताब्धिर्वातापिद्विड्घटोद्भवः ॥ ३६ ॥
मैत्रावरुणिराग्नय और्वशेयाग्निमारुतौ ।
५ लोपामुद्रा तु तद्भार्या कौषीतकी वरप्रदा ॥ ३७ ॥
६ मरीचिप्रमुखाः सप्तर्षयश्चित्रशिखण्डिनः ।
७ पुष्पदन्तौ पुष्पवन्तावेकोक्त्या शशिभास्करौ ॥ ३८ ॥

---

सोरिः, (+सौरः, शौरिः, सूरः), सप्तार्चिः (-र्चिस्), रेवतीभवः, मन्दः, क्रोडः, नीलवासाः (-सस्) ॥

शेषश्चात्र—शनौ पङ्गुः श्रुतकर्मा महाग्रहः ।
श्रुतश्रवोऽनुजः कालो ब्रह्मण्यश्च यमः स्थिरः ॥ क्रूरात्मा च ।

१. 'राहु ग्रह'के ६ नाम हैं—स्वर्भाणुः (+स्वर्भानुः), विधुन्तुदः, तमः (-मस्, पु न । + तमः,-म, पु ), राहुः ( +अभ्रपिशाचः, ग्रहकल्लोलः ), सैंहिकेयः, भरणीभूः ॥

शेषश्चात्र—अथ राहौ स्यादुपराग उपप्लवः ।

२. 'केतु ग्रह'के ४ नाम हैं—आहिकः, अश्लेषाभूः, शिखी (-खिन्), केतुः ॥

शेषश्चात्र—केतावूर्ध्वकचः ।

३. 'ध्रुव तारा'के २ नाम हैं—ध्रुवः, उत्तानपादजः ( यौ०—औत्तानपादिः, औत्तानपादः,……) ॥

शेषश्चात्र—ज्योतीरथग्रहाश्रयौ ध्रुवे ।

४. 'अगस्त्य मुनि'के ६ नाम हैं—अगस्त्यः, अगस्तिः, पीताब्धिः, वातापिद्विट् (-द्विष्), घटोद्भवः (+कुम्भजः), मैत्रावरुणिः, आग्नेयः, और्वशेयः, आग्निमारुतः ॥

५. 'अगस्त्य मुनिकी पत्नी'के ३ नाम हैं—लोपामुद्रा, कौषीतकी, वरप्रदा ॥

६. 'मरीचि' आदि सप्तर्षियोंके २ नाम हैं—सप्तर्षयः, चित्रशिखण्डिनः (-ण्डिन्) ।

विमर्शः—मरीचिः, अत्रिः, अङ्गिराः (-रस्), पुलस्त्यः, पुलहः, क्रतुः, वसिष्ठः (+वशिष्ठः)—ये 'सप्तर्षि' हैं ॥

७. 'एक साथ कहे गये सूर्य तथा चन्द्र'के २ नाम हैं—पुष्पदन्तौ, पुष्पवन्तौ ( -वत् । २ नि द्विव० ) ॥

१ राहुग्रासोऽर्केन्द्वोर्ग्रह उपराग उपप्लवः ।
२ उपलिङ्गं त्वरिष्टं स्यादुपसर्ग उपद्रवः ॥ ३९ ॥
अजन्यमीतिरुत्पातो ३ वह्नयुत्पात उपाहितः ।
४ स्यात्कालः समयो दिष्टानेहसौ सर्वमूषकः ॥ ४० ॥
५ कालो द्विविधोऽवसर्पिण्युत्सर्पिणीविभेदतः ।
सागरकोटिकोटीनां विंशत्या स समाप्यते ॥ ४१ ॥
६ अवसर्पिण्यां षडरा उत्सर्पिण्यां त एव विपरीताः ।
एवं द्वादशभिररैर्विवर्तते कालचक्रमिदम् ॥ ४२ ॥

---

१. 'सूर्यग्रहण तथा चन्द्रग्रहण'के ३ नाम हैं—राहुग्रासः, उपरागः, उपप्लवः ॥

२. 'उपद्रव'के ७ नाम हैं—उपलिङ्गम्, अरिष्टम्, उपसर्गः, उपद्रवः, अजन्यम् ( पु न ), ईतिः ( स्त्री ), उत्पातः ॥

३. 'अग्निजन्य उपद्रव' ( मता० 'धूमकेतु' नामक उपद्रव ) के २ नाम हैं—वह्न्युत्पातः, उपाहितः ॥

४. 'समय'के ५ नाम हैं—कालः, समयः ( पु न ), दिष्टः, अनेहाः (–हस् ), सर्वमूषकः ॥

५. 'काल'के २ भेद हैं—अवसर्पिणी, उत्सर्पिणी । वह काल ( समय ) बीस सागर कोड़ाकोड़ी व्यतीत होनेपर समाप्त होता है ।

विमर्श—प्रथम 'अवसर्पिणी' नामक कालमें भाव क्रमशः घटते जाते हैं और द्वितीय 'उत्सर्पिणी' नामक कालमें भाव क्रमशः बढ़ते जाते हैं । एक कोटि ( करोड़ ) को एक कोटिसे गुणित करनेपर एक कोटि-कोटि ( एक कोड़ाकोड़ी अर्थात् दश नील ) होता है । ऐसे बीस सागर कोटिकोटि ( कोड़ाकोड़ी ) समयमें वह द्विविध काल पूरा होता है ॥

६. प्रथम 'अवसर्पिणी' नामक काल ( २ । ४३ में वक्ष्यमाण 'एकान्त-सुषमा' इत्यादि ) में ६ 'अर' होते हैं और द्वितीय 'उत्सर्पिणी' नामक कालमें वे ही ६ 'अर' विपरीत क्रमसे होते हैं, इस प्रकार यह कालचक्र १२ अरोंसे घूमा ( चला ) करता है ।

विमर्श—प्रथम 'अवसर्पिणी' नामक कालमें १ एकान्तसुषमा अर्थात् सुषमसुषमा, २ सुषमा, ३ सुषमदुःषमा, ४ दुःषमसुषमा, ५ दुःषमा, और ६ एकान्तदुःषमा अर्थात् दुःषमदुःषमा'—ये ६ 'अर' होते हैं, तथा द्वितीय 'उत्सर्पिणी' नामक कालमें वे ही छहों अर विपरीत क्रमसे अर्थात् १ एकान्त-दुःषमा अर्थात् दुःषमदुःषमा, २ दुःषमा, ३ दुःषमसुषमा, ४ सुषमदुःषमा, ५ सुषमा और ६ एकान्तसुषमा अर्थात् सुषमसुषमा, होते हैं, और इन्हीं १२ अरोंके द्वारा यह उभयविध कालचक्र चलता रहता है । इन अरोंका मान आगे ( २ । ४३–४५ में ) कहा गया है ॥

१ तत्रैकान्तसुषमाऽरश्चतस्रः कोटिकोटयः ।
सागराणां २ सुषमा तु तिस्रस्तत्कोटिकोटयः ॥ ४३ ॥
३ सुषमदुःषमा ते द्वे ४ दुःषमसुषमा पुनः ।
सैका सहस्रैर्वर्षाणां द्विचत्वारिंशतोनिता ॥ ४४ ॥
५ अथ दुःषमैकविंशतिरब्दसहस्राणि ६तावती तु स्यात् ।
एकान्तदुःषमाऽपि ७ ह्येतत्सङ्ख्याः परेऽपि विपरीताः ॥ ४५ ॥
८ प्रथमेऽरत्रये मर्त्यास्त्रिद्वयेकपल्यजीविताः ।
त्रिद्वयेकगव्यूतोच्छ्राया स्त्रिद्वयेकदिनभोजनाः ॥ ४६ ॥
कल्पद्रुफलसन्तुष्टाः—

---

१. उनमें-से 'एकान्तसुषमा' अर्थात् 'सुषमसुषमा' नामक 'अर'का प्रमाण चार सागर कोड़ाकोड़ी है ॥

२. 'सुषमा' नामक 'अर'का प्रमाण तीन सागर कोड़ाकोड़ी है ॥

३. 'सुषमदुःषमा' नामक 'अर'का प्रमाण दो सागर कोड़ाकोड़ी है ॥

४. 'दुःषमसुषमा' नामक 'अर'का प्रमाण बयालिस सहस्र ( ४२००० ) कम एक सागर कोड़ाकोड़ी है ॥

५. 'दुःषमा' नामक 'अर'का प्रमाण इक्कीस सहस्र ( २१००० ) वर्ष है ॥

६. 'एकान्तदुःषमा' अर्थात् 'दुःषमदुःषमा' नामक 'अर'का प्रमाण उतना ( २१००० वर्ष ) ही है ॥

७. 'उत्सर्पिणी' नामक कालके भी ये ६ 'अर' विपरीत क्रमसे ( २।४२ के 'विमर्श'में वर्णित क्रमसे ) इतने ही इतने ( 'अवसर्पिणी' कालके अरोंके 'प्रमाण'के बराबर ही ) प्रमाणवाले होते हैं । इस प्रकार ( 'अवसर्पिणी' तथा 'उत्सर्पिणी'के भेदसे ) दोनों तरहके कालका प्रमाण २० सागर कोड़ाकोड़ी होता है ॥

८. प्रथम तीन ('एकान्तसुषमा—सुषमसुषमा, सुषमा और दुःषमसुषमा') अरोंमें मनुष्योंकी आयु क्रमशः तीन, दो और एक पल्यकी होती है, वे (मनुष्य) क्रमशः तीन, दो और एक गव्यूत ऊँचे होते हैं, तीन, दो और एक दिनपर भोजन करते हैं और कल्पवृक्षके फलोंको खाते हैं ।

विमर्श—'एकान्तसुषमा' ( सुषमसुषमा ) नामक अरमें मनुष्योंकी आयु तीन पल्य तथा ऊँचाई तीन गव्यूत होती है और वे तीन दिनपर अर्थात् चौथे दिन भोजन करते हैं । 'सुषमा' नामक अरमें मनुष्योंकी आयु दो पल्य तथा ऊँचाई दो गव्यूत होती है और वे दो दिन पर अर्थात् तीसरे दिन भोजन करते हैं । 'दुःषमसुषमा' नामक अरमें मनुष्योंकी आयु एक पल्य तथा ऊँचाई एक गव्यूत होती है और वे एक दिन पर अर्थात् दूसरे दिन भोजन करते हैं । इन तीनों अरोंमें होनेवाले मनुष्य कल्पवृक्षके फलोंको खाते हैं ।

जैनसम्प्रदायके अनुसार प्रमाणके दो भेद हैं—१ लौकिक तथा २ लोकोत्तर । १म लौकिक प्रमाणके ६ भेद हैं—१ मान, २ उन्मान, ३ अवमान, ४ गणना, ५ प्रतिमान और ६ तत्प्रमाण । २य लोकोत्तर प्रमाणके ४ भेद हैं—१ द्रव्यप्रमाण, २ क्षेत्रप्रमाण, ३ कालप्रमाण और ४ भावप्रमाण ।

इनमें-से १म द्रव्यप्रमाणके २ भेद हैं—१ संख्याप्रमाण और २ उपमाप्रमाण। संख्याप्रमाणके ३ भेद हैं–१ संख्येय, २ असंख्येय और ३ अनन्त। संख्येयप्रमाणके भी ३ भेद हैं—१ जघन्य, २ अजघन्योत्कृष्ट और ३ उत्कृष्ट। असंख्येयके ३ भेद हैं—१ परीतासंख्येय, २ युक्तासंख्येय और ३ अनन्तासंख्येय। इन तीनों ( परीतासंख्येय, युक्तासंख्येय और अनन्तासंख्येय )में प्रत्येकके ३–३ भेद हैं—१ जघन्य, २ उत्कृष्ट और ३ मध्यम ( इस प्रकार असंख्येयके ६ भेद होते हैं )। इसी प्रकार अनन्तके भी ३ भेद हैं—१ परीतानन्त, २ युक्तानन्त और ३ अनन्तानन्त। इन तीनों (परीतानन्त, युक्तानन्त और अनन्तानन्त ) में प्रत्येकके ३–३ भेद हैं—१ जघन्य, २ उत्कृष्ट और ३ मध्यम ( इस प्रकार अनन्तप्रमाणके भी ६ भेद हो जाते हैं )। उपमाप्रमाण ( द्रव्यप्रमाणके २य भेद ) के ८ भेद हैं—१ पल्य, २ सागर, ३ सूची, ४ प्रतर, ५ घनाङ्गुल, ६ जगच्छ्रेणी, ७ लोक और ८ प्रतर लोक। इनमें १म पल्यप्रमाणके ३ भेद हैं—१ व्यवहारपल्य, २ उद्धारपल्य और ३ अद्धापल्य ( इसका विशद विवेचन आगे किया जायेगा )। क्षेत्रप्रमाण ( लोकोत्तरप्रमाणके ४ भेदोंमें से २य प्रमाण )के २ भेद हैं—१ अवगाह क्षेत्र और २ विभागनिष्पन्न क्षेत्र। उनमें-से १म अवगाह क्षेत्र एक दो तीन चार संख्येय असंख्येय और अनन्त प्रदेशवाले पुद्गल द्रव्यको अवकाश देनेवाले आकाशप्रदेशोंकी दृष्टिसे अनेक प्रकारका है। २ य विभागनिष्पन्न क्षेत्र भी असंख्यात आकाशश्रेणी, क्षेत्रप्रमाणांगुलका एक असंख्यात भाग, असंख्यात प्रमाणांगुलके असंख्यात भाग, एक क्षेत्र प्रमाणांगुलके भेदसे अनेक प्रकारका होता है। कालप्रमाणके भी अनेक भेद हैं, यथा—काल, आवली, निश्वास-उच्छ्वास, प्राण, स्तोक, लव, मुहूर्त, अहोरात्र ( दिन-रात ), पक्ष, मास, ऋतु, अयन, वर्ष, ( ८४ लाख वर्षका ) पूर्वाङ्ग, ( ८४ लाख पूर्वाङ्गका ) पूर्व; इसी प्रकार उत्तरोत्तर 'नयुतांग नयुत, कुमुदांग कुमुद, पद्मांग पद्म, नलिनांग नलिन, महालतांग महालता' आदि काल-वर्षोंकी गणना गणनीय ( गिनने योग्य ) होनेसे 'संख्येय' कही जाती है। इसके आगे पल्योपम, सागरोपम आदि काल असंख्येय हैं। उनके अनन्त काल हैं, जो अतीत एवं अंतगत रूप हैं तथा वे सर्वज्ञके ही प्रत्यक्षगम्य हैं। भावप्रमाण पञ्चविध ज्ञानको कहा जाता है।

अब 'पल्य' प्रमाणको स्पष्ट करनेके प्रसङ्गमें पहले 'योजन' प्रमाणको स्पष्ट किया जाता है—अनन्तानन्त परमाणु = १ उत्संज्ञासंज्ञा, ८ उत्संज्ञासंज्ञा = १ संज्ञासंज्ञा, ८ संज्ञासंज्ञा = १ त्रुटिरेणु, ८ त्रुटिरेणु = १ त्रसरेणु, ८ त्रसरेणु = १ रथरेणु, ८ रथरेणु = १ देवकुरु = उत्तर देवकुरुके मनुष्यका वालाग्र, उक्त ८ वालाग्र = हैरण्यवत और हैमवत क्षेत्रके मनुष्यका वालाग्र,

उक्त ८ वालाग्र = भरत ऐरावत और विदेह क्षेत्रके मनुष्यका वालाग्र, उक्त ८ वालाग्र = १ लीख, ८ लीख = १ जूँ, ८ जूँ = १ यवमध्य, ८ यवमध्य = १ उत्सेधांगुल, ५०० उत्सेधांगुल = १ प्रमाणांगुल ( अवसर्पिणी कालके प्रथम चक्रवर्तीका आत्मांगुल ), ६ अंगुल = १ पाद, २ पाद = १ बित्ता, २ बित्ता = १ हाथ, २ हाथ = १ किष्कु, २ किष्कु = १ दण्ड, २००० दण्ड = १ गव्यूत और ४ गव्यूत = १ योजनका प्रमाण है।

'पल्य' प्रमाणके ३ भेद हैं—१ व्यवहार पल्य, २ उद्धार पल्य और ३ अद्धा पल्य। इनमेंसे १म व्यवहार पल्य आगेवाले पल्योंके व्यवहारमें कारण होता है, उससे दूसरे किसीका परिच्छेद नहीं होता। २य उद्धार पल्यके लोमच्छेदोंसे द्वीप समुद्रोंकी गणना की जाती है और ३य अद्धा पल्यसे स्थितिका परिच्छेद किया जाता है। उस पल्यका प्रमाण इस प्रकार है—उपर्युक्त 'प्रमाणांगुल'से परिमित १-१ योजन लम्बे-चौड़े और गहरे तीन गर्तों ( गढों ) को सात दिन तककी आयुवाले भेड़के बच्चोंके रोओंके अतिसूक्ष्म ( पुनः अखण्डनीय ) टुकड़ोंसे दबा-दबाकर भर देनेके बाद एक-एक सौ वर्ष व्यतीत होनेपर एक-एक टुकड़ेको निकालते रहनेपर जितने समयमें वह खाली हो जाय उस समयविशेषको १ व्यवहार पल्य कहा जाता है। उन्हीं रोमच्छेदोंको यदि असंख्यात करोड़ वर्षोंसे छिन्न कर दिया जाय और प्रत्येक समयमें एक-एक रोमच्छेदको निकालनेपर वह गर्त जितने समयमें खाली होगा, वह समय-विशेष 'उद्धार पल्य' कहलाता है ·········। उद्धार पल्योंके रोमच्छेदोंको सौ वर्षोंके समयसे छेदकर अर्थात् सौ-सौ वर्षमें एक-एक रोमच्छेद निकालते रहनेपर जितने समयमें वह गर्त खाली हो जाय वह समय-विशेष 'अद्धा पल्य' कहलाता है। दस कोड़ाकोड़ी ( १ करोड़ × १ करोड़ = १० नील ) 'अद्धा पल्यों'का १ 'अद्धासागर' परिमित समय होता है। १० 'अद्धा सागर' परिमित समय 'अवसर्पिणी'का और उतना ही समय 'उत्सर्पिणी'का होता है। विशेष प्रमाणोंके जिज्ञासुओंको "नृस्थिती परावरे त्रिपल्योपमान्तमुहूर्ते" ( तत्त्वार्थसूत्र ३।३८ ) की व्याख्या सर्वार्थसिद्धि और तत्त्वार्थराजवार्तिक ग्रन्थोंको देखना चाहिए।

१-१ योजन लम्बा, चौड़ा तथा गहरा गढा खोदकर एक दिनसे सात दिन तककी आयुवाले भेंड़के बच्चोंके रोओं ( वालों ) के असङ्ख्य टुकड़े करके—जिसमें उनका पुनः टुकड़ा नहीं किया जा सके—उन रोओं ( वालों ) के टुकड़ोंसे उक्त खोदे गये गढेको लोहेकी गाड़ीसे दबा-दबाकर भर दिया जाय। फिर एक-एक सौ वर्ष बीतनेपर उन खण्डित रोओंके १-१ टुकड़ेको निकालते रहनेसे वह गढा जितने वर्षोंमें बिलकुल खाली हो जाय, उतने समयको 'पल्य' कहते हैं।

—१चतुर्थे त्वरके नराः ।
पूर्वकोट्यायुषः पञ्चधनुःशतसमुच्छ्रयाः ॥ ४७ ॥
२ पञ्चमे तु वर्षशतायुषः सप्तकरोच्छ्रयाः ।
षष्ठे पुनः षोडशाब्दायुषो हस्तसमुच्छ्रयाः ॥ ४८ ॥
एकान्तदुःखप्रचिता ३उत्सर्पिण्यामपीदृशाः ।
पञ्चानुपूर्व्या विज्ञेया अरेषु किल षट्स्वपि ॥ ४९ ॥

---

ग्रन्थकारकी 'स्वोपज्ञवृत्ति' तथा अग्रिम वचन ( ३ । ५५१ )के अनुसार 'गव्यूत'का मान एक कोश है, किन्तु पाठान्तरमें 'गव्यूतिः' शब्द होनेसे तथा आगे ( ३ । ५५२में ) 'गव्यूत' तथा 'गव्यूति'—इन दोनों शब्दोंके परस्पर पर्यायवाची होनेसे; तथा दिगम्बरजैन सम्प्रदाय एवं अन्यान्य कोषग्रन्थोंमें भी 'गव्यूति' शब्दका प्रयोग दो कोश-परिमित मार्ग-विशेषमें होनेसे यहाँ भी 'गव्यूत' शब्दका दो कोश मानना ही युक्तिसंगत प्रतीत होता है । तत्त्वार्थ-राजवार्तिकके अनुसार दो सहस्र दण्ड अर्थात् आठ हजार ( ८००० ) हाथका एक गव्यूत होता है* ॥

१. चौथे ( 'दुःषमसुषमा' नामक ) अरमें मनुष्योंकी आयु पूर्वकोटि तथा ऊँचाई पाँच सौ धनुष होती है ॥

विमर्श :—८४ लाख वर्षों का १ पूर्वांग और ८४ लाख पूर्वांगोंका अर्थात् सत्तर लाख छप्पन हजार करोड़ वर्षोंका १ पूर्व होता है, उसी प्रमाण से १ करोड़ पूर्वपरिमित आयु चतुर्थ अर ( दुःषमसुषमा ) के मनुष्योंकी होती है । उन मनुष्यों की ऊँचाई ५००धनुष अर्थात् २००० हाथ होती है, क्योंकि १ धनुष ४ हाथ का होता है† ॥

२. पञ्चम ( 'दुःषमा' नामक ) अरमें मनुष्योंकी आयु सौ वर्ष तथा ऊँचाई सात हाथ होती है और षष्ठ ( 'एकान्तदुःषमा' अर्थात् 'दुःषम दुःषमा' नामक ) अरमें मनुष्योंकी आयु सोलह वर्ष तथा ऊँचाई एक हाथ होती है । इस अरमें प्राणी बहुत दुःखी रहते हैं ।

३. 'उत्सर्पिणी' कालमें भी इन ६ अरोंके विपरीतक्रमसे मनुष्योंकी आयु, ऊँचाई तथा भोजनादि जानना चाहिये ॥

---

*.........तत्र षडङ्गुलः पादः, द्वादशाङ्गुलो वितस्तिः, द्विवितस्तिर्हस्तः, द्विहस्तः किष्कुः, द्विकिष्कुर्दण्डः, द्वे दण्डसहस्रे 'गव्यूतम्' । चतुर्गव्यूतं योजनम् । (तत्त्वा० रा० वा० ( ३ । ३८ सूत्रस्य ) टीका पृ० २०८ ) ।

† तथा च बृहस्पतिः—'धनुर्हस्तचतुष्टयम् ।' इति ।

१ अष्टादश निमेषाः स्युः काष्ठा २काष्ठाद्वयं लवः ।
३ कला तैः पञ्चदशभि४र्लेशस्तद्द्वितयेन च ॥ ५० ॥
५ क्षणस्तैः पञ्चदशभिः ६क्षणैः षड्भिस्तु नाडिका ।
सा धारिका घटिका च ७मुहूर्तस्तद्द्वयेन च ॥ ५१ ॥
८ त्रिंशता तैरहोरात्रस्तत्रा९हर्दिवसो दिनम् ।
दिवं द्युर्वासरो घस्रः १०प्रभातं स्यादहर्मुखम् ॥ ५२ ॥
व्युष्टं विभातं प्रत्यूषं कल्यप्रत्युषसी उषः ।
काल्यं ११ मध्याह्नस्तु दिवामध्यं मध्यन्दिनं च सः ॥ ५३ ॥
१२ दिनावसानमुत्सूरो विकालसबली अपि ।
सायम्—

---

१. ( नेत्रके पलक गिरनेका १ नाम है 'निमेषः', वह $\frac{१}{२७}$ विपल या $\frac{२}{१३५}$ सेकेण्डका होता है ) १८ निमेषकी १ 'काष्ठा' ( $\frac{२}{३}$ विपल=$\frac{४}{१५}$ सेकेण्ड ) होती है ।

२. २ काष्ठाका १ 'लवः' ( $\frac{४}{३}$ विपल = $\frac{८}{१५}$ सेकेण्ड ) होता है ॥

३. १५ लवकी १ 'कला' ( २० विपल = ८ सेकेण्ड ) होती है ॥

४. २ कलाका १ 'लेशः' ( ४० विपल = १६ सेकेण्ड ) होता है ॥

५. १५ लेशका १ 'क्षणः' ( १० पल = ४ मिनट ) होता है ॥

६. ६ 'क्षण'की १ नाडिका ( १ घटी = २४ मिनट ) होती है, इस 'नाडिका'के ३ नाम हैं—नाडिका (+नाडी ), धारिका, घटिका ( घटी ) ॥

७. २ नाडिकाका १ 'मुहूर्तः' ( ४८ मिनट ) होता है ॥

८. ३० मुहूर्तका १ 'अहोरात्रः' ( पु न ), अर्थात् 'दिन-रात' होता है ॥

९. उसमें 'दिन'के ७ नाम हैं—अहः (–हन् ), दिवसः, दिनम् ( २ पु न ), दिवम् , द्युः ( पु ), वासरः ( पु न ), घस्रः (+दिवा, अव्य० ) ॥

१०. 'प्रभात' ( सबेरा–सूर्योदयसे कुछ पूर्वका समय )के ९ नाम हैं—प्रभातम् , अहर्मुखम् , व्युष्टम् , विभातम् , प्रत्यूषम् ( पु न ), कल्यम् , प्रत्युषः, उषः ( २–षस् ), काल्यम् (+प्रातः,—तर् , प्रगे, प्राह्णे, पूर्वेद्युः–द्युस् , ४ अव्य०, गोसः ) ॥

शेषश्चात्र—व्युष्टे निशात्ययगोसर्गौ ।

११. 'मध्याह्न' ( दोपहरी ) के ३ नाम हैं—मध्याह्नः, दिवामध्यम्, मध्यन्दिनम् ॥

१२. 'सायङ्काल' ( दिनान्त )के ५ नाम हैं—दिवावसानम् ( न । + दिनान्तः ), उत्सूरः, विकालः, सबलिः ( पु ), सायम् ( न ।+सायः, पु ।+सायम्, अव्य० ) ॥

—१ सन्ध्या तु पितृसू२स्त्रिसन्ध्यं तूपवैणवम् ॥ ५४ ॥
३ श्राद्धकालस्तु कुतपोऽष्टमो भागो दिनस्य यः ।
४ निशा निशीथिनी रात्रिः शर्वरी क्षणदा क्षपा ॥ ५५ ॥
त्रियामा यामिनी भौती तमी तमा विभावरी ।
रजनी वसतिः श्यामा वासतेयी तमस्विनी ॥ ५६ ॥
उषा दोषेन्दुकान्ता५ऽथ तमिस्रा दर्शयामिनी ।
६ ज्यौत्स्नी तु पूर्णिमारात्रि७र्गणरात्रो निशागणः ॥ ५७ ॥
८ पक्षिणी पक्षतुल्याभ्यामहोभ्यां वेष्टिता निशा ।
९ गर्भकं रजनीद्वन्द्वं १०प्रदोषो यामिनीमुखम् ॥ ५८ ॥

---

१. 'सन्ध्या'के २ नाम हैं—सन्ध्या, पितृसूः ॥

२. 'सहोक्त ( साथमें कहे गये ) तीनों सन्ध्याकाल' ( प्रातः सन्ध्या, मध्याह्न सन्ध्या तथा सायं सन्ध्या )के २ नाम हैं—त्रिसन्ध्यम्, उपवैणवम् ॥

३. 'श्राद्धके समय' ( दिनके आठवें भाग )के २ नाम हैं—श्राद्धकालः, कुतपः ( पु न ) ॥

४. 'रात'के २० नाम हैं—निशा, निशीथिनी, रात्रिः (+रात्री ), शर्वरी, क्षणदा, क्षपा, त्रियामा, यामिनी ( यौ०—यामवती ), भौती, तमी, तमा, विभावरी, रजनी, वसतिः, श्यामा, वासतेयी, तमस्विनी, उषा, दोषा (+२ अव्य० भी ), इन्दुकान्ता ( नक्तम्, अव्य०, तुङ्गी ) ॥

शेषश्चात्र—निशि चक्रभेदिनी ।

निषद्वरी निशिथ्या निट् घोरा वासरकन्यका ।
शताक्षी राक्षसी याम्या पूतार्चिस्तामसी तमिः ॥
शार्वरी क्षणिनी नक्ता पैशाची वासुरा उशाः ।

५. 'अँधेरी रात या अमावस्याकी रात'के २ नाम हैं—तमिस्रा, दर्शयामिनी ॥

६. 'उजेली रात या पूर्णिमाकी रात'के २ नाम हैं—ज्यौत्स्नी, पूर्णिमारात्रिः ॥

७. 'निशा-समूह'के २ नाम हैं—गणरात्रः, निशागणः ॥

८. 'दो पक्षोंकी मध्यवाली रात' (पूर्णिमा तथा कृष्णपक्षकी प्रतिपत् तिथियों और अमावस्या तथा शुक्लपक्षकी प्रतिपत् तिथियोंके बीचवाली रात) का १ नाम है—पक्षिणी । ( इसी प्रकार उक्त दोनों तिथियोंके मध्यवाले दिनका १ नाम है—पक्षी क्षिन् ) ॥

९. 'दो रात्रियोंके समुदाय'के २ नाम हैं—गर्भकम्, रजनीद्वन्द्वम् ॥

१०. 'प्रदोषकाल' ( रात्रिके प्रारम्भ काल )के २ नाम हैं—प्रदोषः, यामिनीमुखम् (+रजनीमुखम्, निशामुखम् ) ॥

१ यामः प्रहरो २निशीथस्त्वर्द्धरात्रो महानिशा ।
३ उच्चन्द्रस्त्वपरात्र४स्तमिस्रं तिमिरं तमः ॥ ५९ ॥
ध्वान्तं भूच्छायान्धकारं तमसं समवान्धतः ।
५ तुल्यनक्तन्दिने काले विषुवद्विषुवञ्च तत् ॥ ६० ॥
६ पञ्चादशाहोरात्रः स्यात्पक्षः ७स बहुलोऽसितः ।
८ तिथिः पुनः कर्मवाटी ९प्रतिपत्पक्षतिः समे ॥ ६१ ॥

---

शेषश्चात्र—दिनान्त्ये प्रदोषः स्यात् ।

१. 'पहर' ( ३ घंटेका समय )के २ नाम हैं—यामः, प्रहरः ॥

२. 'आधीरात'के ३ नाम हैं—निशीथः, अर्धरात्रः, महानिशा (+निःसम्पातः ) ॥

३. 'रातके अन्तिम भाग'के २ नाम हैं—उच्चन्द्रः, अपररात्रः (+पश्चिमरात्रः ) ॥

४. 'अन्धकार'के ९ नाम हैं—तमिस्रम् ( पु स्त्री ), तिमिरम् ( पु न ), तमः (-मस् ), ध्वान्तम् ( पु न ), भूच्छाया (+भूच्छायम् ), अन्धकारम् ( पु न ), सन्तमसम् , अवतमसम् , अन्धतमसम् (+अन्धातमसम् ) ॥

शेषश्चात्र—ध्वान्ते वृत्रो रजोबलम् ।
राहुरागो नीलपङ्को दिनाण्डं दिनकेसरः ।
खपरागो निशावर्म वियद्भूतिर्दिगम्बरः ॥

विमर्श—'अमरसिंह'ने 'नामलिङ्गानुशासन'में "ध्वान्ते गाढेऽन्धतमसं क्षीणेऽवतमसं तमः ॥ विष्वक् सन्तमसम्,……" ( १।८।३-४ ) उक्ति द्वारा अत्यधिक अन्धकारका नाम—'अन्धतमसम्', थोड़े ( क्षीण ) अन्धकारका नाम—'अवतमसम्' और चारों ओर फैले हुए अन्धकारका नाम—'सन्तमसम्' कहा है ॥

५. 'जिस समय रात-दिन बराबर हों, उस समय'के २ नाम हैं—विषुवत् ( पुं न ), विषुवम् ॥

विमर्श—उक्त समय सूर्यकी मेष तथा तुला-संक्रान्तिके प्रारम्भमें होता है ॥

६. १५ अहोरात्र ( दिन-रात )का १ 'पक्षः' ( ½ मास ) होता है ॥

७. वह पक्ष २ प्रकारका होता है—'बहुलः, असितः' । अर्थात् शुक्लपक्ष और कृष्णपक्ष ॥

८. 'तिथि'के २ नाम हैं—तिथिः ( पु स्त्री ), कर्मवाटी ॥

९. 'प्रतिपद्' ( परिवा ) तिथिके २ नाम हैं—प्रतिपत् (-पद् ), पक्षतिः ( २ स्त्री ) ॥

१ पञ्चदश्यौ यज्ञकालौ पक्षान्तौ पर्वणी अपि ।
२ तत्पर्वमूलं भूतेष्टापञ्चदश्योर्यदन्तरम् ॥ ६२ ॥
३ स पर्व सन्धिः प्रतिपत्पञ्चदश्योर्यदन्तरम् ।
४ पूर्णिमा पौर्णमासी ५सा राका पूर्णे निशाकरे ॥ ६३ ॥
६ कलाहीने त्वनुमति७र्मार्गशीर्ष्याग्रहायणी ।
८ अमाऽमावस्यमावस्या दर्शः सूर्येन्दुसङ्गमः ॥ ६४ ॥
अमावास्याऽमावासी च ९सा नष्टेन्दुः कुहुः कुहूः ।
१० दृष्टेन्दुस्तु सिनीवाली ११ भूतेष्टा तु चतुर्दशी ॥ ६५ ॥
१२ पक्षौ मासो १३वत्सरादिर्मार्गशीर्षः सहः सहाः ।
आग्रहायणिकश्च--

---

१. 'पूर्णिमा तथा अमावस्या तिथियों'के ४ नाम हैं—पञ्चदश्यौ, यज्ञकालौ, पक्षान्तौ, पर्वणी (–र्वन् । ४ नि द्विव ) ॥

२. 'पूर्णिमा तथा शुक्लपक्षकी चतुर्दशी और अमावस्या तथा कृष्णपक्षकी चतुर्दशी तिथियोंके मध्यकाल'का १ नाम है—'पर्वमूलम्' ॥

३. 'पूर्णिमा तथा कृष्णपक्षकी प्रतिपदा तिथियों और अमावस्या तथा शुक्ल पक्षकी प्रतिपदा तिथियोंके सन्धिकाल' ( मध्य भाग )का १ नाम है-- पर्व (–र्वन् । + पर्वसन्धिः ) ॥

४. 'पूर्णिमा तिथि'के २ नाम हैं--पूर्णिमा, पौर्णमासी ॥

५. 'पूर्ण चन्द्रवाली पूर्णिमा तिथि'का १ नाम है—राका ॥

६. 'कलासे हीन पूर्णिमा तिथि'का १ नाम है—अनुमतिः ॥

७. 'अगहनकी पूर्णिमा तिथि'के २ नाम हैं—मार्गशीर्षी, आग्रहायणी ॥

८. 'अमावस्या तिथि'के ७ नाम हैं—अमा, अमावसी, अमावस्या, दर्शः, सूर्येन्दुसङ्गमः, अमावास्या, अमावासी ॥

९. 'जिसमें चन्द्रका बिलकुल दर्शन नहीं हो, उस अमावस्या तिथि'के २ नाम हैं—कुहुः ( स्त्री ), कुहूः ॥

१०. 'जिसमें चन्द्रका दर्शन हो, उस अमावस्या तिथि'का १ नाम है—सिनीवाली ॥

११. 'चतुर्दशी तिथि'के २ नाम हैं—भूतेष्टा, चतुर्दशी ॥

१२. २ पक्षका १ 'मासः' अर्थात् 'महीना' होता है ॥

शेषश्चात्र—मासे वर्षांशको भवेत् ।
वर्षकोशो दिनमलः ॥

१३. 'अगहन मास'के ५ नाम हैं—वत्सरादिः, मार्गशीर्षः (यौ०—मार्गः), सहः, सहाः (–हस् , पु ), आग्रहायणिकः ॥

—१अथ पौषस्तैषः सहस्यवत् ॥ ६६ ॥
२ माघस्तपाः ३ फाल्गुनस्तु फाल्गुनिकस्तपस्यवत् ।
४ चैत्रो मधुश्चैत्रिकश्च ५ वैशाखे राधमाधवौ ॥ ६७ ॥
६ ज्येष्ठस्तु शुक्रो७ऽथाषाढः शुचिः स्यान्दच्छ्रावणो नभाः ।
श्रावणिको९ऽथ नभस्यः प्रौष्ठभाद्रपरः पदः ॥ ६८ ॥
भाद्रश्चा१०प्याश्विने त्वाश्वयुजेषा११वथ कार्तिकः ।
कार्तिकिको बाहुलोर्जौ १२ द्वौ द्वौ मार्गादिकावृतुः ॥ ६९ ॥

---

१. 'पौष मास'के ३ नाम हैं—पौषः, तैषः, सहस्यः ॥

धर्षणी लाञ्छनी खण्डशीला मदननालिका ॥
त्रिलोचना मनोहारी ।

९. 'अभिसारिका ( संकेतित स्थानपर पतिके पास काम-वशीभूत होकर जानेवाली या पतिको बुलानेवाली स्त्री )'का १ नाम है—अभिसारिका ॥

१०. 'सखी-सहेली'के ४ नाम हैं—वयस्या, आलिः, सखी, सध्रीची ॥

११. 'सन्तानहीन स्त्री'का १ नाम है—अशिश्वी ॥

१२. 'सधवा स्त्री'के २ नाम हैं—पतिवत्नी, जीवत्पतिः (+सधवा) ॥

१३. 'विधवा स्त्री'के २ नाम हैं—विश्वस्ता, विधवा ॥

१निर्वीरा निष्पतिसुता २जीवत्तोका तु जीवसूः ॥ १६४ ॥
३नश्यत्प्रसूतिका निन्दुः ४सश्मश्रुर्नरमालिनी ।
५कात्यायनी त्वर्द्धवृद्धा काषायवसनाऽधवा ॥ १६५ ॥
६श्रवणा भिक्षुकी मुण्डा ७पोटा तु स्त्रीनृलक्षणा ।
८साधारणस्त्री गणिका वेश्या पण्यपणाङ्गना ॥ १६६ ॥
भुजिष्या लञ्जिका रूपाजीवा ९वारवधूः पुनः ।
सा वारमुख्या१०ऽथ चुन्दी कुट्टनी शम्भली समाः ॥ १६७ ॥
११पोटा वोटा च चेटी च दासी च कुटहारिका ।
१२नग्ना तु कोटवी १३वृद्धा पलिक्न्य१४थ रजस्वला ॥ १६८ ॥
पुष्पवत्यधिरात्रेयी स्त्रीधर्मिणी मलिन्यवीः ।
उदक्या ऋतुमती च—

---

१. 'पति-पुत्रसे हीन स्त्री'के २ नाम हैं-निर्वीरा (+अवीरा), निष्पतिसुता ॥

२. जिसकी सन्तान जीवित रहती हो, उस स्त्री'के २ नाम हैं—जीवत्तोका, जीवसूः ॥

३. 'जिसकी सन्तान मर जाती हो, उस स्त्री'के २ नाम हैं—निन्दुः, नश्यत्प्रसूतिका ॥

४. 'जिस स्त्रीके दाढ़ी या मूंछके बाल हों, उस'के २ नाम हैं—सश्मश्रुः, नरमालिनी ॥

५. 'गेरुआ कपड़ा पहननेवाली अधबूढ़ी विधवा स्त्री'का १ नाम है—कात्यायनी ॥

६. 'भिक्षुकी स्त्री'के ३ नाम हैं—श्रवणा (+श्रमणा), भिक्षुकी, मुण्डा ॥

शेषश्चात्र—श्रवणायां भिक्षुकी स्यात् ।

७. 'पुरुषके लक्षणोंसे युक्त स्त्री'के २ नाम हैं—पोटा, स्त्रीनृलक्षणा ॥

८. वेश्या'के ८ नाम हैं—साधारणस्त्री, गणिका, वेश्या, पण्याङ्गना पणाङ्गना, भुजिष्या, लञ्जिका, रूपाजीवा ॥

शेषश्चात्र—वेश्यायां तु खगालिका । वारवाणिः कामलेखा क्षुद्रा ।

९. 'सेवामें नियुक्त वेश्या'के २ नाम हैं—वारवधूः, वारमुख्या ॥

१०. 'कुटिनी'के ३ नाम हैं—चुन्दी, कुट्टनी, शम्भली ॥

११. 'दासी'के ५ नाम हैं—पोटा, वोटा, चेटी, दासी, कुटहारिका ॥

शेषश्चात्र—चेट्यां गणेरुका । वडवा कुम्भदासी च ।

१२. 'नग्न स्त्री'के २ नाम हैं—नग्ना (+नग्निका), कोटवी ॥

१३. 'बुढ़िया'के २ नाम हैं—वृद्धा, पलिक्नी ॥

१४. 'रजस्वला, ऋतुमती स्त्री'के ९ नाम हैं—रजस्वला, पुष्पवती

—१पुष्पहीना तु निष्कला ॥ १९९ ॥
२राका तु सरजाः कन्या ३स्त्रीधर्मः पुष्पमार्तवम् ।
रज४स्तत्कालस्तु ऋतुः ५सुरतं मोहनं रतम् ॥ २०० ॥
संवेशनं संप्रयोगः संभोगश्च रहो रतिः ।
ग्राम्यधर्मो निधुवनं कामकेलिः पशुक्रिया ॥ २०१ ॥
व्यवायो मैथुनं६ स्त्रीपुंसौ द्वन्द्वं मिथुनञ्च तत् ।
७अन्तर्वत्नी गुर्विणी स्याद् गर्भवत्युदरिण्यपि ॥ २०२ ॥
आपन्नसत्त्वा गुर्वी च ८श्रद्धालुर्दोहदान्विता ।
९विजाता च प्रजाता च जातापत्या प्रसूतिका ॥ २०३ ॥
१०गर्भस्तु गरभो भ्रूणो दोहदलक्षणञ्च सः ।
११गर्भाशयो जरायूल्बे—

(+पुष्पिता), अधिः, आत्रेयी, स्त्रीधर्मिणी, मलिनी, अवीः, उदक्या, ऋतुमती ॥

१. 'जिसका मासिक धर्म नहीं होता हो, उस स्त्री'के २ नाम है—निष्कला, पुष्पहीना ॥

२. 'रजस्वला क्वाँरी कन्या'का १ नाम है—राका ॥

३. 'रज, ऋतुधर्म'के ४ नाम हैं—स्त्रीधर्मः, पुष्पम्, आर्तवम्, रजः (-जस्, न) ॥

४. 'स्त्रियोंके मासिक धर्म होनेके समय'का १ नाम है—ऋतुः ॥

५. 'रति, मैथुन'के १४ नाम हैं—सुरतम्, मोहनम्, रतम्, संवेशनम्, संप्रयोगः, संभोगः, रहः, रतिः, ग्राम्यधर्मः, निधुवनम्, कामकेलिः, पशुक्रिया (+पशुधर्मः), व्यवायः, मैथुनम् ॥

६. 'स्त्री-पुरुषों की जोड़ी'के ३ नाम हैं—स्त्रीपुंसौ (नि द्वि), द्वन्द्वम्, मिथुनम् ॥

७. 'गर्भवती'के ६ नाम हैं—अन्तर्वत्नी, गुर्विणी, गर्भवती, उदरिणी, आपन्नसत्त्वा, गुर्वी ॥

८. 'गर्भके समय किसी विशेष वस्तुके खाने, देखने आदिकी इच्छा करनेवाली स्त्री'के २ नाम हैं—श्रद्धालुः, दोहदान्विता ॥

९. 'प्रसूती (प्रसव की हुई) स्त्री'के ४ नाम हैं—विजाता, प्रजाता, जातापत्या, प्रसूतिका ॥

१०. 'गर्भ'के ४ नाम हैं—गर्भः, गरभः, भ्रूणः, दोहदलक्षणम् (न) ॥

११. 'गर्भाशय'के ३ नाम हैं—गर्भाशयः, जरायुः (पु), उल्बम् (पु न) ॥

—१कललोल्बे पुनः समे ॥ २०४ ॥
२दोहदं दौहृदं श्रद्धा लालसा ३सूतिमासि तु ।
वैजननो ४विजननं प्रसवो ५नन्दनः पुनः ॥ २०५ ॥
उद्वहोऽङ्गात्मजः सूनुस्तनयो दारकः सुतः ।
पुत्रो ६दुहितरि स्त्रीत्वे ७तोकापत्यप्रसूतयः ॥ २०६ ॥
तुक् प्रजोभयोर्८भ्रात्रीयो भ्रातृव्यो भ्रातुरात्मजे ।
९स्वस्त्रीयो भागिनेयश्च जामेयः कुतपश्च सः ॥ २०७ ॥
१०नप्ता पौत्रः पुत्रपुत्रो ११दौहित्रो दुहितुः सुतः ।

---

१. 'वीर्य तथा रजके संयोग'के २ नाम हैं—कललम्, उल्बम् (२ पुन) ॥

२. 'दोहद, गर्भकालमें होनेवाली इच्छा'के ४ नाम हैं—दोहदम्, ( पु न ), दौहृदम्, श्रद्धा, लालसा ( पु न ) ।

विमर्श—अमरसिंहने सामान्य इच्छाको 'दोहद' तथा प्रबल इच्छाको 'लालसा' कहा है ( अ० को० ३।७।२७—२८ ॥

३. 'प्रसवका महीना ( दशम मास )'का १ नाम है—वैजननः ॥

४. 'प्रसव'के २ नाम हैं—विजननम्, प्रसवः ॥

५. 'पुत्र'के ६ नाम हैं—नन्दनः, उद्वहः, अङ्गजः (+तनुजः, तनूजः, देहजः,········), आत्मजः, सूनुः, तनयः, दारकः, सुतः, पुत्रः ॥

शेषश्चात्र—पुत्रे तु कुलधारकः । स दायादो द्वितीयश्च ।

६. पूर्वोक्त नन्दन आदि ६ शब्द स्त्रीलिङ्ग होनेपर 'पुत्री'के पर्याय होते हैं (यथा—नन्दना, उद्वहा, अङ्गजा (+तनुजा, तनूजा, देहजा,·········) आत्मजा, सूनुः, तनया, दारिका, सुता, पुत्री ) । तथा 'दुहिता' (-तृ ) शब्द भी पुत्री का वाचक है ॥

शेषश्चात्र—पुत्र्यां धीदा समर्धुका । देहसंचारिणी चापि ।

७. 'सन्तान ( पुत्र या पुत्री )'के ५ नाम हैं—तोकम् , अपत्यम्, प्रसूतिः, तुक् , प्रजा ॥

शेषश्चात्र—अपत्ये संतानसंतती ।

८. 'भतीजा ( भाई का लड़का )'के २ नाम हैं—भ्रात्रीयः, भ्रातृव्यः, (+भ्रातृजः ) ॥

९. 'भानजा ( बहनका लड़का )'के ४ नाम हैं—स्वस्त्रीयः, भागिनेयः, जामेयः, कुतपः ॥

१०. 'पोता ( लड़केका लड़का )'के २ नाम हैं—नप्ता ( प्तृ ), पौत्रः ॥

११. 'नेवता ( पुत्रीका लड़का )'का एक नाम है—दौहित्रः ॥

१प्रतिनप्ता प्रपौत्रः स्यात्२तत्पुत्रस्तु परम्परः ॥ २०८ ॥
३पैतृष्वसेयः स्यात्पैतृष्वस्त्रीयस्तुक् पितृष्वसुः ।
४मातृष्वस्त्रीयस्तुङ्मातृष्वसुर्मातृष्वसेयवत् ॥ २०९ ॥
५विमातृजो वैमात्रेयो ६द्वैमातुरो द्विमातृजः ।
७सत्यास्तु तनये सांमातुरवद्भाद्रमातुरः ॥ २१० ॥
८सौभागिनेयकानीनौ सुभगाकन्ययोः सुतौ ।
९पौनर्भवपारस्त्रैणेयौ पुनर्भूपरस्त्रियोः ॥ २११ ॥
१०दास्या दासेरदासेयौ ११नाटेरस्तु नटीसुतः ।
१२बन्धुलो बान्धकिनेयः कौलटेरोऽसतीसुतः ॥ २१२ ॥
१३स तु कौलटिनेयः स्याद्यो भिक्षुकसतीसुतः ।
१४द्वावप्येतौ कौलटेयौ—

---

१. परपोता ( पौत्रका पुत्र )'के २ नाम हैं—प्रतिनप्ता (-प्तृ ), प्रपौत्रः ॥

२. 'छरपोता ( परपोतेका पुत्र )'का १ नाम है—परम्परः ॥

३. 'पैतृष्वसेय ( फूआ + (पिताकी बहन )का लड़का )'के २ नाम हैं—पैतृष्वसेयः, पैतृष्वस्त्रीयः ॥

४. 'मातृष्वसेय ( मौसी का लड़का )'के २ नाम हैं—मातृष्वस्त्रीयः, मातृष्वसेयः ॥

५. 'सौतेले भाई ( विमाताका लड़का )'के २ नाम हैं—विमातृजः, वैमात्रेयः ॥

६. 'दो माताओंका पुत्र'के २ नाम हैं—द्वैमातुरः, द्विमातृजः ॥

७. 'पतिव्रताका पुत्र'के २ नाम हैं—सांमातुरः, भाद्रमातुरः, ॥

८. 'सधवा तथा क्वांरी ( अविवाहिता कन्या )के पुत्रों'के क्रमशः १-१ नाम हैं—सौभागिनेयः, कानीनः ॥

९. 'दुबारा व्याही गयी तथा परायी स्त्रीके पुत्रों'का क्रमशः १-१ नाम है—पौनर्भवः, पारस्त्रैणेयः ॥

१०. 'दासीका पुत्र'के २ नाम हैं—दासेरः, दासेयः ॥

११. 'नटीका पुत्र'के २ नाम हैं—नाटेरः नटीसुतः (+नाटेयः ) ॥

१२. 'व्यभिचारिणीका पुत्र'के ३ नाम हैं—बन्धुलः, बान्धकिनेयः, कौलटेरः (+असतीसुतः ) ॥

१३. 'भिक्षा माँगनेवाली सती स्त्रीका पुत्र'का १ नाम है—कौलटिनेयः ॥

१४. 'कुलटा' ( उक्त दोनों स्त्रियों—व्यभिचारिणी तथा भिक्षा मांगनेवाली सती स्त्रीका पुत्र )'का १ नाम और है—कौलटेयः ॥

—१क्षेत्रजो देवरादिजः ॥ २१३ ॥
२स्वजाते त्वौरसोरस्यौ ३मृते भर्तरि जारजः ।
गोलको४ऽथामृते कुण्डो ५भ्राता तु स्यात्सहोदरः ॥ २१४ ॥
समानोदर्यसोदर्यसगर्भसहजा अपि ।
सोदरश्च—

---

१. 'नियोग द्वारा देवर आदिसे उत्पन्न पुत्र'का १ नाम है—क्षेत्रजः[1] ॥

विमर्श—मरे हुए, असाध्य रोगवाले या नपुंसक पतिकी स्त्रीमें सन्तान-क्षय होनेकी अवस्था हो तब देवर या सपिण्ड के साथ सम्भोग द्वारा उत्पन्न सन्तान "क्षेत्रज" कहलाता है, इस विधिको 'नियोग' कहते हैं। 'नियोग' विधिसे सन्तान उत्पन्न करनेकी आज्ञा मनु भगवान्‌ने भी दी है[2]। परन्तु कलियुगमें नियोग द्वारा सन्तानोत्पत्ति करनेका कुछ शास्त्रकारोंने निषेध किया है[3] ॥

२. 'औरस ( निजी ) पुत्र'के २ नाम हैं—औरसः, उरस्यः ॥

३. पतिके मरनेपर जार ( उपपति )से उत्पन्न पुत्र'का १ नाम है—गोलकः ॥

४. 'पतिके जीवित रहते जार ( उपपति )से उत्पन्न पुत्र'का १ नाम है—कुण्डः ॥

५. 'सहोदर भाई'के ७ नाम हैं—भ्राता ( -तृ ), सहोदरः, समानोदर्यः, सोदर्यः, सगर्भः, सहजः, सोदरः ॥

---

१. यथाऽऽह मनुः—
"यस्तल्पजः प्रतीतस्य क्लीबस्य व्याधितस्य वा ।
स्वधर्मेण नियुक्तायां स पुत्रः 'क्षेत्रजः' स्मृतः ॥" इति ।

मनु० ९।१६७

२. तद्यथा—"देवराद्वा सपिण्डाद्वा स्त्रिया सम्यङ्नियुक्तया ।
प्रजेप्सिताऽधिगन्तव्या सन्तानस्य परिक्षये ॥
विधवायां नियुक्तस्तु घृताक्तो वाग्यतो निशि ।
एकमुत्पादयेत्पुत्रं न द्वितीयं कथञ्चन ॥"

मनु० ९।५९–६०

३. तथा चोक्तम्—"अश्वालम्भं गवालम्भं संन्यासं पलपैतृकम् ।
देवराद्वा सुतोत्पत्तिः कलौ पञ्च विवर्जयेत् ॥"

परं संन्यासार्थमपवादोऽपि दृश्यते । तद्यथा—
"यावद् गङ्गा च गोदा च यावच्छशिदिवाकरौ ।
अग्निहोत्रञ्च संन्यासः कलौ तावत्प्रवर्तते ॥" इति ।

—१स तु ज्येष्ठः स्यात्पित्र्यः पूर्वजोऽग्रजः ॥ २१५ ॥
२जघन्यजे यविष्ठः स्यात्कनिष्ठोऽवरजोऽनुजः ।
स यवीयान् कनीयांश्च ३पितृव्यश्यालमातुलाः ॥ २१६ ॥
पितुः पत्न्याश्च मातुश्च भ्रातरो ४देवृदेवरौ ।
देवा चावरजे पत्युर्५जामिस्तु भगिनी स्वसा ॥ २१७ ॥
६ननान्दा तु स्वसा पत्युर्ननन्दा नन्दिनीत्यपि ।
७पत्न्यास्तु भगिनी ज्येष्ठा ज्येष्ठश्वश्रूः कुली च सा ॥ २१८ ॥
८कनिष्ठा श्यालिका हाली यन्त्रणी केलिकुञ्चिका ।
९केलिर्द्रवः परीहासः क्रीडा लीला च नर्म च ॥ २१९ ॥
देवनं कूर्दनं खेला ललनं वर्करोऽपि च ।

---

१. 'बड़ा भाई'के ४ नाम हैं—ज्येष्ठः, पित्र्यः, पूर्वजः, अग्रजः ॥

२. 'छोटा भाई'के ७ नाम हैं—जघन्यजः, यविष्ठः, कनिष्ठः, अवरजः, अनुजः, यवीयान्, कनीयान् ( २ – यस् ) ॥

शेषश्चात्र—स्यात्कनिष्ठे तु कन्यसः ।

३. 'चाचा ( काका, ताऊ ), शाला और मामा'के क्रमशः १-१ नाम हैं—पितृव्यः, श्यालः, मातुलः ॥

४. 'देवर ( पतिका छोटा भाई )'के ३ नाम हैं—देवा ( – वृ ), देवरः, देवा ( – वन् ) ॥

५. 'बहन'के ३ नाम हैं—जामिः, भगिनी, स्वसा ( – सृ ) ॥

शेषश्चात्र—ज्येष्ठभगिन्यां तु वीरभवन्ती ।

६—'ननद ( पतिकी बहन )'के ३ नाम हैं—ननान्दा, ननन्दा (२—न्द), नन्दिनी ॥

७. 'बड़ी शाली ( पत्नीकी बड़ी बहन )'के २ नाम हैं—ज्येष्ठश्वश्रूः, कुली ॥

८. 'छोटी शाली ( पत्नीकी छोटी बहन )'के ४ नाम हैं—श्यालिका (+शालिका ), हाली, यन्त्रणी, केलिकुञ्चिका ॥

९. 'क्रीडा, केलि, खेल, हँसी'के ११ नाम हैं—केलिः ( पु स्त्री ), द्रवः, परीहासः (+परिहासः ), क्रीडा, लीला, नर्म ( – र्मन् , न ), देवनम् , कूर्दनम् , खेला, ललनम् , वर्करः ॥

**विमर्श**—क्रीडा, खेला, कूर्दनम्—ये शब्द खेलना, कूदना इन अर्थ विशेषोंमें रूढ रहनेपर भी विशेषके आश्रयकी अपेक्षा नहीं करनेसे यहाँ क्रीडा सामान्य अर्थमें कहे गये हैं ॥

शेषश्चात्र—स्यात्तु नर्मणि । सुखोत्सवे रागरसे विनोदोऽपि किलोऽपि च ।

१वप्ता तु जनकस्तातो बीजी जनयिता पिता ॥ २२० ॥
२पितामहस्त्वस्य पिता ३तत्पिता प्रपितामहः ।
४मातुर्मातामहाद्येवं ५माताऽम्बा जननी प्रसूः ॥ २२१ ॥
सवित्री जनयित्री च ६कुमिला तु बहुप्रसूः ।
७धात्री तु स्यादुपमाता ८वीरमाता तु वीरसूः ॥ २२२ ॥
९श्वश्रूर्माता पतिपत्न्योः १०श्वशुरस्तु तयोः पिता ।
११पितरस्तु पितुर्वंश्या १२मातुर्मातामहाः कुले ॥ २२३ ॥
१३पितरौ मातापितरौ मातरपितरौ पिता च माता च ।
१४श्वश्रूश्वशुरौ श्वशुरौ १५पुत्रौ पुत्रश्च दुहिता च ॥ २२४ ॥

---

१. 'पिता, बाप'के ६ नाम हैं—वप्ता ( – प्तृ ), जनकः, तातः, बीजी ( – जिन् ), जनयिता, पिता ( २ तृ ) ॥

शेषश्चात्र—वप्यो जनित्रो रेतोधास्ताते ।

२. 'दादा ( पिताके पिता )'का १ नाम है—पितामहः ॥

३. 'परदादा ( पितामहके पिता )'का १ नाम है—प्रपितामहः ॥

४. 'नाना'का १ नाम है—'मातामहः' और इसी प्रकार 'परनाना'का १ नाम है—'प्रमातामहः' ॥

५. 'माता'के ६ नाम हैं—माता ( – तृ ), अम्बा, जननी, प्रसूः, सवित्री, जनयित्री ॥

शेषश्चात्र—जानी तु मातरि ।

६. 'बहुत सन्तान उत्पन्न करनेवाली माता'का १ नाम है—कुमिला ( + बहुप्रसूः ) ॥

७. 'धाई, उपमाता'के २ नाम हैं—धात्री, उपमाता ( – तृ ) ॥

८. 'वीरमाता'का १ नाम है—( + वीरमाता, – तृ ), वीरसूः ॥

९. 'सास ( पति या पत्नीकी माता )'का १ नाम है—श्वश्रूः ॥

१०. 'श्वशुर ( पति या पत्नीका पिता )'का १ नाम है—श्वशुरः ॥

११. 'पितरों ( पिताके वंशके पुरुखों )'का १ नाम है—पितरः ( – तृ )।

१२. 'माताके वंशके पुरुखों'का १ नाम है—मातामहाः ॥

विमर्श—उक्त दोनों पदों ( 'पितरः, मातामहाः' ) में बहुवचनका प्रयोग पुरुखाओंके बहुत होनेकी अपेक्षासे किया गया है ) ॥

१३. 'एक साथमें कहे गये माता-पिता'के ४ नाम हैं—पितरौ, मातापितरौ, मातरपितरौ ( ३ – तृ, नि० द्विव० ) ॥

१४. 'एक साथमें कहे गये सास-श्वशुर'के २ नाम हैं—श्वश्रूश्वशुरौ, श्वशुरौ ( २ नि० द्विव० ) ॥

१५. 'एक साथ कहे गये पुत्र-पुत्री'का १ नाम है—पुत्रौ ( नि. द्विव. ) ॥

१भ्राता च भगिनी चापि भ्रातरा२वथ बान्धवः ।
स्वो ज्ञातिः स्वजनो बन्धुः सगोत्रश्च ३निजः पुनः ॥ २२५ ॥
आत्मीयः स्वः स्वकीयश्च ४सपिण्डास्तु सनाभयः ।
५तृतीया प्रकृतिः पण्डः षण्ढः क्लीबो नपुंसकम् ॥ २२६ ॥
६इन्द्रियायतनमङ्गविग्रहौ क्षेत्रगात्रतनुभूघनास्तनूः ।
मूर्तिमत्करणकायमूर्तयो वेरसंहननदेहसञ्चराः ॥ २२७ ॥
घनो बन्धः पुरं पिण्डो वपुः पुद्गलवर्ष्मणी ।
कलेवरं शरीरो७ऽस्मिन्नजीवे कुणपं शवः ॥ २२८ ॥
मृतकं ८रुण्डकबन्धौ त्वपशीर्षे क्रियायुजि ।
९वयांसि तु दशाः प्रायाः १०सामुद्रं देहलक्षणम् ॥ २२९ ॥

---

१. 'एक साथ कहे गये भाई बहन'का १ नाम है—भ्रातरौ (-तृ ,नि० द्विव० ) ।

**विमर्श**—पूर्वोक्त 'पितरौ' आदि ६ पर्यायोंमें माता-पिता आदिके २-२ होनेके कारणसे द्विवचनका प्रयोग किया गया है ॥

२. अपनी जातिवालों'के ६ नाम हैं—बान्धवः, स्वः, ज्ञातिः ( पु ), स्वजनः, बन्धुः, सगोत्रः ॥

३. 'निजी, आत्मीय'के ४ नाम हैं—निजः, आत्मीयः, स्वः, स्वकीयः ॥

**विमर्श**—'उक्त दोनों ( अपनी जातिवालों तथा आत्मीय' ) अर्थोंमें 'स्व' शब्द सर्वनामसंज्ञक होता है ॥

४. 'सपिण्ड' ( सात पीढ़ियों तक पूर्वजों )'का १ नाम है—सपिण्डः ॥

५. 'नपुंसक'के ५ नाम हैं—तृतीयाप्रकृतिः, पण्डः (+पण्डुः ), षण्डः (+शण्ढः, शण्ठः ), क्लीबः, नपुंसकम् ( २ पु न ) ॥

६. 'शरीर'के २५ नाम हैं—इन्द्रियायतनम् , अङ्गम् , विग्रहः, क्षेत्रम् , गात्रम् , तनुः ( स्त्री ), भूघनः, तनूः ( स्त्री ), मूर्तिमत् , करणम् , कायः, मूर्तिः, वेरम् ( पु न ), संहननम् , देहः, ( पु न ), संचरः, घनः, बन्धः, पुरम् , पिण्डः ( पु न ), वपुः (-पुस् , न), पुद्गलः, वर्ष्म (—र्ष्मन् , न ), कलेवरम् , शरीरः ( पु न ) ॥

७. 'शव,मुर्दो'के ३ नाम हैं—कुणपम् , शवः ( २ पु न ), मृतकम् ॥

८. 'शिरके कटनेपर नाचते हुए धड़ ( मस्तकरहित शरीर )'के २ नाम हैं—रुण्डः, कबन्धः ( पु न ) ॥

९. 'वय, बाल्यादि अवस्थाओं'के ३ नाम हैं—वयांसि (-यस् ), दशाः ( स्त्री ), प्रायाः ( पु ) ॥

१०. 'सामुद्रिक शास्त्र' ( हाथ-पैर आदिमें शङ्ख-चक्रादि चिह्नोंका

१एकदेशे प्रतीकोऽङ्गावयवापघना अपि ।
२उत्तमाङ्गं शिरो मूर्धा मौलिर्मुण्डं कमस्तके ॥ २३० ॥
वराङ्गं करणत्राणं शीर्षं मस्तिकमित्यपि ।
३तज्जाः केशास्तीर्थवाकाश्चिकुराः कुन्तलाः कचाः ॥ २३१ ॥
वालाः स्युस्त४त्पराः पाशो रचना भार उच्चयः ।
हस्तः पक्षः कलापश्च केशभूयस्त्ववाचकाः ॥ २३२ ॥
५अलकस्तु कर्करालः खङ्गरश्चूर्णकुन्तलः ।
६स तु भाले भ्रमरकः कुरुलो भ्रमरालकः ॥ २३३ ॥
७धम्मिल्लः संयताः केशाः ८केशवेषे कबर्य९थ ।
वेणिः प्रवेणी—

---

शुभाशुभवर्णन करनेवाला शास्त्र-विशेष)'के २ नाम हैं—सामुद्रम् (+सामुद्रिकशास्त्राम् ), देहलक्षणम् ॥

१. 'अङ्ग'के ४ नाम हैं—प्रतीकः, अङ्गम् , अवयवः, अपघनः ॥

शेषश्चात्र—देहैकदेशे गात्रम् ।

२. 'मस्तक'के ११ नाम हैं—उत्तमाङ्गम् , शिरः (—रस् , न ), मूर्धा (—र्धन् । पु ), मौलिः ( पु स्त्री ), मुण्डम् ( पु न ), कम् , मस्तकम् ( पु न ), वराङ्गम् , करणत्राणम् , शीर्षम् , मस्तिकम् ॥

३. 'बाल, केश'के ६ नाम हैं—केशाः, तीर्थवाकाः, चिकुराः, (+चिहुराः ), कुन्तलाः, कचाः, वालाः ( पु न ), बहुत्वकी अपेक्षासे यहाँ ब० व० प्रयुक्त हुआ है, अतः इन पर्यायोंका एकवचन भी होता है ) ॥

४. उक्त 'केश'आदि शब्दके अन्तमें 'पाशः, रचना' आदि ७ शब्दोंके जोड़नेसे 'केश-समूह'के पर्यायवाचक शब्द बनते हैं, यथा—केशपाशः, केशरचना, केशभारः, केशोच्चयः, केशहस्तः केशपक्षः, केशकलापः ॥

५. 'स्वभावतः टेढ़े बालों'के ४ नाम हैं—अलकः ( पु न ), कर्करालः, खङ्गरः, चूर्णकुन्तलः ॥

६. 'ललाटपर लटकते हुए बालों ( काकुल, बुलबुली )'के ३ नाम हैं—भ्रमरकः ( पु न ), कुरुलः, भ्रमरालकः ॥

७. 'बंधे हुए बालों'का १ नाम है—धम्मिल्लः ॥

शेषश्चात्र—धम्मिल्ले मौलिजूटकौ ।

८. 'केशोंकी रचना'का १ नाम है— कबरी ॥

शेषश्चात्र—कबरी तु कबर्यां स्यात् ।

९. 'चोटी, गूंथे हुए बाल'के २ नाम हैं—वेणिः ( स्त्री ), प्रवेणी (+प्रवेणिः ) ॥

—१शीर्षण्यशिरस्यौ विशदे कचे ॥ २३४ ॥
२केशेषु वर्त्म सीमन्तः ३पलितं पाण्डुरः कचः ।
४चूडा केशी केशपाशी शिखा शिखण्डिकः समाः ॥ २३५ ॥
५सा बालानां काकपक्षः शिखण्डकशिखाण्डकौ ।
६तुण्डमास्यं मुखं वक्त्रं लपनं वदनानने ॥ २३६ ॥
७भाले गोध्यलिकालीकललाटानि ८श्रुतौ श्रवः ।
शब्दाधिष्ठानपैञ्जूषमहानादध्वनिग्रहाः ॥ २३७ ॥
कर्णः श्रोत्रं श्रवणञ्च ९वेष्टनं कर्णशष्कुली ।
१०पालिस्तु कर्णलतिका ११शङ्खो भालश्रवोऽन्तरे ॥ २३८ ॥

---

१. 'निर्मल ( मैल आदिसे रहित ) बाल'के २ नाम हैं—शीर्षण्यः, शिरस्यः ॥

शेषश्चात्र—प्रलोम्यो विशदे कचे ।

२. 'मांग'का १ नाम है—सीमन्तः ॥

३. 'पके हुए ( श्वेत ) बाल'का १ नाम है—पलितम् ( पु न ) ॥

४. 'शिखा, टीक, चुटिया'के ५ नाम हैं—चूडा, केशी, केशपाशी, शिखा, शिखण्डिकः ॥

५. 'काकपक्ष' ( बच्चोंके कौवेके पंखके समान दोनों भागमें कटाये हुए बाल )के ३ नाम हैं—काकपक्षः, शिखण्डकः, शिखाण्डकः ॥

६. 'मुख'के ७ नाम हैं—तुण्डम्, आस्यम्, मुखम् ( पु न ), वक्त्रम्, लपनम्, वदनम्, आननम् ॥

शेषश्चात्र—मुखे दन्तालयस्तेरं घनं चरं घनोत्तमम् ॥

७. 'ललाट'के ५ नाम हैं—भालम् ( पु न ), गोधिः ( स्त्री ), अलिकम्, अलीकम्, ललाटम् ॥

८. 'कान'के ६ नाम हैं—श्रुतिः, श्रवः (-वस् न ), शब्दाधिष्ठानम्, पञ्जूषः ( पु न ), महानादः, ध्वनिग्रहः (+शब्दग्रहः ), कर्णः, श्रोत्रम्, श्रवणम् ( पु न ) ॥

९. 'कर्णशष्कुली'के २ नाम हैं—वेष्टनम्, कर्णशष्कुली ॥

१०. 'कर्णमूल ( कानके पासवाले भाग )'के २ नाम हैं—पालिः (स्त्री), कर्णलतिका ॥

शेषश्चात्र—कर्णप्रान्तस्तु धारा स्यात्कर्णमूलं तु शीलकम् ।

११. 'ललाट तथा कानके बीचवाले स्थान'का १ नाम है—शङ्खः ( पु न ) ॥

१चक्षुरक्षीक्षणं नेत्रं नयनं दृष्टिरम्बकम् ।
लोचनं दर्शनं दृक्च २तत्तारा तु कनीनिका ॥ २३९ ॥
३वामन्तु नयनं सौम्यं ४भानवीयन्तु दक्षिणम् ।
५असौम्येऽक्ष्ण्यनक्षि स्याद्६दीक्षणन्तु निशामनम् ॥ २४० ॥
निभालनं निशमनं निध्यानमवलोकनम् ।
दर्शनं द्योतनं निर्वर्णनञ्चा७थार्द्धवीक्षणम् ॥ २४१ ॥
अपाङ्गदर्शनं काक्षः कटाक्षोऽक्षिविकूणितम् ।
८स्यादुन्मीलनमुन्मेषो ९निमेषस्तु निमीलनम् ॥ २४२ ॥
१०अक्ष्णोर्बाह्यान्तावपाङ्गौ ११भ्रूरूर्ध्वे रोमपद्धतिः ।
१२सकोपभ्रूविकारे स्याद् भ्रुभ्रूभ्रूपरा कुटिः ॥ २४३ ॥

---

१. 'आँख'के १० नाम हैं—चक्षुः (-क्षुस्), अक्षि (२ न), ईक्षणम्, नेत्रम् (पु न), नयनम्, दृष्टिः, अम्बकम्, लोचनम् (+विलोचनम्), दर्शनम्, दृक् (-श्, स्त्री) ॥

शेषश्चात्र—अक्ष्णि रूपग्रहो देवदीपः ।

२. 'आँखकी पुतली'के २ नाम हैं—तारा (पु स्त्री । +तारका), कनीनिका ॥

३. 'बायीं आँख'का १ नाम है—सौम्यम् । ( इसका चन्द्रमा देवता है ) ॥

४. 'दहिनी आँख'का १ नाम है—भानवीयम् । ( इसका सूर्य देवता है ) ॥

५. 'सुन्दरताहीन आँख'का १ नाम है—अनक्षि ॥

६. 'देखने'के ९ नाम हैं—ईक्षणम्, निशामनम्, निभालनम्, निशमनम्, निध्यानम्, अवलोकनम्, दर्शनम्, द्योतनम्, निर्वर्णनम् ॥

७. 'कटाक्ष'के ५ नाम हैं—अर्धवीक्षणम्, अपाङ्गदर्शनम्, काक्षः, कटाक्षः, अक्षिविकूणितम् ॥

८. 'आँख खोलने'के २ नाम हैं—उन्मीलनम्, उन्मेषः ॥

९. 'आँख (की पलक) बन्द करने'के २ नाम हैं–निमेषः, निमीलनम् ॥

१०. 'आँखके आस-पासके दोनों भागों'का १ नाम है—अपाङ्गौ । ( एकत्वकी विवक्षामें ए० व० भी प्रयुक्त होता है ) ॥

११. 'भौंह'का १ नाम है—भ्रूः (स्त्री) ॥

१२. क्रोधसे भौंहके टेढ़े होने'के ४ नाम हैं—भ्रुकुटिः, भ्रूकुटिः, भ्रूकुटिः, भृकुटिः ( सब स्त्री ) ॥

१कूर्चं कूर्पं भ्रुवोर्मध्ये २पक्ष्म स्यान्नेत्ररोमणि ।
३गन्धज्ञा नासिका नासा घ्राणं घोणा विकूणिका ॥ २४४ ॥
नक्रं नर्कुटकं शिङ्घिनी४न्योष्ठोऽधरो रदच्छदः ।
दन्तवस्त्रञ्च ५तत्प्रान्तौ सृक्कणी ६असिकन्त्वधः ॥ २४५ ॥
७असिकाधस्तु चिबुकं स्याद्८गल्लः सृक्कणं परः ।
९गल्लात्परः कपोलश्च १०परो गण्डः कपोलतः ॥ २४६ ॥
११ततो हनुः १२श्मश्रु कूर्चमास्यलोम च मासुरी ।
१३दाढिका दंष्ट्रिका—

---

१. 'भौहोंके मध्यभाग'के २ नाम हैं—कूर्चम् ( पु न ), कूर्पम् ॥

२. 'पपनी ( नेत्रके बालों )'का १ नाम है—पक्ष्म ( -क्ष्मन् पु न ) ॥

३. 'नाक'के ६ नाम हैं—गन्धज्ञा, नासिका, नासा, घ्राणम्, घोणा, विकूणिका, नक्रम् ( न । +पु ), नर्कुटकम् (+नर्कुटम् ), शिङ्घिनी ॥

शेषश्चात्र—नासा तु गन्धहृत् । नसा गन्धवहा नस्या नासिक्यं गन्धनालिका ।

४. 'ओष्ठ'के ४ नाम हैं—ओष्ठः, अधरः, रदच्छदः, दन्तवस्त्रम् ( पु न । किसीके मतसे 'अधर' शब्द नीचेवाले ओष्ठका पर्याय है ) ॥

शेषश्चात्र—ओष्टे तु दशनोच्छिष्टो रसालेपी च वाग्दलम् ।

५. 'ओष्ठप्रान्तों ( ओष्ठके दोनों भागों—गलजबड़ों )'का १ नाम है—सृक्कणी ( क्कि । +सृक्वणी,-क्वि, सृक्किणी,—क्किन् । द्वित्वापेक्षासे द्विवचनका प्रयोग किया गया है ) ॥

६. 'ओष्ठके नीचेवाले भाग'का १ नाम है—असिकम् ॥

७. 'उक्त असिकके नीचेवाले भाग, ठुड्ढी'का १ नाम है—चिबुकम् ॥

८. 'गलजबड़ोके बादवाले भाग'का १ नाम है—गल्लः ॥

९. 'कपोल, गाल ( गल्लके बादवाले भाग )'का १ नाम है—कपोलः ॥

१०. 'कपोलके बादवाले भाग'का १ नाम है—गण्डः ॥

विमर्श—विशेष भेद नहीं होनेसे 'गल्लः, कपोलः, गण्डः'—ये तीनों शब्द एकार्थक ( 'गाल'के वाचक ) ही हैं, ऐसा भी किसी का मत है ॥

११. 'ठुड्ढी दाढ़ी' या—ऊपरवाले जबड़े'का १ नाम है—हनुः ( पु स्त्री ) ॥

१२. 'दाढ़ीके बाल'के ४ नाम हैं—श्मश्रु ( न ), कूर्चम् ( पु न ), आस्यलोम (-मन् ), मासुरी ॥

शेषश्चात्र—श्मश्रुणि व्यञ्जनं कोटः ।

१३. 'दाढ़ी'के २ नाम हैं—दाढिका, दंष्ट्रिका (+द्राढिका ) ॥

—१दाढा दंष्ट्रा जम्भो २द्विजा रदाः ॥ २४७ ॥
रदना दशना दन्ता दंशखादनमल्लकाः ।
३राजदन्तौ तु मध्यस्थावुपरिश्रेणिकौ क्वचित् ॥ २४८ ॥
४रसज्ञा रसना जिह्वा लोला ५तालु तु काकुदम् ।
६सुधास्रवा घण्टिका च लम्बिका गलशुण्डिका ॥ २४९ ॥
७कन्धरा धमनिर्ग्रीवा शिरोधिश्च शिरोधरा ।
८सा त्रिरेखा कम्बुग्रीवा९ऽवटुर्घाटा कृकाटिका ॥ २५० ॥
१०कृकस्तु कन्धरामध्यं ११कृकपार्श्वौ तु वीतनौ ।
१२ग्रीवाधमन्यौ प्राग् नीले १३पश्चान्मन्ये कलम्बिके ॥ २५१ ॥

---

१. 'दाढ़'के ३ नाम हैं—दाढा, दंष्ट्रा, जम्भः ॥

२. 'दाँत'के ८ नाम हैं—द्विजाः, रदाः, रदनाः, दशनाः, दन्ताः, दंशाः, खादनाः, मल्लकाः । ( यहाँ बहुत्यापेक्षा से बहुवचन कहा गया है ) ॥

शेषश्चात्र—दन्ते मुखखुरः खरुः । दालुः ।

३. 'ऊपरमें स्थित बीचवाले दो दाँतों'का १ नाम है—राजदन्तौ ॥

विमर्श—किसी-किसीके मतसे ऊपर-नीचे ( दोनों भागोंमें ) स्थित दो-दो दाँतों'का १ नाम हैं—राजदन्ताः । दोनोंमें-से प्रथम मतमें दो दाँत होनेसे द्विवचन तथा दूसरे मतमें चार दाँत होनेसे बहुवचन प्रयुक्त हुआ है ॥

४. 'जीभ'के ४ नाम हैं—रसज्ञा, रसना ( स्त्री न ), जिह्वा, लोला ।

शेषश्चात्र—जिह्वा तु रसिका, रस्ना च रसमातृका । रसा काकुर्ललना च ।

५. 'तालु'के २ नाम हैं—तालु ( न ), काकुदम् ॥

शेषश्चात्र—वक्त्रदलं तु तालुनि ।

६. 'घाँटी'के ४ नाम हैं—सुधास्रवा, घण्टिका, लम्बिका, गलशुण्डिका ॥

७. 'गर्दन'के ५ नाम हैं—कन्धरा, धमनिः ( स्त्री ), ग्रीवा, शिरोधिः ( स्त्री ), शिरोधरा ॥

८. 'तीन रेखायुक्त गर्दन'का १ नाम है—कम्बुग्रीवा ॥

९. 'गर्दनके पीछेवाले भाग'के ३ नाम हैं—अवटुः, ( पु स्त्री ), घाटा, कृकाटिका ॥

शेषश्चात्र—अवटौ तु शिरःपीठम् ॥

१०. 'गर्दनके बीच'का १ नाम है—कृकः ॥

११. 'उक्त कृकके अगल-बगलवाले भागों'का १ नाम हैं—वीतनौ ॥

१२. 'गर्दनके आगेवाली दोनों नाड़ियों'का १ नाम है—नीले (-ला, स्त्री ) ॥

१३. 'गर्दनके पीछेवाली दोनों नाड़ियों'का १ नाम है—कलम्बिके (-का,

१गलो निगरणः कण्ठः २काकलकस्तु तन्मणिः।
३अंसो भुजशिरः स्कन्धो ४जत्रु सन्धिरुरोंऽसगः ॥ २५२ ॥
५भुजो बाहुः प्रवेष्टो दोर्वाहा६ऽथ भुजकोटरः।
दोर्मूलं खण्डिकः कक्षा ७पार्श्वं स्यादेतयोरधः ॥ २५३ ॥
८कफोणिस्तु भुजामध्यं कफणिः कूर्परश्च सः।
९अधस्तस्याऽऽमणिबन्धात् स्यात्प्रकोष्ठः कलाचिका ॥ २५४ ॥
१०प्रगण्डः कूर्परांसान्तः ११पञ्चशाखः शयः शमः।
हस्तः पाणिः करो१२ऽस्यादौ मणिबन्धो मणिश्च सः ॥ २५५ ॥
१३करभोऽस्मादाकनिष्ठं—

---

स्त्री। 'नीतनौ, नीले, कलम्बिके'—इन तीनोंमें द्वित्वकी अपेक्षासे द्विवचनका प्रयोग किया गया है )॥

१. 'कण्ठ'के ३ नाम हैं—गलः, निगरणः, कण्ठः ( पु।+पु न )॥

२. 'कण्ठमणि'का १ नाम है—काकलकः (+काकलः )॥

३. 'कन्धे'के ३ नाम हैं—अंसः ( पु न ), भुजशिरः (—रस्। + भुजशिखरम् ), स्कन्धः ॥

४. 'हँसुली' ( कन्धेसे छातीको जोड़नेवाली हड्डी ) का १ नाम है—जत्रु ( न ), ॥

५. 'बाँह, भुजा'के ५ नाम हैं—भुजः, बाहुः, ( २ पु स्त्री ), प्रवेष्टः, दोः (—स्, पु न ), वाहा ॥

६. 'काँख'के ४ नाम हैं—भुजकोटरः ( पु न ), दोर्मूलम्, खण्डिकः, कक्षा ( पु स्त्री )॥

७. 'पँजड़ी ( काँखके नीचेवाले भाग ) का १ नाम है—पार्श्वम् (पु न)॥

८. 'कोहुनी ( बांहके बीचवाले भाग )'के ४ नाम हैं—कफोणिः (स्त्री। +कफाणिः ), भुजामध्यम्, कफणिः ( स्त्री।+पु ), कूर्परः (+कुर्परः )॥

शेषश्चात्र—कफोणौ रत्नपृष्ठकम्।
बाहूपबाहुसन्धिश्च।

९. 'कोनीके नीचे कलाई तकके भाग'के २ नाम हैं–प्रकोष्ठः, कलाचिका ॥

१०. 'कोहुनीसे कन्धेतकके भाग'का ४ नाम हैं—प्रगण्डः ॥

११. 'हाथ'के ६ नामहैं—पञ्चशाखः, शयः, शमः, हस्तः ( पु न ), पाणिः ( पु ), करः ॥

शेषश्चात्र—हस्ते भुजदलः सलः ॥

१२. 'मणिबन्ध ( कलाई )'के २ नाम हैं—मणिबन्धः, मणिः (पु स्त्री)॥

१३. 'कलाईसे कनिष्ठा अङ्गुलिके मूलतक बाहरी भाग'का १ नाम है—करभः ॥

—१करशाखाङ्गुली समे।
अंगुरी २चांगुलोऽङ्गुष्ठ३स्तर्जनी तु प्रदेशिनी ॥ २५६ ॥
४ज्येष्ठा तु मध्यमा मध्या ५सावित्री स्यादनामिका।
६कनीनिका तु कनिष्ठा७ऽवहस्तो हस्तपृष्ठतः ॥ २५७ ॥
८कामाङ्कुशो महाराजः करजो नखरो नखः।
करशूको भुजाकण्टः पुनर्भवपुनर्नवौ ॥ २५८ ॥
९प्रदेशिन्यादिभिः सार्धमङ्गुष्ठे वितते सति।
प्रादेशतालगोकर्णवितस्तयो यथाक्रमम् ॥ २५९ ॥
१०प्रसारितांगुलौ पाणौ चपेटः प्रतलस्तलः।
प्रहस्तस्तालिका तालः ११सिंहतलस्तु तौ युतौ ॥ २६० ॥

---

१. 'अंगुलि'के ३ नाम हैं—करशाखा, अङ्गुली (+अङ्गुलिः), अङ्गुरी ॥

२. 'अंगूठे'के २ नाम हैं—अङ्गुलः, अङ्गुष्ठः ॥

३. 'तर्जनी (अँगूठेके बादवाली अङ्गुलि)'के २ नाम हैं—तर्जनी, प्रदेशिनी ॥

४. 'बीचवाली (तर्जनीके बादवाली) अङ्गुलि'के ३ नाम हैं—ज्येष्ठा, मध्यमा, मध्या ॥

५. अनामिका (मध्यमा तथा कनिष्ठाके बीचवाली अंगुलि)'के २ नाम हैं—सावित्री, अनामिका ॥

६. 'कनिष्ठा' (सबसे छोटी अंगुलि)'के २ नाम हैं—कनीनिका, कनिष्ठा ॥

७. 'हथेलीके पीछेवाले भाग'का १ नाम है—अवहस्तः ॥

८. 'नख, नाखून'के ९ नाम हैं—कामाङ्कुशः, महाराजः, करजः (यौ०—पाणिजः, कररुहः,………), नखरः (त्रि), नखः (पु न), करशूकः, भुजाकण्टः, पुनर्भवः, पुनर्नवः ॥

९. 'तर्जनी आदि (तर्जनी, मध्यमा, अनामिका और कनिष्ठा अंगुलियोंके साथ अंगुष्ठ अङ्गुलिको फैलानेपर होनेवाले नाप (लम्बाई)'का क्रमशः १–१ नाम होता है—प्रादेशः, तालः, गोकर्णः, वितस्तिः (पु स्त्री) अर्थात् 'बित्ता' ॥

१०. 'थप्पड़, चटकन'के ६ नाम हैं—चपेटः (पु स्त्री), प्रतलः, तलः, प्रहस्तः, तालिका, तालः ॥

११. 'फैलाये हुए दोनों हाथोंके सटाने (दोहथा)'का १ नाम है—सिंहतलः (+संहतलः) ॥

१संपीडितांगुलिः पाणिर्मुष्टिर्मुस्तुर्मुचुट्यपि ।
संग्राहश्चा२र्धमुष्टिस्तु खटकः ३कुब्जितः पुनः ॥ २६१ ॥
पाणिः प्रसृतः प्रसृति४स्तौ युतौ पुनरञ्जलिः ।
५प्रसृते तु द्रवाधारे गण्डूषश्चुलुकश्चलुः ॥ २६२ ॥
६हस्तः प्रामाणिको मध्ये मध्यमाङ्गुलिकूर्परम् ।
७बद्धमुष्टिरसौ रत्नि८ररत्निर्निष्कनिष्ठिकः ॥ २६३ ॥
९व्यामव्यायामन्यग्रोधास्तिर्यग्बाहू प्रसारितौ ।
१०ऊर्ध्वीकृतभुजापाणि नरमानं तु पौरुषम् ॥ २६४ ॥
११दघ्नद्वयसमात्रास्तु जान्वादेस्तत्तदुन्मिते ।

---

१. 'मुट्ठी, मुक्का'के ४ नाम हैं—मुष्टिः, मुस्तुः, ( २ पु स्त्री ), मुचुटी ( स्त्री ), संग्राहः ॥

२. 'खुली हुई ( आधी बंद ) मुट्ठी'का १ नाम है—खटकः ॥

३. 'पसर'के २ नाम हैं—प्रसृतः, प्रसृतिः ( स्त्री ) ॥

४. 'अञ्जलि'का १ नाम है—अञ्जलिः ( पु ) ॥

५. 'चुल्लू'के ३ नाम हैं—गण्डूषः, चुलुकः ( २ पु स्त्री ), चलुः ( पु । +चलुकः ) ॥

६. 'हाथभर ( केहुनीसे मध्यमा अङ्गुलितक फैलानेसे होनेवाले २४ अंगुल या २ वित्तेकी लम्बाईवाले प्रमाणविशेष )'का १ नाम है—हस्तः ॥

७. 'निमुठ हाथभर ( केहुनीसे मुट्ठी बाँधकर फैलानेसे होनेवाले नाप )'का १ नाम है—रत्निः ( पु स्त्री ) ॥

८. 'केहुनीसे कनिष्ठा अंगुलिके फैलानेसे होनेवाले नाप'का १ नाम है—अरत्निः ( पु स्त्री ) ॥

९. 'दोनों हाथ फैलानेपर होनेवाले नाप'के ३ नाम हैं—व्यामः, व्यायामः, न्यग्रोधः ॥

शेषश्चात्र—अथ व्यामे वियामः स्याद्वाहुचापस्तनूतलः ।

१०. 'पोरसा' ( खड़ा होकर हाथ उठानेसे होनेवाले ( साढ़े चार हाथका )नाप'का १ नाम है—पौरुषम् ॥

११. 'जानु'आदि शब्दोंके बादमें 'दघ्नम् , द्वयसम् , मात्रम् ( ३ त्रि ) प्रत्यय लगानेसे बने हुए 'जानुदघ्नम् , जानुद्वयसम् , जानुमात्रम्' शब्द 'जानु ( घुटने, ठेहुने ) तक पानी आदिके नाम हो जाते हैं। यथा—जानुदघ्नं जलम् , जानुद्वयसं जलम् , जानुमात्रं जलम्'का अर्थ 'घुटनाभर पानी' होता है। ( इसीप्रकार 'ऊरु' आदि शब्दोंके बाद 'दघ्न' आदि जोड़नेपर 'ऊरुदघ्नम' आदि शब्द बनते हैं ) ॥

१रीढकः पृष्ठवंशः स्यात् २पृष्ठं तु चरमं तनोः ॥ २६५ ॥
३पूर्वभाग उपस्थोऽङ्कः क्रोड उत्सङ्ग इत्यपि ।
४क्रोडोरो हृदयस्थानं वक्षो वत्सो भुजान्तरम् ॥ २६६ ॥
५स्तनान्तरं हृद् हृदयं ६स्तनौ कुचौ पयोधरौ ।
उरोजौ च ७चूचुकं तु स्तनाद् वृन्तशिखामुखाः ॥ २६७ ॥
८तुन्दं तुन्दिर्गर्भकुक्षी पिचण्डो जठरोदरे ।
९कालखण्डं कालखञ्जं कालेयं कालकं यकृत् ॥ २६८ ॥
१०दक्षिणे तिलकं क्लोम—

---

१. 'पीठकी रीढ़'के २ नाम हैं—रीढकः, पृष्ठवंशः ॥

२. 'पीठ'का १ नाम है—पृष्ठम् । (आरोपसे 'पृष्ठ' शब्द पीछेका भी वाचक है) ॥

३. 'गोद, क्रोड'के ४ नाम हैं—उपस्थः, अङ्कः, क्रोडः, उत्सङ्गः ॥

४. 'अँकवार (दोनों भुजाओंका मध्यभाग)'के ६ नाम हैं—क्रोडा (स्त्री न). उरः (-रस्, न), हृदयस्थानम्, वक्षः (-स्, न), वत्सः (पु न), भुजान्तरम् ॥

५. 'हृदय'के ३ नाम हैं—स्तनान्तरम्, हृत् (-द् न), हृदयम् ॥

शेषश्चात्र—हृदयहं मर्मचरं गुणाधिष्ठानकं त्रसम् ।

६. 'स्तन'के ४ नाम हैं—स्तनौ, कुचौ, पयोधरौ, उरोजौ (यौ०—उरसिजौ, वक्षोजौ,……। द्वित्वकी अपेक्षासे इनका प्रयोग द्विवचनमें हुआ है) ॥

शेषश्चात्र—गुणौ तु धरणौ ।

७. 'स्तनके अग्रभाग (जिसे बच्चे मुखमें लेकर दुग्धपान करते हैं, उस)'के ४ नाम हैं—चूचुकम् (पु न), स्तनवृन्तम्, स्तनशिखा, स्तनमुखम् ॥

शेषश्चात्र—अग्रे तयोः पिप्पलभेचकौ ।

८. 'पेट, तोंद'के ७ नाम हैं—तुन्दम्, तुन्दिः (स्त्री), गर्भः, कुक्षिः (पु।+पु स्त्री), पिचण्डः, जठरम् (पु न), उदरम् (न।+पु स्त्री) (वाचस्पतिके मतसे 'पेट'के आधारका नाम 'कुक्षि' है) ॥

९. यकृत्, कलेजा (हृदयके भागमें स्थित कृष्ण वर्णवाले मांस-विशेष)'के ५ नाम हैं—कालखण्डम्, कालखञ्जम्, कालेयम्, कालकम्, यकृत् (न) ॥

१०. 'फेफड़ा (हृदयके दहने भागमें स्थित पेटके जलाधार-विशेष)'के २ नाम हैं—तिलकम्, क्लोम (-मन्, न) ॥

—१वामे तु रक्तफेनजः ।
पुप्पसः स्या२दथ प्लीहा गुल्मो३न्त्रं तु पुरीतति ॥ २६९ ॥
४रोमावली रोमलता ५नाभिः स्यात्तुन्दकूपिका ।
६नाभेरधो मूत्रपुटं वस्तिर्मूत्राशयोऽपि च ॥ २७० ॥
७मध्योऽवलग्नं विलग्नं मध्यमो८ऽथ कटः कटिः ।
श्रोणिः कलत्रं कटीरं काञ्चीपदं ककुद्मती ॥ २७१ ॥
९नितम्बारोहौ स्त्रीकट्याः पश्चा१०ज्जघनमग्रतः ।
११त्रिकं वंशाध१२स्तत्पार्श्वे कूपकौ तु कुकुन्दरे ॥ २७२ ॥
१३युतौ स्फिचौ कटिप्रोथौ—

---

शेषश्चात्र—जठरे मलुको रोमलताधारः ।

१. 'फुफ्फुस' (हृदयके बाँये भागमें रक्तफेनसे उत्पन्न )'के २नाम हैं—रक्तफेनजः, पुप्पसः ॥

२. 'प्लीहा, गुल्मनामक रोग'के २ नाम हैं—प्लीहा, गुल्मः ( पु न )

३. 'आँत'के २ नाम हैं—अन्त्रम्, पुरीतत् ( न ।+पु ) ॥

४. 'नाभिके नीचेवाली रोमपंक्ति'के २ नाम हैं—रोमावली, रोमलता ॥

५. 'नाभि'के २ नाम हैं—नाभिः ( पु स्त्री ), तुन्दकूपिका ॥

शेषश्चात्र—अथ क्लोमनि । स्यात्तालं कलपुषं क्लोमम् ।

६. 'मूत्राशय'के ३ नाम हैं—मूत्रपुटम्; वस्तिः ( पु स्त्री ), मूत्राशयः ॥

७. 'शरीरके मध्यभाग'के ४ नाम हैं—मध्यः, अवलग्नम्, मध्यमः ( सब पु न ) ॥

८. 'कटि, कमर'के ७ नाम हैं—कटः ( पु न ), कटिः ( स्त्री ), श्रोणिः ( पु स्त्री ), कलत्रम्, कटीरम् काञ्चीपदम्, ककुद्मती ॥

९. 'नितम्ब ( स्त्रीके चूतड़ )'के २ नाम हैं—नितम्बः, आरोहः ॥

१०. 'जघन'का १ नाम है—जघनम् ॥

११. 'पीठकी रीढ़के नीचे तथा दोनों ऊरुके जोड़वाले भाग'का १ नाम है—त्रिकम् ॥

१२. 'उक्त, त्रिक'के पासवाले दोनों भागमें स्थित गर्तविशेष'का १ नाम है—कुकुन्दरे ( न, द्वित्वापेक्षासे द्विवचन कहा गया है अतः एकवचन भी होता है ।+पु+कुकुन्दुरः ) ॥

शेषश्चात्र—कटीकूपो तूच्चिलिङ्गौ रतावुके ।

१३. 'दोनों चूतड़ों'के २ नाम हैं—स्फिचौ ( च्, स्त्री ), कटिप्रोथौ । ( द्वित्वकी अपेक्षासे द्विवचन कहा गया है, अतः एकवचन भी होता है) ॥

—१वराङ्गं तु च्युतिर्बुलिः ।
भगोऽपत्यपथो योनिः स्मरान्मन्दिरकूपिके ॥ २७३ ॥
स्त्रीचिह्नं२मथ पुंश्चिह्नं मेहनं शेपशेपसी ।
शिश्नं मेढ्रः कामलता लिङ्गं च ३द्वयमप्यदः ॥ २७४ ॥
गुह्यप्रजननोपस्था ४गुह्यमध्यं गुलो मणिः ।
५सीवनी तदधःसूत्रं ६स्यादण्डं पेलमण्डकः ॥ २७५ ॥
मुष्कोऽण्डकोशो वृषणो७ऽपानं पायुर्गुदं च्युतिः ।
अधोमर्म शकृद्द्वारं त्रिवलीक-बुली अपि ॥ २७६ ॥
८विटपं तु महाबीज्यमन्तरा मुष्कवङ्क्षणम् ।
९ऊरुसन्धिर्वङ्क्षणः स्यात् १०सक्थ्यूरुस्तस्य पर्व तु ॥ २७७ ॥

---

१. 'योनि'के ६ नाम हैं—वराङ्गम्, च्युतिः, बुलिः (२ स्त्री), भगः (पु न), अपत्यपथः, योनिः (पु स्त्री), स्मरमन्दिरम्, स्मरकूपिका, स्त्रीचिह्नम् ॥

२. 'लिङ्ग (पुरुषोंके पेशाब करनेवाला इन्द्रिय')के ८ नाम हैं—पुंश्चिह्नम्, मेहनम्, शेपः, शेपः (-पस्, न), शिश्नम्, मेढ्रः (२ पुं न), कामलता, लिङ्गम् ॥

शेषश्चात्र—शिश्ने तु लंगुलं शंकु लाङ्गूलं शेफशेफसी ।

३. 'योनि तथा लिङ्ग' दोनोंके ३ नाम और भी हैं—गुह्यम्, प्रजननम्, उपस्थः (पु । + पु न) ॥

४. 'गुह्य (लिङ्ग)के मध्यभागस्थ मणि'के २ नाम हैं—गुलः, मणिः (पु स्त्री) ॥

५. 'गुह्य (लिङ्ग तथा योनि)'के नीचे 'स्थित सीवन'का १ नाम है—सीवनी ॥

६. 'अण्डकोष (फोता)'के ६ नाम हैं—अण्डम् (न । + न पु । + आण्डः), पेलम् (+ पेलकः), अण्डकः, मुष्कः (पु न), अण्डकोशः, वृषणः (पु न) ॥

७. 'गुदा (पाखाने का मार्ग)'के ८ नाम हैं—अपानम्, पायुः (पु), गुदम् (पु न), च्युतिः, अधोमर्म (-र्मन्), शकृद्द्वारम्, त्रिवलीकम्, बुलिः (स्त्री) ॥

८. 'अण्डकोष तथा ऊरुसन्धिके मध्यवाली रेखा'के २ नाम हैं—विटपम्, महाबीज्यम् ॥

९. 'ऊरुसन्धि'का १ नाम है (+ ऊरुसन्धिः), वङ्क्षणः ॥

१०. 'जङ्घा'के २ नाम हैं—सक्थि (न), ऊरुः (पु स्त्री) ॥

१जानुर्नलकीलोऽष्ठीवान् २पश्चाद्भागोऽस्य मन्दिरः ।
३कपोली त्वग्रिमो ४जङ्घा प्रसृता नलकीन्यपि ॥ २७८ ॥
५प्रतिजङ्घा त्वग्रजङ्घा ६पिण्डिका तु पिचण्डिका ।
७गुल्फस्तु चरणग्रन्थिर्घुटिको घुण्टको घुटः ॥ २७९ ॥
८चरणः क्रमणः पादः पदोऽङ्घ्रिश्चलनः क्रमः ।
९पादमूलं गोहिरं स्यात् १०पार्ष्णिस्तु घुटयोरधः ॥ २८० ॥
११पादाग्रं प्रपदं १२क्षिप्रं त्वङ्गुष्ठाङ्गुलिमध्यतः ।
१३कूर्चं क्षिप्रस्योप१४र्यङ्घ्रिस्कन्धः कूर्चशिरः समे ॥ २८१ ॥
१५तलहृदयं तु तलं मध्ये पादतलस्य तत् ।
१६तिलकः कालकः पिप्लुर्जडुलस्तिलकालकः ॥ २८२ ॥

---

१. 'घुटना, ठेहुना' ३ नाम हैं—जानुः ( पु न ), नलकीलः, अष्ठीवान् (—वत् , पु न ) ॥

२. 'घुटनेके पीछेवाले भाग'का १ नाम है—मन्दिरः ॥

३. 'घुटनेके आगेवाले भाग'का १ नाम है—कपोली ॥

४. 'जङ्घा' ( पिंडली, घुटनेके नीचेवाले भाग )के ३ नाम हैं—जङ्घा, प्रसृता, नलकीनी ॥

५. 'जङ्घाके आगेवाले भाग'के २ नाम हैं—प्रतिजङ्घा, अग्रजङ्घा ॥

६. 'पिंडलीके पीछेवाले मांसल भाग'के २ नाम हैं—पिण्डिका, पिचण्डिका ॥

७. 'पैरकी फिल्ली ( घुट्टी, एड़ीके ऊपरवाली गांठ )'के ४ नाम हैं—गुल्फः ( + चरणग्रन्थिः ), घुटिकः, घुण्टकः, घुटः ( सब पु स्त्री ) ॥

८. 'पैर'के ७ नाम हैं—चरणः, ( पु न ), क्रमणः, पादः (+पात् —द् ), पदः ( पु न । +पत्–द् ), अंह्रिः ( पु । अङ्घ्रिः ), चलनः, क्रमः ॥

९. 'एड़ी'का १ नाम है—( + पादमूलम् ) गोहिरम् ॥

१०. 'घुट्टियोंके नीचेवाले भाग'का १ नाम है—पार्ष्णिः ( स्त्री ) ॥

११. 'पैरके आगेवाले भाग ( पैरका पंजा )'का १ नाम है—प्रपदम् ॥

१२. 'पैरके अङ्गूठे तथा अंगुलियोंके बीचवाले भाग'का १ नाम है—क्षिप्रम् ॥

१३. 'उक्त 'क्षिप्र'के ऊपरवाले भाग'का १ नाम है—कूर्चम् ॥

१४. 'उक्त 'कूर्च'के ऊपरवाले भाग'के २ नाम हैं—अंह्रिस्कन्धः, कूर्चशिरः (–रस् ) ॥

१५. 'पैरके तलवे ( सुपली )'के २ नाम हैं—तलहृदयम् , तलम् ॥

१६. 'अङ्गमें तिलके समान काले चिह्न'के ५ नाम हैं—तिलकः, कालकः, पिप्लुः, ( पु ), जडुलः, तिलकालकः ॥

१रसासृग्मांसमेदोऽस्थिमज्जाशुक्राणि धातवः ।
सप्तैव दश वैकेषां रोमत्वक्स्नायुभिः सह ॥ २८३ ॥
२रस आहारतेजोऽग्निसंभवः षड्रसाश्रयः ।
आत्रेयोऽसृक्करो धातुर्घनमूलमहापरः ॥ २८४ ॥
३रक्तं रुधिरमाग्नेयं विस्रं तेजोभवे रसात् ।
शोणितं लोहितमसृग् वाशिष्ठं प्राणदाऽऽसुरे ॥ २८५ ॥
क्षतजं मांसकार्यस्रं ४मांसं पललजङ्गले ।
रक्तात्तेजोभवे क्रव्यं काश्यपं तरसामिषे ॥ २८६ ॥
मेदस्कृत पिशितं कीनं पलं ५पेश्यस्तु तल्लताः ।
६बुक्का हृद् हृदयं वृक्का सुरसं च तदग्रिमम् ॥ २८७ ॥
७शुष्कं वल्लूरमुत्तप्तं—

---

१. 'रसः ( खाए हुए अन्नादिसे बना हुआ सार भाग ), असृक् (–ज्, रक्त ), मांसः ( मांस ), मेदः (–दस्, मेदा ), अस्थि ( हड्डी ), मज्जा ( शरीरकी हड्डियोंकी नालियोंमें होनेवाला स्निग्ध पदार्थ ), शुक्रम् ( वीर्य )—ये ७ 'धातवः' अर्थात् 'धातु' कहलाते हैं । किसी-किसीके मतसे उक्त ७ तथा 'रोम (–मन्, न । रोएँ, वाल ), त्वक् (–च्, स्त्री । चमड़ा ), स्नायुः ( नाड़ी, नस )—ये ३ कुल १० 'धातवः' अर्थात् 'धातु' कहलाते हैं ॥

२. (अब क्रमसे उक्त रसादि १० के पर्यायोंको कहते हैं—) 'भोजन किये हुए पदार्थके सार भाग'के ६ नाम हैं—रसः, आहारतेजः (–जस्), अग्निसंभवः, षड्रसासवः, आत्रेयः, असृक्करः, घनधातुः, महाधातुः, मूलधातुः ॥

३. 'रक्त, खून'के १५ नाम हैं—रक्तम्, रुधिरम्, आग्नेयम्, विस्रम्, रसतेजः (–जस्), रसभवम्, शोणितम्, लोहितम्, असृक् (–ज्, न ), वाशिष्ठम्, प्राणदम्, आसुरम्, क्षतजम्, मांसकारि (–रिन् ), अस्रम् ॥

शेषश्चात्र—रक्ते तु शोध्यकीलाले ।

४. 'मांस'के १३ नाम हैं—मांसम् ( पु न ), पललम्, जङ्गलम्, ( पु न ), रक्ततेजः (–जस् ), रक्तभवम्, क्रव्यम्, काश्यपम्, तरसम्, आमिषम् ( पु न ), मेदस्कृत्, पिशितम्, कीनम्, पलम् ( पु न ) ॥

शेषश्चात्र—मांसे तूद्धः समारटम् । लेपनञ्च ।

५. 'मांसपेशियों'का १ नाम है—पेश्यः (बहुत्वकी अपेक्षा से बहुवचनका प्रयोग होनेसे 'पेशी' ए० व० भी होता है ) ॥

६. 'हृदय'के ५ नाम हैं—बुक्का (–क्कन्, पु । + –क्का, स्त्री । + बुक्कम्, न पु,) हृद्, हृदयम्, वृक्का ( स्त्री । + पु ), सुरसम् ॥

७. 'सूखे मांस'के २ नाम हैं—वल्लूरम् ( त्रि ), उत्तप्तम् ॥

—१पूयदूष्ये पुनः समे ।
२मेदोऽस्थिकृद्वपा मांसात्तेजो-जे गौतमं वसा ॥ २८८ ॥
३गोदं तु मस्तकस्नेहो मस्तिष्को मस्तुलुङ्गकः ।
४अस्थि कुल्यं भारद्वाजं मेदस्तेजश्च मज्जकृत् ॥ २८९ ॥
मांसपित्तं श्वदयितं कर्करो देहधारकम् ।
मेदोजं कीकसं सारः ५करोटिः शिरसोऽस्थनि ॥ २९० ॥
६कपालकर्परौ तुल्यौ ७पृष्ठस्यास्थ्नि कशेरुका ।
८शाखास्थनि स्यान्नलकं ९पार्श्वास्थ्नि वङ्क्रिपर्शुके ॥ २९१ ॥
१०शरीरास्थि करङ्कः स्यात् कङ्कालमस्थिपञ्जरः ।
११मज्जा तु कौशिकः शुक्रकरोऽस्थ्नः स्नेहसंभवौ ॥ २९२ ॥

---

१. 'पीब'के २ नाम हैं—पूयम् ( पु न ), दूष्यम् ॥

२. 'चर्बी'के ७ नाम हैं—मेदः (-दस्, न ), अस्थिकृत्, वपा, मांसतेजः (-जस्), मांसजम्, गौतमम् वसा ॥

३. 'मस्तिष्क, दिमाग'के ४ नाम हैं—गोदम् ( न ! + पु ), मस्तकस्नेहः, मस्तिष्कः ( पु न ), मातुलुङ्गकः (+न ) ॥

४. 'हड्डी'के १२ नाम हैं—अस्थि ( न ), कुल्यम् ( पु न ), भारद्वाजम्, मेदस्तेजः (-जस्), मज्जकृत्, मांसपित्तम्, श्वदयितम्, कर्करः, देहधारकम्, मेदोजम्, कीकसम्, सारः (+हड्डम् ) ॥

५. 'मस्तककी हड्डी'का १ नाम है—करोटिः ( स्त्री ) ॥

६. 'कपाल, खोपड़ी'के २ नाम हैं—कपालम् ( पु न । + शकलम् ), कर्परः ॥

७. 'पीठकी हड्डी'का १ नाम है—कशेरुका ( स्त्री न । + कशारुका, कशारु ) ॥

८. 'नलिका—छोटी २ हड्डियों'का १ नाम है—नलकम् ॥

९. 'पंजड़ी ( दोनों पार्श्वभागोंकी हड्डी )'के २ नाम हैं—वङ्क्रिः (स्त्री), पर्शुका ॥

१०. 'कंकाल ( शरीरकी हड्डी )'के ३ नाम हैं—करङ्कः, कङ्कालम् (पु न), अस्थिपञ्जरः ॥

११. 'मज्जा'के ५ नाम हैं—मज्जा (-ज्जन्, पु । + स्त्री पु । + मज्जा-ज्जा, स्त्री ), कौशिकः, शुक्रकरः, अस्थिस्नेहः, अस्थिसम्भवः (+अस्थितेजः,-जस् ) ॥

१शुक्रं रेतो बलं बीजं वीर्यं मज्जसमुद्भवम् ।
आनन्दप्रभवं पुंस्त्वमिन्द्रियं किट्टवर्जितम् ॥ २६३ ॥
पौरुषं प्रधानधातुर्२लोम रोम तनूरुहम् ।
३त्वक् छविश्छादनी कृत्तिश्चर्माऽजिनमसृग्धरा ॥ २६४ ॥
४वस्नसा तु स्नसा स्नायु५र्नाड्यो धमनयः सिराः ।
६कण्डरा तु महास्नायु७र्मलं किट्टं ८तदक्षिजम् ॥ २६५ ॥
दूषीका दूषिका ९जैह्वं कुलुकं—

---

१. 'वीर्य, शुक्र'के १२ नाम हैं—शुक्रम्, रेतः (-तस् न), बलम्, बीजम्, वीर्यम्, मज्जसमुद्भवम्, आनन्दप्रभवम्, पुंस्त्वम्, इन्द्रियम्, किट्टवर्जितम्, पौरुषम्, प्रधानधातुः ॥

२. 'रोंए'के ३ नाम हैं—लोम, रोम ( २—न् न ), तनूरुहम् ( पु न ) ॥

शेषश्चात्र—रोमणि तु त्वग्मलं वालपुत्रकः । कूपजो मांसनिर्यासः परित्राणम् ॥

३. 'चमड़ा ( सादृश्योपचारसे छिलका )'के ७ नाम हैं—त्वक् (-च्), छविः ( २ स्त्री ), छादनी, कृत्तिः, चर्म (-र्मन्), अजिनम्, असृग्धरा ।

विमर्श—'अमरसिंह'ने 'अजिनं चर्म कृत्तिः स्त्री' ( २।७।४६ ) वचनके द्वारा पूर्वोक्त 'कृत्ति, अजिन और चर्मन्' शब्दोंको 'मृगयोनि' होनेसे सामान्य चमड़ेसे भिन्न कहा है । अतएव "मृगा अजिनयोनयः" यह वचन तथा "तत्राजिनं मृगयोनिर्मृगाश्च प्रियकादयः । मृगप्रकरणे तेऽथ प्रोक्ता अजिनयोनयः ॥" यह वाचस्पतिके वचन भी सार्थक होते हैं ॥

४. 'अङ्ग-प्रत्यङ्गोंकी सन्धि ( जोड़ )'के ३ नाम हैं—वस्नसा, स्नसा ( स्त्री ), स्नायुः ( स्त्री । +न ) ॥

शेषश्चात्र—अथ स्नसा । तन्त्रनिस्वारुस्नावानः सन्धिबन्धनमित्यपि ।

५. 'नाड़ियों, नशों'के ३ नाम हैं—नाड्यः (+नड्यः), धमनयः ( स्त्री ), सिराः । ( बहुत्वकी अपेक्षासे ब० व० कहा गया है, अतः ए० व० भी होता है ) ॥

६. 'महास्नायु ( वैद्योंके मत में—स्नायुसमूह)'के २ नाम हैं—कण्डरा, महास्नायुः ॥

७. 'मैल'के २ नाम हैं—मलम्, किट्टम् ( २ पु न ) ॥

८. 'कींचर ( आँखकी मैल )'के २ नाम हैं—दूषीका, दूषिका ॥

९. 'जीभकी मैल'का १ नाम है—कुलुकम् ॥

—१पिप्पिका पुनः ।
दन्त्यं २कार्णं तु पिञ्जूषः ३शिङ्घाणो घ्राणसंभवम् ॥ २६६ ॥
४सृणीका स्यन्दिनी लालाऽऽस्यास्रवः कफकूचिका ।
५मूत्रं वस्तिमलं मेहः प्रस्रावो नृजलं स्रवः ॥ २६७ ॥
६पुष्पिका तु लिङ्गमलं ७विड् विष्ठाऽवस्करः शकृत् ।
गूथं पुरीषं शमलोच्चारौ वर्चस्कवर्चसी ॥ २६८ ॥
८वेषो नेपथ्यमाकल्पः ९परिकर्माङ्गसंस्क्रिया ।
१०उद्वर्तनमुत्सादन११मङ्गरागो विलेपनम् ॥ २६९ ॥
१२चर्चिक्यं समालभनं चर्चा स्याद् १३मण्डनं पुनः ।
प्रसाधनं प्रतिकर्म—

---

१. 'दाँतकी मैल'का १ नाम है—पिप्पिका ॥

२. 'खोंट ( कानकी मैल )'का १ नाम है—पिञ्जूषः ॥

३. 'नेटा, नकटी ( नाककी मैल )'का १ नाम है—शिङ्घाणः (+शिङ्घाणकः ) ॥

४. लार'के ५ नाम हैं—सृणीका (+सृणिका), स्यन्दिनी, लाला, आस्यास्रवः, कफकूचिका ॥

५. 'मूत्र, पेशाब'के ६ नाम हैं—मूत्रम्, वस्तिमलम्, मेहः, प्रस्रावः, नृजलम्, स्रवः ॥

६. 'पुष्पिका ( लिङ्गकी श्वेत वर्ण मैल )'का १ नाम है—पुष्पिका ॥

७. 'विष्ठा, मैला'के १० नाम हैं—विट् (-श्, स्त्री ।+स्त्री न ।+विट्=विष्, स्त्री ), विष्ठा, अवस्करः, शकृत् ( न ), गूथम् ( पु न ), पुरीषम्, शमलम्, उच्चारः, वर्चस्कम् ( पु न ), वर्चः (-र्चस् ।+अशुचि ) ॥

८. 'वेष या भूषण'के ३ नाम हैं—वेषः ( पु न ।+वेशः ), नेपथ्यम्, आकल्पः ॥

९. 'शरीरका संस्कार करना' (उबटन, साबुन आदिसे स्वच्छ करने)'का १ नाम है—परिकर्म (-र्मन् ) ॥

१०. 'उबटन लगाने'के २ नाम हैं—उद्वर्तनम्, उत्सादनम् (+उच्छादनम् ) ॥

११. 'कस्तूरी, कुङ्कुम आदि लपेटना'के २ नाम हैं—अङ्गरागः, विलेपनम् ॥

१२. 'चन्दन आदिका तिलक करने'के ३ नाम हैं—चर्चिक्यम्, समालभनम्, चर्चा ॥

१३. 'शृङ्गार करना, सजाना ( स्तन-कपोलादिपर पत्रमकरिकादिकी रचना करना )'के ३ नाम हैं—मण्डनम्, प्रसाधनम्, प्रतिकर्म (-र्मन् ) ॥

—१मार्ष्टिः स्याद् मार्जना मृजा ॥ ३०० ॥
२वासयोगस्तु चूर्णं स्यात् ३पिष्टातः पटवासकः ।
४गन्धमाल्यादिना यस्तु संस्कारः सोऽधिवासनम् ॥ ३०१ ॥
५निर्वेश उपभोगो६ऽथ स्नानं सवनमाप्लवः ।
७कर्पूरागुरुकक्कोलकस्तूरीचन्दनद्रवैः ॥ ३०२ ॥
स्याद् यक्षकर्दमो मिश्रै८र्वर्तिर्गात्रानुलेपनी ।
९चन्दनागरुकस्तूरीकुङ्कुमैस्तु चतुःसमम् ॥ ३०३ ॥
१०अगुर्वगरुराजार्हं लोहं कृमिजवंशिके ।
अनार्यजं जोङ्गकं च—

---

१. 'स्वच्छ ( साफ ) करना'के ३ नाम हैं—मार्ष्टिः, मार्जना मृजा ॥

२. 'सुगन्धित ( सुवासित ) करनेवाले चूर्ण'के २ नाम हैं—वासयोगः, चूर्णम् ( पु न ) ॥

३. 'कपड़ेको सुवासित करनेवाले फूल या चूर्णादि'के २ नाम हैं—पिष्टातः, पटवासकः ॥

४. 'सुगन्धित पदार्थ या माला आदिसे सुवासित करने'का १ नाम है—अधिवासनम् ।

५. 'उपभोग'के २ नाम हैं—निर्वेशः, उपभोगः ॥

६. 'स्नान, नहाना'के ३ नाम हैं–स्नानम्, सवनम्, आप्लवः (+आप्लावः) ॥

७. कर्पूर, अगर, कक्कोल, कस्तूरी और चन्दनद्रवको मिश्रितकर बनाया गया ( सुगन्धपूर्ण ) लेप-विशेष'का १ नाम है—यक्षकर्दमः ।

विमर्श—धन्वन्तरिका कथन है कि—कुङ्कुम, अगर, कस्तूरी, कर्पूर और चन्दनको मिलाकर बनाये गये अत्यन्त सुगन्धयुक्त लेपविशेषका नाम 'यक्षकर्दम' है ॥

८. 'वत्ती' ( नाटकादि में पात्रोंके शरीरसंस्कारार्थ लगाये जानेवाले लेपविशेषकी वत्ती'के २ नाम हैं—वर्तिः ( स्त्री ), गात्रानुलेपनी ॥

९. 'समान भाग चन्दन, अगर, कस्तूरी और कुङ्कुमके मिश्रणसे बनाये गये और लेप विशेष'का १ नाम है—चतुःसमम् ॥

१०. 'अगर'के ८ नाम हैं—अगुरु, अगरु ( २ पु न ), राजार्हम्, लोहम् ( पु न ), कृमिजम् (+कृमिजग्धम्), वंशिका ( स्त्री न ), अनार्यजम्, जोङ्गकम् ।

शेषश्चात्र—अगुरौ प्रवरं भृङ्ग शीर्षकं मृदुलं लघु ।
वरद्रुमः परमदः प्रकरं गन्धदारु च ॥

—१मङ्गल्या मल्लिगन्धि यत् ॥ ३०४ ॥
२कालागरुः काकतुण्डः ३श्रीखण्डं रोहणद्रुमः ।
गन्धसारो मलयजश्चन्दने ४हरिचन्दने ॥ ३०५ ॥
तैलपर्णिकगोशीर्षौ ५पत्राङ्गं रक्तचन्दनम् ।
कुचन्दनं ताम्रसारं रञ्जनं तिलपर्णिका ॥ ३०६ ॥
६जातिकोशं जातिफलं ७कर्पूरो हिमवालुका ।
घनसारः सिताभ्रश्च चन्द्रो८ऽथ मृगनाभिजा ॥ ३०७ ॥
मृगनाभिर्मृगमदः कस्तूरी गन्धधूल्यपि ।
९कश्मीरजन्म घुसृणं वर्णं लोहितचन्दनम् ॥ ३०८ ॥
वाह्लीकं कुङ्कुमं वह्निशिखं कालेयजागुडे ।
सङ्कोचपिशुनं रक्तं धीरं पीतनदीपने ॥ ३०९ ॥

---

१. 'मल्लिकाके फूलके समान गन्धवाले अगर'का १ नाम है—मङ्गल्या ॥

२. 'काले अगर'के २ नाम है—कालागरुः, काकतुण्डः ॥

३. 'चन्दन'के ५ नाम हैं—श्रीखण्डम्, रोहणद्रुमः, गन्धसारः, मलयजः, चन्दनः, ( २ पु न ) ॥

शेषश्चात्र—चन्दने पुनरेकाङ्गं भद्रश्रीः फलकीत्यपि ।

४. 'हरिचन्दन'के ३ नाम हैं—हरिचन्दनम् ( पु न ), तैलपर्णिकः, गोशीर्षः ( २ पु । + १ न ) ॥

५. 'रक्तचन्दन'के ६ नाम हैं—पत्राङ्गम्, रक्तचन्दनम्, कुचन्दनम्, ताम्रसारम्, रञ्जनम्, तिलपर्णिका ॥

६. 'जायफल'के २ नाम हैं—जातिकोशम् (+ जातीकोशम्, जातिकोषम् , जातीकोषम् ), जातिफलम् ( + जातीफलम्, जातिः, फलम् ) ॥

शेषश्चात्र—जातीफले सौमनसं पुटकं मदशौण्डकम् ।
कोशफलम् ।

७. 'कपूर'के ५ नाम हैं—कर्पूरः ( पु न ), हिमवालुका, घनसारः, सिताभ्रः, चन्द्रः ( पु न । 'चन्द्र'के पर्याय-वाचक सभी नाम ) ॥

८. 'कस्तूरी'के ५ नाम हैं— मृगनाभिजा, मृगनाभिः ( स्त्री ), मृगमदः, कस्तूरी, गन्धधूली ॥

९. 'कुंकुम'के १४ नाम हैं—कश्मीरजन्म (—न्मन् ), घुसृणम् , वर्णम् (+ वर्ण्यम्), लोहितचन्दनम् , वाह्लीकम् (+ वाह्लिकम् ), कुङ्कुमम् (न + पु), वह्निशिखम् , कालेयम् , जागुडम् , संकोचपिशुनम् ( सङ्कोचम् , पिशुनम् ), रक्तम् , धीरम् पीतनम् , दीपनम् ॥

१लवङ्गं देवकुसुमं श्रीसंज्ञं२मथ कोलकम् ।
कक्कोलकं कोषफलं ३कालीयकं तु जापकम् ॥ ३१० ॥
४यक्षधूपो बहुरूपः सालवेष्टोऽग्निवल्लभः ।
सर्जमणिः सर्जरसो रालः सर्वरसोऽपि च ॥ ३११ ॥
५धूपो वृकात् कृत्रिमाच्च तुरुष्कः सिल्हपिण्डकौ ।
६पायसस्तु वृक्षधूपः श्रीवासः सरलद्रवः ॥ ३१२ ॥
७स्थानात् स्थानान्तरं गच्छन् धूपो गन्धपिशाचिका ।
८स्थासकस्तु हस्तबिम्ब९मलङ्कारस्तु भूषणम् ॥ ३१३ ॥
परिष्काराऽऽभरणे च १०चूडामणिः शिरोमणिः ।

---

शेषश्चात्र—कुंकुमे तु करटं वासनीयकम् ।
प्रियङ्गुपीतं कावेरं घोरं पुष्परजो वरम् ॥
कुसुम्भञ्च जवापुष्पं कुसुमान्तञ्च गौरवम् ।

१. 'लवङ्ग'के ३ नाम हैं—लवङ्गम्, देवकुसुमम्, श्रीसंज्ञम् (श्री अर्थात् लक्ष्मी के पर्यायवाचक सब नाम) ॥

२. 'कक्कोल'के ३ नाम हैं—कोलकम् (+कोलम्), कक्कोलकम् (+कक्कोलम्), कोषफलम् ॥

३. 'जापक (या—'जायक') नामक गन्धद्रव्यविशेष)'के २ नाम हैं—कालीयकम् (+कालीयम्), जापकम् (+कालानुसार्यम्) ॥

४. 'राल'के ८ नाम हैं—यक्षधूपः, बहुरूपः, सालवेष्टः, अग्निवल्लभः, सर्जमणिः, सर्जरसः, रालः (पु न), सर्वरसः ॥

५. 'लोहबान'के ५ नाम हैं—वृकधूपः, कृत्रिमधूपः, तुरुष्कः (पु न।+यावनः), सिल्हः, पिण्डकः ॥

६. 'देवदारुके निर्यासंसे बने हुए सुगन्धयुक्त गन्ध-विशेष'के ४ नाम हैं—पायसः, वृक्षधूपः, श्रीवासः, सरलद्रवः ॥

शेषश्चात्र—वृक्षधूपे च श्रीवेष्टो दधिक्षीरघृताह्वयः ।

७. 'एक जगहसे दूसरी जगह जानेवाले धूप-विशेष'का १ नाम है—गन्धपिशाचिका ॥

८. 'दिवाल आदिपर कुंकुम, चन्दन या चौरठसे दिये गये हाथके पांचों अंगुलियोंके छाप'के २ नाम हैं—स्थासकः, हस्तबिम्बम् ॥

९. 'आभूषण, गहना, जेवर'के ४ नाम हैं—अलङ्कारः, भूषणम् (पु न), परिष्कारः, आभरणम् ॥

१०. 'चूडामणि'के २ नाम हैं—चूडामणिः, शिरोमणिः (+चूडारत्नम्, शिरोरत्नम्) ॥

१नायकस्तरलो हारान्तर्मणिर्२मुकुटं पुनः ॥ ३१४ ॥
मौलिः किरीटं कोटीरमुष्णीषं ३पुष्पदाम तु ।
मूर्ध्नि माल्यं माला स्रग् ४गर्भकः केशमध्यगम् ॥ ३१५ ॥
५प्रभ्रष्टकं शिखालम्बि ६पुरोन्यस्तं ललामकम् ।
७तिर्यग् वक्षसि वैकक्षं ८प्रालम्बमृजुलम्बि यत् ॥ ३१६ ॥
९सन्दर्भो रचना गुम्फः श्रन्थनं ग्रन्थनं समाः ।
१०तिलके तमालपत्रचित्रपुण्ड्रविशेषकाः ॥ ३१७ ॥
११आपीडशेखरोत्तंसाऽवतंसाः शिरसः स्रजि ।

---

१. 'मालाके बीचवाले सामान्यसे कुछ बड़े दाने'के ३ नाम हैं—नायकः, तरलः, हारान्तर्मणिः ॥

२. 'मुकुट'के ५ नाम हैं—मुकुटम् ( न । ÷ पु न । + मकुटः ), मौलिः ( पु स्त्री ), किरीटम् , कोटीरम् , उष्णीषम् ( ३ पु न ) ॥

३. 'मस्तकस्थ फूलकी माला'के ३ नाम है—माल्यम् , माला, स्रक् (—ज् ) ॥

४. 'बालों'के बीचमें स्थापित फूलकी माला'का १ नाम है—गर्भकः ॥

५. 'चोटीसे लटकनेवाली फूलोंकी माला'का १ नाम है—प्रभ्रष्टकम् ॥

६. 'सामने लटकती हुई फूलोंकी माला'का १ नाम है—ललामकम् ॥

७. 'छातीपर तिर्छी लटकती हुई फूलकी माला'का १ नाम है—वैकक्षम् ॥

८. 'कण्ठसे छातीपर सीधे लटकती हुई फूलोंकी माला'का १ नाम है—प्रालम्बम् ॥

९. 'माला ( हार आदि ) बनाने ( गूथने )'के ५ नाम हैं—सन्दर्भः, रचना, गुम्फः, श्रन्थनम् , ग्रन्थनम् ॥

शेषश्चात्र—रचनायां परिस्पन्दः प्रतियत्नः ।

१०. 'तिलक ( ललाट, कपोल आदिपर लगाये गये चन्दनादिकी विविध रचना )'के ५ नाम हैं—तिलकम् ( पु न ), तमालपत्रम् , चित्रम् ( + चित्रकम्), पुण्ड्रम् , विशेषकम् ( पु न ) ॥

विमर्श—उक्त पाँच पर्यायोंके विभिन्न प्रकारकी तिलकरचनाके अर्थमें प्रयुक्त होनेपर भी यहाँ विशेष भेद नहीं होनेसे इन की गणना पर्यायमें की गयी है ॥

११. 'शिरपर लपेटी हुई माला'के ४ नाम हैं—आपीडः, शेखरः, उत्तंसः, अवतंसः (+वतंसः । सब पु न ) ॥

१उत्तंसौ कर्णपूरेऽपि २पत्रलेखा तु पत्रतः ॥ ३१८ ॥
भङ्गिवल्लिलताङ्गुल्यः ३पत्रपाश्या ललाटिका ।
४बालपाश्या पारितथ्या ५कर्णिका कर्णभूषणम् ॥ ३१९ ॥
६ताटङ्कस्तु ताडपत्रं कुण्डलं कर्णवेष्टकः ।
७उत्क्षिप्तिका तु कर्णान्दुर्८बालिका कर्णपृष्ठगा ॥ ३२० ॥
९ग्रैवेयकं कण्ठभूषा १०लम्बमाना ललन्तिका ।
११प्रालम्बिका कृता हेम्नो१२रःसूत्रिका तु मौक्तिकैः ॥ ३२१ ॥

---

१. 'कर्णपूर ( कानपर लटकती हुई माला )'के २ नाम हैं— उत्तंसः, अवतंसः ( २ पु न ) ॥

२. 'स्त्रियोंके कपोल तथा स्तनोंपर कस्तूरी–कुंकुम–चन्दनादिसे रचित पत्राकार रचना-विशेष'के ५ नाम हैं—पत्रलेखा, पत्रभङ्गिः, पत्रवल्लिः, पत्रलता, पत्राङ्गुली ( + पत्रवल्लरी, पत्रमञ्जरी,······ ) ॥

३. 'स्वर्णपत्रादिसे निर्मित स्त्रियोंका ललाट भूषण'के २ नाम हैं—पत्रपाश्या, ललाटिका ॥

४. 'स्त्रियोंके बाल बाँधनेके लिये मोतियोंकी लड़ी, या पुष्पमाला या प्रफुल्ल लतादि'के २ नाम हैं—बालपाश्या, पारितथ्या (+पायतिथ्या ) ॥

५. 'कर्णभूषण'के २ नाम हैं—कर्णिका, कर्णभूषणम् ॥

६. 'कुण्डल'के ४ नाम हैं— ताटङ्कः, ताडपत्रम् , कुण्डलम् ( पु न ), कर्णवेष्टकः ॥

विमर्श—"ताटङ्कः, ताडपत्रम्' ये २ नाम 'तरकी या कनफूलके और 'कुण्डलम् , कर्णवेष्टकः'—ये २ नाम 'कुण्डल'के हैं" यह भी किसी-किसीका मत है ॥

शेषश्चात्र—अथ कुण्डले । कर्णादर्शः ॥

७. 'कानकी सिकड़ी ( सोने आदि की बनी हुई जंजीर )'के २ नाम हैं—उत्क्षिप्तिका, कर्णान्दुः ( स्त्री । + कर्णान्दूः ) ॥

८. 'बाली ( कानके पीछे तक भी पहने जानेवाला गोलाकार भूषण विशेष )'का १ नाम है—बालिका ॥

९. 'कण्ठके भूषण ( कंठा, हंसुली, टीक आदि )'के २ नाम हैं–ग्रैवेयकम्, कण्ठभूषा ॥

१०. 'गर्दनसे नीचे लटकनेवाले भूषण ( हुलका, चन्द्रहार आदि )'का १ नाम है—ललन्तिका ॥

११. 'सोनेके बने हुए कण्ठभूषण'का १ नाम है—प्रालम्बिका ॥

१२. 'मोतीके बने हुए कण्ठभूषण'का १ नाम है—उरःसूत्रिका ॥

१हारो मुक्तावतः प्रालम्बस्त्रक्कलापावलीलताः ।
२देवच्छन्दः शतं ३साष्टं त्विन्द्रच्छन्दः सहस्रकम् ॥ ३२२ ॥
४तदर्धं विजयच्छन्दो ५हारस्त्वष्टोत्तरं शतम् ।
६अर्धं रश्मिकलापोऽस्य ७द्वादश त्वर्धमाणवः ॥ ३२३ ॥
८द्विर्द्वादशार्धगुच्छः स्यात् ९पञ्च हारफलं लताः ।
१०अर्धहारश्चतुःषष्टि११र्गुच्छमाणवमन्दराः ॥ ३२४ ॥
अपि गोस्तनगोपुच्छावर्धमर्धं यथोत्तरम् ।
१२इति हारा यष्टिभेदा१३देकावल्येकयष्टिका ॥ ३२५ ॥
कण्ठिकाऽप्य—

---

१. 'हार, मोतीकी माला'के ६ नाम हैं—हारः (पु स्त्री), मुक्ता-प्रालम्बः, मुक्तास्रक् (-स्रज्), मुक्ताकलापः, मुक्तावली, मुक्तालता ॥

२. 'सौ लड़ीवाली मोतीकी माला'का १ नाम है—देवच्छन्दः ॥

३. 'एक हजार आठ लड़ीवाली मोतीकी माला'का १ नाम है—इन्द्रच्छन्दः ॥

४. 'उसके आधी ( ५५४ ) लड़ीवाली मोतीकी माला'का १ नाम है—विजयच्छन्दः ॥

५. 'एक सौ आठ लड़ीवाली मोतीकी माला'का १ नाम है—हारः ॥

६. 'उसके आधी ( ५४ ) लड़ीवाली मोतीकी माला'का १ नाम है—रश्मिकलापः ॥

७. 'बारह लड़ीवाली मोतीकी माला'का १ नाम है—अर्धमाणवः ॥

८. 'चौबीस लड़ीवाली मोतीकी माला'का १ नाम है—अर्धगुच्छः ॥

९. 'पांच लड़ीवाली मोतीकी माला'का १ नाम है—हारफलम् ॥

१०. 'चौंसठ लड़ीवाली मोतीकी माला'का १ नाम है—अर्धहारः ॥

११. 'बत्तीस, सोलह, आठ, चार और दो लड़ियोंवाली मोतीकी मालाओं'का क्रमशः १—१ नाम है—गुच्छः, माणवः, मन्दरः, गोस्तनः, गोपुच्छः ।

**विमर्श**—अन्य आचार्योंके मतसे ६४, ५६, ४८, ४०, ३२, १६ और ७० लड़ियोंवाली मोतीकी मालाओंका क्रमशः १—१ नाम है—हारः, रश्मिकलापः, माणवकः, अर्धहारः, अर्धगुच्छकः, कलापच्छन्दः, मन्दरः, ॥

१२. इस प्रकार लड़ियोंकी संख्याके भेदसे १४ प्रकारके हार ( मोतियोंकी मालाएँ ) होते हैं ॥

१३. 'एक लड़ीवाली मोतीकी माला'के ३ नाम हैं—एकावली, एकयष्टिका, कण्ठिका ॥

—१थ नक्षत्रमाला तत्संख्यमौक्तिकैः ।
२केयूरमङ्गदं बाहुभूषा३ऽथ करभूषणम् ॥ ३२६ ॥
कटको वलयं पारिहार्यावापौ च कङ्कणम् ।
हस्तसूत्रं प्रतिसर ४ऊर्मिका त्वङ्गुलीयकम् ॥ ३२७ ॥
५सा साक्षराऽङ्गुलमुद्रा ६कटिसूत्रं तु मेखला ।
कलापो रसना सारसनं काञ्ची च सप्तकी ॥ ३२८ ॥
७सा शृङ्खलं पुंस्कटिस्था ८किङ्कणी क्षुद्रघण्टिका ।
९नूपुरं तु तुलाकोटिः पादतः कटकाङ्गदे ॥ ३२९ ॥
मञ्जीरं हंसकं शिञ्जिन्यं१०शुकं वस्त्रमम्बरम् ।
सिचयो वसनं चीराऽऽच्छादौ सिक् चेलवाससी ॥ ३३० ॥
पटः प्रोतो—

---

१. 'सत्ताइस मोतियोंकी माला'का १ नाम है—नक्षत्रमाला ॥

२. 'बिजायठ, बाजूबन्द (बांहके भूषण)'के ३ नाम हैं—केयूरम्, अङ्गदम् (न । + पु), बाहुभूषा ॥

३. 'कङ्कण'के ८ नाम हैं—करभूषणम्, कटकः, वलयम्, पारिहायः (+ पारिहार्यम्), आवापः, कङ्कणम्, हस्तसूत्रम्, प्रतिसरः (त्रि) ।

विमर्श—कुछ कोषकार 'कङ्कण'के प्रथम ५ नाम तथा 'विवाह या यज्ञादि में बांधे जानेवाले माङ्गलिक सूत्र'के अन्तिम ३ नाम हैं, ऐसा कहते हैं ॥

४. 'अंगूठी'के २ नाम हैं—ऊर्मिका, अङ्गुलीयकम् (+ अङ्गलीयम्) ॥

५. 'नाम खुदी हुई अंगूठी'का १ नाम है—अङ्गुलिमुद्रा ॥

६. 'स्त्रियोंकी करधनी'के ७ नाम हैं—कटिसूत्रम्, मेखला, कलापः, रसना (स्त्री न), सारसनम्, काञ्ची, सप्तकी ।

७. 'पुरुषोंकी करधनी'का १ नाम है—शृङ्खलम् (त्रि) ॥

८. 'घुघुरू'के २ नाम हैं—किङ्कणी (+ किङ्किनी), क्षुद्रघण्टिका ॥

शेषश्चात्र—अथ किङ्कण्यां घर्घरी विद्या विद्यामणिस्तथा ।

९. 'नूपुर, पावजेब'के ७ नाम हैं—नूपुरम्, तुलाकोटिः, पादकटकम् (३ पु न), पादाङ्गदम्, मञ्जीरम्, हंसकम् (२ पु न), शिञ्जिनी ॥

शेषश्चात्र—नुपुरे तु पादशीली मन्दीरं पादनालिका । (अलङ्कारशेषश्चात्र—
पादाङ्गुलीयके पादपालिका पादकीलिका । )

१०. 'कपड़े'के १२ नाम हैं—अंशुकम्, वस्त्रम्, (पु न), अम्बरम्, सिचयः, वसनम, चीरम्, आच्छादः (+ आच्छादनम्), सिक् (-च्, स्त्री), चेलम्, वासः (सस्), पटः (त्रि), प्रोतः ॥

—१अञ्चलस्यान्तो २वर्तिर्वस्तिश्च तद्दशाः ।
३पत्रोर्णं धौतकौशेयं४मुष्णीषो मूर्धवेष्टनम् ॥ ३३१ ॥
५तत्स्यादुद्गमनीयं यद्धौतयोर्वस्त्रयोर्युगम् ।
६त्वक्फलक्रिमिरोमभ्यः संभवात्तच्चतुर्विधम् ॥ ३३२ ॥
क्षौमकार्पासकौशेयराङ्कवादिविभेदतः ।
७क्षौमे दुकूलं दुगूलं स्यात्८कार्पासं तु बादरम् ॥ ३३३ ॥
९कौशेयं कृमिकोशोत्थं १०राङ्कवं मृगरोमजम् ।
११कम्बलः पुनरूर्णायुराविकौरभ्ररल्लकाः ॥ ३३४ ॥

---

शेषश्चात्र—वस्त्रे निवसनं वस्त्रं सत्रं कर्पटमित्यपि ।

१. 'कपड़ेके आँचर ( छोर )'का १ नाम है—अञ्चलः ( पु न ) ॥

२. 'कपड़ेकी किनारी ( धारी )'के ३ नाम हैं—वर्तिः, वस्तिः ( २ पु स्त्री ), दशाः ( नि. स्त्री ब. व. ) ॥

शेषश्चात्र—दशास्तु वस्त्रपेश्यः ।

३. 'रेशमी वस्त्र'के २ नाम हैं—पत्रोर्णम् , धौतकौशेयम् ॥

४. 'पगड़ी, या मुरेठा' ( शिरपर बांधे जानेवाले कपड़े )'के २ नाम हैं—उष्णीषः ( पु न ), मूर्धवेष्टनम् (+शिरोवेष्टनम् ) ॥

५. 'धुले हुए कपड़े'का १ नाम है—उद्गमनीयम् ।

विमर्श—यहां युग शब्दके विवक्षित नहीं होनेसे धुले हुए एक कपड़ेके अर्थमें भी 'उद्गमनीय' शब्दका प्रयोग मिलता है । यथा—"गृहीतपत्युद्गमनीयवस्त्रा—"( कु० सं० ७।११ ); अतएव 'भागुरि'ने—"धौतैरुद्गमनीयं तु धौतवस्त्रमुदाहृतम्" तथा 'हलायुध'ने—"धौतमुद्गमनीयञ्च—( अ० रत्नमाला २।३६६ )"कहा है ॥

६. '( तीसी आदिका ) छिलका, ( कपास आदिका ) फल, ( रेशमका ) कीड़ा और ( भेड़ आदिका ) रोंआं—इन चार वस्तुओंसे बनानेवाले वस्त्रों'का क्रमशः १-१ नाम है—क्षौमम् , कार्पासम् , कौशेयम् , राङ्कवम् ॥ ( अत एव वस्त्रके ४ भेद हैं ) ॥

७. 'तीसी आदिके डण्ठलके छिलके से बननेवाले कपड़े'के ३ नाम हैं—क्षौमम् ( पु न ), दुकूलम् , दुगूलम् ॥

८. 'कपास ( रुई ) आदिके फलसे बननेवाले कपड़े'के २ नाम हैं—कार्पासम् , बादरम् ॥

९. 'रेशमके कीड़े आदिसे बननेवाले कपड़े'का १ नाम है—कौशेयम् ॥

१०. 'रङ्कु नामक मृगके रोंएंसे बननेवाले कपड़े'का १ नाम है—राङ्कवम् ॥

११. कम्बल'के ५ नाम हैं—कम्बलः ( पु न ), ऊर्णायुः (–युस् , पु ), आविकः, और्भ्रः, रल्लकः ॥

१नवं वासोऽनाहतं स्यात्तन्त्रकं निष्प्रवाणि च ।
२प्रच्छादनं प्रावरणं संव्यानं चोत्तरीयकम् ॥ ३३५ ॥
३वैकक्षे प्रावारोत्तरासङ्गौ बृहतिकाऽपि च ।
४वराशिः स्थूलशाटः स्यात् ५परिधानं त्वधोंऽशुकम् ॥ ३३६ ॥
अन्तरीयं निवसनमुपसंव्यानमित्यपि ।
६तद्ग्रन्थिरुच्चयो नीवी ७वरस्त्र्यर्धोरुकांशुकम् ॥ ३३७ ॥
चण्डातकं चलनकः८श्चलनी त्वितरस्त्रियाः ।
९चोलः कञ्चुलिका कूर्पासकोऽङ्गिका च कञ्चुके ॥ ३३८ ॥
१०शाटी चोट्य११थ नीशारो हिमवातापहांशुके ।
१२कच्छा कच्छाटिका कक्षा परिधानाऽपराञ्चले ॥ ३३९ ॥

---

१. ( बिना धुले तथा बिना पहने हुए ) 'नये कपड़े'के ३ नाम हैं—अनाहतम्, तन्त्रकम्, निष्प्रवाणि ( सब त्रि ) ॥

२. 'दुपट्टा, चद्दर'के ४ नाम हैं—प्रच्छादनम्, प्रावरणम्, संव्यानम्, उत्तरीयकम् ॥

३. 'छातीपर तिर्छे रखे हुए चादर'के ४ नाम हैं—वैकक्षम्, प्रावारः, उत्तरासङ्गः, बृहतिका ॥

४. 'मोटी साड़ी'के २ नाम हैं—वराशिः ( पु+वरासिः ) स्थूलशाटः (+स्थूलशाटकः ) ॥

५. 'धोती ( कमरसे नीचे पहने जानेवाले कपड़े )'के ५ नाम हैं—परिधानम्, अधोंऽशुकम् ( + अधोवस्त्रम् ), अन्तरीयम्, निवसनम्, उपसंव्यानम् ॥

६. 'नीवी ( कमरसे नीचे पहनी गयी साड़ी की गांठ'के २ नाम हैं—उच्चयः, नीवी ॥

७. 'साया ( उत्तम स्त्रियोंके साड़ीके नीचे पहने जानेवाले लहंगेके वस्त्र )'के २ नाम हैं—चण्डातकम्, चलनकः ॥

८. 'सामान्य स्त्रियोंकी साड़ीके नीचे पहने जानेवाले वस्त्र'का १ नाम है—चलनी ॥

९. 'स्त्रियों की चोली-ब्लाउज आदि'के ५ नाम हैं—चोलः, कञ्चुलिका, कूर्पासकः (+कूर्पासः ), अङ्गिका, कञ्चुकः ( पु न ) ॥

१०. 'स्त्रियोंकी साड़ी'के २ नाम हैं—शाटी ( पु न । + शाटः, शाटकः ), चोटी ( + चोटः पु स्त्री ) ॥

११. 'रजाई'का १ नाम है—नीशारः ॥

१२. 'धोतीकी लांग ( पछुआ, ढेका )'के ३ नाम हैं—कच्छा, कच्छाटिका ( कच्छाटी, पु स्त्री ), कक्षा ॥

१कच्चापटस्तु कौपीनं २समौ नक्तककर्पटौ ।
३निचोलः प्रच्छदपटो निचुलश्चोत्तरच्छदः ॥ ३४० ॥
४उत्सवेषु सुहृद्भिर्यद् बलादाकृष्य गृह्यते ।
वस्त्रमाल्यादि तत्पूर्णपात्रं पूर्णानकं च तत् ॥ ३४१ ॥
५तत्तु स्यादाप्रपदीनं व्याप्नोत्याप्रपदं हि यत् ।
६चीवरं भिक्षुसङ्घाटी ७जीर्णवस्त्रं पटच्चरम् ॥ ३४२ ॥
८शाणी गोणी छिद्रवस्त्रे ९जलार्द्रा क्लिन्नवाससि ।
१०पर्यस्तिका परिकरः पर्यङ्कश्चावसक्थिका ॥ ३४३ ॥
११कुथे वर्णः परिस्तोमः प्रवेणीनवतास्तराः ।

---

१. 'कौपीन, लंगोटी'के २ नाम हैं—कच्चापटः (+कच्चापुटः), कौपीनम् ॥

२. 'पानी, आदि छाननेका कपड़ा (छनना या—छननेके समान कपड़ेका टुकड़ा'के २ नाम हैं—नक्तकः, कर्पटः ( पु न ) ॥

३. 'गद्दी आदिपर बिछानेका चादर, पलंगपोश'के ४ नाम हैं—निचोलः, प्रच्छदपटः, निचुलः, (+निचुलकम् , पु न ), उत्तरच्छदः ॥

४. 'पुत्रोत्पत्ति या विवाहादि उत्सवके समय मित्रों (या–प्रिय नौकर आदि )के द्वारा हठपूर्वक जो कपड़ा या माला ( हार ) आदि छीन लिया जाता है, उस ( कपड़े या माला आदि )'के २ नाम हैं—पूर्णपात्रम्, पूर्णानकम् ॥

५. 'पैरकी घुट्टीतक पहुँचनेवाले वस्त्र ( पाजामा, अँगरखा या बुर्का )'का १ नाम है—आप्रपदीनम् ॥

६. 'मुनि या साधु आदिके ( नीचे तक पहने जानेवाले ) वस्त्र'के २ नाम हैं—चीवरम्, भिक्षुसङ्घाटी ॥

७. 'पुराने वस्त्र'का १ नाम है—पटच्चरम् ॥

८. 'जालीदार कपड़े'के २ नाम हैं—शाणी, गोणी ॥

९. 'भींगे हुए कपड़े'का १ नाम है—जलार्द्रा ॥

१०. 'विशेष ढंगसे बैठकर पीठ और दोनों घुटनोंको बांधनेवाले गमछी आदि कपड़े'के ४ नाम हैं—पर्यस्तिका, परिकरः, पर्यङ्कः (+पल्यङ्कः), अवसक्थिका ॥

११. 'हाथी आदिके भूल या रथ आदिके पर्दे' के ६ नाम हैं—कुथः ( त्रि ), वर्णः, परिस्तोमः (+वर्णपरिस्तोमः ), प्रवेणी, नवतम्, आस्तरः (+आस्तरणम् ) ॥

१अपटी काण्डपटः स्यात् प्रतिसीरा जवन्यपि ॥ ३४४ ॥
तिरस्करिण्य२थोल्लोचो वितानं कदकोऽपि च ।
चन्द्रोदये ३स्थुलं दूष्ये ४केणिका पटकुट्यपि ॥ ३४५ ॥
गुणलयनिकायां स्यात् ५संस्तरस्त्रस्तरौ समौ ।
६तल्पं शय्या शयनीयं शयनं तलिमं च तत् ॥ ३४६ ॥
७मञ्चमञ्चकपर्यङ्कपल्यङ्काः खट्वया समाः ।
८उच्छीर्षकमुपाद् धानबर्हौ ९पाल पतद्ग्रहः ॥ ३४७ ॥
प्रतिग्राहो १०मुकुरात्मदर्शाऽऽदर्शास्तु दर्पणे ।
११स्याद्वेत्रासनमासन्दी १२विष्टरः पीठमासनम् ॥ ३४८ ॥

---

१. 'पर्दा'के ५ नाम हैं—अपटी, काण्डपटः, प्रतिसीरा, जवनी (+यमनी, जवनिका), तिरस्करिणी ॥

२. 'चँदोवा, चाँदनी'के ४ नाम हैं—उल्लोचः, वितानम् (पु न), कदकः, चन्द्रोदयः ॥

३. 'तम्बू, सामियाना'के २ नाम हैं—स्थुलम्, दूष्यम् ॥

४. 'टेण्ट (कपड़ेके घर)'के ३ नाम हैं—केणिका, पटकुटी, गुणल्यनिका ॥

५. 'पल्लव आदिके बिछौने'के २ नाम हैं—संस्तरः (+प्रस्तरः), स्रस्तरः ॥

६. 'शय्या'के ५ नाम हैं—तल्पम् (पु न), शय्या, शयनीयम्, शयनम् (पु न), तलिमम् ॥

७. 'मचान'के ५ नाम हैं—मञ्चः, मञ्चकः (पु न), पर्यङ्कः, पल्यङ्कः, खट्वा ॥

८. 'तकिया, मसनंद'के ३ नाम हैं-उच्छीर्षकम्, उपधानम्, उपबर्हम् ॥

९. 'पिकदान, उगलदान'के ३ नाम हैं—पालः (पु । +न), पतद्ग्रहः (+पतद्ग्राहः), प्रतिग्राहः (+प्रतिग्रहः) ॥

१०. 'दर्पण, आइना'के ४ नाम हैं—मुकुरः (+मकुरः, मकुरः), आत्मदर्शः, आदर्शः, दर्पणः ॥

११. 'बेंतका आसन या—कुर्सी'के २ नाम हैं—वेत्रासनम्, आसन्दी ॥

१२. 'पीढ़ा या चौकी आदि बैठनेका साधन-विशेष'के ३ नाम हैं—विष्टरः (पु न), पीठम् (न स्त्री), आसनम् (पु न) ॥

१कसिपुर्भोजनाच्छादा २वौशीरं शयनासने ।
३लाक्षा द्रुमामयो राक्षा रङ्गमाता पलङ्कषा ॥ ३४६ ॥
जतु क्षतघ्ना कृमिजा ४यावालक्तौ तु तद्रसः ।
५अञ्जनं कज्जलं दीपः ६प्रदीपः कज्जलध्वजः ॥ ३५० ॥
स्नेहप्रियो गृहमणिर्दशाकर्षो दशेन्धनः ।
७व्यजनं तालवृन्तं ८तद् धवित्रं मृगचर्मणः ॥ ३५१ ॥
९आलावर्तं तु वस्त्रस्य १०कङ्कतः केशमार्जनः ।
प्रसाधनश्चा११थ बालक्रीडनके गुडो गिरिः ॥ ३५२ ॥
गिरियको गिरिगुडः १२समौ कन्दुकगेन्दुकौ ।
१३राजा राट् पृथिवीशक्रमध्यलोकेशभूभृतः ॥ ३५३ ॥

---

१. 'खाना-कपड़ा ( एक साथ कथित भोजन तथा वस्त्र )'का १ नाम है—कसिपुः (+कशिपुः ) ॥

२. 'एक साथ कथित शयन और आसन 'का १ नाम है—औशीरम् ॥

३. 'लाख, लाह'के ८ नाम हैं—लाक्षा, द्रुमामयः, राक्षा, रङ्गमाता (-मातृ ), पलङ्कषा, जतु ( न ), क्षतघ्ना, कृमिजा ॥

४. 'अलक्तक, महावर'के २ नाम हैं—यावः (+यावकः ), अलक्तः (+अलक्तकः ) । ( किसी २ के मतमें 'लाक्षा'से यहांतक सब शब्द एकार्थक हैं ) ॥

५. 'काजल, अञ्जन'के २ नाम हैं—अञ्जनम्, कज्जलम् ॥

६. 'दीप, दिया'के ७ नाम हैं—दीपः ( पु न ।+दीपक ), प्रदीपः, कज्जलध्वजः, स्नेहप्रियः, गृहमणिः, दशाकर्षः, दशेन्धनः ॥

७. 'पंखा, ताड़का पङ्खा'के २ नाम हैं—व्यजनम् (+वीजनम् ), तालवृन्तम् ॥

८. 'मृगचर्मके पङ्खे'का १ नाम है—धवित्रम् । ( इस पंखेका यज्ञमें उपयोग होता है ) ॥

९. 'कपड़ेके पङ्खे'का १ नाम है—आलावर्तम् ॥

१०. 'कङ्घी'के ३ नाम हैं—कङ्कतः ( त्रि ) केशमार्जनः, प्रसाधनः ॥

११. 'बच्चोंके खिलौने'के ५ नाम हैं—बालक्रीडनकम्, गुडः, गिरिः ( पु ), गिरियकः (+गिरीयकः, गिरिकः ), गिरिगुडः ॥

१२. 'गेंद'के २ नाम हैं—कन्दुकः ( पु न ), गेन्दुकः (+गन्दुकः ) ॥

१३. 'राजा'के ११ नाम हैं—राजा (-जन् ), राट् (-ज् ), पृथिवीशक्रः,

**महीक्षित् पार्थिवो मूर्धाभिषिक्तो भू-प्रजा-नृ-पः ।**
**१मध्यमो मण्डलाधीशः २सम्राट् तु शास्ति यो नृपान् ॥ ३५४ ॥**
**यः सर्वमण्डलस्येशो राजसूयं च योऽयजत् ।**
**३चक्रवर्ती सार्वभौम ४स्ते तु द्वादश भारते ॥ ३५५ ॥**
**५आर्षभिर्भरतस्तत्र ६सगरस्तु सुमित्रभूः ।**
**७मघवा वैजयिरथाश्वसेननृपनन्दनः ॥ ३५६ ॥**
**सनत्कुमारो९ऽथ शान्तिः कुन्थुररो जिना अपि ।**
**१०सुभूमस्तु कार्तवीर्यः ११पद्मः पद्मोत्तरात्मजः ॥ ३५७ ॥**
**१२हरिषेणो हरिसुतो १३जयो विजयनन्दनः ।**
**१४ब्रह्मसूनुर्ब्रह्मदत्तः—**

---

मध्यलोकेशः, भूभृत्, महीक्षित्, पार्थिवः, मूर्धाभिषिक्तः (+मूर्धावसिक्तः), भूपः, प्रजापः, नृपः ( यौ०—भूपालः, लोकपालः, नरपालः,……) ॥

१. 'मध्यम राजा ( किसी एक मण्डलके स्वामी )'के २ नाम हैं—मध्यमः, मण्डलाधीशः ॥

२. 'सम्राट् ( बादशाह, जो सब राजाओंपर शासन करता हो, सम्पूर्ण मण्डलोंका स्वामी हो और जिसने राजसूय यज्ञ किया हो, उस )'का १ नाम है—सम्राट् (-म्राज् ) ॥

३. 'चक्रवर्ती ( समस्त पृथ्वीका स्वामी )'के २ नाम हैं—चक्रवर्ती (-र्तिन् ), सार्वभौमः ॥

शेषश्चात्र—चक्रवर्तिन्यधीश्वरः ॥

४. वे ( चक्रवर्ती राजा ) भारतमें १२ हुए हैं ॥

५. ( अब क्रमसे 'भरत' आदि १२ चक्रवर्तियोंके पर्यायोंको कहते हैं—) 'भरत'के २ नाम हैं—आर्षभिः, भरतः ॥

६. 'सगर'के २ नाम हैं—सगरः, सुमित्रभूः ॥

७. 'मघवा'के २ नाम हैं—मघवा (-वन् ), वैजयिः ॥

८. 'सनत्कुमार'के २ नाम हैं—अश्वसेन-नृपनन्दनः, सनत्कुमारः ॥

९. उक्त 'भरत' आदि चार चक्रवर्तियोंके अतिरिक्त 'शान्ति, कुन्थु, और अर' ये तीर्थङ्कर भी 'चक्रवर्ती' हो चुके हैं ॥

१०. 'कार्तवीर्य'के २ नाम हैं—सुभूमः, कार्तवीर्यः ॥

११. 'पद्म'के २ नाम हैं—पद्मः, पद्मोत्तरात्मजः ॥

१२. 'हरिषेण'के २ नाम हैं—हरिषेणः, हरिसुतः ॥

१३. 'जय'के २ नाम हैं—जयः, विजयनन्दनः ॥

१४. 'ब्रह्मदत्त'के २ नाम हैं—ब्रह्मसूनुः, ब्रह्मदत्तः ॥

—१सर्वेऽपीक्ष्वाकुवंशजाः ॥ ३५८ ॥
२प्राजापत्यस्त्रिपृष्ठो३ऽथ द्विपृष्ठो ब्रह्मसंभवः ।
४स्वयंभू रुद्रतनयः ५सोमभूः पुरुषोत्तमः ॥ ३५९ ॥
६शैवः पुरुषसिंहो७ऽथ महाशिरःसमुद्भवः ।
८स्यात्पुरुषपुण्डरीको दत्तोऽग्निसिंहनन्दनः ॥ ३६० ॥
९नारायणो दाशरथिः १०कृष्णस्तु वसुदेवभूः ।

१. उक्त 'भरत' आदि ३५६—३५८ बारह चक्रवर्ती 'इक्ष्वाकु'के वंशमें उत्पन्न हुए थे ( स्पष्टज्ञानार्थ निम्नोक्त चक्र देखें ) ॥

## भारतस्य द्वादशचक्रवर्तिनां बोधकचक्रम्

| क्रमाङ्काः | चक्रवर्तिनां नामानि | चक्रवर्त्तिपितॄणां नामानि |
|---|---|---|
| १ | भरतः | ऋषभः |
| २ | सगरः | सुमित्रविजयः |
| ३ | मघवा | विजयः |
| ४ | सनत्कुमारः | अश्वसेनः |
| ५ | शान्तिः | विश्वसेनः |
| ६ | कुन्थुः | सूरः |
| ७ | अरः | सुदर्शनः |
| ८ | सुभूमः | कृतवीर्यः |
| ९ | पद्मः | पद्मोत्तरः |
| १० | हरिषेणः | हरिः |
| ११ | जयः | विजयः |
| १२ | ब्रह्मदत्तः | ब्रह्मा |

२. 'त्रिपृष्ठ'के २ नाम हैं—प्राजापत्यः, त्रिपृष्ठः ॥

३. 'द्विपृष्ठ'के २ नाम हैं—द्विपृष्ठः, ब्रह्मसम्भवः ॥

४. 'स्वयम्भू'के २ नाम हैं—स्वयम्भूः, रुद्रतनयः ॥

५. 'पुरुषोत्तम'के २ नाम हैं—सोमभूः, पुरुषोत्तमः ॥

६. 'पुरुषसिंह'के २ नाम हैं—शैवः, पुरुषसिंहः ॥

७. 'पुरुषपुण्डरीक'के २ नाम हैं—महाशिरःसमुद्भवः, पुरुषपुण्डरीकः ॥

८. 'दत्त'के २ नाम हैं—दत्तः, अग्निसिंहनन्दनः ॥

९. 'नारायण'के २ नाम हैं—नारायणः, दाशरथिः ॥

१० 'कृष्ण'के २ नाम हैं—कृष्णः, वसुदेवभूः ॥

१वासुदेवा अमी कृष्णा नव २शुक्लाबलास्त्वमी ॥ ३६१ ॥
३अचलो विजयो भद्रः सुप्रभश्च सुदर्शनः ।
आनन्दो नन्दनः पद्मो रामो ४विष्णुद्विषस्त्वमी ॥ ३६२ ॥
५अश्वग्रीवस्तारकश्च मेरको मधुरेव च ।
निशुम्भबलिप्रह्लादलङ्केशमगधेश्वराः ॥ ३६३ ॥

---

१. 'त्रिपृष्ठ' ( ३५९ )से यहांतक ९ अर्धचक्रवर्तियोंका कृष्ण वर्ण है ॥

२. आगे ( ३६२में ) कहे जानेवालों का शुक्ल वर्ण है ॥

३. अचलः, विजयः, भद्रः, सुप्रभः, सुदर्शनः, आनन्दः, नन्दनः, पद्मः, रामः ( इन नवोंका शुक्ल वर्ण है ) ।

४. आगे ( ३६३में ) कहे जानेवाले ९ पूर्व ( ३५९–३६१ ) कथित विष्णुरूप 'त्रिपुष्ठ' आदि ९ अर्द्धचक्रवर्तियोंके शत्रु हैं ॥

५. अश्वग्रीवः, तारकः, मेरकः, मधुः, निशुम्भः, बलिः, प्रह्लादः, लङ्केशः ( रावणः ), मगधेशः ( जरासन्धः ) । ये ९ क्रमसे त्रिपृष्ठ आदिके शत्रु हैं ॥

**विमर्श**—पूर्वोक्त ( ३५९–३६१ ) 'त्रिपृष्ठ' आदि ९ अर्धचक्रवर्तियोंके २–२ पर्यायोंमें से १–१ पर्यायके द्वारा उनका मुख्य नाम व्यक्त होता है, तथा १–१ पर्यायसे उनके पिताका नाम सूचित होता है । अनुपदोक्त (३६२में) 'अचलः'से 'रामः' तक ९ पूर्वोक्त ( ३६२ ) 'त्रिपृष्ठ' आदि अर्धचक्रवर्तियों'के अग्रज ( बड़े भाई ) हैं, तथा क्रमशः इनके भी वे ही पिता हैं, जो 'त्रिपृष्ठ' आदि ९ अर्धचक्रवर्तियोंके हैं । स्पष्ट-ज्ञानार्थ चक्र देखना चाहिए ॥

## अर्धचक्रिणां तदग्रजानां तत्पितॄणां रिपूणाञ्च नामबोधकचक्रम्

| क्रमा० | अर्धचक्रिणः | वर्णः | तदग्रजाः | वर्णः | तत्पितरः | तद्रिपवः |
|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | त्रिपृष्ठः | श्यामः | अचलः | शुक्लः | प्रजापतिः | अश्वग्रीवः |
| २ | द्विपृष्ठः | ,, | विजयः | ,, | ब्रह्मा | तारकः |
| ३ | स्वयम्भूः | ,, | भद्रः | ,, | रुद्रः | मेरकः |
| ४ | पुरुषोत्तमः | ,, | सुप्रभः | ,, | सोमः | मधुः |
| ५ | पुरुषसिंहः | ,, | सुदर्शनः | ,, | शिवः | निशुम्भः |
| ६ | पुरुषपुण्डरीकः | ,, | आनन्दः | ,, | महाशिराः | बलिः |
| ७ | दत्तः | ,, | नन्दनः | ,, | अग्निसिंहः | प्रह्लादः |
| ८ | नारायणः | ,, | पद्मः | ,, | दशरथः | लंकेशः (रावणः) |
| ९ | कृष्णः | ,, | रामः | ,, | वसुदेवः | मगधेश्वरःजरासन्ध |

१जिनैः सह त्रिषष्टिः स्युः शलाकापुरुषा अमी ।
२आदिराजः पृथुर्वैन्यो ३मान्धाता युवनाश्वजः ॥ ४६४ ॥
४धुन्धुमारः कुवलाश्वो ५हरिश्चन्द्रस्त्रिशङ्कुजः ।
६पुरूरवा बौध ऐल उर्वशीरमणश्च सः ॥ ३६५ ॥
७दौष्यन्तिर्भरतः सर्वन्दमः शकुन्तलात्मजः ।
८हैहयस्तु कार्तवीर्यो दोःसहस्रभृदर्जुनः ॥ ३६६ ॥
९कौशल्यानन्दनो दाशरथो रामो—

---

१. पूर्व ( १ । २६–२८ ) कथित २४ जिनेन्द्रों ( तीर्थङ्करों )के साथ ये ३९ ( 'भरत' आदि १२ चक्रवर्ती, 'त्रिपृष्ठ' आदि ९ अर्धचक्रवर्ती, 'अचल' आदि ९ बलदेव ( त्रिपृष्ठ आदिके अग्रज ) और 'अश्वग्रीव' आदि ९ प्रतिवासुदेव ( त्रिपृष्ठ आदिके शत्रु १२+९+९+९ = ३९ ) मिलकर कुल ६३ ( २४ + ३९ = ६३ ) 'शलाकापुरुष' कहे जाते हैं ॥

२. ( अब विविध राजाओंके पर्याय कहते हैं—) 'पृथु'के ३ नाम हैं—आदिराजः, पृथुः, वैन्यः ॥

३. 'मान्धाता'के २ नाम हैं—मान्धाता ( – तृ ), युवनाश्वजः ॥

४. 'धुन्धुमार'के २ नाम हैं—धुन्धुमारः, कुवलाश्वः ॥

५. 'हरिश्चन्द्र'के २ नाम हैं—हरिश्चन्द्रः, त्रिशङ्कुजः ॥

६. 'पुरूरवा'के ४ नाम हैं—पुरूरवाः ( – वस् ), बौधः, ऐलः, उर्वशीरमणः ॥

७. 'भरत ( चक्रवर्ती )'के ४ नाम हैं—दौष्यन्तिः (+दौष्मन्तिः ), भरतः, सर्वंदमः (+सर्वंदमनः ), शकुन्तलात्मजः ॥

८. 'कार्तवीर्य ( सहस्रार्जुन )'के ४ नाम हैं—हैहयः, कार्तवीर्यः, दोःसहस्रभृत् (+सहस्रबाहुः ), अर्जुनः ॥

विमर्श—ये 'मान्धाता' आदि ६ चक्रवर्ती राजा थे। जैसा कहा भी है—

मान्धाता धुन्धुमारश्च हरिश्चन्द्रः पुरूरवाः ।
भरतः कार्तवीर्यश्च षडेते चक्रवर्तिनः ॥ इति ॥

( अर्थात् मान्धाता, धुन्धुमार, हरिश्चन्द्र, पुरूरवा, भरत और कार्तवीर्य ये छः चक्रवर्ती कहाते हैं ।'

९. 'रामचन्द्र ( राजा राम )'के ३ नाम हैं—कौशल्यानन्दनः, दाशरथिः, रामः (+रामभद्रः, रामचन्द्रः ) ॥

—१ऽस्य तु प्रिया ।
वैदेही मैथिली सीता जानकी धरणीसुता ॥ ३६७ ॥
२रामपुत्रौ कुशलवावेकयोक्त्या कुशीलवौ ।
३सौमित्रिर्लक्ष्मणो ४वाली वालिरिन्द्रसुतश्च सः ॥ ३६८ ॥
५आदित्यसूनुः सुग्रीवो ६हनुमान् वज्रकङ्कटः ।
मारुतिः केशरिसुत आञ्जनेयोऽर्जुनध्वजः ॥ ३६९ ॥
७पौलस्त्यो रावणो रक्षो-लङ्केशो दशकन्धरः ।
८रावणिः शक्रजिन्मेघनादो मन्दोदरीसुतः ॥ ३७० ॥
९अजातशत्रुः शल्यारिर्धर्मपुत्रो युधिष्ठिरः ।
कङ्कोऽजमीढो १०भीमस्तु मरुत्पुत्रो वृकोदरः ॥ ३७१ ॥
किर्मीर-कीचक वक-हिडिम्वानां निषूदनः ।

---

१. 'रामकी स्त्री ( सीता )'के ५ नाम हैं—वैदेही, मैथिली, सीता, जानकी, धरणीसुता ॥

२. 'रामके पुत्रों'का १-१ नाम है—कुशः, लवः । तथा दोनों पुत्रोंका एक साथ 'कुशीलवौ' ( नि० द्विव० ) १ नाम है ॥

३. 'लक्ष्मण'के २ नाम हैं—सौमित्रिः, लक्ष्मणः ॥

४. 'बाली ( सुग्रीवके बड़े भाई )'के ३ नाम हैं—बाली ( - लिन् ), बालिः, इन्द्रसुतः (+सुग्रीवाग्रजः ) ॥

५. 'सुग्रीव'के २ नाम हैं—आदित्यसूनुः, सुग्रीवः ॥

६. 'हनुमान'के ६ नाम हैं—हनुमान् ( - मत् ।+हनूमान्, - मत् ), वज्रकङ्कटः, मारुतिः, केशरिसुतः, आञ्जनेयः, अर्जुनध्वजः ॥

७. 'रावण'के ५ नाम हैं—पौलस्त्यः, रावणः, रक्षईशः, लङ्केशः ( यौ०—राक्षसेशः, लङ्कापतिः,······), दशकन्धरः (+दशास्यः, दशशिराः-रस्, दशकण्ठः,······) ॥

८. 'रावणपुत्र ( मेघनाद )'के ४ नाम हैं—रावणिः, शक्रजित्, मेघनादः, मन्दोदरीसुतः ॥

९. 'युधिष्ठिर'के ६ नाम हैं—अजातशत्रुः, शल्यारिः, धर्मपुत्रः, युधिष्ठिरः, कङ्कः, अजमीढः ॥

१०. 'भीमसेन, भीम'के ७ नाम हैं—भीमः (+भीमसेनः ), मरुत्पुत्रः, वृकोदरः, किर्मीरनिषूदनः, कीचकनिषूदनः, बकनिषूदनः, हिडिम्बनिषूदनः ( यौ०—कीर्मिरारिः, कीचकारिः, बकारिः,·········) ॥

१अर्जुनः फाल्गुनः पार्थः सव्यसाची धनञ्जयः ॥ ३७२ ॥
राधावेधी किरीटयैन्द्रिर्जिष्णुः श्वेतहयो नरः ।
बृहन्नटो गुडाकेशः सुभद्रेशः कपिध्वजः ॥ ३७३ ॥
बीभत्सः कर्णजित् २तस्य गाण्डीवं गाण्डिवं धनुः ।
३पाञ्चाली द्रौपदी कृष्णा सैरन्ध्री नित्ययौवना ॥ ३७४ ॥
वेदिजा याज्ञसेनी च ४कर्णश्चम्पाधिपोऽङ्गराट् ।
राधा-सूता-ऽर्कतनयः ५कालपृष्ठं तु तद्धनुः ॥ ३७५ ॥
६श्रेणिकस्तु भम्भासारो ७हालः स्यात् सातवाहनः ।
८कुमारपालश्चौलुक्यो राजर्षिः परमार्हतः ॥ ३७६ ॥
मृतस्वमोक्ता धर्मात्मा मारिव्यसनवारकः ।
९राजबीजी राजवंश्यो—

---

१. 'अर्जुन'के १७ नाम हैं—अर्जुनः, फाल्गुनः, पार्थः, सव्यसाची (-चिन्), धनञ्जयः, राधावेधी (-धिन्), किरीटी (-टिन्), ऐन्द्रिः, जिष्णुः, श्वेतहयः, नरः, बृहन्नटः, गुडाकेशः, सुभद्रेशः (+सुभद्रापतिः), कपिध्वजः, बीभत्सः, कर्णजित् (यौ०—कर्णारिः,……) ॥

शेषश्चात्र—अर्जुने विजयश्चित्रयोधी चित्राङ्कसूदनः ।
योगी धन्वी कृष्णपक्षो नन्दिघोषस्तु तद्रथः ॥
ग्रन्थिकस्तु सहदेवो नकुलस्तन्तिपालकः ।
माद्रेयाविमौ, कौन्तेया भीमार्जुनयुधिष्ठिराः ।
द्वयेऽपि पाण्डवेयाः स्युः पाण्डवाः पाण्डवायनाः ॥

२. 'अर्जुनके धनुष'के २ नाम हैं—गाण्डीवम्, गाण्डिवम् (२ पु न) ॥

३. 'द्रौपदी'के ७ नाम हैं—पाञ्चाली, द्रौपदी, कृष्णा, सैरन्ध्री, नित्ययौवना, वेदिजा, याज्ञसेनी ॥

४. 'राजा कर्ण'के ६ नाम हैं—कर्णः, चम्पाधिपः, अङ्गराट् (-राज् । +अङ्गराजः), राधातनयः, सूततनयः, अर्कतनयः (यौ०—राधेयः,……) ॥

५. 'राजा कर्णके धनुष'का १ नाम है—कालपृष्ठम् ॥

६. 'राजा श्रेणिक'के २ नाम हैं-श्रेणिजः, भम्भासारः ॥

७. 'सातवाहन'के २ नाम हैं—हालः, सातवाहनः (+सालवाहनः) ॥

८. 'कुमारपाल'के ८ नाम हैं—कुमारपालः, चौलुक्यः, राजर्षिः, परमार्हतः, मृतस्वमोक्ता (-क्तृ), धर्मात्मा (-त्मन्), मारिवारकः, व्यसनवारकः ॥

९. 'राजकुलमें उत्पन्न'के २ नाम हैं—राजबीजी (-जिन्), राजवंश्यः ॥

—१बीज्यवंश्यौ तु वंशजे ॥ ३७७ ॥

२स्वाम्यमात्यः सुहृत्कोशो राष्ट्रदुर्गबलानि च ।
राज्याङ्गानि प्रकृतयः ३पौराणां श्रेणयोऽपि च ॥ ३७८ ॥
४तन्त्रं स्वराष्ट्रचिन्ता स्यात्५दावापस्त्वरिचिन्तनम् ।
६परिस्यन्दः परिकरः परिवारः परिग्रहः ॥ ३७९ ॥
परिच्छदः परिबर्हस्तन्त्रोपकरणे अपि ।
७राजशय्या महाशय्या ८भद्रासनं नृपासनम् ॥ ३८० ॥
९सिंहासनं तु तद्धैमं १०छत्रमातपवारणम् ।
११चामरं वालव्यजनं रोमगुच्छः प्रकीर्णकम् ॥ ३८१ ॥

---

१. 'वंशमें उत्पन्न'के ३ नाम हैं—बीज्यः, वंश्यः, वंशजः । (यथा — सूर्यवंशमें उत्पन्न 'राम'का नाम—सूर्यबीज्यः, सूर्यवंश्यः, सूर्यवंशजः,……) ॥

२. 'स्वामी, अमात्यः, सुहृद्, कोशः, राष्ट्रम्, दुर्गम् , बलम्—( क्रमशः राजा, मंत्री, मित्र, खजाना, राज्य, किला और सेना ) ये ७ 'राज्याङ्ग' हैं, इनके २ नाम हैं—राज्याङ्गानि, प्रकृतयः ॥

३. 'नागरिकों ( नगरवासियों )के समूह'के भी उक्त २ ( राज्याङ्गानि, प्रकृतयः ) नाम हैं ॥

४. 'अपने राज्यकी रक्षा आदिकी चिन्ता'का १ नाम है—तन्त्रम् ॥

५. 'सन्धि आदि षड्गुणोंके द्वारा शत्रुराज्यके विषय में चिन्ता करने'का १ नाम है—आवापः ॥

६. 'परिवार, परिजन' ( भाई-बन्धु आदि या-नौकर-चाकर आदि )'के ८ नाम हैं—परिस्यन्दः, परिकरः, परिवारः, परिग्रहः, परिच्छदः, परिबर्हः (+परिबर्हणम् ), तन्त्रम् , उपकरणम् (+परिजनः ) ॥

७. 'राजशय्या ( राजाकी शय्या—बहुमूल्य रत्नादिसे अलङ्कृत पलङ्ग आदि )'के २ नाम हैं—राजशय्या, महाशय्या ॥

८. 'राजाके आसन ( चांदी आदिका बना हुआ राजाके बैठनेका सिंहासन )'का १ नाम है—भद्रासनम् (+नृपासनम् ) ॥

९. 'सिंहासन ( राजाके बैठनेके लिए सुवर्णका बना हुआ आसन )'का १ नाम है—सिंहासनम् ॥

१०. 'छाता'के २ नाम हैं—छत्रम् ( त्रि ), आतपवारणम् (+आतपत्रम्, उष्णवारणम्,…………) ॥

११. 'चामर ( चँवर )'के ४ नाम हैं—चामरम् , वालव्यजनम् , रोमगुच्छः, प्रकीर्णकम् ॥

१स्थगी ताम्बूलकरङ्को २भृङ्गारः कनकालुका ।
३भद्रकुम्भः पूर्णकुम्भः ४पादपीठं पदासनम् ॥ ३८२ ॥
५अमात्यः सचिवो मन्त्री धीसखः सामवायिकः ।
६नियोगी कर्मसचिव आयुक्तो व्यापृतश्च सः ॥ ३८३ ॥
७द्रष्टा तु व्यवहाराणां प्राड्विपाकोऽक्षदर्शकः ।
८महामात्राः प्रधानानि ९पुरोधास्तु पुरोहितः ॥ ३८४ ॥
सौवस्तिको१०ऽथ द्वारस्थः क्षत्ता स्याद् द्वारपालकः ।
दौवारिकः प्रतीहारो वेत्र्युत्सारकदण्डिनः ॥ ३८५ ॥
११रक्षिवर्गेऽनीकस्थः स्या१२दध्यक्षाधिकृतौ समौ ।
१३पौरोगवः सूदाध्यक्षः १४सूदस्त्वौदनिको गुणः ॥ ३८६ ॥
भक्तकारः सूपकारः सूपारालिकवल्लवाः ।

---

१. 'पानदान, पनबट्टा'के २ नाम हैं—स्थगी, ताम्बूलकरङ्कः ॥

२. 'झारी'के २ नाम हैं—भृङ्गारः, कनकालुका (+कनकालुः) ॥

३. 'मङ्गलकलश'के २ नाम हैं—भद्रकुम्भः, पूर्णकुम्भः ॥

४. सिंहासनके पावदान'के २ नाम हैं—पादपीठम्, पदासनम् ॥

५. 'मन्त्री'के ५ नाम हैं—अमात्यः, सचिवः, मन्त्री (-न्त्रिन्), धीसखः (+बुद्धिसहायः), सामवायिकः ॥

६. 'सहायक मन्त्री'के ४ नाम हैं—नियोगी (+गिन्), कर्मसचिवः (+कर्मसहायः), आयुक्तः, व्यापृतः ॥

७. 'मुकदमेको देखनेवाला, न्यायाधीश'के २ नाम हैं—प्राड्विवाकः, अक्षदर्शकः ॥

शेषश्चात्र—स्योन्न्यायद्रष्टरि स्थेयः ॥

८. 'राज्यके मन्त्री पुरोहित और सेनापति आदि प्रधान व्यक्तियों'के २ नाम हैं—महामात्राः (त्रि), प्रधानानि ॥

९. 'पुरोहित'के ३ नाम हैं—पुरोधाः (-धस्), पुरोहितः, सौवस्तिकः ॥

१०. 'द्वारपाल'के ८ नाम हैं—द्वारस्थः (+द्वाःस्थः, द्वाःस्थितः), क्षत्ता (-त्तृ), द्वारपालकः (+द्वारपालः), दौवारिकः, प्रतीहारः, वेत्री (-त्रिन्।+वेत्रधरः), उत्सारकः, दण्डी (ण्डिन्) ॥

शेषश्चात्र—द्वाःस्थे द्वाःस्थितिदर्शकः ॥

११. 'राजादिके अङ्गरक्षक'का १ नाम है—अनीकस्थः ॥

१२. 'अध्यक्ष, अधिकारी'के २ नाम हैं—अध्यक्षः, अधिकृतः ॥

१३. 'पाचकों (भोजन तैयार करनेवालों)के अध्यक्ष'के २ नाम हैं—पौरोगवः, सूदाध्यक्षः ॥

१४. 'पाचक (भोजन तैयार करनेवाले, रसोइये)'के ८ नाम हैं—सूदः, औदनिकः, गुणः, भक्तकारः, सूपकारः, सूपः, आरालिकः, वल्लवः ॥

१भौरिकः कनकाध्यक्षो २रूप्याध्यक्षस्तु नैष्किकः ॥ ३८७ ॥
३स्थानाध्यक्षः स्थानिकः स्या४च्छुल्काध्यक्षस्तु शौल्किकः ।
५शुल्कस्तु घट्टादिदेयं ६धर्माध्यक्षस्तु धार्मिकः ॥३८८॥
धर्माधिकरणी चा७थ हट्टाध्यक्षोऽधिकर्मिकः ।
८चतुरङ्गबलाध्यक्षः सेनानीर्दण्डनायकः ॥ ३८९ ॥
९स्थायुकोऽधिकृतो ग्रामे १०गोपो ग्रामेषु भूरिषु ।
११स्यातामन्तःपुराध्यक्षेऽन्तर्वंशिकावरोधिकौ ॥ ३९० ॥
१२शुद्धान्तः स्यादन्तःपुरमवरोधोऽवरोधनम् ।

---

१. 'सुवर्णाध्यक्ष'के २ नाम हैं—भौरिकः ( + हैरिकः ), कनकाध्यक्षः ॥

२. 'रूपाध्यक्ष ( टकसालके अध्यक्ष )'के २ नाम हैं—रूप्याध्यक्षः, नैष्किकः ( टङ्कपतिः ) ॥

३. 'स्थान ( दश, या पांच ग्रामों )के अध्यक्ष'के २ नाम हैं—स्थानाध्यक्षः, स्थानिकः ॥

४. 'टैक्स ( राज्यकर )के अध्यक्ष'के २ नाम हैं—शुल्काध्यक्षः, शौल्किकः ॥

५. 'नदीके तट या जङ्गल आदिके कर ( टैक्स )'का १ नाम है—शुल्कः ( पु न ) ॥

६. 'धर्माध्यक्ष'के ३ नाम हैं—धर्माध्यक्षः, धार्मिकः, धर्माधिकरणी (-णिन् ) ॥

७. 'बाजारके अध्यक्ष'के २ नाम हैं—हट्टाध्यक्षः, अधिकर्मिकः ॥

८. 'चतुरङ्गिणी सेना ( हयदल, रथदल, पैदल और गजदल )के अध्यक्ष' अर्थात् 'सेनापति'के ३ नाम हैं—चतुरङ्गबलाध्यक्षः, सेनानीः, दण्डनायकः ॥

९. 'ग्रामके अध्यक्ष'का १ नाम है—स्थायुकः ॥

१०. 'बहुत ग्रामोंके अध्यक्ष'का १ नाम है—गोपः ॥

११. 'अन्तःपुर ( रनिवास )के अध्यक्ष'के ३ नाम हैं—अन्तःपुराध्यक्षः, अन्तर्वंशिकः ( + आन्तर्वेशिमकः ), आवरोधिकः ( + आन्तःपुरिकः ) ॥

शेषश्चात्र—

क्षुद्रोपकरणानां स्यादध्यक्षः पारिकर्मिकः ।
पुराध्यक्षे कोट्टपतिः पौरिको दण्डपाशिकः ॥

१२. 'एक पुरुषकी अनेक रानियोंके ( तथा उपचारसे 'रनिवास' अर्थात् रानियोंके महल )'के ४ नाम हैं—शुद्धान्तः ( पु न ), अन्तःपुरम्, अवरोधः, अवरोधनम् ॥

१सौविदल्लाः कञ्चुकिनः स्थापत्याः सौविदाश्च ते ॥ ३६१ ॥
२षण्ढे वर्षवरः ३शत्रौ प्रतिपक्षः परो रिपुः ।
शात्रवः प्रत्यवस्थाता प्रत्यनीकोऽभियात्यरी ॥ ३६२ ॥
दस्युः सपत्नोऽसहनो विपक्षो द्वेषी द्विषन् वैर्यहितो जिघांसुः ।
दुर्हृत् परैः पन्थकपन्थिनौ द्विट् प्रत्यर्थ्यमित्रावभिमात्यराती ॥३६३॥
४वैरं विरोधो विद्वेषो ५वयस्यः सवयाः सुहृन् ।
स्निग्धः सहचरो मित्रं सखा ६सख्यं तु सौहृदम् ॥ ३६४ ॥
सौहार्दं साप्तपदीनमैत्र्यजर्याणि संगतम् ।
७आनन्दनं त्वाप्रच्छनं स्यात् सभाजनमित्यपि ॥ ३६५ ॥
८विषयानन्तरो राजा शत्रु९र्मित्रमतः परम् ।
१०उदासीनः परतरः ११पार्ष्णिग्राहस्तु पृष्ठतः ॥ ३६६ ॥

---

१. 'कञ्चुकियों'के ४ नाम हैं—सौविदल्लाः, कञ्चुकिनः ( -िन् ), स्थापत्याः, सौविदल्लाः । ( ब० व० अविवक्षित होनेसे एकवचनादिकाभी प्रयोग होता है ) ॥

२. 'नपुंसक, अन्तःपुरके रक्षक'के २ नाम हैं—षण्ढः, वर्षवरः ॥

३. 'शत्रु' के २९ नाम हैं—शत्रुः, प्रतिपक्षः, परः, रिपुः, प्रत्यवस्थाता (–तृ ), प्रत्यनीकः, अभियातिः, अरिः, दस्युः, सपत्नः, असहनः, विपक्षः, द्वेषी (–षिन् ), द्विषन् (–षत् ), वैरी (–रिन् ), अहितः, जिघांसुः, दुर्हृद्, परिपन्थकः, परिपन्थी (–न्थिन् ), द्विट् (–ष् ), प्रत्यर्थी ( र्थिन् ), अमित्रः (पु।+असु-हृद् ), अभिमातिः, अरातिः ॥

४. 'वैर' के ३ नाम हैं—वैरम्, विरोधः, विद्वेषः ॥

५. 'मित्र' के ७ नाम हैं—वयस्यः, सवयाः (–यस्), सुहृद्, स्निग्धः, सहचरः (+ सहायः), मित्रम्, सखा (–खि ) ॥

६. 'मित्रता, दोस्ती' के ७ नाम हैं—सख्यम्, सौहृदम्, सौहार्दम्, साप्तपदीनम्, मैत्री, अजर्यम्, संगतम् ॥

७. 'आलिङ्गनादिसे आनन्दित करने' के ३ नाम हैं—आनन्दनम्, आप्रच्छनम् , सभाजनम् ॥

८. 'अपने राज्य के पासवाले राज्यके राजा' का १ नाम है—शत्रुः ॥

९. । 'पूर्वोक्तसे भिन्न राजा' का १ नाम है—मित्रम् ॥

१०. । 'उक्त दोनों ( शत्रु तथा मित्र ) राजाओं से भिन्न ( तटस्थ ) राजा' का १ नाम है—उदासीनः ( +तटस्थः ) ॥

११. । 'विजयाभिलाषी राजाकी पीठपर ( पीछे ) स्थित राजा' का १ नाम है—पार्ष्णिग्राहः ॥

१अनुवृत्तिस्त्वनुरोधो २हेरिको गूढपूरुषः ।
प्रणिधिर्यथार्हवर्णोऽवसर्पो मन्त्रविच्चरः ॥ ३९७ ॥
वार्तायनः स्पशश्चार ३आप्तप्रत्ययितौ समौ ।
४सत्रिणि स्याद् गृहपति५दूतः संदेशहारकः ॥ ३९८ ॥
६सन्धिविग्रहयानान्यासनद्वैधाश्रया अपि ।
षड्गुणाः—

---

विमर्श—इन पांचों में बाहर राज-मण्डल पूरा हो गया। वे १२ राज-मण्डल ये हैं—१ शत्रु, २ मित्र, ३ शत्रुका मित्र, ४ मित्रका मित्र, ५ शत्रुके मित्रका मित्र ६ पार्ष्णिग्राह (अपने पीछे से सहायतार्थ आनेवाला), ७ आक्रन्द (शत्रु के पीछे सहायतार्थ आनेवाला), ७ पार्ष्णिग्राहासार (सहायतार्थ शत्रुके पक्ष से बुलाया गया), ९ आक्रन्दासार (सहायतार्थ अपने पक्ष से बुलाया गया), १० विजिगीषु (स्वयं विजय चाहने वाला), ११ मध्यम और १२ उदासीन। इनमें से पहले वाले ५ आगे चलते या सामने रहते हैं, अनन्तर चार (६ से ९ तक) विजयाभिलाषी राजा (१०वें) के पीछे रहते हैं, ११ वां (मध्यम) दोनों पक्षवालों का वध करने में समर्थ होने के कारण स्वतन्त्र होता है और १२ वां (उदासीन) उन सभी के मण्डल से बाहर रहता है और स्वतन्त्र एवं सर्वाधिक बलशाली होता है। (शिशुपालवध की 'सर्वङ्कषा' व्याख्या २।८१) ॥

१. 'अनुरोध' के २ नाम हैं—अनुवृत्तिः अनुरोधः ॥

२. 'गुप्तचर'के १० नाम हैं—हेरिकः, गूढपूरुषः, प्रणिधिः, यथार्हवर्णः, अवसर्पः, मन्त्रवित् (-विद्), चरः, वार्तायनः, स्पशः, चारः ॥

३. 'आप्त, विश्वसनीय'के २ नाम हैं—आप्तः, प्रत्ययितः ॥

४. 'गृहपति'के २ नाम हैं—सत्री (-त्रिन्), गृहपतिः ॥

५. 'दूत (मौखिक सन्देश पहुँचानेवाला)'के २ नाम हैं—दूतः, संदेशहारकः ॥

६ सन्धिः, विग्रहः, यानम्, आसनम्, द्वैधम्, आश्रयः—ये राजनीतिमें 'षड्गुणाः' कहे जाते हैं।

विमर्श—१ सन्धि—(कर देना स्वीकारकर या उपहार आदि देकर शत्रुपक्षसे मेल करना), २.विग्रह—(अपने राष्ट्र से दूसरे राष्ट्रमें जाकर युद्ध, दाह आदि करते हुए विरोध करना), ३ यान—(चढ़ाई करनेके लिए प्रस्थान करना), ४—आसन—(शत्रुपक्षसे युद्ध नहीं करते हुए अपने दुर्ग या सुरक्षित स्थानमें चुप-चाप बैठ जाना), ५ द्वैध—(एक राजाके साथ सन्धिकर अन्यत्र

—१शक्तयस्तिस्रः प्रभुत्वोत्साहमन्त्रजाः ॥ ३९९ ॥
२सामदानभेददण्डा उपायाः ३साम सान्त्वनम् ।
४उपजापः पुनर्भेदो ५दण्डः स्यात्साहसं दमः ॥ ४०० ॥
६प्राभृतं ढौकनं लञ्चोत्कोचः कौशलिकामिषे ।
उपाच्चारः प्रदानं दाहारौ ग्राह्यायने अपि ॥ ४०१ ॥
७मायोपेक्षेन्द्रजालानि क्षुद्रोपाया इमे त्रयः ।
८मृगयाऽक्षाः स्त्रियः पानं वाक्पारुष्यार्थदूषणे ॥ ४०२ ॥
दण्डपारुष्यमित्येतद्धेयं व्यसनसप्तकम् ।

---

यात्रा करना, अथवा—दो बलवान् शत्रुओंमें वचनमात्रसे आत्मसमर्पण करते हुए दोनों पक्षका ( कभी एक पक्षका कभी दूसरे पक्षका ) गुप्तरूपसे आश्रय करना ) और ६ आश्रय—(बलवान् शत्रुसे युद्ध करने में स्वयं समर्थ नहीं होनेपर किसी दूसरे अधिक बलवान् राजाका आश्रय करना ) । ये 'षड्गुण' कहलाते हैं ॥

१. प्रभुशक्तिः, उत्साहशक्तिः, मन्त्रशक्तिः—ये ३ 'शक्तियां' हैं ।

**विमर्श**—१ प्रभुशक्ति—( खजाने तथा दण्ड आदिकी उन्नति होना ), २ उत्साहशक्ति—( उद्योग करते हुए सहन करना ), और ३ मन्त्रशक्ति—( पांच अङ्गोंवाला मन्त्र अर्थात् गुप्तमन्त्रणा ) । पांच अङ्ग ये हैं—१ सहाय, २ साधन, ३ उपाय, ४ देश-कालका यथोचित विभाजन और ५ विपत्तिसे बचाव ॥[1]

२. साम (-मन् ), दानम्, दण्डः, भेदः—ये ४ 'उपाय' कहलाते हैं ॥

३. 'साम ( मधुर भाषणादिसे शान्त करना )'के २ नाम हैं—साम (-मन् ), सान्त्वनम् ( + सान्त्वम् ) ॥

४. 'भेद ( आपसमें विरोध कराना )'के २ नाम हैं—उपजापः, भेदः ॥

५. 'दमन, दण्ड'के ३ नाम हैं—दण्डः, ( पु न ), साहसम् ( न । + पु न ), दमः ॥

६. 'घूस, या—उपहार ( भेंट )'के १२ नाम हैं—प्राभृतम्, ढौकनम्, लञ्चा ( पु स्त्री ), उत्कोचः, कौशलिकम्, आमिषम् ( पु न ), उपचारः, उपप्रदानम्, उपदा, उपहारः, उपग्राह्यः, उपायनम् ॥

७. 'माया, उपेक्षा, इन्द्रजालम्—इन तीनों'का 'क्षुद्रोपायः' यह १ नाम है । ( ये ३ क्षुद्र उपाय हैं ) ॥

८. । मृगया, अक्षाः, स्त्रियः, पानम्, वाक्पारुष्यम्, अर्थदूषणम्, दण्डपा-

---

१. तदुक्तम्—"सहायाः साधनोपाया विभागो देशकालयोः ।
विनिपातप्रतीकारः सिद्धिः पञ्चाङ्गमिष्यते ॥ इति ॥

१पौरुषं विक्रमः शौर्यं शौण्डीर्यं च पराक्रमः ॥ ४०३ ॥
२यत्कोशदण्डजं तेजः स प्रभावः प्रतापवत् ।
३भिया धर्मार्थकामैश्च परीक्षा या तु सोपधा ॥ ४०४ ॥
४तन्मन्त्राद्यषडक्षीणं यत्तृतीयाद्यगोचरः ।
५रहस्यालोचनं मन्त्रो ६रहश्छन्नमुपह्वरम् ॥ ४०५ ॥
विविक्तविजनैकान्तनिःशलाकानि केवलम् ।
७गुह्ये रहस्यं ८न्यायस्तु देशरूपं समञ्जसम् ॥ ४०६ ॥
कल्पाभ्रेषौ नयो ९न्याय्यं तूचितं युक्तसाम्प्रते ।
लभ्यं प्राप्तं भजमानाभिनीतौपयिकानि च ॥ ४०७ ॥

---

रुष्यम् इन सातों का 'व्यसनम्' यह १ नाम है। राजाको (मानवमात्रको) इनका त्याग करना चाहिए।

विमर्श—१ मृगया—(शिकार, आखेट), २—अक्ष-जुआ खेलना, घुड़-दौड़, आदिपर लाटरी डालना आदि), ३ स्त्रियः—(स्त्रियों में अधिक आसक्ति), ४ पानम्—(मद्य आदि नशीली वस्तुओं का सेवन), ५ वाक्पारुष्य—(कठोर वचन बोलना), ६ अर्थ-दूषण—(धनका लेना, धनका नहीं देना, धनका विनाश और धनका परित्याग) और ७ दण्डपारुष्य—(कठोर दण्ड देना)॥

१. । 'पराक्रम, पुरुषार्थ' के ५ नाम हैं—पौरुषम्, विक्रमः, शौर्यम्, शौण्डीर्यम्, पराक्रमः ॥

२. 'प्रभाव—(कोश तथा दण्डसे उत्पन्न राज-तेज)'के २ नाम हैं—प्रभावः, प्रतापः ॥

३. 'भय, धर्म, अर्थ तथा काम के द्वारा मंत्री आदि की परीक्षा लेने' का १ नाम है—उपधा ॥

४. 'जिसे तीसरा व्यक्ति नहीं जाने ऐसी मन्त्रणा (सलाह, परामर्श), क्रीडा आदि'का १ नाम है—अषडक्षीणम् ॥

५. 'गुप्त मन्त्र'के ३ नाम हैं—रहस्यम्, आलोचनम्, मन्त्रः ॥

६. 'एकान्त गुप्त स्थान'के ८ नाम हैं—रहः (-हस्, न), छन्नम्, उपह्वरम् (पु न), विविक्तम्, विजनम् (+निर्जनम्), एकान्तम्, निःशलाकम्, केवलम् ॥

७. 'गुप्त'के २ नाम हैं—गुह्यम्, रहस्यम् ॥

८. 'न्याय'के ६ नाम हैं—न्यायः, देशरूपम्, समञ्जसम्, कल्पः, अभ्रेषः, नयः (+नीतिः) ॥

९. 'न्याय्य (न्याययुक्त)'के ९ नाम हैं—न्याय्यम्, उचितम्,

१प्रक्रिया त्वधिकारो२ऽथ मर्यादा धारणा स्थितिः ।
संस्था३ऽपराधस्तु मन्तुर्व्यलीकं विप्रियागसी ॥ ४०८ ॥
४बलिः करो भागधेयो ५द्विपाद्यो द्विगुणो दमः ।
६वाहिनी पृतना सेना बलं सैन्यमनीकिनी ॥ ४०९ ॥
कटकं ध्वजिनी तन्त्रं दण्डोऽनीकं पताकिनी ।
वरूथिनी चमूश्चक्रं स्कन्धावारो७ऽस्य तु स्थितिः ॥ ४१० ॥
शिबिरं ८रचना तु स्याद् व्यूहो दण्डादिको युधि ।

---

युक्तम्, साम्प्रतम्, लभ्यम्, प्राप्तम्, भजमानम्, अभिनीतम्, औपयिकम् (सब वाच्यलिङ्ग हैं) ॥

१. 'अधिकार'के २ नाम हैं—प्रक्रिया, अधिकारः ॥

२. 'मर्यादा'के ४ नाम हैं—मर्यादा, धारणा, स्थितिः, संस्था ॥

३. 'अपराध'के ५ नाम हैं—अपराधः, मन्तुः (पु), व्यलीकम् (पु न), विप्रियम्, आगः (-गस्, न) ॥

४. 'कर, टैक्स'के ३ नाम हैं—बलिः (पु स्त्री), करः, भागधेयः ॥

विमर्श—यद्यपि अर्थशास्त्रमें प्रजासे अन्नादिके उपजका छठा हिस्सा लेना 'भागधेय' स्थावर तथा जङ्गम (नदी, पर्वत, जङ्गल आदि तथा रथ, गाड़ी आदि)से हिरण्यादि (सोना, या रुपया आदि) लेना 'कर' और भृत्यादिके उपजीव्य वस्तुको लेना 'बलि' कहा गया है, तथापि यहांपर उन विशिष्ट भेदोंका आश्रय छोड़कर सामान्यतया सबको पर्याय रूपमें कहा गया है ॥

५. 'दुगुना दण्ड'का १ नाम है—द्विपाद्यः ॥

६. 'सेना'के १९ नाम हैं—वाहिनी, पृतना, सेना, बलम्, सैन्यम्, अनीकिनी, कटकम् (पु न), ध्वजिनी, तन्त्रम्, दण्डः, अनीकम् (२ पु न), पताकिनी, वरूथिनी, चमूः (स्त्री), चक्रम् (पु न), स्कन्धावारः ॥

७. 'शिबिर (सेनाके ठहरनेका स्थान पड़ाव)'का १ नाम है—शिबिरम् ॥

८. 'दण्ड' आदि नामक व्यूह (मोर्चाबन्दी)का १ नाम है—व्यूहः ॥

विमर्श—कुछ व्यूहोंके ये नाम हैं—दण्डव्यूह, मण्डलव्यूह, उच्छ्रलव्यूह, असंहतव्यूह, दृढव्यूह, चक्रव्यूह, शकटव्यूह, वराहव्यूह, मकरव्यूह, सूचीव्यूह, गरुडव्यूह,……। (इनमें-से कतिपय व्यूह-रचनाओंके प्रकार एवं इनमेंसे किस व्यूहकी रचना किस अवस्थामें करनी चाहिए, इत्यादि जाननेके लिए 'मनुस्मृति' की (७ । १८७-१९१) मत्कृत 'मणिप्रभा' नामकी राष्ट्रभाषामयी

१प्रत्यासारो व्यूहपार्ष्णिः २सैन्यपृष्ठे प्रतिग्रहः ॥ ४११ ॥
३एकेभैकरथास्त्र्यश्वाः पत्तिः पञ्चपदातिका ।
४क सेना सेनामुखं गुल्मो वाहिनी पृतना चमूः ॥ ४१२ ॥
अनीकिनी च पत्तेः स्यादिभाद्यैस्त्रिगुणैः क्रमात् ।
५दशानीकिन्योऽक्षौहिणी ६सेञ्जनं तूपरक्षणम् ॥ ४१३ ॥
७वैजयन्ती पुनः केतुः पताका केतनं ध्वजः ।

---

टीका देखें ॥ "कौटिल्य अर्थशास्त्रमें भी व्यूहोंके भेदोपभेदका तथा शत्रुके किस व्यूहका किस व्यूहसे भेदन करना चाहिए, इसका सविस्तर वर्णन है[1] ॥

१. 'मोर्चाबन्दीके पार्श्वभाग'के २ नाम हैं—प्रत्यासारः, व्यूहपार्ष्णिः ॥

२. 'सेनाके पीछेवाले भाग'का १ नाम है—प्रतिग्रहः ॥

३. जिसमें १–१ हाथी तथा रथ, ३ घोड़े ( रथके घोड़के अतिरिक्त ), ५ पैदल सैनिक हों, उसे 'पत्तिः' कहते हैं ॥

४. 'पत्ति'के हाथी आदिको त्रिगुणित बढ़ाते जानेसे क्रमशः. सेना, सेनामुखम्, गुल्मः ( पुं न ), वाहिनी, पृतना, चमूः, अनीकिनी ( ये १–१ नाम सेना-विशेषके होते हैं ) ॥

५. 'दस अनीकिनी–परिमित सेना'की १ अक्षौहिणी सेना होती है ॥

**विमर्श**—'पत्ति'से आरम्भकर 'अक्षौहिणी' तक सेना-विशेषके हाथी आदिकी संख्याज्ञानार्थ पृष्ठ १८५ के चक्र देखें । विशेषजिज्ञासुओंको 'अमरकोष' की मत्कृत 'अमरचन्द्रिका' नामकी टिप्पणी देखनी चाहिए, जो 'मणिप्रभा' टीका के पृष्ठ २६४ पर लिखी गयी है ॥

६. 'सेनाको बढ़ाने, या रक्षा करने'के २ नाम हैं—सेञ्जनम्, उपरक्षणम् ॥

७. 'झण्डा'के ५ नाम हैं—वैजयन्ती, केतुः ( पु ), पताका (+ पटाका ), केतनम्, ध्वजः ( २ पु न ) । ( किसी-किसीके मतमें 'झण्डे'के दण्ड ( बांस आदि )का नाम 'ध्वज' है तथा शेष ४ नाम 'झण्डा' ( झण्डेके कपड़े )के हैं ) ॥

---

१. तथा च कौटिल्यार्थशास्त्रे—

"पक्षावुरस्यं प्रतिग्रह इत्यौशनसो व्यूहविभागः, पक्षौ कक्षावुरस्यं प्रतिग्रह इति बार्हस्पत्यः, प्रपक्षकक्षोरस्या उभयोर्दण्डभोगमण्डलासंहताः प्रकृतिव्यूहाः । तत्र तिर्यग्वृत्तिर्दण्डः । समस्तानामन्वावृत्तिर्भोगः । सरतां सर्वतो वृत्तिर्मण्डलः । स्थितानां पृथगनीकवृत्तिरसंहतः ।" ( कौ० अर्थ० १० । ६ । १–७ ) ॥ इतोऽग्रेऽमीषां व्यूहानां भेदाः, क्व च कस्य व्यूहस्योपयोगितेत्यादिकमध्यायेऽस्मिन् वर्णितमिति तत एव द्रष्टव्यं जिज्ञासुभिः ॥

१अग्र्योच्चूलावचूलाख्यावूर्ध्वाधोमुखकूर्चकौ ॥ ४१४ ॥
२गजो वाजी रथः पत्तिः सेनाङ्गं स्याच्चतुर्विधम् ।
३युद्धार्थे चक्रवद्याने शताङ्गः स्यन्दनो रथः ॥ ४१५ ॥

---

१. 'इस झण्डेके ऊपर तथा नीचेवाले अग्रभाग'का क्रमशः १-१ नाम है—उच्चूलः, अवचूलः ॥

२. गजः, वाजी (-जिन्), रथः, पत्तिः, (क्रमशः—गजदल, हयदल, रथदल और पैदल)—ये चार सेनाके अङ्ग 'सेनाङ्गम्' हैं, अतएव सेनाको 'चतुरङ्गिणी' (गजदल, हयदल, रथदल और पैदल) सेना कहते हैं ॥

विमर्श—वर्तमान नवीन कालमें तो (वायुयान आदिवाली सेना) 'नभःसेना', (जहाज, पनडुब्बी, सुरङ्ग बिछाने या हटानेवाले जहाज आदि की सेना) 'जलसेना' और (टैंक, मशीनगन, आदि तथा घुड़सवार एवं पैदल सेना) 'स्थल सेना' कहलाती है। इन तीन प्रकार की सेनाओंके अतिरिक्त विज्ञानके आधुनिकतम नवीनाविष्कारके कारण 'अणुवम, परमाणु-वम, हाइड्रोजन वम आदि विशेष युद्धसाधनयुक्त सेनाका आविष्कार हो गया है ॥

## पत्त्यादिसेना-विशेषाणां गजादिसंख्याबोधकं चक्रम्

| सेनानाम | गजसंख्या | रथसंख्या | रथाश्ववर्जिताश्वसंख्या | पत्तिसंख्या | सर्वयोगः |
|---|---|---|---|---|---|
| पत्तिः | १ | १ | ३ | ५ | १० |
| सेना | ३ | ३ | ९ | १५ | ३० |
| सेनामुखम् | ९ | ९ | २७ | ४५ | ९० |
| गुल्मः | २७ | २७ | ८१ | १३५ | २७० |
| वाहिनी | ८१ | ८१ | २४३ | ४०५ | ८१० |
| पृतना | २४३ | २४३ | ७२९ | १२१५ | २४३० |
| चमूः | ७२९ | ७२९ | २१८७ | ३६४५ | ७२९० |
| अनीकिनी | २१८७ | २१८७ | ६५६१ | १०९३५ | २१८७० |
| अक्षौहिणी | २१८७० | २१८७० | ६५६१० | १०९३५० | २१८७०० |
| (अन्यत्रोक्ता) महाक्षौहिणी | १३२१२४९० | १३२१२४९० | ३९६३७४७० | ६६०६२४५० | १३२१२४९०० |

३. 'युद्धके रथ'के ३ नाम हैं—शताङ्गः, स्यन्दनः, रथः (पु स्त्री) ॥

१स क्रीडार्थः पुष्परथो २देवार्थस्तु मरुद्रथः ।
३योग्यारथो वैनयिको४ऽध्वरथः पारियानिकः ॥ ४१६ ॥
५कर्णीरथः प्रवहणं डयनं रथगर्भकः ।
६अनस्तु शकटो७ऽथ स्याद् गन्त्री कम्बलिवाह्यकम् ॥ ४१७ ॥
८अथ काम्बलवास्त्राद्यास्तैस्तैः परिवृते रथे ।
९स पाण्डुकम्बली यः स्यात्संवीतः पाण्डुकम्बलैः ॥ ४१८ ॥
१०स तु द्वैपो वैयाघ्रश्च यो वृतो द्वीपिचर्मणा ।
११रथाङ्गं रथपादोऽरि चक्रं १२धारा पुनः प्रधिः ॥ ४१९ ॥
नेमि—

---

१. 'क्रीडा ( उत्सवादि यात्रा )के लिए बनाये गये रथ'का १ नाम है—पुष्परथः ॥

२. 'देवता ( देव-प्रतिमा )को विराजमान करनेवाले रथ'का १ नाम है—मरुद्रथः ॥

३. 'शस्त्रकी शिक्षा तथा अभ्यासके लिए बनाये गये रथ'के २ नाम हैं—योग्यारथः, वैनयिकः ॥

४. 'सामान्यतः यात्रा करने ( कहीं आने-जाने )के लिए बनाये गये रथ'के २ नाम हैं—अध्वरथः, पारियानिकः ॥

५. 'जिसे कहार कन्धेपर ढोवें, उस रथ'के अथवा—'स्त्रियोंके चढ़नेके लिए पर्दा लगे हुए रथ'के ४ नाम हैं—कर्णीरथः, प्रवहणम्, डयनम्, रथगर्भकः ॥

६. 'गाड़ी'के २ नाम हैं—अनः (-नस्, न ), शकटः ( त्रि ) ॥

७. 'छोटी गाड़ी, या—सग्गड़'के २ नाम हैं—गन्त्री, कम्बलिवाह्यकम् ॥

८. 'कम्बल, कपड़ा आदिसे ढके या मढ़े हुए रथ'का क्रमशः १-१ नाम हैं—काम्बलः, वास्त्रः । ( 'आदि'से दुकूल या दुगूल से ढके या मढ़े हुए रथका 'दौकूलः' या 'दौगूलः' नाम है ) ॥

९. 'पाण्डु वर्णके कम्बल से ढके या—मढ़े हुए रथ'का १ नाम है—पाण्डुकम्बली ॥

१०. 'बाघके चमड़ेसे ढके या मढ़े हुए रथ'के २ नाम हैं—द्वैपः, वैयाघ्रः ॥

११. 'पहिया'के ४ नाम हैं—रथाङ्गम्, रथपादः, अरि (-रिन्, न ), चक्रम् ( पु न ) ॥

१२. 'नेमि ( पहिये या टायरके ऊपरी भाग )'के ३ नाम हैं—धारा, प्रधिः ( पु स्त्री ), नेमिः ( स्त्री ) ॥

—१रक्षाग्रकीले त्वणयाणी २नाभिस्तु पिण्डिका ।
३युगन्धरं कूबरं स्याद् ४युगमीशान्तबन्धनम् ॥ ४२० ॥
५युगकीलकस्तु शम्या ६प्रासङ्गस्तु युगान्तरम् ।
७अनुकर्षो दार्वधःस्थं ८धूर्वी यानमुखं च धूः ॥ ४२१ ॥
९रथगुप्तिस्तु वरूथो १०रथाङ्गानि त्वपस्कराः ।
११शिबिका यानयाप्ये १२ऽथ दोला प्रेङ्खादिका भवेत् ॥ ४२२ ॥
१३वैनीतिकं परम्परावाहनं शिबिकादिकम् ।

---

१. 'पहिएके नाभिके बीचवाली कील'के २ नाम हैं—अणिः, आणिः ( २ पु स्त्री ) ॥

२. 'नाभि' ( पहिएके बीचवाले मोटे काष्ठ )—जिसमें अरा ( दण्डे ) लगे रहते हैं—उसके २ नाम हैं—नाभिः, पिण्डिका ॥

३. 'रथ या गाड़ी आदिका बंसा ( जिसमें घोड़े या बैलके कन्धेपर रखे जानेवाले जुआको बांधा जाता है, रथ, तांगे, एक्के या गाड़ीके उस बांस )'के २ नाम हैं—युगन्धरम्, कूबरम् ( २ पु न ) ॥

४. 'रथ या गाड़ी आदिके जुवा'का १ नाम है—युगम् ( पु न ) ॥

५. 'उक्त जुएकी कील'के २ नाम हैं—युगकीलकः, शम्या ॥

६. 'नये बछवेको हलमें चलना सिखलानेके लिए उसके कन्धेपर रखे जानेवाले काष्ठ'के २ नाम हैं—प्रासङ्गः, युगान्तरम् ॥

७. 'रथ या गाड़ी आदिके नीचेवाले काष्ठ'का १ नाम है—अनुकर्षः ॥

८. 'रथादिके आगेवाले भाग ( जिसमें घोड़े या बैल आदि बांधे जाते हैं)' उसके ३ नाम हैं—धूर्वी, यानमुखम्, धूः (=धुर्, स्त्री ) ॥

९. 'रथ आदिके रक्षार्थ लोहादिके आवरण'के २ नाम हैं—रथगुप्तिः, वरूथः ( पु न ) ॥

१०. 'रथके पहिया आदि अवयवों'का १ नाम है—अपस्करः ॥

११. 'पालकी, तामजान, नालकी आदि ( जिसे मनुष्य कन्धे पर ढोवें, उस )'के २ नाम हैं—शिबिका, याप्ययानम् ॥

१२. 'झूला, हिंडोला'के २ नाम हैं—दोला, प्रेङ्खोलिका । ( 'प्रेङ्खोलिका' आदिका नाम 'दोला' है, यहां 'आदि' शब्दसे—'शयानकम्' आदिका संग्रह करना चाहिए ) ॥

१३. बारी-बारीसे ढोये जानेवाली पालकी आदि'का १ नाम है—वैनीतिकम् ( पु न ) ॥

१यानं युग्यं पत्रं वाह्यं वह्यं वाहनधोरणे ॥ ४२३ ॥
२नियन्ता प्राजिता यन्ता सूतः सव्येष्ठृसारथी ।
दक्षिणस्थप्रवेतारौ क्षत्ता रथकुटुम्बिकः ॥ ४२४ ॥
३रथारोहिणि तु रथी ४रथिके रथिरो रथी ।
५अश्वारोहे त्वश्ववारः सादी च तुरगी च सः ॥ ४२५ ॥
६हस्त्यारोहे सादियन्तृमहामात्रनिषादिनः ।
७आधोरणा हस्तिपका गजाजीवेभपालकाः ॥ ४२६ ॥
८योद्धारस्तु भटा योधाः ९सेनारक्षास्तु सैनिकाः ।
१०सेनायां ये समवेतास्ते सैन्याः सैनिका अपि ॥ ४२७ ॥
११ये सहस्रेण योद्धारस्ते साहस्राः सहस्रिणः ।

---

१. 'वाहन'के ७ नाम हैं—यानम्, युग्यम्, पत्रम् ( पु न ), वाह्यम्, वह्यम्, वाहनम्, धोरणम् ॥

२. 'सारथि ( रथादि चलानेवाले )'के १० नाम हैं—नियन्ता (–न्तृ ), प्राजिता (–तृ ), यन्ता (–न्तृ ), सूतः, सव्येष्ठा (–ष्ठृ । + सव्येष्ठः ), सारथिः, दक्षिणस्थः, प्रवेता (–तृ ), क्षत्ता (–त्तृ ), रथकुटुम्बिकः ( + सादी, –दिन् ) ॥

३. 'रथपर चढ़कर युद्ध करनेवाले'का १ नाम है—रथी (–थिन् ) ॥

४. 'रथवाले, या रथपर चढ़े हुए'के ३ नाम हैं—रथिकः, रथिरः, रथी (–थिन् ) ॥

५. 'घुड़सवार'के ४ नाम हैं—अश्वारोहः, अश्ववारः, सादी (–दिन् ), तुरगी (–गिन् ) ॥

६. 'हाथीपर चढ़नेवाले'के ५ नाम हैं—हस्त्यारोहः, सादी ( – दिन् ), यन्ता ( – न्तृ ), महामात्रः, निषादी ( – दिन् ) ॥ ( किसी-किसीके मतमें 'हस्त्यारोह' आदि सब नाम एकार्थक ( हाथीवानके ) हैं ॥

७. 'हाथीवान्, पिलवान'के ४ नाम हैं—आधोरणाः, हस्तिपकाः, गजाजीवाः, इभपालकाः ।

८. 'युद्ध करनेवाले वीरों'के ३ नाम हैं—योद्धारः ( – द्धृ ), भटाः, योधाः ॥

९. 'सेनाके पहरेदारों'के २ नाम हैं—सेनारक्षाः, सैनिकाः ॥

१०. 'सेनामें नियुक्त सभी लोगों'के २ नाम हैं—सैन्याः, सैनिकाः ॥

११. 'एक सहस्र योद्धाओंसे युद्ध करनेवाले वीर'के २ नाम हैं—साहस्राः, सहस्रिणः ( स्रिन् ) ॥

विमर्श—'हस्त्यारोहाः' ( ४२६ )से इस 'सहस्रिणः' ( ४२८ ) शब्द तक सब पर्यायोंमें बहुत्वकी अपेक्षा बहुवचनका प्रयोग किया गया है, अतएव एकत्वकी इच्छामें उक्त पर्यायोंका प्रयोग एकवचनमें भी होता है ॥

१छायाकरश्छत्रधारः २पताकी वैजयन्तिकः ॥ ४२८ ॥
३परिधिस्थः परिचर ४आमुक्तः प्रतिमुक्तवत् ।
अपिनद्धः पिनद्धोऽ५थ सन्नद्धो व्यूढकङ्कटः ॥ ४२९ ॥
दंशितो वर्मितः सज्जः ६सन्नाहो वर्म कङ्कटः ।
जगरः कवचं दंशस्तनुत्रं माठ्युरश्छदः ॥ ४३० ॥
७निचोलकः स्यात्कूर्पासो वारबाणश्च कञ्चुकः ।
८सारसनं त्वधिकाङ्गं हृदि धार्यं सकञ्चुकैः ॥ ४३१ ॥
९शिरस्त्राणे तु शीर्षण्यं शिरस्कं शीर्षकं च तत् ।
१०नागोदमुदरत्राणं ११जङ्घात्राणं तु मत्कुणम् ॥ ४३२ ॥

---

१. 'राजा आदिके छत्रको धारण करनेवाले'के २ नाम हैं—छायाकरः, छत्रधारः ॥

२. 'ध्वजा, झंडा धारण करनेवाले'के २ नाम हैं—पताकी ( — किन् । +पताकाधरः ), वैजयन्तिकः ॥

३. 'सेनाके रक्षार्थ चारो ओर रहनेवाली सेना या पहरेदार'के २ नाम हैं—परिधिस्थः, परिचरः ॥

४. 'पहनकर उतारे हुए कवच, या वस्त्रादि'के ४ नाम हैं—आमुक्तः, प्रतिमुक्तः, अपिनद्धः, पिनद्धः ॥

५. 'कवच पहनकर युद्धके लिए तैयार'के ५ नाम हैं—सन्नद्धः, व्यूढकङ्कटः, दंशितः, वर्मितः (+कवचितः), सज्जः ॥

६. 'कवच'के ९ नाम हैं—सन्नाहः, वर्म ( — र्मन्, न ), कङ्कटः, जगरः, कवचम् ( पु न ), दंशः (+दशनम्), तनुत्रम् (+तनुत्राणम्), माठी ( स्त्री ), उरश्छदः (+त्वक्त्रम्) ॥

७. 'युद्धमें बाणादिसे रक्षार्थ पहने जानेवाले फौलाद'के ४ नाम हैं—निचोलकः, कूर्पासः, वारबाणः, कञ्चुकः ( २ पु न ) ॥

८. 'उक्त फौलादी झूलको स्थिर रखनेके लिए छाती पर कसी हुई पट्टी आदि'के २ नाम हैं—सारसनम्, अधिकाङ्गम् (+अधियाङ्गम्, धियाङ्गम्, अधिपाङ्गः, धिपाङ्गः । पु न ) ॥

९. 'युद्धमें शिरकी रक्षाके लिए पहने जानेवाले फौलादी टोप'के ४ नाम हैं—शिरस्त्राणम्, शीर्षण्यम्, शिरस्कम्, शीर्षकम् (+खोलम्) ॥

१०. 'युद्धमें पेटके रक्षार्थ पहने जानेवाले कवच-विशेष'के २ नाम हैं—नागोदम्, उदरत्राणम् ॥

११. 'युद्धमें जङ्घोंके रक्षार्थ पहने जानेवाले कवच विशेष'के २ नाम हैं—जङ्घात्राणम्, मत्कुणम् ॥

१बाहुत्राणं बाहुलं स्या२ज्जालिका त्वङ्गरक्षणी।
जालप्राऽऽयसी स्या३दा युधीयः शस्त्रजीविनि ॥ ४३३ ॥
काण्डपृष्ठायुधिकौ च ४तुल्यौ प्रासिककौन्तिकौ।
५पारश्वधिकस्तु पारश्वधः परश्वधायुधः ॥ ४३४ ॥
६स्युर्नैस्त्रिंशिकशाक्तीकयाष्टीकास्तत्तदायुधाः।
७तूणी धनुर्भृद्धानुष्कः स्यात् ८काण्डीरस्तु काण्डवान् ॥ ४३५ ॥
९कृतहस्तः कृतपुंखः सुप्रयुक्तशरो हि यः।
१०शीघ्रवेधी लघुहस्तो११ऽपराद्धेषुस्तु लक्ष्यतः ॥ ४३६ ॥
च्युतेषु१२र्दूरवेधी तु दूरापात्या—

---

१. 'युद्धमें बाहुके रक्षार्थ पहने जानेवाले कवच विशेष'के २ नाम हैं—बाहुत्राणम्, बाहुलम् ॥

२. 'युद्धमें अङ्गरक्षार्थ पहने जानेवाले लोहेकी जालीके समान कवच-विशेष'के ४ नाम हैं—जालिका, अङ्गरक्षणी, जालप्राया, आयसी ॥

३. 'शस्त्र धारण द्वारा जीविका चलानेवाले'के ४ नाम हैं—आयुधीयः, शस्त्रजीवी ( – विन् ), काण्डपृष्ठः, आयुधिकः ॥

४. 'भाला चलानेवाले'के २ नाम हैं—प्रासिकः, कौन्तिकः ॥

५. 'फरसा चलानेवाले'के ३ नाम हैं—पारश्वधिकः, पारश्वधः, परश्वधायुधः ॥

६. 'तलवार, शक्ति ( बर्छी ) तथा यष्टि चलानेवाले'का क्रमसे १-१ नाम है—नैस्त्रिंशिकः, शाक्तीकः, याष्टीकः ॥

७. 'धनुष चलानेवाले या धारण करनेवाले'के ३ नाम हैं—तूणी ( – णिन् । + निषङ्गी, – ङ्गिन् ), धनुर्भृत् ( यौ०—धनुर्धरः, धन्वी–न्विन्, धनुष्मान्–ष्मन् ), धानुष्कः ॥

८. 'बाणधारी'के २ नाम हैं—काण्डीरः, काण्डवान् ( – वत् ) ॥

९. 'ठीक तरीकेसे बाण चलाये हुए योद्धा आदि'के २ नाम हैं—कृतहस्तः, कृतपुङ्खः ॥

१०. 'शीघ्रतासे लक्ष्य वेध करनेवाले'के २ नाम हैं—शीघ्रवेधी ( धिन् ), लघुहस्तः ॥

११. 'लक्ष्य वेधसे भ्रष्ट बाणवाले'का १ नाम है—अपराद्धेषुः ॥

१२. 'दूर तक लक्ष्य वेध करनेवाले'के २ नाम हैं—दूरवेधी ( धिन् ), दूरापाती ( – तिन् ) ॥

—१युधं पुनः ।
हेतिः प्रहरणं शस्त्रमस्त्रं ( स्यात्* )२तच्चतुर्विधम् ॥ ४३७ ॥
मुक्तं द्विधा पाणियन्त्रमुक्तं शक्तिशरादिकम् ।
अमुक्तं शस्त्रिकादि स्याद् यष्ट्याद्यं तु द्वयात्मकम् ॥ ४३८ ॥
३धनुश्चापोऽस्त्रमिष्वासः कोदण्डं धन्व कार्मुकम् ।
द्रुणाऽऽसौ ४लस्तकोऽस्यान्तर५मं त्वर्तिरटन्यपि ॥ ४३९ ॥
६मौर्वी जीवा गुणो गव्या शिञ्जा बाणासनं द्रुणा ।
शिञ्जिनी ज्या च ७गोधा तु तलं ज्याघातवारणम् ॥ ४४० ॥
८स्थानान्यालीढवैशाखप्रत्यालीढानि मण्डलम् ।
समपादं च—

---

१. 'आयुध, हथियार'के ५ नाम हैं—आयुधम् ( पु न ), हेतिः, प्रहरणम्, शस्त्रम् ( न स्त्री ), अस्त्रम् ॥

२. 'उस आयुध'के ४ भेद हैं—१—हाथसे छोड़े जानेवाली शक्ति ( बर्छी ) आदि, २—यन्त्र ( धनुष आदि )से छोड़े जानेवाले बाण आदि, ३—बिना फेंके चलाये जानेवाले छुरा, कटार, तलवार आदि, ४—फेंककर या हाथसे पकड़े हुए चलाये जानेवाली यष्टि ( छड़ी ) लाठी आदि । इस प्रकार प्रथम दो प्रकारके आयुधका नाम 'मुक्तम्' ( १—पाणिमुक्तम्, २ यन्त्र-मुक्तम् ), तृतीय प्रकारके आयुधका नाम 'अमुक्तम्' और ४ चतुर्थ प्रकारके आयुधका नाम 'मुक्तामुक्तम्' है । इस प्रकार आयुध ४ प्रकारके होते हैं ॥

३. 'धनुष, चाप'के ६ नाम हैं—धनुः (—नुष्, पु न ।+धनुः—नु, पु न ।+धनूः, स्त्री ), चापः ( पु न ), अस्त्रम्, इष्वासः (+शरासनम् ), कोदण्डम् ( २ पु न ), धन्व (—न्वन्, न ), कार्मुकम्, द्रुणम्, आसः ( पु न ) ॥

४. 'धनुषके मध्यभाग ( जिसे मूठसे पकड़ा जाता है, उस भाग )'का १ नाम है—लस्तकः ॥

५. 'धनुषके अग्रभाग ( किनारेवाले भाग )'के २ नाम हैं—अर्तिः, अटनी ॥

६. 'धनुषकी डोरी, तांत'के ६ नाम हैं—मौर्वी, जीवा, गुणः, गव्या ( स्त्री न ), शिञ्जा, बाणासनम्, द्रुणा, शिञ्जिनी, ज्या ॥

७. 'धनुषकी डोरीके आघातसे रक्षाकेलिए कलाईपर बांधे जानेवाले चमड़े आदिके पट्टे'के २ नाम हैं—गोधा, तलम् (+तला स्त्री ) ॥

८. 'युद्धके आसन-विशेषों'का पृथक्-पृथक् १-१ नाम है—आलीढम्, वैशाखम् (+पु ), प्रत्यालीढम्, मण्डलम्, समपादम् ( सब न ) ॥

---

*कोष्ठान्तर्गतशब्दश्छन्दोभङ्गदोषवारणाय मया योजितः ।

—१वेध्यं तु लक्षं लक्ष्यं शरव्यकम् ॥ ४४१ ॥

२बाणे पृषत्कविशिखौ खगगार्ध्रपक्षौ, काण्डाशुगप्रदरसायकपत्रवाहाः ।
पत्रीष्वजिह्मगशिलीमुखकङ्कपत्ररोपाः कलम्बशरमार्गणचित्रपुङ्खाः ॥ ४४२ ॥

३प्रक्ष्वेडनः सर्वलौहो नाराच एषणश्च सः ।

विमर्श—'आलीढ' नामके युद्धासनमें बाएँ पैरको आगेकी ओर कुछ झुका हुआ एवं दो हाथ विस्तृत करना चाहिए।

'वैशाख स्थानक' नामके युद्धासनमें कूटलक्ष्यका निशाना मारनेके लिए दोनों पैरोंको हाथभर विस्तृत करना चाहिए। दूरस्थ लक्ष्यको मारनेके लिए 'प्रत्यालीढ' नामके युद्धासनमें दहने पैरको पीछे झुका हुआ और बाएँ पैरको तिर्छा करना चाहिए। 'मण्डल'नामके युद्धासनमें दोनों पैरोंको विशेष रूपसे मण्डलाकार बहिर्भूत एवं तीक्ष्ण करना चाहिए। 'समपाद' नामके युद्धासनमें दोनों पैरोंको पूर्णतः स्थिर एवं सटा हुआ रखना चाहिए; ऐसा धनुर्वेदमें[1] कहा गया है॥

१. 'लक्ष्य, निशाना'के ४ नाम हैं—वेध्यम्, (+स्त्री), लक्षम्, लक्ष्यम्, शरव्यकम् (+स्त्री। +शरव्यम्। सब न)॥

शेषश्चात्र—वेध्ये निमित्तम्।

२. 'बाण'के २० नाम हैं—बाणः (पु न), पृषत्कः, विशिखः, खगः, गार्ध्रपक्षः, काण्डः (पु न), आशुगः, प्रदरः, सायकः, पत्रवाहः पत्री (-त्रिन्), इषुः (त्रि), अजिह्मगः, शिलीमुखः, कङ्कपत्रः, रोपः, कलम्बः, शरः, मार्गणः, चित्रपुङ्ख॥

शेषश्चात्र—बाणे तु लक्षहा मर्मभेदनः। वारश्च वीरशङ्कुश्च कादम्बोऽप्यस्त्रकण्टकः॥

३. लोहेके बने हुए बाण'के ४ नाम हैं—प्रक्ष्वेडनः, सर्वलौहः, नाराचः, एषणः॥

---

१. यद्धनुर्वेदः—

"अग्रतो वामपादं तु तीक्ष्णं चैवानुकुञ्चितम्।
'आलीढं' तु प्रकर्तव्यं हस्तद्वयसविस्तरम्॥
पादौ सविस्तरौ कार्यौ समहस्तप्रमाणतः।
'वैशाखस्थानके' वत्स! कूटलक्ष्यस्य वेधने॥
'प्रत्यालीढे' तु कर्तव्यः सव्यस्तीक्ष्णोऽनुकुञ्चितः।
तिर्यग्वामः पुरस्तत्र दूरापाते विशिष्यते॥
'समपादे' समौ पादौ निष्कम्पौ च सुसंगतौ।
मण्डले' मण्डलाकारौ बाह्यतीक्ष्णौ विशेषतः॥" इति।

१निरस्तः प्रहितो २बाणे विषाऽक्ते दिग्धलिप्तकौ ॥ ४४३ ॥
३बाणमुक्तिर्व्यवच्छेदो ४दीप्तिर्वेगस्य तीव्रता ।
५क्षुरप्रतद्बलार्द्धेन्दुतीरीमुख्यास्तु तद्भिदः ॥ ४४४ ॥
६पक्षो वाजः ७पत्रणा तन्न्यासः ८पुंखस्तु कर्त्तरी ।
९तूणो निषङ्गस्तूणीर उपासङ्गः शराश्रयः ॥ ४४५ ॥
शरधिः कलापोऽप्य१०थ चन्द्रहासः करवालनिस्त्रिंशकृपाणखङ्गाः ।
तरवारिकौक्षेयकमण्डलाग्रा असिश्च ऋष्टिरिष्टी—

---

शेषश्चात्र—नाराचे लोहनालोऽस्त्रसायकः ।

१. 'धनुष आदिसे छोड़े (चलाये) हुए बाण आदि हथियार'के २ नाम हैं—निरस्तः, प्रहितः ॥

२. 'विषमें बुझाये हुए बाण'के २ नाम हैं—दिग्धः, लिप्तकः (+लिप्तः)।

३. 'धनुषसे बाण छोड़ने'के २ नाम हैं—बाणमुक्तिः, व्यवच्छेदः ॥

४. 'बाणकी शीघ्र गति'का १ नाम है—दीप्तिः ॥

५. क्षुरप्रः, तद्बलम्, अर्धेन्दुः, तीरी, आदि ('आदि' शब्दसे—दण्डासनम्, तोमरः, वावल्लः, भल्लः, गरुडः, अर्धनाराचः, आदिका संग्रह है) विभिन्न प्रकारके बाणोंके भेद हैं ।

विमर्श—जिस बाणका धार (अग्रिम भाग) छूरेके समान हो, उसे 'क्षुरप्र'; जो बाण चूहेकी पूंछके समान हो, उसे 'तद्बल'; जिस बाणका अग्रभाग आधे चन्द्रके समान हो, उसे 'अर्धेन्दु' और जिस बाणके पीछेवाले तीन भागमें शर (शरकण्डा, या काष्ठादि) और आगेवाले एक भाग (चतुर्थांश)में लोहा लगा हो, उसे 'तीरी' कहते हैं ॥

६. 'बाणोंके पिछले भागोंमें लगाये हुए गीध-कङ्क-आदि पक्षियोंके पङ्ख'के २ नाम हैं—पक्षः, वाजः ॥

७. 'उक्त पङ्खोंको बाणमें लगाने'का १ नाम है—पत्रणा ॥

८. 'पुङ्ख (धनुषकी डोरी रखनेका स्थान)'के २ नाम हैं—पुङ्खः (पु न) कर्त्तरी ॥

९. 'तरकस'के ७ नाम हैं—तूणः (त्रि), निषङ्गः, तूणीरः, उपासङ्गः, शराश्रयः, शरधिः (पु । यौ०—इषुधिः, बाणधिः,··········), कलापः ॥

१०. 'तलवार'के ११ नाम हैं—चन्द्रहासः, करवालः, निस्त्रिंशः, कृपाणः, खङ्गः, तरवारिः (पु), कौक्षेयकः, मण्डलाग्रः, असिः (पु), ऋष्टिः, रिष्टिः (२ पु स्त्री) ॥

शेषश्चात्र—असिस्तु सायकः ॥
श्रीगर्भो विजयः शास्ता व्यवहारः प्रजाकरः ।

—१त्सरुस्त्य मुष्टिः ॥ ४४६ ॥
२प्रत्याकारः परीवारः कोशः खड्गपिधानकम् ।
३अङ्कुनं फलकं चर्म खेटकाऽऽवरणस्फुराः ॥ ४४७ ॥
४अस्य मुष्टिस्तु संग्राहः ५क्षुरी छुरी कृपाणिका ।
शस्त्र्यसेर्धेनुपुत्र्यौ च ६पत्रपालस्तु साऽऽयता ॥ ४४८ ॥
७दण्डो यष्टिश्च लगुडः ८स्यादीली करवालिका ।
९भिन्दिपाले सृगः १०कुन्ते प्रासो—

---

धर्मपालोऽक्षरो देवस्तीक्ष्णकर्मा दुरासदः ॥
प्रसङ्गो रुद्रतनयो मनुज्येष्ठः शिवङ्करः ।
करपालो विशसनस्तीक्ष्णधारो विषाग्रजः ॥
धर्मप्रचारो धाराङ्गो धाराधरकरालिकौ ।
चन्द्रभासश्च शस्त्रः ।

१. 'तलवारकी मूंठ'का १ नाम है—त्सरुः ( पु । यहां तलवारको उपलक्षण मानकर कटार, छड़ी आदिकी मूंठकोभी 'त्सरुः' कहते हैं ) ॥

२. 'तलवार ( कटार आदि ) की म्यान'के ४ नाम हैं—प्रत्याकारः, परीवारः, कोशः ( त्रि ), खड्गपिधानकम् ( + खड्गपिधानम् ) ॥

३. 'ढाल'के ६ नाम हैं—अङ्कुनम् , फलकम् ( + फरकम् । पु न ), चर्म (–र्मन् ), खेटकम् ( पु न ), आवरणम् , स्फुरः ( + स्फुरकः ) ॥

४. 'ढालकी मूंठ'का १ नाम है—संग्राहः ॥

५. 'छुरी'के ६ नाम हैं—क्षुरी ( + क्षुरिका ), छुरी, कृपाणिका ( + कृपाणी ), शस्त्री, असिधेनुः, असिपुत्री ) ॥

शेषश्चात्र—अथ क्षुर्यस्त्री कोशशायिका । पत्रञ्च धेनुका ।

६. 'बड़ी छुरी, कटार'का १ नाम है—पत्रपालः ॥

शेषश्चात्र—पत्रपाले तु हुलमातृका । कुट्टन्ती पत्रफला च ।

७. 'दण्डा, छड़ी, लाठी'का क्रमशः १–१ नाम है—दण्डः ( पु न ), यष्टिः ( पु स्त्री ), लगुडः ॥

८. 'एक तरफ धारवाली छोटी तलवार, या गुप्ती'के २ नाम हैं—ईली, करवालिका ( + तरवालिका ) ॥

९. 'फेंक कर चलाये जानेवाला बड़ा डण्डा लगा हुआ एक प्रकारका बरछा या भाला'के २ नाम हैं—भिन्दिपालः, सृगः ॥

१०. 'भाला ( हाथमें पकड़े हुए ही चलाये जानेवाला फल लगा हुआ अस्त्र-विशेष'के २ नाम हैं—कुन्तः, प्रासः ॥

—१ऽथ द्रुघणो घनः ॥ ४४९ ॥
मुद्गरः स्यात् २कुठारस्तु परशुः पर्शुः पर्श्वधौ ।
परश्वधः स्वधितिश्च ३परिघः परिघातनः ॥ ४५० ॥
४सर्वला तोमरे ५शल्यं शङ्कौ ६शूले त्रिशीर्षकम् ।
७शक्तिपट्टिसदुःस्फोटचक्राद्याः शस्त्रजातयः ॥ ४५१ ॥
८खुरली तु श्रमो योग्याऽभ्यास—

---

१. 'मुद्गर'के ३ नाम हैं—द्रुघणः, घनः, मुद्गरः ( पु स्त्री ) ॥

२. 'फरसा'के ५ नाम हैं—कुठारः ( पु स्त्री ), परशुः, पर्शुः, पर्श्वधः, परश्वधः, स्वधितिः, ( ५ पु ) ॥

३. 'लोहा मढ़ी हुई लाठी'के २ नाम हैं—परिघः ( +पलिघः ), परिघातनः ॥

४. 'तोमर ( भालेके समान एक अस्त्र-विशेष )'के २ नाम हैं—सर्वला, तोमरः ( पु न ) ॥

५. 'भाला, काँटा, कील'के २ नाम हैं—शल्यम् ( पु न ), शङ्कुः ( पु ) ॥

६. 'त्रिशूल'के २ नाम हैं—शूलम् ( पु न । त्रिशूलम् ), त्रिशीर्षकम् ॥

७. 'शक्ति ( साँग ), पट्टिस ( पटा ), दुःस्फोट और चक्र आदिका क्रमशः १-१ नाम है—शक्तिः, पट्टिसः ( +पट्टिशः ), दुःस्फोटः, चक्रम् ( पु न ), शक्ति आदि ( आदि शब्दसे—शतघ्नी, महाशिला, भुशुण्डी ), ( +भुशुण्डी ), चिरिका, वराहकर्णकः, इत्यादिका संग्रह है ) ये शस्त्र-जातियाँ अर्थात् शस्त्रोंके भेद हैं ॥

शेषश्चात्र—अथ शक्तिः कासूर्महाफला ॥

अष्टतालाऽऽयता सा च पट्टिसस्तु खुरोपमः ।
लोहदण्डस्तीक्ष्णधारो दुःस्फोटाराफलौ समौ ॥
चक्रं तु वलयप्रायमरसञ्चितमित्यपि ।
शतघ्नी तु चतुस्ताला लोहकण्टकसञ्चिता ॥
अयःकण्टकसञ्छन्ना शतघ्न्येव महाशिला ।
भुशुण्डी स्याद्दारुमयी वृत्तायःकीलसञ्चिता ॥
कणयो लोहमात्रोऽथ चिरिका तु हुलाग्रका ।
वराहकर्णकोऽन्वर्थः फलपत्राग्रके हुलम् ॥
मुनयोऽस्त्रशेखरं च ।

८. 'शस्त्र-चालनका अभ्यास ( चाँदमारी ) करने'के ४ नाम हैं—खुरली, श्रमः, योग्या, अभ्यासः ॥

—१स्तद्भूः खलूरिका ।
२सर्वाभिसारो सर्वौघः सर्वसन्नहनं समाः ॥ ४५२ ॥
३लोहाभिसारो दशम्यां विधिर्नीराजनात्परः ।
४प्रस्थानं गमनं व्रज्याऽभिनिर्याणं प्रयाणकम् ॥ ४५३ ॥
यात्राऽ५भिषेणनं तु स्यात् सेनयाऽभिगमो रिपौ ।
६स्यात् सुहृद्बलमासारः ७प्रचक्रं चलितं बलम् ॥ ४५४ ॥
८प्रसारस्तु प्रसरणं तृणकाष्ठादिहेतवे ।
९अभिक्रमो रणे यानमभीतस्य रिपून् प्रति ॥ ४५५ ॥

---

शेषश्चात्र—शस्त्राभ्यास उपासनम् ।

१. 'शस्त्राभ्यास ( चांदमारी ) करनेके मैदान का १ नाम है—खलूरिका ॥

२. 'सब सेनाओंके साथ आक्रमण या युद्धार्थ प्रस्थान करने'के ३ नाम हैं—सर्वाभिसारः, सर्वौघः, सर्वसन्नहनम् ॥

३. 'विजया दशमी के दिन दिग्विजय यात्राके पहले, शान्त्युदक छिड़कने के बाद किये जानेवाले ( शस्त्रोंका प्रदर्शन रूप ) विधि विशेष'का १ नाम है—लोहाभिसारः[1] ॥

विमर्श—अमरसिंहने तो दिग्विजय यात्राके पूर्व शान्त्युदकके छिड़कनेका ही नाम 'लोहाभिसार' कहा है ! यथा—लोहाभिसारोऽस्त्रभृतां राज्ञां नीराजनाविधिः ( अम० २।८।६४ ) ॥

४. 'यात्रा, प्रस्थान करने'के ६ नाम हैं—प्रस्थानम्, गमनम्, व्रज्या, अभिनिर्याणम्, प्रयाणकम् ( + प्रयाणम् ), यात्रा ॥

५. 'सेनाके साथ शत्रु पर चढ़ाई करने'का १ नाम है—अभिषेणनम् ॥

६. 'मित्रबल'का १ नाम है—आसारः ॥

७. 'प्रस्थान की हुई सेना'का १ नाम है—प्रचक्रम् ॥

८. 'सेनासे बाहर तृण-जल आदिके लिए जाने'का १ नाम है—प्रसारः । ( अमरसिंहने "आसारः, प्रसारः" दोनोंको एकार्थक माना है ) ( अमर० २।८।९६ ) ॥

९. 'निर्भय होकर युद्धमें शत्रुके प्रति आगे बढ़ने'का १ नाम है—अभिक्रमः ॥

---

१. तदुक्तम्—"लोहाभिसारस्तु विधिः परो नीराजनान्नृपैः ।
दशम्यां दंशितैः कार्यः ॥ इति ॥

१अभ्यमित्र्योऽभ्यमित्रीयोऽभ्यमित्रीणोऽभ्यरि व्रजन् ।
२स्यादुरस्वानुरसिल ३ऊर्जस्व्यूर्जस्वलौ समौ ॥ ४५६ ॥
४सांयुगीनो रणे साधु५र्जेता जिष्णुश्च जित्वरः ।
६जय्यो यः शक्यते जेतुं ७जेयो जेतव्यमात्रके ॥ ४५७ ॥
८वैतालिका बोधकरा अर्थिकाः सौखसुप्तिकाः ।
९घाण्टिकाश्चाक्रिकाः १०सूतो वन्दी मङ्गलपाठकः ॥ ४५८ ॥
११मागधो मगधः १२संशप्तका युद्धाऽनिवर्तिनः ।
१३नग्नः स्तुतिव्रत—

---

१. 'शत्रुके सामने युद्धार्थ बढ़नेवाले'के ३ नाम हैं—अभ्यमित्रः, अभ्यमित्रीयः, अभ्यमित्रीणः ॥

२. 'बलवान्'के २ नाम हैं—उरस्वान् ( - स्वत् ) उरसिलः ॥

३. 'अधिक बलवान्'के २ नाम हैं—ऊर्जस्वी ( - स्विन् ), ऊर्जस्वलः ( + ऊर्जस्वान् , - स्वत् ) ॥

४. 'युद्धमें निपुण'का १ नाम है—सांयुगीनः ॥

५. 'विजयी'के ३ नाम हैं—जेता ( - तृ ), जिष्णुः, जित्वरः ॥

शेषश्चात्र—जिष्णौ तु विजयी जैत्रः ।

६. 'जिसे जीता जा सके उस'का १ नाम है—जय्यः ॥

७. 'जीतने योग्य ( जो भले ही जीता न जा सके, किन्तु जिसका जीतना उचित हो उस'का १ नाम है—जेयः ॥

८. वैतालिक ( राजाओंकी स्तुति करते हुए प्रातःकाल जगानेवाले वन्दिगण )'के ४ नाम हैं—वैतालिकाः, बोधकराः, अर्थिकाः, सौखसुप्तिकाः ( + सौखशायनिकाः, सौखशाय्यकाः ) ॥

९. 'देवता आदिके आगे घण्टा बजाकर स्तुति करनेवालों'के २ नाम है—घाण्टिकाः, चाक्रिकाः ॥

विमर्श—"वैतालिकाः,······चाक्रिकाः" शब्दोंमें बहुत्वकी अपेक्षासे बहुवचनका प्रयोग होनेसे उन शब्दोंका प्रयोग ए० व० में भी होता है ॥

१०. 'मङ्गल पाठ करनेवाले बन्दी'के ३ नाम हैं—सूतः, वन्दी (–न्दिन् ), मङ्गलपाठकः ॥

११. 'प्रशंसाकर याचना करनेवाले'के २ नाम हैं—मागधः, मगधः ॥

१२. 'युद्धसे विमुख होकर नहीं लौटनेवालों'के २ नाम हैं—संशप्तकाः, युद्धानिवर्तिनः ( – र्तिन् । यहाँ भी ब० व० बहुत्वापेक्ष ही है, अतः ए० व० भी होता है ) ॥

१३. 'स्तुतिमात्र करनेवाले'के २ नाम हैं—नग्नः, स्तुतिव्रतः ॥

—१स्तस्य ग्रन्थो भोगावली भवेत् ॥ ४५९ ॥
२प्राणः स्थाम तरः पराक्रमबलद्युम्नानि शौर्य्यौजसी
शुष्मं शुष्म च शक्तिरूर्ज्जसहसी ३युद्धं तु सङ्ख्यं कलिः ॥
संग्रामाऽऽहवसंप्रहारसमरा जन्यं युदायोधनं
संस्फोटः कलहो मृधं प्रहरणं संयद्रणो विग्रहः ॥ ४६० ॥
द्वन्द्वं समाघातसमाह्वयाभिसंपातसंमर्दसमित्प्रघाताः ।
आस्कन्दनाजिप्रधनान्यनीकमभ्यागमश्च प्रविदारणं च ॥ ४६१ ॥
समुदायः समुदयो राटिः समितिसङ्गरौ ।
अभ्यामर्दः सम्परायः समीकं साम्परायिकम् ॥ ४६२ ॥
आक्रन्दः संयुगं चा४थ नियुद्धं तद् भुजोद्भवम् ।
५पटहाडम्बरौ तुल्यौ ६तुमुलं रणसङ्कुलम् ॥ ४६३ ॥
७नासीरं त्वग्रयानं स्यादद्वमर्दस्तु पीडनम् ।

---

१. 'उक्त नग्नके ग्रन्थ'का १ नाम है—भोगावली ॥

२. 'बल, सामर्थ्य'के १३ नाम हैं—प्राणः, स्थाम (-मन्), तरः (-रस् । २ न ), पराक्रमः, बलम् ( पु न ), द्युम्नम् (+द्रविणम्), शौर्य्यम्, ओजः (-जस्, न ), शुष्मम्, शुष्म (-ष्मन्, न ), शक्तिः, ऊर्ज्जः ( पु स्त्री । +ऊर्क्-र्ज्), सहः (-स्, न ) ॥

३. 'लड़ाई, युद्ध'के ४१ नाम हैं—युद्धम्, सङ्ख्यम् ( पु न ), कलिः ( पु ), संग्रामः, आहवः, सम्प्रहारः, समरः, जन्यम् ( २ पु न ), युत् (-ध्), आयोधनम्, संस्फोटः (+संस्फेटः, संफेटः ), कलहः, मृधम्, प्रहरणम्, संयत् ( न । + स्त्री ), रणः ( पु न ), विग्रहः, द्वन्द्वम्, समाघातः, समाह्वयः, अभिसम्पातः, संमर्दः, समित्, प्रघातः, आस्कन्दनम्, आजिः ( स्त्री ), प्रधनम्, अनीकम्, अभ्यागमः, प्रविदारणम्, समुदायः, समुदयः, राटिः ( स्त्री ), समितिः, सङ्गरः, अभ्यामर्दः, सम्परायः ( पु न ), समीकम्, साम्परायिकम्, आक्रन्दः, संयुगम् ( पु न ) ॥

४. 'कुस्ती, मल्लयुद्ध, दंगल'का १ नाम है—नियुद्धम् ॥

५. 'नगाड़ा नामक बाजा'के २ नाम हैं—पटहः, आडम्बरः ( पु न ) ॥

६. 'घनघोर युद्ध'के २ नाम हैं—तुमुलम्, रणसङ्कुलम् ॥

७. 'आगे चलनेवाली सेना, या—सेनाका आगे चलने'के २ नाम हैं—नासीरम् ( स्त्री न ), अग्रयानम् ॥

८. 'सेनाके द्वारा पीड़ित ( शत्रुपक्षको तङ्ग ) करने'के २ नाम हैं—अवमर्दः, पीडनम् ॥

१प्रपातस्त्वभ्यवस्कन्दो धाट्यभ्यासादनं च सः ॥ ४६४ ॥
२तद्रात्रौ सौप्तिकं ३वीराशंसनं त्वाजिभीष्मभूः ।
४नियुद्धभूरक्षवाटो ५मोहो मूर्च्छा च कश्मलम् ॥ ४६५ ॥
६वृत्ते भाविनि वा युद्धे पानं स्याद्वीरपाणकम् ।
७पलायनमपयानं संदावद्रवविद्रवाः ॥ ४६६ ॥
अपक्रमः समुत्प्रेभ्यो द्रावो८ऽथ विजयो जयः ।
९पराजयो रणे भङ्गो १०डमरे डिम्बविप्लवौ ॥ ४६७ ॥
११वैरनिर्यातनं वैरशुद्धिर्वैरप्रतिक्रिया ।
१२बलात्कारस्तु प्रसभं हठो१३ऽथ स्खलितं छलम् ॥ ४६८ ॥

---

१. 'कपटसे आक्रमण करने ( छापा मारना )'के ४ नाम हैं—प्रपातः, अभ्यवस्कन्दः (+अवस्कन्दः ), धाटी, अभ्यासादनम् ॥

२. 'रातमें सोनेके बाद छलसे आक्रमण करने'का १ नाम है-सौप्तिकम् ॥

३. 'युद्धकी भयङ्कर भूमि'के २ नाम हैं—वीराशंसनम् (+वीरासंशनी), आजिभीष्मभूः ॥

४. 'अखाड़ा, मल्लोंके युद्ध करनेकी भूमि'के २ नाम हैं—नियुद्धभूः, अक्षवाटः ॥

५. 'मूर्च्छा'के ३ नाम हैं—मोहः, मूर्च्छा, कश्मलम् ॥

६. 'युद्धके पहले या बादमें योद्धाओंके मद्यपान करने'का १ नाम है—वीरपाणकम् (+वीरपाणम् ) ॥

७. 'भागने'के ६ नाम हैं-पलायनम्, अपयानम्, संदावः, द्रवः, विद्रवः, अपक्रमः, संद्रावः, उद्द्रवः, प्रद्रावः (+नशनम् ) ॥

८. 'विजय, जीत'के २ नाम हैं—विजयः, जयः ॥

९. 'हार, पराजय'का १ नाम है—पराजयः ॥

१०. 'लूटपाट, या—अनुचित युद्ध' के ३ नाम हैं—डमरः, डिम्बः ( पु न ), विप्लवः ॥

शेषश्चात्र—स्याच्छृगाली तु विप्लवे ।

११. 'विरोध का बदला लेने (प्रतिकार करने )'के ३ नाम हैं—वैरनिर्यातनम्, वैरशुद्धिः वैरप्रतिक्रिया ॥

१२. 'बलात्कार करने'के ३ नाम हैं—बलात्कारः, प्रसभम् ( न ।+पु न ), हठः ॥

१३. 'छल ( युद्धके नियमको भङ्ग करना )'के २ नाम हैं—स्खलितम्, छलम् ॥

१परापर्यभितो भूतो जितो भग्नः पराजितः ।
२पलायितस्तु नष्टः स्याद् गृहीतदिक् तिरोहितः ॥ ४६९ ॥
३जिताहवो जितकाशी ४प्रस्कन्नपतितौ समौ ।
चारः कारा गुप्तौ ५बन्द्यां ग्रहकः प्रोपतो ग्रहः ॥ ४७० ॥
६चातुर्वर्ण्यं द्विजक्षत्रवैश्यशूद्रा नृणां भिदः ।
७ब्रह्मचारी गृही वानप्रस्थो भिक्षुरिति क्रमात् ॥ ४७१ ॥
चत्वार आश्रमा८स्तत्र वर्णी स्याद् ब्रह्मचारिणि ।
९ज्येष्ठाश्रमी गृहमेधी गृहस्थः स्नातको गृही ॥ ४७२ ॥
१०वैखानसो वानप्रस्थो ११भिक्षुः सांन्यासिको यतिः ।
कर्मन्दी रक्तवसनः १२परिव्राजकतापसौ ॥ ४७३ ॥
पाराशरी पारिकाङ्क्षी मस्करी पारिरक्षकः ।

---

१. 'पराजित, हारे हुए'के ६ नाम हैं—पराभूतः, परिभूतः, अभिभूतः, जितः, भग्नः, पराजितः ॥

२. 'भागे हुए'के ४ नाम हैं—पलायितः, नष्टः, गृहीतदिक् (-दिश्), तिरोहितः ॥

३. 'युद्धमें विजय प्राप्त किये हुए'के २ नाम हैं—जिताहवः, जितकाशी (-शिन्) ॥

४. 'गिरे हुए'के २ नाम हैं—प्रस्कन्नः, पतितः ॥

५. 'जेल'के ३ नाम हैं—चारः (+चारकः), कारा, गुप्तिः ॥

६. 'बलवान्के हाथमें दिये गये राजकुमार आदि, या—बलपूर्वक लायी गयी स्त्री'के ४ नाम हैं—बन्दी, ग्रहकः, प्रग्रहः, उपग्रहः ॥

७. द्विजः, क्षत्रः, वैश्यः, शूद्रः ( ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य तथा शूद्र )—ये ४ मनुष्योंके जाति ( वर्ण )-विशेष हैं, इन चारोंके समुदायका १ नाम है—'चातुर्वर्ण्यम्' ॥

८. 'ब्रह्मचारी (-रिन्), गृही (-हिन्), वानप्रस्थः, भिक्षुः ( ब्रह्मचर्य्य, गृहस्थ, वानप्रस्थ तथा संन्यास )—ये ४ क्रमशः उन ब्राह्मणादिके आश्रम हैं—'आश्रमः' ( पु न ) है ॥

९. 'ब्रह्मचारी'के २ नाम हैं—वर्णी (-र्णिन्), ब्रह्मचारी (-रिन्) ॥

१०. 'गृहस्थ'के ५ नाम हैं—ज्येष्ठाश्रमी (-मिन्), गृहमेधी (-धिन्), गृहस्थः, स्नातकः, गृही (-हिन्) ॥

११. 'वानप्रस्थ'के २ नाम हैं—वैखानसः, वानप्रस्थः ॥

१२. 'संन्यासी'के ११ नाम हैं—भिक्षुः, सांन्यासिकः (+संन्यासी,-सिन्,) यतिः, कर्मन्दी (-न्दिन्), रक्तवसनः, परिव्राजकः (+परिव्राट्,-ज्),

१स्थाण्डिलः स्थण्डिलशायी यः शेते स्थण्डिले व्रतात् ॥ ४७४ ॥
२तपःक्लेशसहो दान्तः ३शान्तः श्रान्तो जितेन्द्रियः ।
४अवदानं कर्म्म शुद्धं ५ब्राह्मणस्तु त्रयीमुखः ॥ ४७५ ॥
भूदेवो वाडवो विप्रो द्व्यग्राभ्यां जातिजन्मजाः ।
वर्णज्येष्ठः सूत्रकण्ठः षट्कर्मा मुखसंभवः ॥ ४७६ ॥
वेदगर्भः शमीगर्भः सावित्रो मैत्र एतसः ।
६वटुः पुनर्माणवको ७भिक्षा स्याद् ग्रासमात्रकम् ॥ ४७७ ॥
८उपनायस्तूपनयो वटूकरणमानयः ।
९अग्नीन्धनं त्वग्निकार्यमाग्नीध्रा चाग्निकारिका ॥ ४७८ ॥
१०पालाशो दण्ड आषाढो व्रते ११राम्भस्तु वैणवः ।

---

तापसः (+तपस्वी,–स्विन्), पाराशरी (–रिन्), पारिकाङ्क्षी (–ङ्क्षिन्), मस्करी (–रिन्), पारिरक्षिकः ॥

१. 'व्रत-पालनार्थ बिछौनेसे हीन भूमिपर सोनेवाले'के २ नाम हैं—स्थाण्डिलः, स्थण्डिलशायी (–यिन्) ॥

२. 'तपस्याके कष्टको सहन करनेवाले'के २ नाम हैं—तपःक्लेशसहः, दान्तः ॥

३. 'जितेन्द्रिय' के ३ नाम हैं—शान्तः, श्रान्तः, जितेन्द्रियः ॥

४. 'शुद्ध ( उच्च )कर्म'का १ नाम है—अवदानम् ॥

५. 'ब्राह्मण'के २० नाम हैं—ब्राह्मणः, त्रयीमुखः, भूदेवः (+भूसुरः), वाडवः, विप्रः, द्विजातिः, द्विजन्मा (–न्मन्), द्विजः, अग्रजातिः, अग्रजन्मा (–न्मन्), अग्रजः, वर्णज्येष्ठः, सूत्रकण्ठः, षट्कर्मा (–र्मन्), मुखसम्भवः, वेदगर्भः शमीगर्भः, सावित्रः, मैत्रः, एतसः ॥

६. 'मौञ्जी मेखला धारण किये हुए ब्रह्मचारी'के २ नाम हैं—वटुः, माणवकः ॥

७. 'भिक्षा (एक ग्रासके प्रमाणमें ब्रह्मचारीको गृहस्थसे मिलनेवाला अन्न )'का १ नाम है—भिक्षा ॥

८. 'यज्ञोपवीत संस्कार'के ४ नाम हैं—उपनायः, उपनयः वटूकरणम्, आनयः (+व्रतबन्धनम्, मौञ्जीबन्धनम्) ॥

९. 'अग्निहोत्र'के ४ नाम हैं—अग्नीन्धनम्, अग्निकार्यम्, आग्नीध्रा (+आग्नीध्री), अग्निकारिका ॥

१०. 'ब्रह्मचारीके पलाशके दण्ड'के २ नाम हैं—पालाशः, आषाढः ॥

११. 'ब्रह्मचारीके बांसके दण्ड'के २ नाम हैं—राम्भः, वैणवः ॥

१बैल्वः सारस्वतो रौच्यः २पैलवस्त्वौपरोधिकः ॥ ४७९ ॥
३आश्वत्थस्तु जितनेमि४रौदुम्बर उलूखलः ।
५जटा सटा ६वृषी पीठं ७कुण्डिका तु कमण्डलुः ॥ ४८० ॥
८श्रोत्रियश्छान्दसो ९यष्टा त्वादेष्टा स्याद् मखे व्रती ।
याजको यजमानश्च १०सोमयाजी तु दीक्षितः ॥ ४८१ ॥
११इज्याशीलो यायजूको १२यज्वा स्यादासुतीबलः ।

---

१. 'ब्रह्मचारीके बेलके दण्ड'के ३ नाम हैं—बैल्वः, सारस्वतः, रौच्यः ॥

२. ब्रह्मचारीके पीलु ( वृक्ष-विशेष )के दण्ड'के २ नाम हैं—पैलवः, औपरोधिकः ॥

३. 'ब्रह्मचारीके पीपलके दण्ड'के २ नाम हैं—आश्वत्थः, जितनेमिः ॥

४. 'ब्रह्मचारीके गूलरके दण्ड'के २ नाम हैं—औदुम्बरः, उलूखलः ॥

**विमर्श**—इस ग्रन्थकी 'स्वोपज्ञवृत्ति'में स्पष्ट उल्लेख नहीं होनेपर भी "ब्राह्मणजातीय ब्रह्मचारी का दण्ड पलाश या बांसका, क्षत्रियजातीय ब्रह्मचारीका दण्ड बेल या पीलुका और वैश्यजातीय ब्राह्मणका दण्ड पीपल या गूलरका होता है" ऐसा स्वरसतः प्रतीत होता है; क्योंकि वहींपर ( स्वोपज्ञ वृत्तिमें ही ) लिखा है कि—

"मनुस्तु—'ब्राह्मणो बैल्वपालाशौ क्षत्रियो वाटखादिरौ ।
पैलवौदुम्बरौ वैश्यो दण्डानर्हन्ति धर्मतः ॥' इत्याह"

अर्थात् 'मनुने तो—ब्राह्मण ब्रह्मचारी बेल या पलाशका, क्षत्रिय ब्रह्मचारी बड़ या खैर ( कत्था ) का और वैश्य ब्रह्मचारी पीलु या गूलरका दण्ड धर्मानुसार ग्रहण करें' ऐसा कहा है ॥

५. 'जटा'के २ नाम हैं—जटा, सटा ॥

६. 'तपस्वियोंके आसन'के २ नाम हैं—वृषी, पीठम् ॥

७. 'तपस्वियोंके कमण्डलु'के २ नाम हैं—कुण्डिका, कमण्डलुः ( पु न ) ॥

८. 'वेदपाठी'के २ नाम हैं—श्रोत्रियः, छान्दसः ॥

९. 'यजमान, यज्ञकर्ता'के ४ नाम हैं—यष्टा, आदेष्टा ( २-ष्टृ ), याजकः, यजमानः ॥

१०. 'यज्ञमें दीक्षित'के २ नाम हैं—सोमयाजी (-जिन् ), दीक्षितः ॥

११. 'सदा यज्ञ करनेवाले'के २ नाम हैं—इज्याशीलः, यायजूकः ॥

१२. 'विधिपूर्वक यज्ञ किये हुए'के २ नाम हैं—यज्वा (-ज्वन् ), आसुतीबलः ॥

१सोमपः सोमपीथी स्यात् २स्थपतिर्गीःपतीष्टिकृत् ॥ ४८२ ॥
३सर्ववेदास्तु सर्वस्वदक्षिणं यज्ञमिष्टवान् ।
४यजुर्विदध्वर्यु५ऋग्विद् होतो६द्गाता तु सामवित् ॥ ४८३ ॥
७यज्ञो यागः सवः सत्रं स्तोमो मन्युर्मखः क्रतुः ।
संस्तरः सप्ततन्तुश्च वितानं बर्हिरध्वरः ॥ ४८४ ॥
८अध्ययनं ब्रह्मयज्ञः ९स्याद्देवयज्ञ आहुतिः ।
होमो होत्रं वषट्कारः १०पितृयज्ञस्तु तर्पणम् ॥ ४८५ ॥
तच्छ्राद्धं पिण्डदानं च ११नृयज्ञोऽतिथिपूजनम् ।
१२भूतयज्ञो बलिः १३पञ्च महायज्ञा भवन्त्यमी ॥ ४८६ ॥

---

१. 'सोमपान करनेवाले'के २ नाम हैं—सोमपः, सोमपीथी (–थिन्) ॥

२. 'बृहस्पतियज्ञ करनेवाले'के २ नाम हैं—स्थपतिः, गीष्पतीष्टिकृत् ॥

३. 'सम्पूर्ण धन दान करके यज्ञ करनेवाले'का १ नाम है—सर्ववेदाः (–दस्) ॥

४. 'अध्वर्यु'के २ नाम हैं—यजुर्वित् (–र्विद्), अध्वर्युः ॥

५. 'होता'के २ नाम हैं—ऋग्वित् (–ग्विद्), होता (–तृ) ॥

६. 'उद्गाता'के २ नाम हैं—सामवित् (–विद्), उद्गाता (–तृ) ॥

७. 'यज्ञ'के १३ नाम हैं—यज्ञः, यागः, सवः, सत्रम्, स्तोमः, मन्यु (पु), मखः, क्रतुः (पु), संस्तरः, सप्ततन्तुः (पु), वितानम् (पु न), बर्हिः (–र्हिस्, न), अध्वरः ॥

८. 'ब्रह्मयज्ञ (वेदादिके स्वाध्याय)'के २ नाम हैं—अध्ययनम्, ब्रह्मयज्ञः ॥

९. 'देवयज्ञ (अग्निमें मन्त्रपूर्वक हवन करने)'के ५ नाम हैं—देवयज्ञः, आहुतिः, होमः, होत्रम्, वषट्कारः ॥

१०. 'पितृयज्ञ (तर्पण, श्राद्ध—पिण्डदान आदि करने)'के ४ नाम हैं—पितृयज्ञः, तर्पणम्, श्राद्धम् (पु न), पिण्डदानम् ॥

११. 'नृयज्ञ (अतिथि, अभ्यागतके भोजनादिसे सत्कार करने)'के २ नाम हैं—नृयज्ञः, अतिथिपूजनम् ॥

१२. 'भूतयज्ञ (कौवे, कुत्ते आदिके लिए बलि देने)'के २ नाम हैं—भूतयज्ञः, बलिः (पु स्त्री) ॥

१३. 'इन ब्रह्मयज्ञ, देवयज्ञ, पितृयज्ञ, नृयज्ञ और भूतयज्ञ)को 'पञ्चमहायज्ञ' कहते हैं। 'महायज्ञाः' ॥

१पौर्णमासश्च दर्शश्च यज्ञौ पक्षान्तयोः पृथक् ।
२सौमिकी दीक्षणीयेष्टि३र्दीक्षा तु व्रतसंग्रहः ॥ ४८७ ॥
४वृतिः सुगहना कुम्बा ५वेदी भूमिः परिष्कृता ।
६स्थण्डिलं चत्वरं चान्या७यूपः स्याद् यज्ञकीलकः ॥ ४८८ ॥
८चषालो यूपकटके ९यूपकर्णो घृतावनो ।
१०यूपाग्रभागे स्यात्तर्मा११रणिर्निर्मन्थदारुणि ॥ ४८९ ॥
१२स्युर्दक्षिणाऽऽहवनीयगार्हपत्यास्त्रयोऽग्नयः ।
१३इदमग्नित्रयं त्रेता १४प्रणीतः संस्कृतोऽनलः ॥ ४९० ॥
१५ऋक् सामिधेनी धाय्या च समिदाधीयते यया ।

---

१. 'पूर्णिमा तथा अमावस्याको किये जानेवाले यज्ञों'का क्रमशः १-१ नाम है—पौर्णमासः, दर्शः ॥

२. 'सोमसम्बन्धी यज्ञ या जिसमें सोमपान किया जाय, उस यज्ञ'के २ नाम हैं—सौमिकी, दीक्षणीयेष्टिः ॥

३. दीक्षा ( यज्ञार्थ शास्त्र-विहित नियमके पालन )'के २ नाम हैं—दीक्षा, व्रतसंग्रहः ॥

४. 'यज्ञभूमिके चारों ओर बनाये गये सघन घेरे'का १ नाम है—कुम्बा ॥

५. 'यज्ञार्थ साफ-सुथरी की हुई भूमि'का १ नाम है—वेदी ॥

६. 'यज्ञार्थ साफ-सुथरी नहीं की हुई भूमि'के २ नाम हैं—स्थण्डिलम्, चत्वरम् ॥

७. 'यज्ञमें वध्य पशुको बांधे जानेवाले खूटे'के २ नाम हैं—यूपः (पु।+पु न ), यज्ञकीलकः ॥

८. 'बढ़ईके द्वारा यूपके ऊपर रचित वलयाकृति'का १ नाम है—चषालः ( पु न ) ॥

९. 'यूपके ऊपर घीके निषेकके स्थान'का १ नाम है—यूपकर्णः ॥

१०. 'यूपके अग्रिम भाग'का १ नाम है—तर्म (-मन्, न।+पु न ) ॥

११. 'यज्ञमें जिस काष्ठको रगड़कर अग्नि उत्पन्न करते हैं, उस काष्ठ'का १ नाम है—अरणिः ( पु स्त्री ) ॥

१२. 'अग्निके ३ भेद-विशेष हैं—दक्षिणः, आहवनीयः, गार्हपत्यः ॥

१३. 'उक्त तीनों अग्नि'का १ नाम है—त्रेता ॥

१४. 'यज्ञमें मन्त्रसे संस्कृत अग्नि'का १ नाम है—प्रणीतः ॥

१५. 'यज्ञमें जिस ऋचा ( ऋग्वेदके मन्त्र )से समिधाको अग्निमें रखा जाय, उस ऋचा'के २ नाम हैं—सामिधेनी, धाय्या ॥

१समिदिन्धनमेधेध्मतर्पणैधांसि २भस्म तु ॥ ४६१ ॥
स्याद् भूतिर्भसितं रक्षा क्षारः ३पात्रं स्रुवादिकम् ।
४स्रुवः स्रुग५धरा सोपभृद्६जुहूः पुनरुत्तरा ॥ ४६२ ॥
७ध्रुवा तु सर्वसंज्ञार्थं यस्यामाज्यं निधीयते ।

---

१. 'समिधा ( हवनकी लकड़ी )'के ६ नाम हैं—समित् (-मिध्), इन्धनम्, एधः, इध्मम् ( न । + पु न ), तर्पणम्, एधः ( धस्, न ) ॥

२. 'राख, भस्म'के ५ नाम हैं—भस्म ( स्मन्, न ), भूतिः, भसितम्, रक्षा, क्षारः ॥

३. 'यज्ञ सम्बन्धी स्रुवा आदि पात्रों'का १ नाम है—पात्रम् ॥

४. 'स्रुवा ( यज्ञमें हवनका घृत जिससे छोड़ा जाता है, उस पात्र-विशेष )'के २ नाम हैं—स्रुवः, स्रुक् (-च्, स्त्री ) ॥

विमर्श—"यद्यपि बाहुमात्र्यः स्रुचः पाणिमात्रपुष्करास्त्वाविला हंसमुखप्रसेका मूलदण्डा भवन्ति" तथा "अरत्निमात्रः स्रुवोऽङ्गुष्ठपर्ववृत्तपुष्करः" ( का० श्रौ० सू० १ । ३ । ३८—३९ ) इन 'कात्यायन श्रौतसूत्रों'के अनुसार 'स्रुवः और स्रुक्'—ये दोनों यज्ञपात्र परस्पर भिन्न होनेसे पर्यायवाचक नहीं हैं, तथापि इन दोनों ही पात्रोंसे हवनकार्य ( अग्निमें घृताहुति-दान ) किये जानेके कारण यहां दोनोंको सामान्यतः पर्याय मान लिया गया है। उनमें "खादिरः स्रुवः" ( का० श्रौ० सू० १।३।४० )के अनुसार 'स्रुव' कत्थे ( खदिर ) की लकड़ीकी और "वैकङ्कतानि पात्राणि" ( का० श्रौ० सू० १।३।३२ )के अनुसार 'स्रुच्' कटाय नामक काष्ठकी बनायी जाती है। इन सूत्रद्वयोक्त प्रमाणोंसे भी 'स्रुव और स्रुच्' पात्रोंका भिन्न होना स्पष्टतः प्रमाणित होता है ॥

५. 'अधरा स्रुवा'का १ नाम है—उपभृत् ॥

६. 'उत्तरा स्रुवा'का १ नाम है—जुहूः ॥

विमर्श—शतपथब्राह्मणके "यजमानऽएव जुहूमनु । योऽस्याऽरातीयति स·········· ( १।४।४।१८ )" मन्त्रके अनुसार 'उपभृत्' संज्ञक स्रुक् शत्रुपक्षीय है और उसे नीचेवाले भागमें रखते हैं, अत एव उसे 'अधरा' ( नीच—तुच्छ ) कहा जाता है। तथा उक्त ग्रन्थ के ही "अथोत्तरां जुहूमध्यूहति यजमानमेवैतद् द्विषति············( १।४।४।१९ )" मन्त्रके अनुसार 'जुहू' संज्ञक स्रुक् यजमानपक्षीय है और उसे 'उपभृत्' संज्ञक स्रुक्से ऊपर रखते हैं, अतएव उसको 'उत्तरा' ( उच्च—श्रेष्ठ ) कहा जाता है ॥

७. 'जिसमें सब संज्ञाके लिए घृत रखा जाता है, उस यज्ञपात्र विशेष'का १ नाम है—ध्रुवा ॥

१योऽभिमन्त्र्य निहन्येत स स्यात्पशुरुपाकृतः ॥ ४९३ ॥
२परम्पराकं शसनं प्रोक्षणं च मखे वधः ।
३हिंसार्थं कर्माभिचारः स्याद् ४यज्ञार्हं तु यज्ञियम् ॥ ४९४ ॥
५हविः सान्नाय्य६मामिक्षा शृतोष्णक्षीरगं दधि ।
क्षीरशरः पयस्या च ७तन्मस्तुनि तु वाजिनम् ॥ ४९५ ॥
८हव्यं सुरेभ्यो दातव्यं ९पितृभ्यः कव्यमोदनम् ।
१०आज्ये तु दधिसंयुक्ते पृषदाज्यं पृषातकः ॥ ४९६ ॥
११दध्ना तु मधु संपृक्तं मधुपर्कं महोदयः ।
१२हवित्री तु होमकुण्डं १३हव्यपाकः पुनश्चरुः ॥ ४९७ ॥

---

१. 'अभिमन्त्रितकर यज्ञमें वध्य किये जानेवाले पशु'का १ नाम है—उपाकृतः ॥

२. 'यज्ञीय पशु-वध'के ३ नाम हैं—परम्पराकम्, शसनम् (+शमनम्), प्रोक्षणम् ॥

३. 'शत्रु आदिकी हिंसाके लिए किये जानेवाले कर्म (मारण, मोहन, उच्चाटन, आदि)'का १ नाम है—अभिचारः ॥

४. 'यज्ञके लिए किये जानेवाले हिंसा कर्म'का १ नाम है—यज्ञियम् ॥

५. 'हविष्य'के २ नाम हैं—हविः (-विष्, न.), सान्नाय्यम् ॥

६. 'उबाले हुए गर्म दूधमें छोड़े गये दही'के ३ नाम हैं—आमिक्षा, क्षीरशरः, पयस्या ॥

७. 'पूर्वोक्त आमिक्षाके माँड (मलाई)'का १ नाम है—वाजिनम् ॥

८. 'देवताओंके उद्देश्यसे दिये जानेवाले पाक (हविष्य, खीर)'का १ नाम है—हव्यम् ॥

९. 'पितरोंके उद्देश्यसे दिये जानेवाले पाक'का १ नाम है—कव्यम् ॥

**विमर्श**—'श्रुतिज्ञों'का मत है कि देवों या पितरों किसीके उद्देश्यसे दिये जानेवाले पाक'के 'हव्यम्, कव्यम्' ये दोनों ही नाम हैं ॥

१०. 'दधि-बिन्दुसे युक्त घी'के २ नाम हैं—पृषदाज्यम् (+दध्याज्यम्), पृषातकः ॥

११. 'मधुपर्क (शहद मिले हुए दही)'के २ नाम हैं—मधुपर्कम्, महोदयः ॥

१२. 'हवनके कुण्ड'के २ नाम हैं—हवित्री, होमकुण्डम् ॥

१३. 'हव्य (देवोद्देश्यक खीर आदि) को पकाने, या—उक्त हव्यको पकानेके बर्तन'के २ नाम हैं—हव्यपाकः, चरुः (पु) ॥

१अमृतं यज्ञशेषे स्याद् २विघसो भुक्तशेषके ।
३यज्ञान्तोऽवभृथः ४पूर्तं वाप्या५दीष्टं मखक्रिया ॥ ४९८ ॥
६इष्टापूर्तं तदुभयं ७बर्हिर्मुष्टिस्तु विष्टरः ।
८अग्निहोत्र्यग्निचिच्चाहिताग्ना९वथाग्निरक्षणम् ॥ ४९९ ॥
अग्न्याधानमग्निहोत्रं १०दर्वी तु घृतलेखनी ।
११होमाग्निस्तु महाज्वालो महावीरः प्रवर्गवत् ॥ ५०० ॥
१२होमधूमस्तु निगणो १३होमभस्म तु वैष्टुतम् ।
१४उपस्पर्शस्त्वाचमनं १५धारसेकौ तु सेचने ॥ ५०१ ॥

---

१. 'यज्ञके बाद बचे हुए हविष्यान्न'के २ नाम हैं—अमृतम्, यज्ञशेषः ।

२. 'भोजनके बाद बचे हुए अन्न'के २ नाम हैं—विघसः, भुक्तशेषकः (+भुक्तशेषः) ॥

३. 'यज्ञके समाप्त होनेपर किये जाने वाले स्नान विशेष'के २ नाम हैं—यज्ञान्तः, अवभृथः ॥

४. 'बावली, पोखरा, तडाग, खुदवाने या बगीचा आदि लगाने'का १ नाम है—पूर्तम् ॥

५. 'यज्ञ करने'का १ नाम है—इष्टम् ॥

६. 'उक्त दोनों ( पूर्त तथा इष्ट ) कर्मों'का १ नाम है—इष्टापूर्तम् ॥

७. 'कुशाग्रोंकी मुट्ठी'का १ नाम है—विष्टरः ( पु न ) ॥

८. 'अग्निहोत्री'के ३ नाम हैं—अग्निहोत्री ( त्रिन् ), अग्निचित्, आहिताग्निः ॥

९. 'अग्निहोत्र'के ३ नाम हैं—अग्निरक्षणम्, अग्न्याधानम्, अग्निहोत्रम् ॥

१०. 'दर्वी' ( यज्ञीय घृतको आलोडित करने तथा अपद्रव्य को बहिष्कृत करनेके लिए कलछुलके आकारके पात्र )'के २ नाम हैं—दर्वी, घृतलेखनी ॥

११. 'हवनकी अग्नि'के ४ नाम हैं—होमाग्निः, महाज्वालः, महावीरः, प्रवर्गः ॥

१२. 'हवनके धूएँ'के २ नाम हैं—होमधूमः, निगणः ॥

१३. 'होमकी भस्म'के २ नाम हैं—होमभस्म ( – स्मन् ), वैष्टुतम् ॥

१४. 'आचमन करने'के २ नाम हैं—उपस्पर्शः, आचमनम् ॥

१५. 'घृतसे अग्निके सेचन करने'के ३ नाम हैं—धारः[1] सेकः, सेचनम् ॥

---

१. तदुक्तं कात्यायनश्रौतसूत्रे—"एत्य जुह्वाभिधारणं ध्रुवाया हविष उपाभृतश्च ।", "चतुरवत्तं सवषट्कारासु ।" तथा—"अनिधावदायावदाय ध्रुवाम-

१ब्रह्मासनं ध्यानयोगासनेऽ२थ ब्रह्मवर्चसम् ।
वृत्ताध्ययनर्द्धिः ३पाठे स्याद् ब्रह्माञ्जलिरञ्जलिः ॥ ५०२ ॥
४पाठे तु मुखनिष्क्रान्ता विप्रुषो ब्रह्मबिन्दवः ।
५साकल्यवचनं पारायणं ६कल्पे विधिक्रमौ ॥ ५०३ ॥
७मूलेऽङ्गुष्ठस्य स्याद् ब्राह्मं तीर्थं ८कायं कनिष्ठयोः ।
९पित्र्यं तर्जन्यङ्गुष्ठान्त१०र्दैवतं त्वङ्गुलीमुखे ॥ ५०४ ॥
११ब्रह्मत्वं तु ब्रह्मभूयं ब्रह्मसायुज्यमित्यपि ।

---

१. 'ब्रह्मासन ( ध्यान तथा योगके आसन-विशेष )'का १ नाम है—ब्रह्मासनम् ॥

२. 'सदाचार तथा वेदादि-स्वाध्यायकी समृद्धि'के २ नाम हैं—ब्रह्मवर्चसम्, वृत्ताध्ययनर्द्धिः ॥

३. 'वेदाध्ययनके समयमें बाँधे गये अञ्जलि'का १ नाम है—ब्रह्माञ्जलिः ।

४. 'वेदाध्ययनके समय मुखसे निकले हुए थूकके बिन्दुओं'का १ नाम है—ब्रह्मबिन्दवः ( ब० व० बहुत्वकी अपेक्षासे है ) ॥

५. 'पारायण ( लगातार अर्थोच्चारण किये बिना अध्ययन करने )'के २ नाम हैं—साकल्यवचनम्, पारायणम् ॥

६. 'विधि, क्रम'के ३ नाम हैं—कल्पः, विधिः, क्रमः ॥

७. 'हाथके अंगूठेके मध्यमें । 'ब्राह्मम्' तीर्थम् अर्थात् 'ब्राह्मतीर्थ' होता है ॥

८. 'कनिष्ठा अङ्गुलियों के मध्यमें 'कायं' तीर्थम् ( + 'प्राजापत्यं' तीर्थम् अर्थात् 'प्रजापति तीर्थ' ) अर्थात्, 'काय तीर्थ' होता है ॥

९. तर्जनी तथा अंगूठेके मध्यमें 'पित्र्यम्' तीर्थम् अर्थात् 'पित्र्यतीर्थ' होता है ॥

१०. 'अङ्गुलियोंके अग्रभागमे 'दैवतम्' तीर्थम् अर्थात् 'दैवततीर्थ' होता है ।

विमर्श । उक्त तीर्थमें से 'ब्राह्म' तीर्थसे ब्रह्माके उद्देश्यसे, 'काय' तीर्थ से प्रजापतिके उद्देश्यसे, 'पित्र्य' तीर्थ से पितरों के उद्देश्य से और 'दैवत' तीर्थ से देवताओं के उद्देश्य से तर्पणका जल आदि दिया जाता है ॥

शेषश्चात्र—करमध्ये सौम्यं तीर्थम् ।

११. 'ब्रह्मसायुज्य ( परब्रह्ममें लीन हो जाने )'के३ नाम हैं ।—ब्रह्मत्वम्, ब्रह्मभूयम्, ब्रह्मसायुज्यम् ॥

---

भिधारयति । आप्यायतां ध्रुवा हविषा घृतेन यज्ञं यज्ञं प्रति देवयद्भ्यः । सूर्यायाऽऊधोऽआदित्याऽउपस्थाऽउरुधारा पृथ्वी यज्ञेऽस्मिन्निति ।" ( का० श्रौ० सू० ३।३।६, ११-१२ ) ॥

१देवभूयादिकं तद्वर२दथोपाकरणं श्रुतेः ॥ ५०५ ॥
संस्कारपूर्वग्रहणं स्यात् ३स्वाध्यायः पुनर्जपः ।
४औपवस्त्रं तूपवासः ५कृच्छ्रं सान्तपनादिकम् ॥ ५०६ ॥
६प्रायः संन्यासनशने ७नियमः पुण्यकं व्रतम् ।
८चरित्रं चरिताचारौ चारित्रचरणे अपि ॥ ५०७ ॥
वृत्तं शीलं च ९सर्वैनोध्वंसि जप्येऽघमर्षणम् ।
*१०समास्तु पादग्रहणाभिवादनोपसंग्रहाः ॥ ५०८ ॥*
११उपवीतं यज्ञसूत्रं प्रोद्धृते दक्षिणे करे ।
१२प्राचीनावीतमन्यस्मिन्—

---

१. । उसी प्रकार 'देवसायुज्य ( देवमें मिल जाने, या—देवरूप हो जाने ), के ;देवभूयम्, आदि ( 'आदि' शब्द से देवत्वम्, देवसायुज्यम्', मूर्खभूयम्, मूर्खत्वम्,·········) नाम होते हैं ॥

२. 'संस्कारपूर्वक वेदके ग्रहण' करनेका १ नाम है—उपाकरणम् ॥

३. 'वेदादिके पाठ'के २ नाम हैं—स्वाध्यायः, जपः ॥

४. 'उपवास'के २ नाम हैं—औपवस्त्रम् (+औपवस्तम्, उपवस्त्रम् ), उपवासः ( पु न ) ॥

५. 'सान्तपन' आदि ('आदि'से 'चान्द्रायण, आदिका संग्रह है) व्रतों'का १ नाम है—कृच्छ्रम् ( पु न ) ॥

६. 'स्वर्गादि उत्तम लोककी प्राप्तिके लिए भोजनत्यागपूर्वक मरनेके अध्यवसाय'का १ नाम है—प्रायः ॥

७. 'नियम, व्रत'के ३ नाम हैं—नियमः, पुण्यकम्, व्रतम् ( पु न ) ॥

शेषश्चात्र—अथ स्यान्नियमे तपः ।

८. 'आचरण; चरित्र'के ७ नाम हैं—चरित्रम्, चरितम्, आचारः, चारित्रम्, चरणम्, वृत्तम्, शीलम् ( पु न ) ॥

९. 'अघमर्षण ( सब पापके नाशक जप-विशेष )'का १ नाम है—अघमर्षणम् ॥

१०. 'गुरु आदिके चरण स्पर्शकर प्रणाम करने'के ३ नाम हैं—पादग्रहणम्, अभिवादनम्, उपसंग्रहः ॥

११. 'बाँये कन्धेसे दहिने पार्श्वमें तिर्छे लटकते हुए जनेऊ'के २ नाम हैं—उपवीतम् ( पु न ), यज्ञसूत्रम् ॥

१२. 'दहने कन्धेसे बाँये पार्श्वमें तिर्छे लटकते हुए जनेऊ'का १ नाम है—प्राचीनावीतम् ॥

—१निवीतं कण्ठलम्बितम् ॥ ५०९ ॥
२प्राचेतसस्तु वाल्मीकिर्वल्मीककुशिनौ कविः ।
मैत्रावरुणवाल्मीकौ ३वेदव्यासस्तु माठरः ॥ ५१० ॥
द्वैपायनः पाराशर्यः कानीनो बादरायणः ।
व्यासोऽ ४स्याम्बा सत्यवती वासवी गन्धकालिका ॥ ५११ ॥
योजनगन्धा दाशेयी शालङ्कायनजा च सा ।
५जामदग्न्यस्तु रामः स्याद् भार्गवो रेणुकासुतः ॥ ५१२ ॥
६नारदस्तु देवब्रह्मा पिशुनः कलिकारकः ।
७वशिष्ठोऽरुन्धतीजानि ८रक्षमाला त्वरुन्धती ॥ ५१३ ॥
९त्रिशङ्कुयाजी गाधेयो विश्वामित्रश्च कौशिकः ।
१०कुशारणिस्तु दुर्वासाः ११शतानन्दस्तु गौतमः ॥ ५१४ ॥

---

१. 'मालाके समान सीधे छाती पर लटकते हुए जनेऊ'का १ नाम है—निवीतम् ॥

२. 'वाल्मीकि मुनि'के ७ नाम हैं—प्राचेतसः, वाल्मीकिः, वल्मीकः, कुशी (- शिन्), कविः (+ आदिकविः), मैत्रावरुणः (+ मैत्रावरुणिः), वाल्मीकः ॥

३. 'वेदव्यास, व्यासजी'के ७ नाम हैं—वेदव्यासः, माठरः, द्वैपायनः, पाराशर्यः, कानीनः, बादरायणः, व्यासः ॥

४. 'उक्त व्यासजीकी माता'के ६ नाम हैं—सत्यवती, वासवी, गन्धकालिका (+ गन्धकाली), योजनगन्धा, दाशेयी, शालङ्कायनजा ॥

शेषश्चात्र—सत्यवत्यां गन्धवती मत्स्योदरी ।

५. 'परशुरामजी'के ४ नाम हैं—जामदग्न्यः, रामः (+ परशुरामः), भार्गवः, रेणुकासुतः (+ रैणुकेयः) ॥

६. 'नारदजी'के ४ नाम हैं—नारदः, देवब्रह्मा (- ह्मन्), पिशुनः, कलिकारकः (+ देवर्षिः) ॥

७. 'वशिष्ठजी'के २ नाम हैं—वशिष्ठः (+ वसिष्ठः), अरुन्धतीजानिः ॥

८. 'अरुन्धती (वशिष्ठजीकी धर्मपत्नी)'के २ नाम हैं—अक्षमाला, अरुन्धती ॥

९. 'विश्वामित्रजी'के ४ नाम हैं—त्रिशङ्कुयाजी (- जिन्), गाधेयः (+ गाधिनन्दनः), विश्वामित्रः, कौशिकः ॥

१०. 'दुर्वासाजी'के २ नाम हैं—कुशारणिः, दुर्वासाः (- सस्) ॥

११. 'गौतम मुनि'के २ नाम हैं—शतानन्दः, गौतमः ॥

१याज्ञवल्क्यो ब्रह्मरात्रिर्योगेशोऽ२प्यथ पाणिनौ ।
सालातुरीयदाक्षेयौ ३गोनर्दीये पतञ्जलिः ॥ ५१५ ॥
४कात्यायनो वररुचिर्मेधाजिच्च पुनर्वसुः ।
५अथ व्याडिर्विन्ध्यवासी नन्दिनीतनयश्च सः ॥ ५१६ ॥
६स्फोटायने तु कक्षीवान् ७पालकाप्ये करेणुभूः ।
८वात्स्यायने मल्लनागः कौटल्यश्चणकात्मजः ॥ ५१७ ॥
द्रामिलः पक्षिलस्वामी विष्णुगुप्तोऽङ्गुलश्च सः ।
९क्षतव्रतोऽवकीर्णी स्याद् १०व्रात्यः संस्कारवर्जितः ॥ ५१८ ॥
११शिश्विदानः कृष्णकर्मा—

---

१. 'याज्ञवल्क्य मुनि'के ३ नाम हैं—याज्ञवल्क्यः, ब्रह्मरात्रिः, योगेशः (+योगीशः) ॥

२. 'पाणिनि मुनि'के ३ नाम हैं—पाणिनिः, सालातुरीयः, दाक्षेयः (+दाक्षीपुत्रः) ॥

३. 'पतञ्जलि मुनि'के २ नाम हैं—गोनर्दीयः, पतञ्जलिः ॥

४. 'कात्यायन'के ४ नाम हैं—कात्यायनः, वररुचिः, मेधाजित्, पुनर्वसुः ॥

५. 'व्याडि'के ३ नाम हैं—व्याडिः, विन्ध्यवासी (-सिन्), नन्दिनीतनयः ॥

६. 'स्फोटायन'के २ नाम हैं—स्फोटायनः (+स्फोटनः), कक्षीवान् (-वत्) ॥

७. 'पालकाप्य'के २ नाम हैं—पालकाप्यः, करेणुभूः (+कारेणवः) ॥

८. 'वात्स्यायन (चाणक्य)'के ८ नाम हैं—वात्स्यायनः, मल्लनागः, कौटल्यः (+कौटिल्यः), चणकात्मजः (+चाणक्यः), द्रामिलः, पक्षिलस्वामी (-मिन्), विष्णुगुप्तः, अङ्गुलः ॥

९. 'नियम कालके मध्यमें ही जिसका ब्रह्मचर्य व्रतभङ्ग हो गया हो, उस'के २ नाम हैं—क्षतव्रतः, अवकीर्णी (-र्णिन्) ॥

१०. 'जिसका यज्ञोपवीत संस्कार नियत समय पर नहीं हुआ हो, उस द्विज'का १ नाम है—व्रात्यः ।

विमर्श—गर्भ से सोलहवें वर्ष की अवस्थातक ब्राह्मण, बाइस वर्ष की अवस्थातक क्षत्रिय, चौबीस वर्ष की अवस्थातक वैश्यका यज्ञोपवीत संस्कार नहीं होनेपर वे 'व्रात्य' कहलाते हैं ॥

११. 'निन्दित कर्म (दुराचार) करनेवाले'के २ नाम हैं—शिश्विदानः, कृष्णकर्मा (-र्मन्) ॥

—१ब्रह्मबन्धुर्द्विजोऽधमः ।
२नष्टाग्निर्वीरहा ३जातिमात्रजीवी द्विजब्रुवः ॥ ५१९ ॥
४धर्मध्वजी लिङ्गवृत्ति५र्वेदहीनो निराकृतिः ।
६वार्त्ताशी भोजनार्थं यो गोत्रादि वदति स्वकम् ॥ ५२० ॥
७उच्छिष्टभोजनो देवनैवेद्यबलिभोजनः ।
८अजपस्त्वसदध्येता ९शाखारण्डोऽन्यशाखकः ॥ ५२१ ॥
१०शस्त्राजीवः काण्डस्पृष्टो ११गुरुहा नरकीलकः ।
१२मलो देवादिपूजायामश्राद्धो—

---

१. 'नीच द्विज'का १ नाम है—ब्रह्मबन्धुः ॥

२. 'जिसके अग्निहोत्रकी अग्नि प्रमादादि से बुझ गयी हो, उस अग्निहोत्री'के २ नाम हैं—नष्टाग्निः, वीरहा (-हन्) ॥

३. 'अपनी जाति बतलाकर जीविका चलानेवाले द्विज'का १ नाम है—द्विजब्रुवः ॥

४. 'धर्मध्वजी (जटादि बढ़ाकर या—गेरुआ वस्त्र आदि पहनकर धर्मात्मा बननेका पाखण्ड रच कर जीविका करनेवाले)'के २ नाम हैं—धर्मध्वजी (-जिन्), लिङ्गवृत्तिः ॥

५. 'वेदका अध्ययन नहीं करनेवाले'के २ नाम हैं—वेदहीनः, निराकृतिः ॥

६. 'भोजन-प्राप्त्यर्थ अपनी जाति या गोत्र आदि कहनेवाले'का १ नाम है—वार्त्ताशी (-शिन्) ॥

७. 'देवताके नैवेद्य तथा बलिको भोजन करनेवाले'का १ नाम है—उच्छिष्टभोजनः ॥

८. 'ठीक-ठीक स्वाध्याय नहीं करनेवाले'के २ नाम हैं—अजपः, असदध्येता (-ध्येतृ) ॥

९. 'अपनी शाखाका त्याग कर दूसरेकी शाखाको ग्रहण करनेवाले'के २ नाम हैं—शाखारण्डः, अन्यशाखकः ॥

१०. 'शस्त्रसे जीविका चलानेवाले'के २ नाम हैं—शस्त्राजीवः, काण्डस्पृष्टः ॥

११. 'गुरुकी हत्या करनेवाले'के २ नाम हैं—गुरुहा (-हन्), नरकीलकः ॥

१२. 'देवता आदिकी पूजामें श्रद्धा नहीं रखनेवाले'का १ नाम है—मलः ॥

—१ऽथ मलिम्लुचः ॥ ५२२ ॥
पञ्चयज्ञपरिभ्रष्टो २निषिद्धैकरुचिः खरुः ।
३सुप्ते यस्मिन्नुदेत्यर्कोऽस्तमेति च क्रमेण तौ ॥ ५२३ ॥
अभ्युदिताऽभिनिर्मुक्तौ ४वीरोज्झो न जुहोति यः ।
५अग्निहोत्रच्छलाद् याच्ञापरो वीरोपजीवकः ॥ ५२४ ॥
६वीरविप्लावको जुह्वद् धनैः शूद्रसमाहृतैः ।
स्याद्वादवाद्याऽऽर्हतः स्या७च्छून्यवादी तु सौगतः ॥ ५२५ ॥
८नैयायिकस्त्वाक्षपादो यौगः ९साङ्ख्यस्तु कापिलः ।
१०वैशेषिकः स्यादौलूक्यो ११बार्हस्पत्यस्तु नास्तिकः ॥ ५२६ ॥
चार्वाको लौकायतिक१२श्चैते षडपि तार्किकाः ।

---

१. 'पञ्चयज्ञ ( ३ । ४८६ ) नहीं करनेवाले'का १ नाम है—मलिम्लुचः (+पञ्चयज्ञपरिभ्रष्टः ) ॥

२ 'जिसकी रुचि एक स्थानपर या किसी एक में निषिद्ध हो, उसका १ नाम है—खरुः, (+निषिद्धैकरुचिः ) ॥

३. 'जो सूर्योदय तथा सूर्यास्त के समयतक सोता रहे, उस'का क्रमसे १—१ नाम है—अभ्युदितः, अभिनिर्मुक्तः ॥

४. 'हवन ( अग्निहोत्र ) नहीं करनेवाले'का १ नाम है—वीरोज्झः ॥

५. 'अग्निहोत्रके नाम पर याचनाकर जीविका चलानेवाले'का १ नाम है—वीरोपजीवकः ॥

६. 'शूद्रसे प्राप्त धनके द्वारा अग्निहोत्र करनेवाले'का १ नाम है—वीरविप्लावकः ॥

७. 'जैन, स्याद्वादवादी'के २ नाम हैं—स्याद्वादवादी (-दिन् । + अनेकान्तवादी,-दिन् ), आर्हतः (+जैनः ) ॥

'बौद्ध'के २ नाम हैं—शून्यवादी (-दिन् ), सौगतः (+बौद्धः ) ॥

८. 'नैयायिक'के ३ नाम हैं—नैयायिकः, आक्षपादः, यौगः ॥

९. 'साङ्ख्य ( साङ्ख्य शास्त्र के पढ़ने या जाननेवाले )'के २ नाम—हैं साङ्ख्यः, कापिलः ॥

१०. 'वैशेषिक'के २ नाम हैं—वैशेषिकः, औलूक्यः ॥

११. 'चार्वाक के ४ नाम हैं—बार्हस्पत्यः, नास्तिकः, चार्वाकः, लौकायतिकः (+लौकायितिकः ) ॥

१२. इन ६ ( 'स्याद्वादवादी,…बार्हस्पत्य' ) को 'तार्किक' कहते हैं—( 'तार्किकः' पुं है ) ॥

१क्षत्रं तु क्षत्रियो राजा राजन्यो बाहुसंभवः ॥ ५२७ ॥
२अर्या भूमिस्पृशो वैश्या ऊरव्या ऊरुजा विशः ।
३वाणिज्यं पाशुपाल्यञ्च कर्षणं चेति वृत्तयः ॥ ५२८ ॥
४आजीवो जीवनं वार्त्ता जीविका वृत्तिवेतने ।
५उञ्छो धान्यकणादानं ६कणिशाद्यर्जनं शिलम् ॥ ५२९ ॥
७ऋतं तद् द्वयम्८मनृतं कृषि ९र्मृतं तु याचितम् ।
१०अयाचितं स्मादमृतं ११सेवावृत्तिः श्वजीविका ॥ ५३० ॥
१२सत्यानृतं तु वाणिज्यं वणिज्या १३वाणिजो वणिक् ।
क्रयविक्रयिकः पण्याजीवाऽऽपणिकनैगमाः ॥ ५३१ ॥
वैदेहः सार्थवाहश्च—

---

१. 'क्षत्रिय'के ५ नाम हैं—क्षत्रम् ( पु न ), क्षत्रियः, राजा (-जन्), राजन्यः, बाहुसम्भवः ( +बाहुजः ) ॥

२. 'वैश्य'के ६ नाम हैं—अर्याः, भूमिस्पृशः (-स्पृश्), वैश्याः, ऊरव्याः, ऊरुजाः, विशः (-श्। ब० व० बहुत्वापेक्ष है, अतएव ए० व० में भी इनका प्रयोग होता है ) ॥

३. इन वैश्योंकी वृत्ति वाणिज्यम्, पाशुपाल्यम्, कर्षणम् ( अर्थात् क्रमशः—व्यापार, पशुपालन और खेती ) है ॥

४. 'जीविका'के ६ नाम हैं—आजीवः, जीवनम्, वार्त्ता, जीविका, वृत्तिः, वेतनम् ॥

५. 'खेत काटकर किसानके अन्न ले जानेके उपरान्त उस खेतमें-से १–१ दाना चुँगने'का १ नाम है—उञ्छः ॥

६. 'खेत काटकर किसानके अन्न ले जानेके उपरान्त उस खेतमें-से १–१ बाल चुँगने'का १ नाम है—शिलम् ॥

७. 'उक्त दोनों ( उञ्छः, शिलम् )'का १ नाम है—ऋतम् ॥

८. 'खेतीसे जीविका चलाने'का १ नाम है—अनृतम् ॥

९. 'याचनाकर जीविका चलाने'का १ नाम है—मृतम् ॥

१०. 'विना याचना किये मिले हुए द्रव्यादिसे जीविका चलानेवाले'के २ नाम हैं—अयाचितम्, अमृतम् ॥

११. 'सेवाके द्वारा जीविका चलानेवाले'के २ नाम हैं—सेवावृत्तिः, श्वजीविका ॥

१२. 'व्यापार'के ३ नाम हैं—सत्यानृतम्, वाणिज्यम्, वणिज्या ( स्त्री न ) ॥

१३. 'बनियाँ, व्यापारी'के ८ नाम हैं—वाणिजः, वणिक् ( -णिज् ),

—१क्रायकः क्रयिकः क्रयी ।
२क्रेयदे तु विपूर्वास्ते ३मूल्ये वस्नार्घवक्रयाः ॥ ५३२ ॥
४मूलद्रव्यं परिपणो नीवी ५लाभोऽधिकं फलम् ।
६परिदानं विनिमयो नैमेयः परिवर्त्तनम् ॥ ५३३ ॥
व्यतिहारः परावर्त्तो वैमेयो निमयोऽपि च ।
७निक्षेपोपनिधी न्यासे ८प्रतिदानं तदर्पणम् ॥ ५३४ ॥
९क्रेतव्यमात्रके क्रेयं—

---

क्रयविक्रयिकः, पण्याजीवः, आपणिकः (+प्रापणिकः), नैगमः, वैदेहः, सार्थवाहः ॥

१. 'खरीददार'के ३ नाम हैं—क्रायकः, क्रयिकः, क्रयी (-यिन्) ॥

२. 'बेचनेवाले'के ४ नाम हैं—क्रेयदः, विक्रायकः, विक्रयिकः, विक्रयी (-यिन्) ॥

३. 'मूल्य, कीमत'के ४ नाम हैं—मूल्यम्, वस्नः (पु न), अर्घः, वक्रयः ॥

शेषश्चात्र—अथ वक्रये ।

भाटकः ।

४. 'व्यापारादिमें लगाये गये मूल धन'के ३ नाम हैं—मूलद्रव्यम्, परिपणः, नीवी ॥

५. 'लाभ, नफा'के २ नाम हैं—लाभः, फलम् ॥

६. 'परिवर्तन (अदल-बदल) करने'के ८ नाम हैं—परिदानम्, विनिमयः, नैमेयः, परिवर्त्तनम्, व्यतिहारः, परावर्त्तः, वैमेयः, निमयः ॥

७. 'धरोहर, निक्षेप (पुनः वापस लेनेके लिए कोई वस्तु या द्रव्यादि किसीको देने)'के ३ नाम हैं—निक्षेपः, उपनिधिः, न्यासः ॥

८. 'उक्त धरोहरको लौटाने'का १ नाम है—प्रतिदानम् ॥

विमर्श—किसी पात्रमें रखकर वस्तु या द्रव्यादिका बिना नाम कहे पुनः वापस लेनेके लिए किसीको देनेका नाम 'उपनिधिः' उक्त वस्तु आदिका नाम प्रकाशित कर (कहकर) देने या रखनेका नाम 'न्यासः' और मरम्मतके लिए कारीगरको बर्तन आदि देनेका नाम 'निक्षेपः' है[1] ॥

९. 'खरीदने योग्य वस्तु'का १ नाम है—क्रेयम् ॥

---

१. तदुक्तम्—

"वासनस्थमनाख्याय हस्तेऽन्यस्य यदर्पितम् ।
द्रव्यं तदुपनिधिर्न्यासः प्रकाश्य स्थापितं तु यत् ॥
निक्षेपः शिल्पिहस्ते तु भाण्डं संस्कर्तुमर्पितम् ।" इति ॥

—१क्रय्यं न्यस्तं क्रयाय यत्।

२पणितव्यं तु विक्रेयं पण्यं ३सत्यापनं पुनः ॥ ५३५ ॥

सत्यंकारः सत्याकृति४स्तुल्यौ विपणविक्रयौ।

५गण्यं गणेयं सङ्ख्येयं ६सङ्ख्या त्वेकादिका भवेत् ॥ ५३६ ॥

---

१. 'सौदा ( खरीददार लोग खरीदें, इस विचारसे दूकान या बाजारमें रखी हुई वस्तु )'का १ नाम है—क्रय्यम् ॥

२. 'बेचने योग्य वस्तु'के ३ नाम हैं—पणितव्यम्, विक्रेयम्, पण्यम् ॥

३. 'सौदेको बेचनेके लिए वचनबद्ध होने'के ३ नाम हैं—सत्यापनम्, सत्यङ्कारः, सत्याकृतिः ॥

४. 'बिक्री करने ( बेचने )'के २ नाम हैं—विपणः, विक्रयः ॥

५. 'गिनती करने योग्य, गणनीय'के ३ नाम हैं—गण्यम्, गणेयम्, सङ्ख्येयम् ॥

६. 'एकः' आदि ( 'आदि' शब्दसे—द्वौ, त्रयः, चत्वारः, पञ्च,······) को 'सङ्ख्या' कहते हैं।

विमर्श—'एकः, द्वौ, त्रयः, चत्वारः' ( एक, दो, तीन, चार )—ये ४ शब्द त्रिलिङ्ग हैं, "पञ्च, षट्, सप्त, अष्ट, (+अष्टौ-ष्टन्),············ अष्टादश" ( क्रमशः—पाँच, छह, सात, आठ,······अट्ठारह ) सब शब्द अलिङ्ग (या—तीनों लिङ्गमें समान रूपवाले) हैं, एकोनविंशतिः, विंशतिः, एकविंशतिः,····अष्टनवतिः, नवनवतिः ( क्रमशः—उन्नीस, बीस, इक्कीस,····अट्ठानबे, निन्यानबे )—ये सब शब्द स्त्रीलिङ्ग हैं। परन्तु 'षष्टिः, एकषष्टिः,······" अर्थात् क्रमशः—"साठ, एकसठ,······,' आदि ( 'षष्टिः, जिनके अन्तमें हों वे शब्द तथा 'षष्टिः' शब्द भी ) त्रिलिङ्ग हैं )। इनमें "एकः, द्वौ,······ अष्टादश" अर्थात् क्रमशः—एक से अट्ठारह तक संख्यावाले सब शब्द सङ्ख्येयमें और विंशतिः,·······शब्द सङ्ख्येय तथा सङ्ख्यान—इन दोनों अर्थमें प्रयुक्त होते हैं। ( क्रमशः उदा०—सङ्ख्येयमें 'एक' आदि शब्द यथा—एकः, पुरुषः, द्वौ ग्रामौ, त्रयः सुराः,······। सङ्ख्येयमें 'विंशति' आदि शब्द यथा—विंशतिः घटाः, एकविंशतिः पुरुषाः, त्रिंशत् भवनानि,······; सङ्ख्यानमें 'विंशति' आदि शब्द यथा—त्रिंशतिर्घटानाम्, एकविंशतिः पुरुषाणाम्,······। उक्त 'विंशति' आदि शब्द सङ्ख्येय तथा सङ्ख्यानमें प्रयुक्त होनेपर केवल एकवचन ही रहते हैं ( जैसा ऊपर उदा० में है ), किन्तु 'सङ्ख्या'में प्रयुक्त होनेपर द्विवचन तथा बहुवचनमें भी हो जाते हैं, यथा—द्वे विंशती, तिस्रो विंशतयः, गवां विंशतिः, गवां विंशती, गवां विंशतयः,······॥

१यथोत्तरं दशगुणं भवेदेको दशायुतः।
शतं सहस्रमयुतं लक्षप्रयुतकोटयः ॥ ५३७ ॥
अर्बुदमब्जं खर्वं च निखर्वं च महाम्बुजम्।
शङ्कुर्वाधिरन्त्यं मध्यं परार्द्धं चेति नामतः ॥ ५३८ ॥
२असङ्ख्यं द्वीपवाध्यादि ३पुद्गलाऽऽत्माद्यनन्तकम्।
४सांयात्रिकः पोतवणिग् ५यानपात्रं वहित्रकम् ॥ ५३९ ॥
वोहित्थं वहनं पोतः ६पोतवाहो नियामकः।
निर्यामः ७कर्णधारस्तु नाविको ८नौस्तु मज्जिनी ॥ ५४० ॥
तरीतरण्यौ बेडा—

---

१. एक से आरम्भकर वक्ष्यमाण ( आगे कहे जानेवाले ) सङ्ख्यावाचक शब्द क्रमशः दशगुने होते जाते हैं। वे शब्द ये हैं—एकः, दश (-शन्), शतम्, सहस्रम्, अयुतम् ( ३ पु न ), लक्षम् ( स्त्री न । + नियुतम् ), प्रयुतम् ( पु न ), कोटिः ( स्त्री ), अर्बुदम् ( पु न ), अब्जम्, खर्वम्, निखर्वम्, महाम्बुजम् (+ महापद्मम् ), शङ्कुः ( पु स्त्री ), समुद्रः ( + सागरः,...... पु ), अन्त्यम्, मध्यम, परार्द्धम्। ( इनके क्रमशः—"इकाई, दहाई, सैकड़ा, हजार, दश हजार, लाख, दश लाख करोड़, दश करोड़,......" अर्थ हैं )।

विमर्श—इस सङ्ख्या के विषयमें विशेष जिज्ञासुओंको हेमाद्रि दानखण्ड पृ० १२८ तथा अमरकोषकी मणिप्रभा नामक टीका पर अमरकौमुदी नामकी टिप्पणी ( अमरकोष २ । ६ । ८३—८४ ) देखनी चाहिए ॥

२. 'द्वीप' ( जम्बूद्वीप, आदि ) तथा समुद्र आदि ( 'आदि' शब्द से—चन्द्र, सूर्य आदि ) 'असङ्ख्य ( सङ्ख्यातीत )' हैं ॥

३. 'पुद्गल आत्मा आदि ('आदि' शब्दसे 'आकाशप्रदेश,......') 'अनन्त' हैं ॥

४. 'जहाजी व्यापारी'के २ नाम हैं—सांयात्रिकः, पोतवणिक् (-णिज्) ॥

५. 'जहाज'के ५ नाम हैं—यानपात्रम्, वहित्रम्, वोहित्थम्, वहनम् (+ प्रवहणम् ), पोतः ॥

६. 'जहाजको चलानेवाले के ३ नाम हैं—पोतवाहः, नियामकः, निर्यामः ॥

७. 'कर्णधार'के २ नाम हैं—कर्णधारः, नाविकः ॥

८. 'नाव'के ५ नाम हैं—नौः ( स्त्री । + नौका ), मज्जिनी, तरी, तरणी (+ तरिः, तरणिः ), बेडा ॥

—१ऽथ द्रोणी काष्ठाम्बुवाहिनी ।
२नौकादण्डः क्षेपणी स्याद्३गुणवृक्षस्तु कूपकः ॥ ५४१ ॥
४पोलिन्दास्त्वन्तरादण्डाः ५स्याद् मङ्गो मङ्गिनीशिरः ।
६अभ्रिस्तु काष्ठकुद्दालः ७सेकपात्रं तु सेचनम् ॥ ५४२ ॥
८केनिपातः कोटिपात्रमरित्रे९ऽथोडुपः प्लवः ।
कोलो भेलस्तरण्डश्च १०स्यात्तरपण्यमातरः ॥ ५४३ ॥
११वृद्धयाजीवो द्वैगुणिको वार्धुषिकः कुसीदिकः ।
वार्धुषिश्च १२कुसीदार्थप्रयोगौ वृद्धिजीवने ॥ ५४४ ॥
१३वृद्धिः कलान्तर१४मृणं तूद्धारः पर्युदञ्चनम् ।
१५याच्ञयाप्तं याचितकं १६परिवृत्त्यापमित्यकम् ॥ ५४५ ॥

---

१. 'काष्ठकी छोटी नाव, या—काष्ठ अथवा पत्थरकी बनी हुई हौज टब'का १ नाम है—द्रोणी (+द्रोणिः, द्रुणिः) ॥

२. 'डांड़ा (जिससे नाव खेते हैं, उस दण्डा'के २ नाम हैं—नौकादण्डः क्षेपणी ॥

३. 'मस्तूल'के २ नाम हैं—गुणवृक्षः, कूपकः ॥

४. 'नावके बीचवाले डण्डों'का १ नाम है—पोलिन्दाः ॥

५. 'नावके ऊपरवाले भाग'का १ नाम है—मङ्गः (पु।+पु न) ॥

६. 'काष्ठकी कुदाल (नाव या जहाजमें छिद्र होनेपर जिससे खोद-खोद कर पटुआ) सन या चिथड़ा भरते हैं, उस)'का १ नाम है—अभ्रिः (स्त्री) ॥

७. 'नावके भीतर जमा हुए पानी को बाहर फेंकनेवाले (चमड़ेके मसक या थैले) पात्र'का १ नाम है—सेकपात्रम्, सेचनम् ॥

८. 'लङ्गर'के ३ नाम हैं—केनिपातः, कोटिपात्रम्, अरित्रम् ॥

९. 'छोटी नाव, डोंगी'के ५ नाम हैं—उडुपः (पु न), प्लवः, कोलः, भेलः, तरण्डः (पु न) ॥

१०. 'नाव या जहाजके भाड़े'के २ नाम हैं—तरपण्यम्, आतरः ॥

११. 'सूदखोर (सूद अर्थात् व्याजपर रुपयेको कर्ज देनेवाले)'के ५ नाम हैं—वृद्ध्याजीवः, द्वैगुणिकः, वार्धुषिकः, कुसीदकः, वार्धुषिः ॥

१२. 'सूद, व्याज'के २ नाम हैं—कुसीदम् (+कुशीदम्), अर्थप्रयोगः ॥

१३. 'मूलधनकी वृद्धि'के २ नाम हैं—वृद्धिः, कलान्तरम् ॥

१४. 'ऋण, कर्ज'के ३ नाम हैं—ऋणम्, उद्धारः, पर्युदञ्चनम् ॥

१५. 'याचना करनेपर मिले हुए धनादि'का १ नाम है—याचितकम् ॥

१६. 'किसी वस्तु आदिके बदलेमें मिली हुई वस्तु'का १ नाम है—आपमित्यकम् ॥

१अधमर्णो ग्राहकः स्यार्२दुत्तमर्णस्तु दायकः ।
३प्रतिभूर्लग्नकः ४साक्षी स्थेय ५आधिस्तु बन्धकः ॥ ५४६ ॥
६तुलाद्यैः पौतवं मानं ७द्रुवयं कुडवादिभिः ।
८पाय्यं हस्तादिभि९स्तत्र स्याद्गुञ्जाः पञ्च माषकः ॥ ५४७ ॥
१०ते तु षोडश कर्षोऽक्षः ११पलं कर्षचतुष्टयम् ।
१२बिस्तः सुवर्णो हेम्नोऽक्षे १३कुरुबिस्तस्तु तत्पले ॥ ५४८ ॥
१४तुला पलशतं—

---

१. 'कर्जदार, ऋण लेनेवाले'के २ नाम हैं—अधमर्णः, ग्राहकः ॥

२. 'कर्जदेनेवाले, महाजन'के ३ नाम हैं—उत्तमर्णः, दायकः ॥

३. उक्त दोनोंके बीचमें जमानत करनेवाले'के २ नाम हैं—प्रतिभूः, लग्नकः ॥

४. 'गवाह, साक्षी'के २ नाम हैं—साक्षी (-क्षिन्), स्थेयः ॥

शेषश्चात्र—अथ साक्षिणि स्यान्मध्यस्थः प्राश्निकोऽपि सः ।
कूटसाक्षी मृषासाक्ष्ये सूची स्याद् दुष्टसाक्षिणि ॥

५. 'बन्धक' ( ऋण चुकानेतक प्रामाणिकताके लिए महाजनके यहां रखी हुई कोई वस्तु आदि )'के २ नाम हैं—आधिः, बन्धकः ॥

६. ( अब मान-विशेषका वर्णन करते हैं— ) 'तराजू, काँटा आदि'से तौलने'का १ नाम है—पौतवम् (+यौतवम्)॥

७. 'कुडव ( पसर, अञ्जलि ) आदिसे नापकर प्रमाण करने'का १ नाम है—द्रुवयम् ॥

८. 'हाथ, फुट, गज, बांस आदि से प्रमाण करने'का १ नाम है—पाय्यम् ॥

९. 'उन तीनोंमें ('पौतव) द्रुवय और पाय्य' संज्ञक मानोंमें क्रमप्राप्त प्रथम 'पौतव' मानका वर्णन करते हैं—) 'पौतव' मानमें 'पांच गुञ्जा ( रत्ती )का १ 'माषकः' ( माशा=१ आना भर , होता है ॥

१०. 'सोलह माषक' ( मासे )'का १ 'कर्षः, अक्षः' ( १ रुपया भर ) होता है । ये २ नाम हैं ॥

११. 'चार कर्ष' ( रुपयेभर ) का १ 'पलम्' ( एक छटाक पल) होता है ॥

१२. 'सोनेके अक्ष ( एक भर सोने अर्थात् एक असर्फी )'के २ नाम हैं—बिस्तः, अक्षः ॥

१३. 'एक पल ( चार भर ) सोने'का १ नाम है—कुरुबिस्तः ॥

१४. 'सौ पल' ( चारसौ रुपये भर अर्थात् पांचसेर ) का एक 'तुला' होती है ॥

—१तासां विंशत्या भार आचितः ।
शाकटः शाकटीनश्च शलाट२स्ते दशाचितः ॥ ५४६ ॥
३चतुर्भिः कुडवैः प्रस्थः ४प्रस्थैश्चतुर्भिराढकः ।
५चतुर्भिराढकैर्द्रोणः ६खारी षोडशभिश्च तैः ॥ ५५० ॥

---

१. 'बीस तुला ( पसेरी ) अर्थात् ढाई मनके ५ नाम हैं—भारः, आचितः, शाकटः, शाकटीनः, शलाटः ॥

२. 'दश भार' ( पचीस मन )का १ 'आचितः' ( + न ) होता है ॥

विमर्श—यहां पर 'भारः,…………'शलाटः' ५ शब्दोंको एकार्थक नहीं मानकर 'शाकटः, शाकटीनः, शलाटः इन तीन शब्दोंका सम्बन्ध 'ते दशाचितः'के साथ करके अर्थ करना चाहिये—"बीस तुला ( २००० पल=ढाई मन )के २ नाम हैं—'भारः, आचितः' । तथा 'दश भार' ( २५ मन )के ४ नाम हैं—'शाकटः, शाकटीनः शलाटः, आचितः ।" ऐसा अर्थ नहीं करनेसे 'स्वोपज्ञवृत्ति' में लिखित "शकटेन वोढुं शक्यः शाकटः" (गाड़ीसे ढो सकने योग्य ) यह विग्रह सङ्गत नहीं होता, क्योंकि 'आचितः' के विग्रहमें उसके पूर्वलिखित 'पुंसा हि द्वे पलसहस्रे वोढुं शक्यते' ( मनुष्य २००० पल अर्थात् ढाई मन ढो सकता है ) वचन गाड़ी तथा मनुष्य दोनों का बोझ ढाई मन मानना लोकविरुद्ध प्रतीत होता हैं । इसके विपरीत मत्प्रतिपादित अर्थके अनुसार मनुष्यको ढाई मन और गाड़ीको पच्चीस मन बोझ ढोना लोक व्यवहारनुकूल होता है, अतएव—"२० तुला ( २००० पल = ढाई मन )के 'भारः, आचितः' दो नाम और १० आचित ( २५ मन )के "शाकटः, शाकटीनः, शलाटः, आचितः' चार नाम हैं" ऐसा अर्थ करना चाहिए । ऐसा अर्थ करने पर ही "भारः स्याद्विंशतिस्तुलाः । आचितो दश भाराः स्युः शाकटो भार आचितः । ( अमरकोष २ । ६६ । ८७ )" अर्थात् "२० तुला ( ढाई मन )का 'भार' और १० भार ( २५ मन )का १ 'आचित' होता है और यह आचित गाड़ीका बोझ होता है" इस अमरकोषोक्तिसे भी विरोध नहीं होता है । मानके विषय में विशेष जिज्ञासुओंको अमरकोष की मत्कृत 'मणिप्रभा' व्याख्या की 'अमरकौमुदी' टिप्पणी देखनी चाहिए ॥

३. ( अब क्रमप्राप्त द्वितीय 'द्रवय' नामक मानको कहते हैं—) 'चार कुडव' ( आठ पसर ) का १ नाम है—प्रस्थः ( पु न ) ॥

४. 'चार प्रस्थ'का १ नाम है—आढकः ( त्रि ) ॥

५. 'चार आढक'का १ नाम है—द्रोणः ( पु न ) ॥

६. 'सोलह द्रोण'का १ नाम है—खारी ॥

१चतुर्विंशत्यङ्गुलानां हस्तो २दण्डश्चतुष्करः ।
३तत्सहस्रौ तु गव्यूतं क्रोश४स्तौ द्वौ तु गोरुतम् ॥ ५५१ ॥
गव्या गव्यूतगव्यूती ५चतुष्क्रोशं तु योजनम् ।
६पाशुपाल्यं जीववृत्ति७र्गोमान् गोमी गवीश्वरे ॥ ५५२ ॥

---

१. ( अब क्रमप्राप्त तृतीय पाय्य' संज्ञकमानको कहते हैं— ) 'चौबीस अंगुल'का १ नाम है—हस्तः ॥

२. 'चार हस्त'का १ नाम है—दण्डः ॥

३. 'दो सहस्र दण्ड' ( १ कोस)'के २ नाम हैं—गव्यूतम्, क्रोशः ॥

४. 'दो गव्यूत ( कोस )'के ४ नाम हैं—गोरुतम्, गव्या, गव्यूतम्, गव्यूतिः ( पु स्त्री ) ॥

५. 'चार कोस'का १ नाम है—योजनम् ॥

विमर्श—त्रिविधमानोंके स्पष्टार्थं अधोलिखित चक्र देखिये—

## त्रिविधमान-बोधक चक्र—

| १ पौतवमान | | २ द्रुवयमान | | ३ पाय्यमान | |
|---|---|---|---|---|---|
| १ गुञ्जा | १ रत्ती | १ कुडवः | २ प्रसृती | १ अङ्गुलम् | ३ यवाः |
| ५ ,, | १ माषकः ( माशा ) | ४ कुडवाः | १ प्रस्थः | २४ अङ्गुलानि | १ हस्तः |
| १६ माषकाः | १ कर्षः | ४ प्रस्थाः | १ आढकः | ४ हस्ताः | १ दण्डः |
| ४ कर्षाः | १ पलम् | १६ आढकाः | १ खारी | २००० दण्डाः | १ क्रोशः |
| १६ माषकाः ( स्वर्णस्य ) | १ विस्तः | | | २ क्रोशौ | १ गव्यूतिः |
| ४ विस्ताः | १ कुरुविस्तः | | | २ गव्यूती (४ क्रोशाः) | १ योजनम् |
| १०० पलानि | १ तुला | | | | |
| २० तुलाः | १ भारः | | | | |
| २० भाराः | १ आचितः | | | | |

६. 'पशुपालन'के २ नाम हैं—पाशुपाल्यम्, जीववृत्तिः ॥

७. 'गोस्वामी'के ३ नाम हैं—गोमान् (-मत्), गोमी (-मिन्), गवीश्वरः ( +गवेश्वरः ) ॥

१गोपाले गोधुगाभीरगोपगोसङ्ख्यवल्लवाः ।
२गोविन्दोऽधिकृतो गोषु ३जाबालस्त्वजजीविकः ॥ ५५३ ॥
४कुटुम्बी कर्षकः क्षेत्री हली कृषिककार्षकौ ।
कृषीवलोऽपि ५जित्या तु हलिः ६सीरस्तु लाङ्गलम् ॥ ५५४ ॥
गोदारणं हल७मीषासीते तद्दण्डपद्धती ।
८निरीषे कुटकं ९फाले कृषकः कुशिकः फलम् ॥ ५५५ ॥
१०दात्रं लवित्रं ११तन्मुष्टौ वण्टो १२मत्यं समीकृतौ ।
१३गोदारणं तु कुद्दालः १४खनित्रं त्ववदारणम् ॥ ५५६ ॥
१५प्रतोदस्तु प्रवयणं प्राजनं तोत्रतोदने ।

---

१. 'ग्वाला, गोप'के ६ नाम हैं—गोपालः, गोधुक् (–दुह्), आभीरः, गोपः, गोसङ्ख्यः, वल्लवः ॥

२. 'गौओंके अधिकारी'का १ नाम है—गोविन्दः ॥

३. 'बकरी, खसीसे जीविका चलाने या उसे पालनेवाले'के २ नाम हैं—जाबालः, अजजीविकः ॥

४. 'किसान'के ७ नाम हैं—कुटुम्बी (–म्बिन्), कर्षकः, क्षेत्री (–त्रिन्। + क्षेत्राजीवः), हली (–लिन्), कृषिकः (+ कृषकः), कार्षकः, कृषीवलः ॥

५. 'बड़े हल'के २ नाम हैं—जित्या, हलिः (२ पु स्त्री) ॥

६. 'हल'के ४ नाम हैं—सीरः (पु न), लाङ्गलम्, गोदारणम्, हलम् (पु न) ॥

७. 'हरिस (हलका लम्बा दण्ड)'तथा 'हल चलानेपर पड़ी हुई लकीर' के क्रमशः १—१ नाम हैं—ईषा, सीता ॥

८. 'हलके नीचे वाला वह काष्ठ'–जिसमें फार गाड़ा जाता है' के २ नाम हैं—निरीषम्, कुटकम् ॥

९. 'हलके फार'के ४ नाम हैं—फालः, कृषकः, कुशिकः, फलम् ॥

१०. 'हँसिया'के २ नाम हैं—दात्रम्, लवित्रम् ॥

११. 'हँसियेके बेंट' का १ नाम है—वण्टः ॥

१२. 'जोती हुई भूमिको हेंगासे बराबर करने'का १ नाम है—मत्यम् ॥

१३. 'कुदाल'के २ नाम हैं—गोदारणम्, कुद्दालः (पु। +न) ॥

१४. 'रामा' खन्ती या खन्ता' (खोदनेका एक औजार)'के २ नाम हैं—खनित्रम्, अवदारणम् ॥

१५. 'चाबुक'के ५ नाम हैं—प्रतोदः, प्रवयणम्, प्राजनम्, तोत्त्रम्, तोदनम् ॥

१योत्रं तु योक्त्रमाबन्धः २कोटिशो लोष्ठभेदनः ॥ ५५७ ॥
३मेधिर्मेथिः खलेवाली खले गोबन्धदारु यत् ।
४शूद्रोऽन्त्यवर्णो वृषलः पद्यः पज्जो जघन्यजः ॥ ५५८ ॥
५ते तु मूर्धावसिक्तादा रथकृन्मिश्रजातयः ।
६क्षत्रियायां द्विजान्मूर्धावसिक्तो ७विट्स्त्रियां पुनः ॥ ५५९ ॥
अम्बष्ठो८ऽथ पारशवनिषादौ शूद्रयोषिति ।
९क्षत्राद् माहिष्यो वैश्याया१०मुग्रस्तु वृषलस्त्रियाम् ॥ ५६० ॥
११वैश्यात्तु करणः १२शूद्रात्त्वायोगवो विशः स्त्रियाम् ।
१३क्षत्रियायां पुनः क्षत्ता १४चण्डालो ब्राह्मणस्त्रियाम् ॥ ५६१ ॥
१५वैश्यात्तु मागधः क्षत्र्यां १६वैदेहको द्विजस्त्रियाम् ।

---

१. 'जोती, या नाधा'के ३ नाम हैं—योत्रम्, योक्त्रम्, आबन्धः ॥

२. हेंगा, पटेला'के २ नाम हैं—कोटिशः (+कोटीशः), लोष्ठभेदनः ॥

३ 'मेंह' (दंवनीमें चलते हुए बैलोंको बांधनेके खम्भे'के ३ नाम हैं—मेधिः, मेथिः ( २ पु स्त्री ), खलेवाली ॥

४. 'शूद्र'के ६ नाम हैं—शूद्रः, अन्त्यवर्णः, वृषलः, पद्यः, पज्जः, जघन्यजः ॥

५. 'मूर्धावसिक्त' ( ५५९ श्लो० )से आरम्भकर 'रथकारकः' ( ५८१ श्लो० ) तक वर्णित जाति वर्णसङ्कर शूद्र जाति' है ॥

६. 'ब्राह्मणसे क्षत्रिय स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—मूर्धावसिक्तः ॥

७. 'ब्राह्मणसे क्षत्रिय स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—अम्बष्ठः ॥

८. 'ब्राह्मणसे शूद्रा स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'के २ नाम हैं—पारशवः, निषादः ॥

९. 'क्षत्रियसे वैश्या स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—माहिष्यः ॥

१०. 'क्षत्रियसे शूद्रा स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—उग्रः ॥

११. 'वैश्यसे शूद्रामें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—करणः ॥

१२. 'शूद्रसे वैश्या स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—आयोगवः ॥

१३. 'शूद्रसे क्षत्रिया स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—क्षत्ता (-त्तृ ) ॥

१४. 'शूद्रसे ब्राह्मणी स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—चण्डालः ॥

१५. 'वैश्यसे क्षत्रिया स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—मागधः ॥

१६. 'वैश्यसे ब्राह्मणी स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—वैदेहकः ॥

१सूतस्तु क्षत्रियाज्जात २इति द्वादश तद्भिदः ॥ ५६२ ॥
३माहिष्येण तु जातः स्यात् करण्यां रथकारकः ।
४कारुस्तु कारी प्रकृतिः शिल्पी ५श्रेणिस्तु तद्गणः ॥ ५६३ ॥
६शिल्पं कला विज्ञानं च—

---

१. 'क्षत्रियसे ब्राह्मणी स्त्रीमें उत्पन्न सन्तान'का १ नाम है—सूतः ॥

२. ये १२ ( ५५६—५६२ श्लो० ) 'शूद्र' जातिके भेद हैं ॥

३. माहिष्य ( क्षत्रियसे वैश्या स्त्रीमें उत्पन्न पुत्र )से करणी ( वैश्यसे शूद्रा स्त्रीमें उत्पन्न कन्या )में उत्पन्न सन्तान ( बढई, कमार ), का १ नाम है—रथकारकः ॥

२. 'राजसर्प (दुमुहां सांप के २ नाम हैं—राजसर्पः, भुजङ्गभोजी (-जिन्) ॥

३. 'अजगर'के ५ नाम हैं—चक्रमण्डली (-लिन्), अजगरः, पारीन्द्रः, वाहसः, शयुः ॥

४. 'जलमें रहनेवाले सांप'के २ नाम हैं—अलगर्दः (+अलीगर्दः), जलव्यालः ॥

५. 'डोंड़ साँप'के २ नाम हैं—राजिलः, दुण्डुभः (+दुन्दुभः) ॥

६. 'पनच जातिका सांप'के ४ नाम हैं—तिलित्सः, गोनासः, गोनसः, घोणसः ॥

७. 'मुर्गेके समान रंग तथा बोली वाले सांप' का १ नाम है—कुक्कुटाहिः।

८. 'नाग' (सामान्य सर्पोंसे भिन्न देव-योनि-विशेषवाले सर्पों'के २ नाम हैं—नागाः, काद्रवेयाः ॥

९. 'उन पूर्वोक्त देवयोनि-विशेष वाले सर्पों की नगरी'का १ नाम है—भोगावती ॥

१०. 'शेषनाग'के ५ नाम हैं—शेषः, नागाधिपः, अनन्तः, द्विसहस्राक्षः, आलुकः (+एककुण्डलः) ॥

१स च श्यामोऽथवा शुक्लः सितपङ्कजलाञ्छनः ।
२वासुकिस्तु सर्पराजः श्वेतो नीलसरोजवान् ॥ ३७४ ॥
३तक्षकस्तु लोहिताङ्गः स्वस्तिकाङ्कितमस्तकः ।
४महापद्मस्त्वतिशुक्लो दशबिन्दुकमस्तकः ॥ ३७५ ॥
५शङ्खस्तु पीतो बिभ्राणो रेखामिन्दुसितां गले ।
६कुलिकोऽर्द्धचन्द्रमौलिर्ज्वालाधूमसमप्रभः ॥ ३७६ ॥
७अथ कम्बलाश्वतरधृतराष्ट्रबलाहकाः ।
इत्यादयोऽपरे नागास्तत्तत्कुलसमुद्भवाः ॥ ३७७ ॥
८निर्मुक्तो मुक्तनिर्मोकः—

---

१. 'उक्त' शेषनाग'का वर्ण श्याम या श्वेत होता है तथा उसके मस्तकपर श्वेत कमलका चिह्न होता है ॥

२. जिस सर्प राजका वर्ण श्वेत होता है तथा उसके मस्तकपर श्वेत कमलका चिह्न होता है, उसका १ नाम है—'वासुकिः' ॥

३. जिस सर्पका वर्ण लाल होता है तथा उसके मस्तकपर स्वस्तिकका चिह्न होता है, उस सर्पका १ नाम है—'तक्षकः' ॥

४. जिस सर्पका वर्ण अत्यन्त श्वेत होता है तथा उसके मस्तकपर दश बिन्दुरूप चिह्न होता है, उस सर्पका १ नाम है—'महापद्मः' ॥

५. जिस सर्प का वर्ण पीला होता है तथा उसके गले ( कण्ठ ) में चन्द्रमाके समान श्वेत वर्णकी रेखा होती है, उसका १ नाम है—शङ्खः ॥

६. जिस सर्पका वर्ण ज्वाला तथा धूएँ के समान होता है तथा मस्तक पर अर्द्धचन्द्ररूप चिह्न रहता है, उसका १ नाम है—'कुलिकः' ॥

७. 'कम्बलः, अश्वतरः, धृतराष्ट्रः, बलाहकः' इन चार नाम वाले तथा उनके कुलमें उत्पन्न अन्य 'नाग विशेष' ( महानीलः,······) हैं ॥

आदिग्रहणाद् महानीलादय, यदा—
"महानीलः करहश्व पुष्पदन्तश्च दुर्मुखः ।
कपिलो वर्मिनः शङ्करोमा चर वीरकः ॥ १ ॥
एलापत्रः शुक्तिकर्ण–हस्तिभद्र–धनुञ्जयाः ।
दधिमुखः समानासोतंसकौ दधिपूरणः ॥ २ ॥
हरिद्रको दधिकर्णो मणिः शृङ्गारपिण्डकः ।
कालियः शङ्खकूटश्च चित्रकः शङ्खचूडकः ॥ ३ ॥
इत्यादयोऽपरे नागास्तत्तत्कुलप्रसूतयः ॥' इति ॥

८. 'कांचली ( केंचुल ) को छोड़े हुए सांप'के २ नाम हैं—निर्मुक्तः, मुक्तनिर्मोकः ॥

—१सविषा निर्विषाश्च ते ।
२नागाः स्युर्दृग्विषा ३लूमविषास्तु वृश्चिकादयः ॥ ३७८ ॥
व्याघ्रादयो लोमविषा नखविषा नरादयः ।
लालाविषास्तु लूताद्याः कालान्तरविषाः पुनः ॥ ३७९ ॥
मूषिकाद्या ४दूषीविषन्त्ववीर्यमौषधादिभिः ।
५कृत्रिमन्तु विषं चारं गरश्चोपविषञ्च तत् ॥ ३८० ॥
६भोगोऽहिकायो ७दंष्ट्राशी८दर्वी भोगः फटः स्फटः ।
फणो९ऽहिकोशे तु निर्ल्वयनीनिर्मोककञ्चुकाः ॥ ३८१ ॥
१०विहगो विहङ्गमखगौ पतगो विहङ्गः शकुनिः शकुन्तिशकुनौ विवयःशकुन्ताः॥
नभसङ्गमो विकिरपत्त्ररथौ विहायो द्विजपत्त्रिविष्किरपतत्रिपतत्पतङ्गाः ॥३८२॥
पित्सन्नीडाण्डजोऽगौका—

---

१. वे सांप सविष ( विषयुक्त ) तथा निर्विष ( विषरहित ) दो प्रकारके होते हैं ॥

२. 'नाग' दृष्टिविष होते हैं, अर्थात् नाग जिसको देख लेते हैं, उसपर उसके विषका प्रभाव पड़ जाता है ॥

३. ( अब प्रसङ्गप्राप्त अन्य जीवोंमेंसे किसे कहां विष होता है, इसका वर्णन करते हैं--(बिच्छू आदि के पूंछ ( डंक ) में, व्याघ्र आदिके लोमोंमें, मनुष्य-आदिके नखोंमें, मकड़ी आदिके लारमें विष होता है तथा चूहे आदि (कुत्ता, स्यार आदि ) कालान्तर विषवाले होते हैं अर्थात् उनके विषका प्रभाव तत्काल न होकर कुछ दिनोंके बाद होता है ॥

४. जिसे औषध आदि ( मंत्र-यन्त्र आदि )से दूर किया जा सकता है, उसका १ नाम 'दूषीविषम्' है ॥

५. औषध आदिके संयोगसे बनाये गये विषके ३ नाम हैं—चारम्, गरः, उपविषम् ॥

६. 'सांप के शरीर'का १ नाम है—भोगः ॥

७. 'सांपके दांत ( दाढ़—इसके काटनेसे प्राणी नहीं जी सकता है )'का १ नाम है—आशीः ॥

८. 'सांपके फणा'के ५ नाम हैं—दर्वी, भोगः, फटः, स्फटः, फणः (+ न । ३ पु स्त्री ) ॥

९. कांचली' ( केंचुल )के ४ नाम हैं—अहिकोशः, निर्ल्वयनी (+ निर्लयनी ), निर्मोकः, कञ्चुकः ( पु न ) ॥

पञ्चेन्द्रिय जीवोंमें स्थलचर जीववर्णन समाप्त ॥

१०. ('स्थलचर' पञ्चेन्द्रिय जीवोंका पर्यायादि कहकर अब 'खचर' पञ्चेन्द्रिय (४।४०९तक) जीवोंका पर्यायादि कहते हैं । 'पक्षी, चिड़िया'के २५ नाम हैं–विहगः,

—१चञ्चुश्चञ्चूः सृपाटिका ।
त्रोटिश्च २पत्रं पतत्रं पिच्छं वाजस्तनूरुहम् ।। ३८३ ।।
पक्षो गरुच्छदश्चापि ३पक्षमूलन्तु पक्षतिः ।
४प्रडीनोड्डीनसंडीनडयनानि नभोगतौ ।। ३८४ ।।
५पेशीकोशोऽण्डे ६कुलायो नीडे ७केकी तु सर्पभुक् ।
मयूरबर्हिणौ नीलकण्ठो मेघसुहृच्छिखी ।। ३८५ ।।
शुक्लापाङ्गो८स्य वाक् केका—

---

विहङ्गमः, खगः, पतगः, विहङ्गः, शकुनिः, शकुन्तिः, शकुनः, विः, वयः, (-यस्), शकुन्तः, नभसङ्गमः, विकिरः, पत्ररथः, विहायः (-यस्), द्विजः, पक्षी (-क्षिन्), विष्किरः, पतत्त्री (-त्रिन् ।+पतत्रिः), पतन् (-तत्), पतङ्गः, पित्सन् (-सत्), नीडजः, अण्डजः, अगौकाः (-कस्) ।।

शेषश्चात्र—भवेत् पक्षिणि चञ्चुमान् ।।
कण्ठाग्निः, कीकसमुखो लोमकी रसनारदः ।
वारङ्ग-नाडीचरणौ ।।"

१. 'चोंच, ठोर'के ४ नाम हैं—चञ्चुः, चञ्चूः, सृपाटिका (+सृपाटी), त्रोटिः ( सब स्त्री ) ।।

२. 'पंख'के ८ नाम हैं—पत्त्रम्, पतत्त्रम्, पिच्छम् (+पिञ्छम्), वाजः, तनूरुहम् ( पु न ), पक्षः, गरुत्, छदः ( २ पु न ) ।।

३. 'पंखकी जड़'का १ नाम है—पक्षतिः ।।

४. 'पक्षियोंके उड़नेके गति-विशेष'का क्रमशः १—१ नाम है—प्रडीनम्, उड्डीनम्, संडीनम्, डयनम् ( +नभोगतिः ) ।।

५. 'अण्डे'के २ नाम हैं—पेशीकोशः (+पेशी, कोषः), अण्डम् ( पु न ) ।।

६. 'खोता, घोंसला'के २ नाम हैं—कुलायः, नीडः ।।

७. 'मोर'के ८ नाम हैं—केकी (-किन्), सर्पभुक् (-भुज्), मयूरः, बर्हिणः (+बर्ही,-र्हिन्), नीलकण्ठः, मेघसुहृत् (-द्), शिखी (-खिन् । यौ० शिखावलः), शुक्लापाङ्गः ।।

शेषश्चात्र—मयूरे चित्रपिङ्गलः ।
नृत्यप्रियः स्थिरमदः खिलखिल्लो गरव्रतः ।
मार्जारकण्ठो मरुको मेघनादानुलासकः ।।
मयुको बहुलग्रीवो नगावासश्च चन्द्रकी ।"

८. 'मोरकी बोली'का १ नाम है—केका ।।

—१पिच्छं बर्हं शिखण्डकः ।
प्रचलाकः कलापश्च २मेचकश्चन्द्रकः समौ ॥ ३८६ ॥
३वनप्रियः परभृतस्ताम्राक्षः कोकिलः पिकः ।
कलकण्ठः काकपुष्टः ४काकोऽरिष्टः सकृत्प्रजः ॥ ३८७ ॥
आत्मघोषश्चिरजीवी घूकारिः करटो द्विकः ।
एकदृग्बलिभुग्ध्वाङ्क्षो मौकुलिर्वायसोऽन्यभृत् ॥ ३८८ ॥
५वृद्धद्रोणदग्धकृष्णपर्वतेभ्यस्त्वसौ परः ।
वनाश्रयश्च काकोलो ६मद्गुस्तु जलवायसः ॥ ३८९ ॥
७घूके निशाटः काकारिः कौशिकोलूकपेचकाः ।
दिवान्धोऽथ निशावेदी कुक्कुटश्चरणायुधः ॥ ३९० ॥
कृकवाकुस्ताम्रचूडो विवृताक्षः शिखण्डिकः ।

---

१. 'मोरके पङ्ख'के ५ नाम हैं—पिच्छम्, बर्हम् ( पु न ), शिखण्डकः प्रचलाकः, कलापः ॥

२. 'मोरके पङ्खके ऊपरी भागमें होनेवाले चन्द्राकार रंगीन चिह्नविशेष'के २ नाम हैं—मेचकः, चन्द्रकः ॥

३. 'कोयल'के ७ नाम हैं—वनप्रियः, परभृतः (+अन्यभृतः, परपुष्टः ), ताम्राक्षः, कोकिलः (+कोकिला, स्त्री ), पिकः, कलकण्ठः, काकपुष्टः ॥
शेषश्चात्र—"कोकिले तु मदोल्लापी काकजातो रतोद्वहः ।
मधुघोषो मधुकण्ठः सुधाकण्ठः कुहूमुखः ॥
घोषयित्नुः पोषयित्नुः कामतालः कुनालिकः" ।

४. 'कौवे'के १४ नाम हैं—काकः, अरिष्टः, सकृत्प्रजः, आत्मघोषः, चिरजीवी ( - विन् ), घूकारिः, करटः, द्विकः, एकदृक् ( श् ), बलिभुक् (-ज् । +बलिपुष्टः ), ध्वाङ्क्षः, मौकुलिः, वायसः, अन्यभृत् ॥

५. 'विभिन्न जातीय कौवों'का १-१ नाम है—वृद्धकाकः, द्रोणकाकः (+द्रोणः ), दग्धकाकः, कृष्णकाकः, पर्वतकाकः, वनाश्रयः, काकोलः ॥

६. 'जलकौवे'के २ नाम हैं—मद्गुः, जलवायसः ॥

७. 'उल्लू'के ७ नाम हैं—घूकः, निशाटः, काकारिः, कौशिकः, उलूकः, पेचकः, दिवान्धः ॥

८. 'मुर्गे'के ७ नाम हैं—निशावेदी ( - दिन् ), कुक्कुटः ( पु न ), चरणायुधः, कृकवाकुः, ताम्रचूडः, विवृताक्षः, शिखण्डिकः ॥
शेषश्चात्र—"कुक्कुटे तु दीर्घनादश्चर्मचूडो नखायुधः ।
मयूरचटकः शौण्डो रणेच्छुश्च कलाधिकः ॥
आरणी विष्किरो बोधिर्नन्दीकः पुष्टिवर्धनः ।
चित्रवाजो महायोगी स्वस्तिको मणिकण्ठकः ॥
उषाकीलो विशोकश्च ग्राजस्तु ग्रामकुक्कुटः ।

१हंसाश्चक्राङ्गवक्राङ्गमानसौकःसितच्छदाः ॥ ३९१ ॥
२राजहंसास्त्वमी चञ्चुचरणैरतिलोहितैः ।
३मल्लिकाक्षास्तु मलिनैर्४धार्तराष्ट्राः सितेतरैः ॥ ३९२ ॥
५कादम्बास्तु कलहंसाः पक्षैः स्युरतिधूसरैः ।
६वारला वरला हंसी वारटा वरटा च सा ॥ ३९३ ॥
७दार्वाघाटः शतपत्रः ८खञ्जरीटस्तु खञ्जनः ।
९सारसस्तु लक्ष्मणः स्यात्पुष्कराख्यः कुरङ्करः ॥ ३९४ ॥
१०सारसी लक्ष्मणा ११ऽथ क्रुङ् क्रौञ्चे—

---

१. 'हंसों'के ५ नाम हैं—हंसाः, चक्राङ्गाः, वक्राङ्गाः, मानसौकसः (-कस्), सितच्छदाः ॥

शेषश्चात्र—"हंसेषु तु मरालाः स्युः ।"

२. 'अधिक लाल रंगके चोंच और पैरवाले हंसों'का १ नाम है—राजहंसः ॥

३. 'मलिन (धूमिल) चोंच तथा चरणोंवाले हंसों'का १ नाम है—मल्लिकाक्षाः ॥

४. 'काले रंगके चोंच तथा चरणोंवाले हंसों'का १ नाम है—धार्तराष्ट्राः ॥

५. 'अत्यन्त धूसर रंगके पंखोंवाले हंसों'के २ नाम हैं—कादम्बाः, कलहंसाः ॥

विमर्श—'राजहंस' (४।३९२) से यहाँ तक सब पर्यायोंमें बहुत्व अविक्षित होनेसे एकवचनमें भी इन शब्दोंका प्रयोग होता है ) ॥

६. 'हंसी'के ५ नाम हैं—वारला, वरला, हंसी, वारटा, वरटा ॥

७. 'कठफोरवा पक्षी'के २ नाम हैं—दार्वाघाटः, शतपत्रः ॥

८. 'खञ्जन (खँड़लिच) पक्षी'के २ नाम हैं—खञ्जरीटः, खञ्जनः ॥

९. 'सारस पक्षी'के ४ नाम हैं—सारसः, लक्ष्मणः, पुष्कराख्यः ('कमल' के वाचक सब पर्याय अतः—कमलः, जलजः,·········) कुरङ्करः ॥

शेषश्चात्र—"सारसे दीर्घजानुकः ।
गोनर्दो मैथुनी कामी श्येनाक्षो रक्तमस्तकः ॥

१०. सारसी' (मादा सारस पक्षी)'के २ नाम हैं—सारसी, लक्ष्मणा (+लक्ष्मणी) ॥

११. क्रौञ्च पक्षी'के २ नाम हैं—क्रुङ् (-ञ्च्), क्रौञ्चः (पु । क्रुञ्चा, -ञ्ची) ॥

—१चाषे किकीदिविः ।
२चातकः स्तोकको बप्पीहः सारङ्गो नभोऽम्बुपः ॥ ३९५ ॥
३चक्रवाको रथाङ्गाह्वः कोको द्वन्द्वचरोऽपि च ।
४टिट्टिभस्तु कटुक्काण उत्पादशयनश्च सः ॥ ३९६ ॥
५चटको गृहबलिभुक् कलविङ्कः कुलिङ्ककः ।
६योषित्तु तस्य चटका ७स्त्र्यपत्ये चटका तयोः ॥ ३९७ ॥
८पुमपत्ये चाटकैरो ९दात्यूहे कालकण्टकः ।
जलरङ्कुर्जलरङ्क्षो १०बके कह्वो बकोटवत् ॥ ३९८ ॥
११बलाहकः स्याद्बलाको १२बलाका विसकण्ठिका ।

---

१. 'चास पक्षी'के २ नाम हैं—चाषः, किकीदिविः (+किकिदीविः, किकी, दिविः) ॥

२. 'चातक पक्षी'के ५ नाम हैं—चातकः, स्तोककः, बप्पीहः, सारङ्गः, नभोऽम्बुपः ॥

३. 'चकवा पक्षी'के ३ नाम हैं—चक्रवाकः, रथाङ्गाह्वः ('पहिया'के वाचक सब नाम, अतः—रथाङ्गः, चक्रः,……), कोकः, द्वन्द्वचरः ॥

४. 'टिटिहिरी पक्षी'के ३ नाम हैं—टिट्टिभः (+टीटिभः), कटुक्वाणः, उत्पादशयनः ॥

५. 'गौरेया पक्षी'के ४ नाम हैं—चटकः, गृहबलिभुक् (-ज्), कलविङ्कः, कुलिङ्ककः (+कुलिङ्गः) ॥

६, 'मादा गौरैया पक्षी (गौरैया पक्षी की स्त्री)'का १ नाम है—चटका ॥

७. 'उन दोनोंकी मादा सन्तान (स्त्रीजातीय बच्चे)'का १ नाम है—चटका ॥

८. 'उन दोनोंकी नर सन्तान (पुरुष जातीय बच्चे)'का १ नाम है—चाटकैरः ॥

९. 'जलकौवा'के ४ नाम हैं—दात्यूहः (+दात्योहः), कालकण्टकः (+कालकण्ठकः), जलरङ्कुः, जलरङ्क्षः ॥

१०. 'बगुले'के ३ नाम हैं—बकः, कह्वः, बकोटः ॥

११. 'बगलाजातीय पक्षि-विशेष, या 'बाक' पक्षी'के २ नाम हैं—बलाहकः, बलाकः (पु + नि स्त्री) ॥

१२. 'बगली, बगलेकी स्त्री'के २ नाम हैं—बलाका, विसकण्ठिका (+विसकण्टिका, बकेरुका) ॥

१भृङ्गः कलिङ्गो धूम्याटः २कङ्कस्तु कमनच्छदः ॥ ३९९ ॥
लोहपृष्ठो दीर्घपादः कर्कटः स्कन्धमल्लकः ।
३चिल्लः शकुनिरातापी ४श्येनः पत्त्री शशादनः ॥ ४०० ॥
५दाक्षाय्यो दूरदृग्गृध्रो६ऽथोत्क्रोशो मत्स्यनाशनः ।
कुररः ७कीरस्तु शुको रक्ततुण्डः फलादनः ॥ ४०१ ॥
८शारिका तु पीतपादा गोराटी गोकिराटिका ।
९स्याच्चर्मचटकायान्तु जतुकाऽजिनपत्त्रिका ॥ ४०२ ॥
१०वल्गुलिका मुखविष्ठा परोष्णी तैलपायिका ।
११कर्करेटुः करेटुः स्यात्करटुः कर्कराटुकः ॥ ४०३ ॥
१२आटिरातिः शरारिः स्यात् १३कृकणक्रकरौ समौ ।

---

१. 'भुजङ्गा पक्षी' के ३ नाम हैं—भृङ्गः, कलिङ्गः, धूम्याटः ॥

२. 'कङ्क पक्षी'के ६ नाम हैं—कङ्कः, कमनच्छदः, लोहपृष्ठः, दीर्घपादः, कर्कटः, स्कन्धमल्लकः ॥

३. 'चील पक्षी'के ३ नाम हैं—चिल्लः, शकुनिः, आतापी (–पिन् । + आतायी—यिन् ) ॥

४. 'बाज पक्षी'के ३ नाम हैं—श्येनः, पत्त्री (—त्रिन् ), शशादनः ॥

५. गीध'के ३ नाम हैं—दाक्षाय्यः, दूरदृक् (–दृश् ), गृध्रः ॥
शेषश्चात्र–"गृध्रे तु पुरुषव्याघ्रः कामायुः कुणितेक्षणः । सुदर्शनः शकुन्याजौ ।"

६. कुरर पक्षी'के ३ नाम हैं—उत्क्रोशः, मत्स्यनाशनः, कुररः ॥

७. 'सुग्गे, तोते'के ४ नाम हैं—कीरः, शुकः, रक्ततुण्डः, फलादनः (+ मेधावी–विन् ) ॥

शेषश्चात्र—"शुके तु प्रियदर्शनः ॥ श्रीमान् मेधातिथिर्वाग्मी ।"

८. 'मैना पक्षी'के ४ नाम हैं—शारिका, पीतपादा, गोराटी, गोकिराटिका (+ गोकिराटी ) ॥

९. 'चमगादड़'के ३ नाम हैं—चर्मचटका, जतुका, अजिनपत्त्रिका ॥

१०. 'चपड़ा नामक कीट–विशेष'के ४ नाम हैं—वल्गुलिका, मुखविष्ठा, परोष्णी, तैलपायिका (+ निशाटनी ) ॥

११. 'एक प्रकारके सारसजातीय पक्षी'के ४ नाम हैं—कर्करेटुः, करेटुः, करटुः, कर्कराटुकः, (+ कर्कराटुः ) ॥

१२ 'आडी पक्षी'के ३ नाम हैं—आटिः, आतिः, शरारिः ( सब स्त्री ) ॥

१३. 'तीतरकी जातिके पक्षी, या अशुभ बोलनेवाले पक्षि–विशेष'के २ नाम हैं—कृकणः, क्रकरः ॥

१भासे शकुन्तः २कोयष्टौ शिखरी जलकुक्कुभः ॥ ४०४ ॥
३पारापतः कलरवः कपोतो रक्तलोचनः।
४ज्योत्स्नाप्रिये चलचञ्चुचकोरविषसूचकाः ॥ ४०५ ॥
५जीवंजीवस्तु गुन्द्रालो विषदर्शनमृत्युकः।
६व्याघ्राटस्तु भरद्वाजः ७प्लवस्तु गात्रसंप्लवः ॥ ४०६ ॥
८तित्तिरिस्तु खरकोणो ९हारीतस्तु मृदङ्कुरः।
१०कारण्डवस्तु मरुलः ११सुगृहश्चञ्चुसूचिकः ॥ ४०७ ॥
१२कुम्भकारकुक्कुटस्तु कुक्कुभः कुहकस्वनः।
१३पक्षिणा येन गृह्यन्ते पक्षिणोऽन्ये स दीपकः ॥ ४०८ ॥

---

१. 'भास पक्षी'के २ नाम हैं—भासः, शकुन्तः ॥

२. 'एक जलचारी पक्षि-विशेष'के ३ नाम हैं—कोयष्टिः, शिखरी (-रिन्), जलकुक्कुभः ॥

३. 'कबूतर'के ४ नाम हैं—पारापतः (+पारावतः), कलरवः, कपोतः, रक्तलोचनः ॥

४. 'चकोर पक्षी'के ४ नाम हैं—ज्योत्स्नाप्रियः, चलचञ्चुः, चकोरः, विषसूचकः ॥

विमर्श—विषमिश्रित अन्नादि देखनेसे चकोरकी आँखोंका रंग बदल जाता है, अत एव इसका नाम 'विषसूचक' पड़ा है ॥[1]

५. 'जीवंजीव'नामक पक्षि-विशेष,या चकोर विशेष'के ३ नाम हैं—जीवंजीवः, गुन्द्रालः, विषदर्शनमृत्युकः ॥

६. 'भरद्वाज (भरदुल) पक्षी'के २ नाम हैं—व्याघ्राटः, भरद्वाजः ॥

७. 'जलमुर्गा या कारण्डव पक्षी (कागके समान चोंच तथा लम्बे पैर या काले रंग के पक्षी'के २ नाम हैं—प्लवः, गात्रसंप्लवः ॥

८. 'तीतर'के २ नाम हैं—तित्तिरिः, खरकोणः ॥

९. 'हारिल, हारीत पक्षी'के २ नाम हैं—हारीतः, मृदङ्कुरः ॥

१०. 'बत्तख या एक प्रकार के हंसजातीय पक्षी'के २ नाम हैं—कारण्डवः, मरुलः ॥

११. 'बया पक्षी'के २ नाम हैं—सुगृहः, चञ्चुसूचिकः ॥

१२. 'वनमुर्गा पक्षी'के ३ नाम हैं—कुम्भकारकुक्कुटः, कुक्कुभः, कुहकस्वनः ॥

१३. 'जिस पक्षीके द्वारा दूसरी पक्षी पकड़े जाते हैं, उस (बाज आदि) पकड़नेवाले पक्षी'का १ नाम है—दीपकः ॥

---

१. तदुक्तम्—"चकोरस्य विरज्येते नयने विषदर्शनात् ॥"

१छेका गृह्याश्च ते गेहासक्ता ये मृगपक्षिणः ।
२मत्स्यो मीनः पृथुरोमा झषो वैसारिणोऽण्डजः ॥ ४०९ ॥
सङ्कुचारी स्थिरजिह्व आत्माशी स्वकुलक्षयः ।
विसारः शकली शल्की शंवरोऽनिमिषस्तिमिः ॥ ४१० ॥
३सहस्रदंष्ट्रे वादालः ४ पाठीने चित्रवल्लिकः ।
५शकुले स्यात् कलकोऽ६थ गडकः शकुलार्भकः ॥ ४११ ॥
७उलूपी शिशुके ८प्रोष्ठी शफरः श्वेतकोलके ।
९नलमीनश्चिलिचिमो १०मत्स्यराजस्तु रोहितः ॥ ४१२ ॥
११मद्‌गुरस्तु राजशृङ्गः १२शृङ्गी तु मद्‌गुरप्रिया ।

---

१. 'पालतू पशु-पक्षियों'के २ नाम हैं—छेकाः, गृह्याः ॥

पञ्चेन्द्रिय जीववर्णनमें खचर जीव वर्णन समाप्त ॥

२. ( आकाशगामी पञ्चेन्द्रिय जीवोंका पर्याय कहकर अब जलचर पञ्चेन्द्रिय जीवों का पर्याय कहते हैं— )॥ 'मछली'के १६ नाम हैं—मत्स्यः (+मत्सः ), मीनः, पृथुरोमा (-मन् ), झषः, वैसारिणः, अण्डजः, सङ्कुचारी (-रिन् ), स्थिरजिह्वः, आत्माशी (-शिन् ), स्वकुलक्षयः, विसारः, शकली (-लिन् ), शल्की (-ल्किन् ), संवरः, अनिमिषः, तिमिः ॥

शेषश्चात्र—"मत्स्ये तु जलपिप्पकः । मूको जलाशयः शेवः ॥

३. 'पहिना मछली, बोदाक'के २ नाम हैं—सहस्रदंष्ट्रः, वादालः ॥

शेषश्चात्र—"सहस्रदंष्ट्रस्त्वेतनः । जलवालो वदालः ॥

४. 'पाठीन मछली'के २ नाम हैं—पाठीनः, चित्रवल्लिकः, ॥

शेषश्चात्र—"अथ पाठीने मृदुपाठकः ।"

५. 'सहरी मछली'के २ नाम हैं—शकुलः, कलकः ॥

६. 'गडुई मछली'के २ नाम हैं—गडकः, शकुलार्भकः ॥

७. 'सूंस'के २ नाम हैं—उलूपी (उलूपी (-पिन् ।+उलुपी, उलपी, २-पिन् ), शिशुकः (+शिशुमारकः ) ॥

८. 'सौरी मछली'के ३ नाम हैं—प्रोष्ठी (-ष्ठिन् ), शफरः, ( पु स्त्री ), श्वेतकोलकः ॥

९. 'अधिकतर नरसलमें रहनेवाली मछली'के २ नाम हैं—नलमीनः (+नडमीनः ), चिलिचिमः, (+चिलिचीमः ) ॥

१०. 'रोहू मछली'के २ नाम हैं—मत्स्यराजः, रोहितः ॥

११. 'मांगुर, मोंगदरा मछली'के २ नाम हैं—मद्‌गुरः, राजशृङ्गः ॥

१२. 'सिन्धी मछली ( मादा जातिकी मांगुर मछली )'के २ नाम हैं—शृङ्गी, मद्‌गुरप्रिया ॥

१क्षुद्राण्डमत्स्यजातन्तु पोताधानं जलाणुकम् ॥ ४१३ ॥
२महामत्स्यास्तु चीरिल्लितिमिङ्गिलगिलादयः ।
३अथ यादांसि नक्राद्या हिंसका जलजन्तवः ॥ ४१४ ॥
४नक्रः कुम्भीर आलास्यः कुम्भी महामुखोऽपि च ।
तालुजिह्वः शङ्कुमुखो गोमुखो जलसूकरः ॥ ४१५ ॥
५शिशुमारस्त्वम्बुकूर्म उष्णवीर्यो महावसः ।
६उद्रस्तु जलमार्जारः पानीयनकुलो वसी ॥ ४१६ ॥
७ग्राहे तन्तुस्तन्तुनागोऽवहारो नागतन्तुणौ ।
८अन्येऽपि यादोभेदाः स्युर्बहवो मकरादयः ॥ ४१७ ॥
९कुलीरः कर्कटः पिङ्गचक्षुः पार्श्वोदरप्रियः ।
द्विधागतिः षोडशांह्रिः कुरचिल्लो बहिश्चरः ॥ ४१८ ॥

---

१. 'जीरा (अण्डेसे निकली हुई बहुत-सी छोटी-छोटी मछलियोंका समुदाय —जिन्हें 'मत्स्यबीज' भी कहते हैं, उस )'के २ नाम हैं—पोताधानम्, जलाणुकम् ॥

२. 'बहुत बड़ी-बड़ी मछलियों'का पृथक् १-१ नाम है—वे-'चीरिल्लिः, तिमिङ्गिलगिलः' इत्यादि ( नन्द्यावर्तः,..............) हैं ॥

३. 'मगर आदि हिंसक जलचर जीवों'का १ नाम है—यादांसि (-दस् न ) ॥

४. ( वे 'यादस्' अर्थात् हिंसक जलचर जीव ये हैं— ) 'नक्र, मगर, घड़ियाल'के ९ नाम हैं—नक्रः, कुम्भीरः, आलास्यः, कुम्भी (-म्भिन् ), महामुखः, तालुजिह्वः, शङ्कुमुखः (+शङ्कुमुखः ), गोमुखः, जलसूकरः ॥

५. 'सूंस'के ४ नाम हैं—शिशुमारः, अम्बुकूर्मः, उष्णवीर्य, महावसः ॥

६. 'जलबिलाव'के ४ नाम हैं—उद्रः, जलमार्जारः, पानीयनकुलः, वसी (-सिन् ) ॥

७. 'ग्राह या मगर'के ६ नाम हैं—ग्राहः, तन्तुः, तन्तुनागः, अवहारः, नागः, तन्तुणः, ( + वरुणपाशः ) ॥

८. अन्य भी हिंसक जलचर जीवोंके मकरः,......('आदि'से 'शङ्कुफणी, शिन्,..........') भेद हैं ॥

९. 'केकड़े'के ८ नाम हैं—कुलीरः ( पु न ), कर्कटः (+कर्कः ), पिङ्गचक्षुः, (-क्षुष् ), पार्श्वोदरप्रियः, द्विधागतिः, षोडशांह्रिः, कुरचिल्लः, बहिश्चरः ॥

१कच्छपः कमठः कूर्मः क्रोडपादश्चतुर्गतिः ।
पञ्चाङ्गगुप्तदौलेयौ जीवथः २कच्छपी दुली ॥ ४१९ ॥
३मण्डूके हरिशालूरप्लवभेकप्लवङ्गमाः ।
वर्षाभूः प्लवगः शालुरजिह्मव्यङ्गददुर्राः ॥ ४२० ॥
४स्थले नराद्यो ये तु ते जले जलपूर्वकाः ।
५अण्डजाः पक्षिसर्पाद्याः ६पोतजाः कुञ्जरादयः ॥ ४२१ ॥
७रसजा मद्यकीटाद्या ८नृगवाद्या जरायुजाः ।
९यूकाद्याः स्वेदजा १०मत्स्यादयः सम्मूर्च्छनोद्भवाः ॥ ४२२ ॥
११खञ्जनास्तूद्भिदो—

---

१. 'कछुए'के ८ नाम हैं—कच्छपः, कमठः, कूर्मः, क्रोडपादः, चतुर्गतिः, पञ्चाङ्गगुप्तः, दौलेयः, जीवथः, (+उहारः) ॥

२. 'मादा (स्त्री-जातीय कछुआ, कछुई )के २ नाम हैं—कच्छपी, दुली ॥

३. 'मेंढक, बेंग'के १२ नाम हैं—मण्डूकः, हरिः, शालूरः, प्लवः, भेकः, प्लवङ्गमः, वर्षाभूः (पु), प्लवगः, शालुः, अजिह्मः, व्यङ्गः, दर्दुरः ॥

४. स्थलचारी जितने नर आदि (स्थलनरः, स्थलहस्ती (स्तिन्),··· जीव हैं, वे पूर्व में ('स्थल' शब्दके स्थानमें )'जल' शब्द जोड़नेसे 'जलनरः, जलहस्ती (-स्तिन् ), जलतुरङ्गः,······उन्हीं जलचर जीवोंके पर्याय हो जाते हैं ॥

५. 'पक्षी, सांप, आदि ('आदि'से 'मछली, इत्यादि ) जीव 'अण्डजाः' अर्थात् अण्डेसे उत्पन्न होनेवाले हैं ॥

६ 'हाथी आदि ('आदि'से साही, इत्यादि जीव 'पोतजाः' अर्थात् जरायुरहित गर्भ से उत्पन्न होनेवाले हैं ॥

७. मद्यके कीड़े आदि ('आदि'से घी, इक्षुरस, इत्यादि ) जीव 'रसजाः' अर्थात् 'रस'से उत्पन्न होनेवाले हैं ॥

८. 'मनुष्य, गौ, आदि ('आदि'से भैंसा, सूअर, अज इत्यादि ) जीव 'जरायुजाः' अर्थात् गर्भसे उत्पन्न होनेवाले हैं ॥

९. 'जूं, आदि ('आदि'से खटमल, मच्छड़, इत्यादि ) जीव 'स्वेदजाः' अर्थात् पसीनेसे उत्पन्न होनेवाले हैं ॥

१०. मछली आदि ('आदि'से सांप इत्यादि ) जीव 'संमूर्च्छनोद्भवाः' अर्थात् 'संमूर्च्छन' ( सघन होने, अधिक बढ़ने से ) उत्पन्न होने वाले हैं ॥

११. 'खञ्जन' इत्यादि ('आदि'से टिड्डी, फतिंगे, इत्यादि) जीव 'उद्भिदः' (-भिद् ) अर्थात् पृथ्वी के भीतरसे उत्पन्न होने वाले हैं ॥

१ऽथौपपादुका देवनारकाः ।
२त्रसयोनय इत्यष्टा३वुद्भिदुद्भिज्जमुद्भिदम् ॥ ४२३ ॥

इत्याचार्यहेमचन्द्रविरचितायाम् "अभिधानचिन्तामणि-
नाममालायां" चतुर्थस्तिर्यक्काण्डः
समाप्तः ॥ ४ ॥

---

१. देव तथा नारक अर्थात् देवता तथा नरकवासी जीव 'उपपादुकाः' अर्थात् स्वयमेव उत्पन्न होनेवाले हैं ॥

२. ये ८ ( अण्ड, पोत, रस, जरायु, स्वेद, सम्मूर्च्छन, उद्भिद् और उपपादुक ) 'त्रसयोनयः' अर्थात् जीवोंके उत्पत्तिस्थान हैं ॥

३. 'उद्भिद्' ( पृथ्वीको फोड़कर पैदा होनेवले वृक्ष, लता, धान्य आदि ) के नाम हैं—उद्भिद्, उद्भिज्जम्, उद्भिदम् ॥

इस प्रकार साहित्य-व्याकरणाचार्यादिपदविभूषितमिश्रोपाह्व श्रीहरगो
विन्दशास्त्रिविरचित 'मणिप्रभा' व्याख्या में चतुर्थ
'तिर्यक्काण्ड' समाप्त हुआ ॥ ४ ॥

# अथ नारककाण्डः ॥५॥

१स्युर्नारकास्तु परेतप्रेतयात्याातिवाहिकाः ।
२आजूर्विष्टि३र्यातना तु कारणा तीव्रवेदना ॥१॥
४नरकस्तु नारकः स्यान्निरयो दुर्गतिश्च सः ।
५घनोदधिघनवाततनुवातनभःस्थिताः ॥ २ ॥
६रत्नशर्करावालुकापङ्कधूमतमःप्रभाः ।
महातमःप्रभा चेत्यधोऽधो नरकभूमयः ॥ ३ ॥
क्रमात्पृथुतराः सप्त७थ त्रिंशत्पञ्चविंशतिः ।
पञ्चदश दश त्रीणि लक्षाण्यूनञ्च पञ्चभिः ॥ ४ ॥
लक्षं पञ्च च नरकावासाः सीमन्तकादयः ।
एतासु स्युः क्रमेण—

---

१. 'नारकीयों ( नरकवासियों )'के ५ नाम हैं—नारकाः ( यौ०—नारकिकाः, नैरयिकाः, नारकीयाः,……), परेताः, प्रेताः, यात्याः, अतिवाहिकाः ॥

२. 'नरकमें बलपूर्वक फेंकने या ढकेलने'के २ नाम हैं—आजूः, विष्टिः ( २ स्त्री ) ॥

३. 'नरकके घोर कष्ट'के ३ नाम हैं—यातना, कारणा, तीव्रवेदना ॥

४. 'नरक'के ४ नाम हैं—नरकः, नारकः, निरयः, दुर्गतिः ( स्त्री पु ) ॥

५. 'आकाशमें स्थित नरकोंके तीनों वायु'के १–१ नाम हैं—घनोदधिः, घनवातः, तनुवातः ॥

६. 'रत्नप्रभा, शर्कराप्रभा, वालुकाप्रभा, पङ्कप्रभा, धूमप्रभा, तमःप्रभा, महातमःप्रभा' ये ७ नरकभूमि क्रमशः एक दूसरीसे बड़ी तथा नीचे-नीचे स्थित हैं ।

शेषश्चात्र—"अथ रत्नप्रभा घर्मा वंशा तु शर्कराप्रभा ।
स्याद्वालुकाप्रभा शैला भवेत्पङ्कप्रभाऽञ्जना ॥
धूमप्रभा पुना रिष्टा माघव्या तु तमःप्रभा ।
महातमःप्रभा माघव्येवं नरकभूमयः ॥"

७. पूर्वोक्त ( ५।३–४ ) 'रत्नप्रभा,……' सात नरकभूमियोंमें तीस लाख, पच्चीस लाख, पन्द्रह लाख, दश लाख, तीन लाख, पाँच कम एक लाख ( निन्यानबे हजार नौ सौ पंचानबे और केवल पांच ( सब योग चौरासी लाख),

१थ पातालं वडवामुखम् ॥ ५ ॥
बलिवेश्माधोभुवनं नागलोको रसातलम् ।
२रन्ध्रं बिलं निर्व्यथनं कुहरं शुषिरं शुषिः ॥ ६ ॥
छिद्रं रोपं विवरं च निम्नं रोकं वपान्तरम् ।
३गर्तश्वभ्रावटागाधदरास्तु विवरे भुवः ॥ ७ ॥

इत्याचार्यहेमचन्द्रविरचितायाम् "अभिधानचिन्तामणि-
नाममालायां" प॰मो नारककाण्डः
समाप्तः ॥ ५ ॥

---

सीमन्तक आदि ('आदि'से 'रौद्र, हाहारव, घातन,……') नरकावास (रत्नप्रभा पृथिवीके प्रथम प्रतरका मध्यवर्ती नरककेन्द्र) होते हैं।

१. 'पाताल'के ६ नाम हैं—पातालम्, वडवामुखम्, बलिवेश्म (-श्मन्), अधोभुवनम्, नागलोकः, रसातलम् (+रसा, तलम्) ॥

२. 'बिल, छिद्र'के १३ नाम हैं—रन्ध्रम्, बिलम्, निर्व्यथनम्, कुहरम्, शुषिरम्, शुषिः (स्त्री।+पु।+सुषिरम्), छिद्रम्, रोपम्, विवरम्, निम्नम्, रोकम्, वपा, अन्तरम् ॥

३. 'गढे'के ५ नाम हैं—गर्तः, श्वभ्रम्, अवटः, अगाधः, दरः (त्रि) ॥

इस प्रकार साहित्यव्याकरणाचार्यादिपदविभूषितमिश्रोपाह्व श्रीहरगोविन्द
शास्त्रिविरचित 'मणिप्रभा' व्याख्यामें पञ्चम
'नारककाण्ड' समाप्त हुआ ॥ ५ ॥

# अथ सामान्यकाण्डः ॥६॥

१स्याल्लोको विष्टपं विश्वं भुवनं जगती जगत् ।
२जीवाजीवाधारक्षेत्रं लोकोऽलोकस्ततोऽन्यथा ॥ १ ॥
३क्षेत्रज्ञ आत्मा पुरुषश्चेतनः ४स पुनर्भवी ।
जीवः स्यादसुमान् सत्त्वं देहभृज्जन्युजन्तवः ॥ २ ॥
५उत्पत्तिर्जन्मजनुषी जननं जनिरुद्भवः ।
६जीवेऽसुजीवितप्राणा ७जीवातुर्जीवनौषधम् ॥ ३ ॥
८श्वासस्तु श्वसितं ९सोऽन्तर्मुख उच्छ्वास आहरः ।
आनो—

---

१. ( मुक्त देवाधिदेव तथा चार गतियोंवाले देव, मर्त्य, तिर्यञ्च और नारक असाधारण अङ्गोंके साथ पाँच काण्डोंमें कह चुके हैं, अब तत्साधारणको कहनेवाला यह षष्ठ काण्ड कह रहे हैं—) 'लोक'के ६ नाम हैं—लोकः, विष्टपम् ( पु न ), विश्वम् , भुवनम् ( पु न ), जगती, जगत् ( न ) ॥

२. 'जीवों' ( एकेन्द्रिय आदि प्राणियों ) तथा 'अजीवों' ( उन जीवोंसे भिन्न धर्मास्तिकाय आदि प्राणियों के आधारभूत क्षेत्र का 'लोक' १ नाम है और उस लोकसे भिन्न आकाशादि रूप का 'अलोकः' १ नाम है ॥

३. 'आत्मा'के ४ नाम हैं—क्षेत्रज्ञः, आत्मा ( – त्मन् पु ), पुरुषः, चेतनः (+जीवः) ॥

४. 'जीवात्मा'के ७ नाम हैं—भवी (– विन् ), जीवः, असुमान् ( – मत् । प्राणी, – णिन् ), सत्त्वम् ( पु न ), देहभृत् (+देहभाक् , – ज् ; शरीरी, – रिन् ;………), जन्युः, जन्तुः ( पु न । शेष पु ) ॥

५. 'जन्म, उत्पत्ति'के ६ नाम हैं—उत्पत्तिः, जन्म ( – मन् ।+जन्मम् ), जनुः ( – नुस् । २ न ), जननम् , जनिः ( स्त्री ), उद्भवः ॥

६. 'प्राण'के ४ नाम हैं—जीवः ( त्रि ), असवः ( – सु, पु ब० व० ), जीवितम् (+जीवातुः ), प्राणाः ( पु ब० व० ) ॥

७. 'जीवन-रक्षाके उपाय'के २ नाम हैं—जीवातुः ( पु न ), जीवनौषधम् ॥

८. 'श्वास, साँस'के २ नाम हैं—श्वासः, श्वसितम् ॥

९. 'अन्तर्मुख ( मध्य वृत्तिवाले ) उस श्वास'के ३ नाम हैं—उच्छ्वासः, आहरः, आनः ॥

—१बहिर्मुखस्तु स्यान्निःश्वासः पान एतनः ॥ ४ ॥
२आयुर्जीवितकालो३ऽन्तःकरणं मानसं मनः ।
हृच्चेतो हृदयं चित्तं स्वान्तं गूढपथोच्चले ॥ ५ ॥
४मनसः कर्म सङ्कल्पः स्यात्५द्यो शर्म निर्वृतिः ।
सातं सौख्यं सुखं ६दुःखन्त्वसुखं वेदना व्यथा ॥ ६ ॥
पीडा बाधाऽर्त्तिराभीलं कृच्छ्रं कष्टं प्रसूतिजम् ।
आमनस्यं प्रगाढञ्च ७स्यादाधिर्मानसी व्यथा ॥ ७ ॥
८सपत्राकृतिनिष्पत्राकृती त्वत्यन्तपीडने ।
९क्षुज्जाठराग्निजा पीडा १०व्यापादो द्रोहचिन्तनम् ॥ ८ ॥
११उपज्ञा ज्ञानमाद्यं स्या १२च्चर्चा सङ्ख्या विचारणा ।
१३वासना भावना संस्कारोऽनुभूताद्यविस्मृतिः ॥ ९ ॥

---

१. 'बहिर्मुख ( बाहर निकलनेवाले ) उस श्वास'के ३ नाम हैं—निःश्वासः, पानः, एतनः ॥

२. 'आयु ( उम्र )'के २ नाम हैं—आयुः ( – युस्, न । + आयु – यु, पु ), जीवितकालः ॥

३. 'अन्तःकरण, हृदय'के १० नाम हैं—अन्तःकरणम्, मानसम्, मनः ( – नस् ), हृत् ( – द् ), चेतः ( तस् ), हृदयम्, चित्तम्, स्वान्तम्, गूढपथम्, उच्चलम् ( + अनिन्द्रियम् ) ॥

४. 'मानसिक कर्म'का १ नाम है—सङ्कल्पः ( + विकल्पः ) ॥

५. 'सुख'के ५ नाम हैं—शर्म ( – र्मन्, पु । + शर्मम् ), निर्वृतिः, सातम्, सौख्यम्, सुखम् ॥

६. 'दुःख'के १३ नाम हैं—दुःखम्, असुखम्, वेदना, व्यथा, पीडा, बाधा ( + बाधः ), अर्तिः, आभीलम्, कृच्छ्रम्, कष्टम्, प्रसूतिजम्, आमनस्यम्, प्रगाढम् ॥

७. 'मानसिक पीडा'का १ नाम है—आधिः ( पु ) ॥

८. 'अत्यधिक पीडा'के २ नाम हैं—सपत्राकृतिः, निष्पत्राकृतिः ॥

९. 'भूख'का १ नाम है—क्षुत् ( – ध् । + क्षुधा ) ॥

१०. 'किसीके साथ द्रोह करनेके विचार'का १ नाम है—व्यापादः ॥

११. 'पहले होनेवाले ज्ञान'का १ नाम है—उपज्ञा । ( यथा—पाणिनिकी, उपज्ञा ( अष्टाध्यायी 'सूत्रपाठ'…… ) ॥

१२. 'चर्चा'के ३ नाम हैं—चर्चा ( + चर्चः ), सङ्ख्या, विचारणा ॥

१३. 'संस्कार ( पहले अनुभूत, दृष्ट या श्रुत विषयके स्मरण होने )'के ३ नाम हैं—वासना, भावना, संस्कारः ॥

१निर्णयो निश्चयोऽन्तः २सम्प्रधारणा समर्थनम् ।
३अविद्याऽहंमत्यज्ञाने ४भ्रान्तिर्मिथ्यामतिर्भ्रमः ॥ १० ॥
५सन्देहद्वापराऽऽरेका विचिकित्सा च संशयः ।
६परभागो गुणोत्कर्षो ७दोषे त्वादीनवास्रवौ ॥ ११ ॥
८स्वाद्रूपं लक्षणं भावश्चात्मप्रकृतिरीतयः ।
सहजो रूपतत्त्वञ्च धर्मः सर्गो निसर्गवत् ॥ १२ ॥
शीलं सतत्त्वं संसिद्धि९रवस्था तु दशा स्थितिः ।
१०स्नेहः प्रीतिः प्रेमहार्दे ११दाक्षिण्यन्त्वनुकूलता ॥ १३ ॥
१२विप्रतिसारोऽनुशयः पश्चात्तापोऽनुतापश्च ।
१३अवधानसमाधानप्रणिधानानि तु समाधौ स्युः ॥ १४ ॥
१४धर्मः पुण्यं वृषः श्रेयः सुकृते—

---

१. 'निर्णय'के ३ नाम हैं—निर्णयः, निश्चयः, अन्तः ॥

२. 'समर्थन'के २ नाम हैं—सम्प्रधारणा, समर्थनम् ॥

३. 'अविद्या ( अनित्य एवं अशुचि आदिको नित्य एवं शुचि समझने)'के ३ नाम हैं—अविद्या, अहंमतिः, अज्ञानम् ॥

४. 'भ्रम'के ३ नाम हैं—भ्रान्तिः, मिथ्यामतिः, भ्रमः ॥

५. 'संदेह, संशय'के ५ नाम हैं—सन्देह, द्वापर, (पु न ),आरेकः, विचिकित्सा, संशयः ॥

६. 'गुणोत्कर्ष'के २ नाम हैं—परभागः, गुणोत्कर्षः ॥

७. 'दोष'के ३ नाम हैं—दोषः, आदीनवः, आस्रवः ॥

८. 'स्वरूप, स्वभाव'के १४ नाम हैं—स्वरूपम्, स्वलक्षणम्, स्वभावः, आत्मा (-मन् ), प्रकृतिः, रीतिः, सहजः, रूपतत्त्वम्, धर्मः, ( पु न ), सर्गः, निसर्गः, शीलम् ( पु न ), सतत्त्वम्, संसिद्धिः ॥

९. 'दशा (हालत )'के ३ नाम हैं—अवस्था, दशा, स्थितिः ॥

१०. 'स्नेह, प्रीति'के ४ नाम हैं—स्नेहः ( पु न ), प्रीतिः, प्रेम (-मन् , पु न ), हार्दम् ॥

११. 'अनुकूल भाव'के २ नाम हैं—दाक्षिण्यम्, अनुकूलता ॥

१२. 'पछतावा, पश्चात्ताप'के ४ नाम हैं—विप्रतिसारः, ( + विप्रतीसारः) अनुशयः, पश्चात्तापः, अनुतापः ॥

१३. 'अवधान, सावधान'के ४ नाम हैं—अवधानम्, समाधानम्, प्रणिधानम्, समाधिः ॥

१४. 'धर्म, पुण्य'के ५ नाम हैं—धर्मः, पुण्यम्, वृषः, श्रेयः (-यस ), सुकृतम् ॥

—१नियतौ विधिः ।
दैवं भाग्यं भागधेयं दिष्ट२मायस्तु तच्छुभम् ॥ १५ ॥
३अलक्ष्मीर्निर्ऋतिः कालकर्णिका स्या४दथाशुभम् ।
दुष्कृतं दुरितं पापमेनः पाप्मा च पातकम् ॥ १६ ॥
किल्बिषं कलुषं किण्वं कल्मषं वृजिनं तमः ।
अंहः कल्कमघं पङ्क ५उपाधिर्धर्मचिन्तनम् ॥ १७ ॥
६त्रिवर्गो धर्मकामार्था७श्चतुर्वर्गः समोक्षकाः ।
८बलतुर्याश्चतुर्भद्रं ९प्रमादोऽनवधानता ॥ १८ ॥
१०छन्दोऽभिप्राय आकूतं मतभावाशया अपि ।
११हृषीकमक्षं करणं स्रोतः खं विषयीन्द्रियम् ॥ १९ ॥
१२बुद्धीन्द्रियं स्पर्शनादि—

---

१. 'भाग्य'के ६ नाम हैं—नियतिः, विधिः, दैवम् (पु न), भाग्यम्, भागधेयम्, दिष्टम् ॥

२. 'शुभकारक भाग्य'का १ नाम है—अयः ॥

३. 'अलक्ष्मी, दुर्भाग्य,या नारकीय अशोभा'के ३ नाम हैं—अलक्ष्मीः, निर्ऋतिः, कालकर्णिका ॥

४. 'अशुभ, पाप'के १७ नाम हैं—अशुभम्, दुष्कृतम्, दुरितम्, पापम्; एनः (–नस्), पाप्मा (–प्मन्, पु), पातकम् (पु न), किल्बिषम्, कलुषम्, किण्वम्, कल्मषम्, वृजिनम्, तमः (–मस्), अंहः (–हस् । २ न), कल्कम् (पु न), अघम्, पङ्कः (पु न) ॥

५. 'धर्मचिन्तन'के २ नाम हैं—उपाधिः (पु) धर्मचिन्तनम् ॥

६. 'धर्म, काम तथा अर्थके समूह'का १ नाम है—त्रिवर्गः ॥

७. 'धर्म, अर्थ, काम तथा मोक्षके समूह'का १ नाम है—चतुर्वर्गः ॥

८. धर्म, काम, अर्थ तथा बलके समूह'का १ नाम है—चतुर्भद्रम् ॥

९. 'प्रमाद'के २ नाम हैं—प्रमादः, अनवधानता ॥

१०( 'अभिप्राय, आशय'के ६ नाम हैं—छन्दः, अभिप्रायः, आकूतम्, मतम्, भावः (पु न), आशयः ॥

११. 'इन्द्रिय'के ७ नाम हैं—हृषीकम्, अक्षम्, करणम्, स्रोतः (–तस् न),खम्, विषयि (–यिन्), इन्द्रियम्

१२. 'स्पर्शन (चमड़ा आदि, 'आदि' पदसे 'जीभ' नाक, नेत्र और कान'का संग्रह है, अतः इन चमड़ा आदि) पाँच इन्द्रियोंका १ नाम है—बुद्धीन्द्रियम् (+ज्ञानेन्द्रियम्, धीन्द्रियम्) ॥

१पाण्यादि तु क्रियेन्द्रियम् ।
२स्पर्शादयस्त्विन्द्रियार्था विषया गोचरा अपि ॥ २० ॥
३शीते तुषारः शिशिरः सुशीमः शीतलो जडः ।
हिमो४ऽथोष्णे तिग्मस्तीव्रस्तीक्ष्णश्चण्डः खरः पटुः ॥ २१ ॥
५कोष्णः कवोष्णः कदुष्णो मन्दोष्णश्चेषदुष्णवत् ।
६निष्ठुरः कक्खटः क्रूरः परुषः कर्कशः खरः ॥ २२ ॥
दृढः कठोरः कठिनो जरठः ७कोमलः पुनः ।
मृदुलो मृदुसोमालसुकुमारा अकर्कशः ॥ २३ ॥

---

१. 'हाथ आदि ( 'आदि' शब्दसे वाक्, चरण, पायु ( गुदा ) और उपस्थ ( शिश्न, लिङ्ग );का संग्रह है, अतः हाथ पैर आदि ) पांच इन्द्रियोंका १ नाम है—क्रियेन्द्रियम् (+कर्मेन्द्रियम् ) ॥

२. 'स्पर्श आदि ( 'आदि' शब्दसे 'स्वाद लेना, सूंघना, देखना और सुनना' इन चारों का संग्रह है ) उन बुद्धीन्द्रियोंके विषय हैं, और उनके ३ नाम हैं—इन्द्रियार्थाः, विषयाः, गोचराः ॥

विमर्श—'अमरकोष' कारने 'मन'को भी इन्द्रिय मानकर ६ 'ज्ञानेन्द्रिय' हैं, ऐसा कहा है ( १ । ५ । ८ )। बुद्धीन्द्रियों ( ज्ञानेन्द्रियों ) में—चमड़ेका छूना, जीभका स्वाद लेना, नाकका सूंघना, नेत्रका देखना और कानका सुनना :—ये उन-उन इन्द्रियोंके अपने-अपने विषय हैं, तथा क्रियेन्द्रियों ( कर्मेन्द्रियों )में—हाथका ग्रहण करना, वाक्का बोलना, चरणका चलना, पायु ( गुदा )का मलत्याग करना, और उपस्थ ( पुरुषके शिश्न और स्त्रियोंके योनि )का मूत्रत्याग करना—ये उन-उन इन्द्रियोंके अपने-अपने 'विषय' हैं । 'अमरकोष' कारके मतसे 'मन'को भी बुद्धीन्द्रिय माननेपर उस 'मन'का 'जानना ( ज्ञान करना )' विषय है ॥

३. 'ठण्डे, शीतल'के ७ नाम हैं—शीतः, तुषारः, शिशिरः, सुशीमः (+सुषीमः ), शीतलः, जडः, हिमः ॥

४. 'गर्म, उष्ण'के ७ नाम हैं—उष्णः, तिग्मः, तीव्रः, तीक्ष्णः, चण्डः, खरः, पटुः ॥

५. थोड़े गर्म के ५ नाम हैं—कोष्णः, कवोष्णः, कदुष्णः, मन्दोष्णः, ईषदुष्णः (+ओष्णः ) ॥

६. 'निष्ठुर, क्रूर'के १० नाम हैं—निष्ठुरः, कक्खटः, ( खक्खटः ), क्रूरः, परुषः, कर्कशः, खरः, दृढः, कठोरः, कठिनः, जरठः (+जरढः ) ॥

७. 'कोमल'के ६ नाम हैं—कोमलः, मृदुलः, मृदुः, सोमालः, सुकुमारः, अकर्कशः ॥

१मधुरस्तु रसज्येष्ठो गुल्यः स्वादुर्मधूलकः ।
२अम्लस्तु पाचनो दन्तशठो३ऽथ लवणः सरः ॥ २४ ॥
सर्वरसो४ऽथ कटुः स्यादोषणो मुखशोधनः ।
५वक्त्रभेदी तु तिक्तो६ऽथ कषायस्तुवरो रसाः ॥ २५ ॥
७गन्धो जनमनोहारी सुरभिर्घ्राणतर्पणः ।
समाकर्षी निर्हारी च ८स आमोदो विदूरगः ॥ २६ ॥
९विमर्दोत्थः परिमलो१०ऽथामोदी मुखवासनः ।
इष्टगन्धः सुगन्धिश्च ११दुर्गन्धः पूतिगन्धिकः ॥ २७ ॥
१२आमगन्धि तु विस्रं स्याद् १३वर्णाः श्वेतादिका अमी ।

---

१. 'मीठा, मधुर'के ५ नाम हैं—मधुरः, रसज्येष्ठः, गुल्यः, स्वादुः, मधूलकः ॥

२. 'खट्टे'के ३ नाम हैं—अम्लः (+अम्लः), पाचनः, दन्तशठः ॥

३. 'नमकीन, नमक'के ३ नाम हैं—लवणः, सरः, सर्वरसः ॥

४. 'कडुवे, कटु'के ३ नाम हैं—कटुः, ओषणः, मुखशोधनः ॥

५. 'तीता'के २ नाम हैं—वक्त्रभेदी (-दिन्), तिक्तः ॥

६. 'कषाय, कसैले'के २ नाम हैं—कषायः, तुवरः । (ये (४ । २४-२५) अर्थात् 'मीठा, खट्टा, नमकीन; कटु, तीता और कषाय'—६ 'रस' हैं, इनका 'रसाः' यह १ नाम है ॥

विमर्श—जल, गुड़, शक्कर आदि 'मीठा'; आम, नीमू, इमिली आदि 'खट्टा' सोडा, नमक आदि 'नमकीन'; मिर्चा आदि 'कटु' (कड़ुवा); नीम, बकायन, गुडुच आदि 'तीता' और हर्रे, आँवला आदि 'कषाय' रसवाले होते हैं ॥

७. 'गन्ध'के ६ नाम हैं—गन्धः, जनमनोहारी (-रिन्), सुरभिः, घ्राणतर्पणः, समाकर्षी (-र्षिन्), निर्हारी (-रिन्) ॥

८. 'दूरतक फैलनेवाले गन्ध'का १ नाम है—आमोदः ॥

९. 'विमर्दन (रगड़ने)से उत्पन्न गन्ध'का १ नाम है—परिमलः ॥

१०. 'सुगन्धि, खुशबू'के ४ नाम हैं—आमोदी (-दिन्), मुखवासनः, इष्टगन्धः, सुगन्धिः ॥

११. 'दुर्गन्ध, बदबू'के २ नाम हैं—दुर्गन्धः, पूतिगन्धिकः (+पूतिगन्धिः) ॥

१२. 'अपरिपक्व मलके समान गन्ध'के २ नाम हैं—आमगन्धि (-न्धिन्), विस्रम् ॥

१३. 'श्वेत' इत्यादिका 'वर्णाः' यह १ नाम है ।

१श्वेतः श्येतः सितः शुक्लो हरिणो विशदः शुचिः ॥ २८ ॥
अवदातगौरशुभ्रवलक्षधवलार्जुनाः ।
पाण्डुरः पाण्डरः पाण्डुर२रीषत्पाण्डुस्तु धूसरः ॥ २९ ॥
३कापोतस्तु कपोताभः ४पीतस्तु सितरञ्जनः ।
हारिद्रः पीतलो गौरः ५पीतनीलः पुनर्हरित् ॥ ३० ॥
पालाशो हरितस्तालकाभो ६रक्तस्तु रोहितः ।
माञ्जिष्ठो लोहितः शोणः ७श्वेतरक्तस्तु पाटलः ॥ ३१ ॥
८अरुणो बालसन्ध्याभः ९पीतरक्तस्तु पिञ्जरः ।
कपिलः पिङ्गलः श्यावः पिशङ्गः कपिशो हरिः ॥ ३२ ॥
बभ्रुः कद्रुः कडारश्च पिङ्गे १०कृष्णस्तु मेचकः ।
स्याद्रामः श्यामलः श्यामः कालो नीलोऽसितः शितिः ॥ ३३ ॥
११रक्तश्यामे पुनर्धूम्रधूमला—

---

१. 'सफेद रंग'के १६ नाम हैं—श्वेतः, श्येतः, सितः, शुक्लः, हरिणः, विशदः, शुचिः, अवदातः, गौरः, शुभ्रः, वलक्षः, धवलः, अर्जुनः, पाण्डुरः, पाण्डरः, पाण्डुः ॥

२. 'थोड़े श्वेत, धूसर रंग'का १ नाम है—धूसरः ॥

३. 'कबूतरके समान रंग'के २ नाम हैं—कापोतः, कपोताभः ॥

४. 'पीले रंग'के ५ नाम हैं—पीतः, सितरञ्जनः, हारिद्रः, पीतलः, गौरः ॥

५. 'हरे रंग'के ५ नाम हैं—पीतनीलः, हरित्, पालाशः, हरितः, तालकाभः ॥

६. 'लाल रंग'के ५ नाम हैं—रक्तः, रोहितः, माञ्जिष्ठः, लोहितः, शोणः ॥

७. 'श्वेत-मिश्रित लाल, गुलाबी रंग'के २ नाम हैं—श्वेतरक्तः, पाटलः ॥

८. 'बालसन्ध्याके समान रंग'के २ नाम हैं—अरुणः, बालसन्ध्याभः ॥

९. 'पीलेसे मिश्रित लाल; पिङ्गल'के १२ नाम हैं—पीतरक्तः, पिञ्जरः, कपिलः, पिङ्गलः, श्यावः, पिशङ्गः, कपिशः, हरिः, बभ्रुः, कद्रुः, कडारः, पिङ्गः ॥

१०. 'कृष्ण, श्यामरंग'के ९ नाम हैं—कृष्णः, मेचकः (पु न), रामः, श्यामलः, श्यामः, कालः, नीलः (पु न), असितः, शितिः ॥

११. 'लाल-मिश्रित श्याम, धूएँके समान धूमिल रंग'के ३ नाम हैं—रक्तश्यामः, धूम्रः, धूमलः ॥

—१वथ कर्बुरः ।

किर्म्मीर एतः शबलश्चित्रकल्माषचित्रलाः ॥ ३४ ॥

२शब्दो निनादो निर्घोषः स्वानो ध्वानः स्वरो ध्वनिः ।

निर्ह्रादो निनदो ह्रादो निःस्वानो निःस्वनः स्वनः ॥ ३५ ॥

रवो नादः स्वनिर्घोषः संव्याङ्भ्यो राव आरवः ।

क्वणनं निक्वणः क्वाणो निक्वाणश्च क्वणो रणः ॥ ३६ ॥

३षड्जर्षभगान्धारा मध्यमः पञ्चमस्तथा ।

धैवतो निषधः सप्त तन्त्रीकण्ठोद्भवाः स्वराः ॥ ३७ ॥

---

१. 'कर्बुर, चितकबरे रंग'के ७ नाम हैं—कर्बुरः, किर्म्मीरः, एतः, शबलः, चित्रः, कल्माषः, चित्रलः ॥

२. 'शब्द, ध्वनि, आवाज'के २७ नाम हैं—शब्दः, निनादः, निर्घोषः, स्वानः, ध्वानः, स्वरः, ध्वनिः, निर्ह्रादः, निनदः, ह्रादः, निःस्वानः, निःस्वनः, स्वनः, रवः (+रावः), नादः, स्वनिः, घोषः, संरावः, विरावः, आरावः, आरवः, क्वणनम्, निक्वणः, क्वाणः, निक्वाणः, क्वणः रणः ॥

३. 'षड्जः, ऋषभः, गान्धारः, मध्यमः, पञ्चमः, धैवतः, निषधः'—ये सात तन्त्री तथा कण्ठसे उत्पन्न होनेवाले स्वर हैं, अतः इन्हें 'स्वराः' कहते हैं ।

**विमर्श**—वीणाके दो भेद हैं—एक काष्ठमयी वीणा तथा दूसरी शारीरी वीणा; उनमें काष्ठमयी वीणामें तन्त्री (तार) से तथा शारीरी वीणामें कण्ठसे उक्त स्वरोंकी उत्पत्ति होती है उनमें-से 'षड्ज' को मोर, 'ऋषभ'को गौ, 'गान्धार'को अज तथा भेंड़, 'मध्यम'को क्रौञ्च पक्षी, 'पञ्चम'को वसन्त ऋतुमें कोयल, 'धैवत'को घोड़ा और 'निषाद'को हाथी बोलता है।[1] इस सम्बन्धमें विशेष जिज्ञासु व्यक्तिको 'अमरकोष'का मत्कृत 'मणिप्रभा' नामक राष्ट्रभाषानुवादकी 'अमरकौमुदी' नामकी टिप्पणी देखनी चाहिए ॥

---

१. तदुक्तं हेमचन्द्राचार्येणास्यैव ग्रन्थस्य स्वोपज्ञवृत्तौ—"षड्भ्यो जायते षड्जः । यद्व्याडिः—

'कण्ठादुत्तिष्ठते व्यक्तं षड्जः षड्भ्यस्तु जायते ।
कण्ठोरस्तालुनासाभ्यो जिह्वाया दशनादपि ॥'

ऋषभो गोरुतसंवादित्वात् । तदाह व्याडिः—

'वायुः समुत्थितो नाभेः कण्ठशीर्षसमाहतः ।
नर्दद्वृषभवद्यस्मात्तेनैष ऋषभः स्मृतः ॥'

गां वाचं धारयति गान्धारः, गन्धवहाण्यर्त्ति वा । यदाह—

१ते मन्द्रमध्यताराः स्युरुरःकण्ठशिरोभवाः ।
२रुदितं क्रन्दितं क्रुष्टं ३तदपुष्टन्तु गद्गदम् ॥ ३८ ॥
४शब्दो गुणानुरागोत्थः प्रणादः सीत्कृतं नृणाम् ।
५पर्दनं गुदजे शब्दे ६कर्दनं कुक्षिसम्भवे ॥ ३९ ॥
७क्ष्वेडा तु सिंहनादोऽ८थ क्रन्दनं सुभटध्वनिः ।
९कोलाहलः कलकल१०स्तुमुलो व्याकुलो रवः ॥ ४० ॥

---

१. वे 'षड्ज' इत्यादि पूर्वोक्त सातो स्वर 'उर, कण्ठ तथा शिर'से क्रमशः 'मन्द्र अर्थात् गम्भीर, मध्य तथा तार अर्थात् उच्च रूपमें उत्पन्न होते हैं, अतः उनमें प्रत्येकके 'मन्द्रः, मध्यः और तारः'ये तीन-तीन भेद होते हैं ॥

२. 'रोने'के ३ नाम हैं—रुदितम् , क्रन्दितम् , क्रुष्टम् ॥

३. 'अस्पष्ट ( गद्गद कण्ठसे ) रोने'का १ नाम है—गद्गदम् ॥

४. 'गुणानुरागजन्य मनुष्योंके शब्द ( रत्यादिमें दन्तक्षतादि करनेपर 'सी-सी' इत्यादि ध्वनि करने )'के २ नाम हैं—प्रणादः, सीत्कृतम् ॥

५. 'पादने'का १ नाम है—पर्दनम् (+अपशब्दः ) ॥

६. 'काँखके शब्द'का १ नाम है—कर्दनम् ॥

७. 'युद्धादिमें शूरवीरोंके सिंह तुल्य गरजने'के २ नाम हैं—क्ष्वेडा, सिंहनादः ॥

८. 'युद्धमें प्रतिद्वन्द्वीको ललकारने'का १ नाम है—क्रन्दनम् ॥

९. 'कोलाहल'के २ नाम हैं—कोलाहलः ( पु न ), कलकलः ॥

१०. 'बहुतोंके द्वारा किये गये अस्पष्ट और अधिक कोलाहल'का १ नाम है—तुमुलः ॥

---

'वायुः समुत्थितो नाभेः कण्ठशीर्षसमाहतः ।
नानागन्धवहः पुण्यैर्गान्धारस्तेन हेतुना ॥'
मध्ये भवो मध्यमः । यदाह—
'तद्वदेवोत्थितो वायुरुरःकण्ठसमाहतः ।
नाभिप्राप्तो महानादो मध्यमस्तेन हेतुना ॥'
पञ्चमस्थानभवत्वात् पञ्चमः । यदाह—
'वायुः समुत्थितो नाभेरुरोहृत्कण्ठमूर्धसु ।
विचरन् पञ्चमस्थानप्राप्त्या पञ्चम उच्यते ॥'
धिया वतः धीवतः, तस्यायं धैवतः; दधाति संधत्ते स्वरानिति वा । यदाह—
'अभिसंधीयते यस्मात् स्वरास्तेनैव धैवतः ।'
निषीदन्ति स्वरा अत्र निषधो निषादाख्यः । यदाह—
'निषीदन्ति स्वरा अस्मिन्निषादस्तेन हेतुना ।' इति ॥" ( अभि० चि० ६।३७ स्वो० वृ० ) ॥

१मर्मरो वस्त्रपत्रादेर्२भूषणानान्तु शिञ्जितम् ।
३हेषा ह्रेषा तुरङ्गाणां ४गजानां गर्जबृंहिते ॥ ४१ ॥
५विस्फारो धनुषां ६हम्भारम्भे गो७र्जलदस्य तु ।
स्तनितं गर्जितं गर्जिः स्वनितं रसितादि च ॥ ४२ ॥
८कूजितं स्याद्विहङ्गानां ९तिरश्चां रुतवासिते ।
१०वृकस्य रेषणं रेषा ११बुक्कनं भषणं शुनः ॥ ४३ ॥
१२पीडितानान्तु कणितं १३मणितं रतकूजितम् ।
१४प्रकाणः प्रकणस्तन्त्र्या १५मर्दलस्य तु गुन्दलः ॥ ४४ ॥
१६चीजनन्तु कीचकानां १७भेर्या नादस्तु दर्दुरः ।

---

१. 'मर्मर ( वस्त्र या अधसूखे पत्ते आदिके ; शब्द'का १ नाम है—मर्मरः ॥

२. 'भूषणोंके शब्द ( झनकार )'का १ नाम है—शिञ्जितम् ॥

३. 'घोड़ोंके शब्द ( हिनहिनाने )'के २ नाम हैं—हेषा, ह्रेषा ॥

४. 'हाथियोंके शब्द ( चिग्घाड़ने )'के २ नाम हैं—गर्जः (+गर्जा), बृंहितम् ॥

५. 'धनुषके शब्द'का १ नाम है—विस्फारः ।

६. 'गौके शब्द ( रँभाने )'के २ नाम हैं—हम्भा, रम्भा ॥

७. 'मेघके शब्द ( बादल गरजने )'के ५ नाम हैं—स्तनितम्, गर्जितम्, गर्जिः ( पु ), स्वनितम्, रसितम्,……( 'आदि' शब्दसे 'ध्वनितम्' ………… ) ॥

८. 'पक्षियोंके शब्द ( कूजने )'का १ नाम है—कूजितम् ॥

९. 'पशु-पक्षियोंके शब्द'के २ नाम हैं—रुतम्, वाशितम् ॥

१०. 'भेड़ियेके शब्द'के २ नाम हैं—रेषणम्, रेषा ॥

११. 'कुत्तेके शब्द ( भूंकने )'के २ नाम हैं—बुक्कनम्, भषणम् ॥

१२. 'व्याधि या मार आदिके द्वारा पीडित जीवके शब्द'का १ नाम है—कणितम् ॥

१३. 'रतिकालमें किये गये शब्द'का १ नाम है—मणितम् ॥

१४. 'वीणादिके तारके शब्द'के २ नाम हैं—प्रकाणः, प्रकणः ॥

१५. 'मर्दल ( मृदङ्गाकार एक प्राचीन बाजा )के शब्द'का १ नाम है—गुन्दलः ॥

१६. 'कीचक ( फटनेके कारण छिद्रमें प्रवेश करनेवाले वायुसे ध्वनि करनेवाले बांस )के शब्द'का १ नाम है—चीजनम् ॥

१७. 'भेरीके शब्द'का १ नाम है—दर्दुरः ॥

१तारोऽत्युच्चैर्ध्वनि२र्मन्द्रो गम्भीरो ३मधुरः कलः ॥ ४५ ॥
४काकली तु कलः सूक्ष्म ५एकतालो लयानुगः ।
६काकुर्ध्वनिविकारः स्यात् ७प्रतिश्रुत्तु प्रतिध्वनिः ॥ ४६ ॥
८सङ्घाते प्रकरौघवारनिकरव्यूहाः समूहश्चयः
सन्दोहः समुदायराशिविसरव्राताः कलापो व्रजः ।
कूटं मण्डलचक्रवालपटलस्तोमा गणः पेटकं
वृन्दं चक्रकदम्बके समुदयः पुञ्जोत्करौ संहतिः ॥ ४७ ॥
समवायो निकुरुम्बं जालं निवहसञ्चयौ ।
जातं ९तिरश्चां तद्यूथं १०सङ्घसार्थौ तु देहिनाम् ॥ ४८ ॥
११कुलं तेषां सजातीनां—

---

१. 'अत्यधिक उच्च स्वर'का १ नाम है—तारः ॥
२. 'गम्भीर ध्वनि'का १ नाम है—मन्द्रः (+मद्रः) ॥
३. 'मधुर ध्वनि'का १ नाम है—कलः ॥
४. 'अत्यन्त मन्द ध्वनि'का १ नाम है—काकली (+काकलिः) ॥
५. 'लय'का १ नाम है—एकतालः ॥
६. 'विकृत ध्वनि'का १ नाम है—काकुः (पु स्त्री) ॥

विमर्श—यथा—विकृत कण्ठध्वनिसे कहे गये "तुमने मेरा बड़ा उपकार किया!" इस वाक्यका अर्थ मुख्यार्थके सर्वथा विपरीत "तुमने मेरा बड़ा अनुपकार किया" यह ध्वनित होता है, इसी कण्ठकी विकृत ध्वनि का नाम 'काकु' है ॥

७. 'प्रतिध्वनि'के २ नाम हैं—प्रतिश्रुत्, प्रतिध्वनिः (+प्रतिशब्दः) ॥

८. 'समुदाय, समूह'के ३५ नाम हैं—सङ्घातः, प्रकरः, ओघः, वारः (पु न), निकरः (+आकरः), व्यूहः, समूहः, चयः, सन्दोहः, समुदायः, राशिः (पु), विसरः, व्रातः, कलापः, व्रजः, कूटम् (२ पु न), मण्डलम् (त्रि), चक्रवालः, पटलम् (न स्त्री), स्तोमः, गणः, पेटकम् (त्रि), वृन्दम्, चक्रम् (पु न), कदम्बकम्, समुदयः, पुञ्जः, उत्करः, संहतिः, समवायः, निकुरुम्बम्, जालम् (स्त्री न), निवहः, सञ्चयः, जातम् ॥

९. 'पशु-पक्षियोंके समूह (झुण्ड)'का १ नाम है—यूथम् (पु न) ॥

१०. 'देहधारी (मनुष्यादि)के समूह'के २ नाम हैं—सङ्घः, सार्थः, (यथा—श्रमणादि चार प्रकारका 'सङ्घ' (समुदाय), यथा-पान्थसार्थः (पथिकसमूह),..........) ॥

११. 'एकजातिवालोंके समुदाय'का १ नाम है—कुलम् । (यथा—विप्रकुलम्, मृगकुलम्,..........) ॥

—१निकायस्तु सधर्मिणाम् ।
२वर्गस्तु सदृशां ३स्कन्धो नरकुञ्जरवाजिनाम् ॥ ४९ ॥
४ग्रामो विषयशब्दास्त्रभूतेन्द्रियगुणाद् व्रजे ।
५समजस्तु पशूनां स्यात् ६समाजस्त्वन्यदेहिनाम् ॥ ५० ॥
७शुकादीनां गणे शौकमायूरत्तैत्तिरादयः ।
८भिक्षादेर्भैक्षसाहस्रगार्भिणयौवतादयः ॥ ५१ ॥
९गोत्रार्थप्रत्ययान्तानां स्युरौपगवकादयः ।

---

१. 'समान धर्म या शीलवालोंके समुदाय'का १ नाम है—निकायः ( यथा—वैयाकरणनिकायः, देवनिकायः,……… ) ॥

२. 'समान जातिवाले जीवों तथा निर्जीवों के समूह'का १ नाम है—वर्गः । ( यथा—ब्राह्मणवर्गः, अरिषड्वर्गः, त्रिवर्गः, कवर्गः, चवर्गः,…… ) ॥

३. 'मनुष्यों, हाथिओं' और घोड़ोंके समूह'का १ नाम है—स्कन्धः ॥

४. 'विषय, शब्द, अस्त्र, भूत, इन्द्रिय और गुण शब्दोंके बादमें प्रयुक्त 'ग्राम' शब्द उन 'विषय' आदिके समूहका वाचक होता है । ( यथा—विषयग्रामः, शब्दग्रामः, अस्त्रग्रामः, भूतग्रामः, इन्द्रियग्रामः और गुणग्रामः ) अर्थात् विषयोंका समूह, शब्दोंका समूह……… ) ॥

५. 'पशुओंके समूह'का १ नाम है—समजः । (यथा—गोसमजः,…) ॥

६. 'दूसरे प्राणियोंके समूह'का १ नाम है—समाजः । ( यथा—ब्राह्मणसमाजः, श्रोत्रियसमाजः, आर्यसमाजः,……… ) ॥

७. 'सुग्गे, मोर और तीतर आदि ( 'आदि' शब्दसे 'कबूतर इत्यादिके समूह'का क्रमशः १—१ नाम है—शौकम्, मायूरम्, तैत्तिरम्, आदि ( 'आदि' शब्दसे—'कापोतम्,…… ) ॥

८. 'भिक्षाओं, सहस्रों, गर्भिणियों तथा युवतियोंके समूह'का क्रमशः १—१ नाम है—भैक्षम्, साहस्रम्, गार्भिणम्, यौवतम् ॥

९. 'गोत्र अर्थमें किये गये प्रत्यय जिन शब्दोंके अन्तमें हों, उन ( 'औपगव' इत्यादि ) शब्दोंके समूह'का 'औपगवकम्' इत्यादि १—१ नाम है ।

**विमर्श**—'उपगोर्गोत्रापत्यम्, ( 'उपगुका गोत्रापत्य ) इस विग्रहमें गोत्र अर्थमें 'उपगु' शब्दसे 'अण्' प्रत्यय करनेपर 'औपगवः' शब्द सिद्ध होता है, उन 'औपगवों' के समूहका 'औपगवकम्' यह १ नाम है । ऐसा जानना चाहिए । इसी प्रकार 'आदि' शब्दसे 'गर्ग' शब्दसे गोत्रार्थक 'यञ्' प्रत्यय करनेपर 'गार्ग्य' शब्द सिद्ध होता है, उन 'गार्ग्यों'के समूहका 'गार्गकम्' यह १ नाम होगा । इसी क्रम से अन्यत्र भी जानना चाहिए ॥

१उक्षादेरौक्षकं मानुष्यकं वार्द्धकमौष्ट्रकम् ॥ ५२ ॥
स्याद्राजपुत्रकं राजन्यकं राजकमाजकम् ।
वात्सकौरभ्रके २कावचिकं कवचिनामपि ॥ ५३ ॥
हास्तिकन्तु हस्तिनां स्या३दापूपिकाद्यचेतसाम् ।
४धेनूनां धैनुकं धेन्वन्तानां गौधेनुकादयः ॥ ५४ ॥
५कैदारकं कैदारिकं कैदार्यमपि तद्गणे ।
६ब्राह्मणादेर्ब्राह्मण्यं माणव्यं वाडव्यमित्यपि ॥ ५५ ॥
७गणिकानान्तु गाणिक्यं ८केशानां कैश्यकैशिके ।
अश्वानामाश्वमश्वीयं ९पर्शूनां पार्श्वमप्य—

---

१. 'उक्षन्, मनुष्यों, वृद्धों, उष्ट्रों ( ऊंटों ), राजपुत्रों, राजन्यों ( क्षत्रिय-जातीय राजकुमारों ), राजाओं, अजों ( बकरों ), वत्सों, उरभ्रों ( भेंड़ों )के समूह'का क्रमसे १—१—नाम है—औक्षकम्, मानुष्यकम्, वार्द्धकम्, औष्ट्रकम्, राजपुत्रकम्, राजन्यकम्, राजकम्, आजकम् , वात्सकम्, औरभ्रकम् ॥

२. 'कवचधारियों तथा हाथियोंके समूह'का क्रमसे १—१ नाम है—कावचिकम्, हास्तिकम् ॥

३. 'अपूपों ( पूओं ) आदि अचित्त ( चेतनाहीन ) वस्तुओंके समूह'का 'आपूपिकम्' इत्यादि १—१ नाम है । ( 'आदि शब्दसे शष्कुलियों (पूड़ियों) के समूहका 'शाष्कुलिकम्', पर्वतोंके समूहका 'पार्वतिकम्' इत्यादि १—१ नाम क्रमसे समझना चाहिए ) ॥

४. 'धेनुओं ( सकृत्प्रसूत गौओं ) तथा 'धेनु' शब्दान्त 'गोधेनु' इत्यादिके समूहोंका क्रमशः 'धैनुकम्, गौधेनुकम्' इत्यादि १—१ नाम हैं ॥

५. 'केदारों ( खेतों, क्यारियों )के समूह'के ३ नाम हैं—कैदारकम्, कैदारिकम्, कैदार्यम् ॥

६. 'ब्राह्मणों, माणवों ( बालकों ) तथा वडवाओं ( घोड़ियों )के समूह'का क्रमशः १—१ नाम है—ब्राह्मण्यम्, माणव्यम्, वाडव्यम् ॥

७. 'गणिकाओं ( वेश्याओं )के समूह'का १ नाम है—गाणिक्यम् ॥

८. 'केशों तथा अश्वोंके समूह'के क्रमशः २—२ नाम हैं—कैश्यम्, कैशिकम्; आश्वम्, अश्वीयम् ॥

९. 'पर्शुओं' ( फरसों )के समूह'का १ नाम है—पार्श्वम् ।

विमर्श—समूह अर्थ में प्रयुक्त पूर्वोक्त ( ६ । ५१ ) शौकम् इत्यादिसे यहाँतक सब शब्द नपुंसक लिङ्ग हैं ॥

—१४ ॥ ५६ ॥
वातूलवात्ये वातानां २गव्यागोत्रे पुनर्गवाम् ।
३पाश्याखल्यादि पाशादेः ४खलादेः खलिनीनिभाः ॥ ५७ ॥
५जनता बन्धुता ग्रामता गजता सहायता ।
जनादीनां ६रथानान्तु स्याद्रथ्या रथकट्यया ॥ ५८ ॥
७राजिर्लेखा ततिर्वीथीमालाऽऽल्यावलिपङ्क्तयः ।
धोरणी श्रेण्यु८भौ तु द्वौ ९युगलं द्वितयं द्वयम् ॥ ५९ ॥
युगं द्वैतं यमं द्वन्द्वं युग्मं यमलयामले ।
१०पशुभ्यो गोयुगं युग्मे परं—

---

१. 'वायु ( हवा ) के समूह' अर्थात् 'आँधी'के २ नाम हैं—वातूलः ( पु ), वात्या ( स्त्री ) ॥

२. गौओंके समूह'के २ नाम हैं—गव्या, गोत्रा ॥

३. 'पाश, खल आदि ('आदि' शब्दसे-तृण, धूम,……)के समूह'का क्रमशः १—१ नाम है—पाश्या, खल्या, आदि ( 'आदि' शब्दसे—'तृण्या, धूम्या,…… ) ॥

४. 'खल आदि ( 'आदि' शब्दसे—कुटुम्ब,…… ) के समूह'का १ नाम है—खलिनी, आदि ( 'आदि'से—कुटुम्बिनी,……) ॥

५. 'जन, बन्धु, ग्राम, गज ( हाथी ) तथा सहायके समूहों'का क्रमशः १—१ नाम है—जनता, बन्धुता, ग्रामता, गजता, सहायता ॥

६. 'रथोंके समूह'के २ नाम हैं—रथ्या, रथकट्या ॥

७. 'श्रेणि, कतार'के १० नाम हैं—राजिः ( स्त्री ), लेखा, ततिः, वीथी, माला, आलिः, आवलिः ( २ स्त्री ), पङ्क्तिः, धोरणी, श्रेणी ( स्त्री । +श्रेणिः, पु स्त्री ) ॥

८. 'दोनों ( जिससे एक साथ दोका बोध हो—जैसे 'दोनो जाते हैं'का १ नाम है—उभौ ( नि० द्विव० ) ॥

९. 'दो, जोड़ा'के १० नाम हैं—युगलम्, द्वितयम्, द्वयम् ( ३ स्त्री न ), युगम्, द्वैतम्, यमम्, द्वन्द्वम्, युग्मम्, यमलम्, यामलम् (+जकुटम् ) ॥

१०. एकजातीय किसी पशुके जोड़ों ( दो पशुओं ) को कहनेके लिए उस शब्दसे परे 'गोयुगम्' शब्द लगाया जाता है। (यथा—'अश्वगोयुगम्', यहां 'दो घोड़े' इस अर्थमें 'अश्वगोयुगम्' शब्दका प्रयोग हुआ है। इसी प्रकार ( हस्तिगोयुगम्,……) अर्थात् दो हाथी इत्यादि समझना चाहिए ॥

—१षट्त्वे तु षड्गवम् ॥ ६० ॥
२परःशताद्यास्ते येषां परा सङ्ख्या शतादिकात् ।
३प्राज्यं प्रभूतं प्रचुरं बहुलं बहु पुष्कलम् ॥ ६१ ॥
भूयिष्ठं पुरुहं भूयो भूयिष्ठं पुरु स्फिरम् ।
४स्तोकं क्षुल्लं तुच्छमल्पं दभ्राणुतलिनानि च ॥ ६२ ॥
तनु क्षुद्रं कृशं ५सूक्ष्मं पुनः श्लक्ष्णञ्च पेलवम् ।
६त्रुटौ मात्रा लवो लेशः कणो ७ह्रस्वं पुनर्लघु ॥ ६३ ॥
८अत्यल्पेऽल्पिष्ठमल्पीयः कनीयोऽणीय इत्यपि ।
९दीर्घायते समे—

---

१. एक जातिवाले ६ पशुओंके समूहको कहनेके लिए उस पशुवाचक शब्दके बाद 'षड्गवम्' प्रत्यय जोड़ दिया जाता है। (यथा—६ हाथी, ६ घोड़े आदिको कहनेके लिए हाथी तथा घोड़ेके पर्यायवाचक 'गज तथा अश्व' आदि शब्दके बादमें "षड्गवम्" जोड़ देनेपर 'गजषड्गवम्, अश्वषड्गवम्' आदि शब्दका प्रयोग होता है। इसी प्रकार अन्यत्र भी समझना चाहिए) ॥

२. 'शत' (सौ) से अधिक संख्या कहनेके लिए 'शत' शब्दके पहले 'परः' शब्द जोड़कर 'परःशताः' (त्रि) शब्दका प्रयोग होता है। (परःशता गजाः अर्थात् सौसे अधिक हाथी) इसी प्रकार 'सहस्र, लक्ष......', शब्दोंके साथ 'परः' शब्द जोड़नेसे परःसहस्राः, परोलक्षाः (क्रमशः—हजारसे तथा लाख से अधिक) इत्यादि शब्द प्रयुक्त होते हैं ॥

३. 'प्रचुर, काफी'के १३ नाम हैं—प्राज्यम्, प्रभूतम्, प्रचुरम्, बहुलम्, बहु, पुष्कलम्, भूयिष्ठम्, पुरुहम्, भूयः (– यस्), भूरि, अदभ्रम्, पुरु, स्फिरम् ॥

४. 'थोड़े'के १० नाम हैं—स्तोकम्, क्षुल्लम्, तुच्छम्, अल्पम्, दभ्रम्, अणु, तलिनम्, तनु, क्षुद्रम्, कृशम् ॥

५. 'सूक्ष्म या चिकने'के ३ नाम हैं—सूक्ष्मम्, श्लक्ष्णम्, पेलवम् ॥

६. 'लेश, अत्यन्त कम'के ५ नाम हैं—त्रुटिः (स्त्री), मात्रा, लवः, लेशः, कणः (पु स्त्री) ॥

७. 'छोटे'के २ नाम हैं—ह्रस्वम्, लघु ॥

८. 'बहुत थोड़े'के ५ नाम हैं—अत्यल्पम्, अल्पिष्ठम्, अल्पीयः, कनीयः (+कनिष्ठम्), अणीयः (३ – यस्) ॥

९. 'लम्बे'के २ नाम हैं—दीर्घम्, आयतम् ॥

—१तुङ्गमुच्चमुन्नतमुद्धुरम् ॥ ६४ ॥
प्रांशूच्छ्रितमुदग्रञ्च २न्यङ्नीचं ह्रस्वमन्थरे ।
खर्वं कुब्जं वामनञ्च ३विशालन्तु विशङ्कटम् ॥ ६५ ॥
पृथूरु पृथुलं व्यूढं विकटं विपुलं बृहत् ।
स्फारं वरिष्ठं विस्तीर्णं ततं बहु महद् गुरु ॥ ६६ ॥
